DARSANAS

M.A. (Sanskrit)

Semester-III, PAPER-III

Director

Dr.Nagaraju Battu

M.H.R.M., M.B.A., L.L.M., M.A. (Psy), M.A., (Soc), M.Ed., M.Phil., Ph.D.

Centre for Distance Education

Acharya Nagarjuna University

Nagarjuna Nagar-522510

Phone No.0863-2346208, 0863-2346222,

0863-2346259 (Study Material)

Website: www.anucde.info

e-mail: anucdedirector@gmail.com

FOREWORD

Since its establishment in 1976, Acharya Nagarjuna University has been forging ahead in the path of progress and dynamism, offering a variety of courses and research contributions. I am extremely happy that by gaining 'A' grade from the NAAC in the year 2016, Acharya Nagarjuna University is offering educational opportunities at the UG, PG levels apart from research degrees to students from over 443 affiliated colleges spread over the two districts of Guntur and Prakasam.

The University has also started the Centre for Distance Education in 2003-04 with the aim of taking higher education to the door step of all the sectors of the society. The centre will be a great help to those who cannot join in colleges, those who cannot afford the exorbitant fees as regular students, and even to housewives desirous of pursuing higher studies. Acharya Nagarjuna University has started offering B.A., and B.Com courses at the Degree level and M.A., M.Com., M.Sc., M.B.A., and L.L.M., courses at the PG level from the academic year 2003-2004 onwards.

To facilitate easier understanding by students studying through the distance mode, these self-instruction materials have been prepared by eminent and experienced teachers. The lessons have been drafted with great care and expertise in the stipulated time by these teachers. Constructive ideas and scholarly suggestions are welcome from students and teachers involved respectively. Such ideas will be incorporated for the greater efficacy of this distance mode of education. For clarification of doubts and feedback, weekly classes and contact classes will be arranged at the UG and PG levels respectively.

It is my aim that students getting higher education through the Centre for Distance Education should improve their qualification, have better employment opportunities and in turn be part of country's progress. It is my fond desire that in the years to come, the Centre for Distance Education will go from strength to strength in the form of new courses and by catering to larger number of people. My congratulations to all the Directors, Academic Coordinators, Editors and Lesson-writers of the Centre who have helped in these endeavours.

Prof. P. Raja Sekhar
Vice-Chancellor
Acharya Nagarjuna University

मिति प्रयोगः, स भगवानीश्वर एवेत्यर्थः। व्यतिरेके गगनं, न चायमसिद्धो हेतुः ? भूभूधरादीनां स्वकारणकलापजन्यत्वेनावयवित्वया वा कार्यत्वस्य जगत्प्रसिद्धत्वात्। नापि विरुद्धानैकान्तिकदोषौ विपक्षादत्यन्तव्यावृत्तत्वाद्, कालात्ययापदिष्टः प्रत्यक्षानुमानोपमानागमाबाध्यमानधर्मधर्मित्वाद्, नापि प्रकरणसमः, तत्परिपन्थिपदार्थस्वरूपसमर्थनप्रथितं प्रत्यनुमानोदयाभावात्।

अथ निर्वृतात्मवदशरीरत्वादेव न सम्भवति सृष्टिसंहारकर्तेश्वर इति प्रत्यनुमानोदयात्कथं प्रकरणसमदूषणाभाव इति चेद् ?

उच्यते—अत्र साध्यमान ईश्वररूपो धर्मी प्रतीतोऽप्रतीतो वाऽनुमन्यते सुहृदा ? अप्रतीतश्चेद्भ्रूवत्परिकल्पितहेतोरेवाश्रयासिद्धिदोषप्रसङ्गः, प्रतीतश्चेत्तर्हि येनैव प्रमाणेन प्रतीतस्तेनैव स्वयमुद्भावितस्वतनुरूपं किमर्थं नाभ्युपगम्यत इति कथमशरीरत्वमतो न दुष्टो हेतुरिति साधूक्तं सृष्टिसंहारकृच्छिवः, तथा विभुः सर्वव्यापकः, एकनियतस्थानवृत्तित्वे ह्यनियतप्रदेशनिष्ठितानां पदार्थानां प्रतिनियतयथावन्निर्माणानुपपत्तेः, न ह्येकस्थानस्थितः कुम्भकारोऽपि दूरदूरतरघटघटनायां व्याप्रियते, तस्माद्विभुर्भगवान्, तथा नित्यैकः नित्यश्चासावेकश्चेति, यतो नित्योऽत एवैकोऽप्रच्युतानुत्पन्नस्थिरैकरूपं नित्यम्, भगवतो ह्यनित्यत्वे पराधीनोत्पत्तिसव्यपेक्षतया कृतकत्वप्राप्तिः, स्वोत्पत्तावपेक्षितपरव्यापारो हि भावः कृतक इष्यत इति।

अथ चेत्कश्चिज्जगत्कर्तारमपरमभिदधाति स एवानुयुज्यते, सोऽपि नित्योऽनित्यो वा ? नित्यश्चेदधिकृतेश्वरेण किमपराद्धम्, अनित्यश्चेत्तस्यान्येनोत्पादकान्तरेण भाव्यमनित्यत्वादेव तस्याप्यन्येनेति नित्यानित्यवादविकल्पशिल्पशतस्वीकारे कल्पान्तेऽपि न जल्पसमाप्तिः, तस्मान्नित्य एव भगवान्, अन्यच्चैकोऽद्वितीयो, बहूनां हि जगत्कर्तृत्वस्वीकारे परस्परं पृथक् पृथगन्योन्यमसदृशमतिव्यापारतयैकैकपदार्थस्य विसदृशनिर्माणे सर्वमसमञ्जसमापद्येतेति भगवानेक एवेति युक्तियुक्तं नित्यैकेति विशेषणम् तथा सर्वज्ञ इति सर्वपदार्थानां सर्वविशेषज्ञाता, सर्वज्ञत्वाभावे हि विधित्सितपदार्थोपयोगयोग्यजगत्प्रसूमरविप्रकीर्णपरमाणुकणप्रचयसम्यक्सामग्रीमेलनाक्षमतया याथातथ्येन पदार्थनिर्माणरचना दुर्घटा, सर्वज्ञश्च सन् सकलप्राणिनां सम्मिलितसमुचितकारणकलापानुरूपपारिमाण्डल्यानुसारेण कार्यवस्तु निर्मिमाणः स्वार्जितपुण्यपापानुमानेन च स्वर्गनरकयोः सुखदुःखोपभोगं ददानः केषां नाभिमतः। तथा चोक्तम्—

ईश्वरप्रेरितो गच्छेत्स्वर्गं वा श्वभ्रमेव वा।
अज्ञो जन्तुरनीशोऽयमात्मनः सुखदुःखयोः ॥ इति ॥

भूयोऽपि विशेषयन्नाह 'नित्यबुद्धिसमाश्रय' इति शाश्वतबुद्धिस्थानं, क्षणिकबुद्धिमतो हि पराधीनकार्यापेक्षितया मुख्यकर्तृत्वाभावादनीश्वरत्वप्रसक्तिरिति, ईदृग्गुणविशिष्टः शिवो नैयायिकमतेऽभ्युपगन्तव्यः ॥ १३ ॥

सुधा—न्यायदर्शनस्य विषयं प्रतिपादयन्नाह—अक्षपादेति।

अन्वयः—अक्षपादमते सृष्टिसंहारकृत् विभुः नित्यैकसर्वज्ञः नित्यबुद्धिसमाश्रयः शिवः देवः ॥

व्याख्या—अक्षपादमते=न्यायदर्शने, सृष्टिसंहारकृत्—सृष्टिः=प्राणिनां संसारस्य चोत्पत्तिः, संहारः=तद्विनाशः, तौ करोतीति, विभुः=सर्वव्यापकः, नित्यैकसर्वज्ञः—नित्यश्चासावेकश्चेति नित्यैकः=सदकारणवन्नित्यम् अनुत्पन्नस्थिरैकरूपं नित्यम्, एकः=अद्वितीयः, सर्वज्ञः—सर्वं लौकिकमलौकिकं जानातीति सर्वपदार्थानां सर्वविशेषज्ञाता। नित्यबुद्धिसमाश्रयः=शाश्वतबुद्धिस्थानम् अतीन्द्रिययोगजज्ञानगम्यः, शिवः=परमेश्वरः, देवः=दर्शनाधिष्ठायकः अभ्युपगन्तव्यः।

प्रत्यक्षोपलक्ष्यमाणचराचरस्वरूपस्य जगतः कश्चिदनिर्वचनीयमाहात्म्यः पुरुषः कर्ता ज्ञेयः सर्वं बुद्धिमत्पूर्वकं कार्यत्वात् यद्यत्कार्यं तत्तद् बुद्धिमत्पूर्वकं यथा घटः। निरन्तरोत्पद्यमानविनाशधर्मत्वात् भुवनत्रयस्य संहारकर्ताऽपि मन्तव्यः। एकनियतस्थानवृत्तित्वे अनियतप्रदेशनिष्ठितानां पदार्थानां प्रतिनियतयथावन्निर्माणानुपपत्तेः विभुत्वं परमेश्वरस्य ॥

पदार्थ—अक्षपादमते=महर्षि गोतम के न्याय दर्शन में। सृष्टिसंहारकृत्=संसार को बनाने व संहार करने वाला। विभुः=सर्वव्यापक। नित्यैकसर्वज्ञः=नित्य सदा रहने वाला अद्वितीय एवं सर्वज्ञ, लौकिक व अलौकिक सभी पदार्थों का पूर्ण ज्ञाता। नित्यबुद्धिसमाश्रयः=नित्यबुद्धि एवं यथार्थ ज्ञान का आश्रय। शिवः=परमेश्वर। देवः=देवता अथवा दर्शनाधिष्ठाता व परम साध्य एवं आराध्य तत्त्व है ॥

भाषाप्रकाश—न्यायदर्शन में संसार का बनाने वाला, संहार करने वाला, सर्वव्यापक, नित्य, एकस्वरूप, सर्वज्ञ, शाश्वत ज्ञान-विज्ञान का आश्रय परमेश्वर माना गया है। वही परमेश्वर परम सत्य व विश्व का मुख्याधार है। उसी का ज्ञान व साक्षात्कार कर लेने पर जीवन कृतार्थ हो जाता है। मानव के ज्ञान-विज्ञान, दर्शन व अनुभव की चरम सीमा भी वही है। वह परम सत् है, चित् है और आनन्द है। कीट से लेकर हस्तिपर्यन्त प्राणी समुदाय, पर्वत, नदियाँ, वृक्ष, गुल्म, लता, वनस्पतियाँ, पृथ्वी, जल, तेज, वायु, आकाश आदि सभी दृश्यमान जगत उसी की रचना हैं। रचना करके कालक्रमानुसार जगत का संहार भी वही करता है। वह सदा एक रस व नित्य है, शाश्वत है, एक है तथा सर्वव्यापी, सर्वभूतान्तरात्मा है, सर्वज्ञाता एवं नित्ययोगज ज्ञान का आश्रय है।

प्रश्न--परमेश्वर की सत्ता में क्या प्रमाण है ? नास्तिक दर्शन तो उसकी सत्ता व स्थिति बिल्कुल ही स्वीकार नहीं करते ।

उत्तर- परमेश्वर की सत्ता में प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द प्रमाण हैं। प्रत्यक्ष लौकिक और अलौकिक भेद से दो प्रकार का है। इन्द्रिय, मन व ज्ञान-तन्तुओं के द्वारा बाह्य विषयों का साक्षात्कार लौकिक प्रत्यक्ष है। इन्द्रियों से परे योगज प्रत्यक्ष तथा आत्मसाक्षात्कार अलौकिक प्रत्यक्ष है। परमेश्वर का साक्षात्कार अलौकिक प्रत्यक्ष द्वारा होता है। अनुभूति ही उसमें साक्षात् प्रमाण है। यम-नियम आदि योगसाधनों के द्वारा मन के सूक्ष्म विषयग्राही होने और चित्त की निर्मलता के कारण अलौकिक प्रत्यक्ष की स्थिति आती है। अतएव परमेश्वर की सत्ता में अलौकिक प्रत्यक्ष साक्षात् प्रमाण है।

लौकिक प्रत्यक्ष में भी गुण को देखकर गुणी का अनुमान किया जाता है। रचना को देखकर रचनेवाले का अनुमान होता ही है; अतएव संसार की विचित्रता, स्थिति, उत्पत्ति, विनाश व रचना को देखकर परमेश्वर की सत्ता का अनुमान होता है, जो कि नित्य, सर्वव्यापक व सर्वशक्तिमान है। असीम शक्ति के द्वारा सर्वत्र जगत की उत्पत्ति, स्थिति व विनाश के कार्य हो रहे हैं; अतएव वह सर्वशक्तिमान, सर्व-व्यापक और विभु है। संसार में किसी भी पदार्थ की अभाव से उत्पत्ति नहीं होती, अपितु भाव से ही होती है, केवल उनका रूपान्तरण ही उत्पत्ति और विनाश है। जड़पदार्थ व उपादान द्रव्यों में रूपान्तरण होता है, अतएव उत्पत्ति और नाश का भाव जड़ ही में होता है। चेतन व कर्ता का रूपान्तरण नहीं होता, अतः परमेश्वर नित्य है, अजन्मा है, नित्यबुद्धि से प्रकाशित है। जड़पदार्थों में बिना चेतन कर्ता की प्रेरणा के रूपान्तरण अथवा उत्पत्ति-विनाश असंभव है, अतएव अनुमान के द्वारा ही ईश्वर की सिद्धि हो जाती है, जो कि साधारण बुद्धि व लौकिक तर्क द्वारा भी संभव है। न्यायशास्त्र बुद्धि व तर्कप्रधान शास्त्र है। यही कारण है कि ईश्वरसिद्धि में अनुमान का आश्रय अधिक लिया जाता है।

आप्तपुरुष, जिन्होंने अलौकिक प्रत्यक्ष के द्वारा परमात्मा का अनुभव कर लिया है, तद्विषयक उनके वाक्य भी प्रमाण माने जाते हैं। लोक में भी लौकिक प्रत्यक्ष में भी शब्द प्रमाण मानना पड़ता है। भारत के विद्यार्थी ने अमरीका, इंग्लैण्ड, फ्रान्स, इटली आदि की भूमि नहीं देखी, फिर भी अध्यापक द्वारा बतलाए जाने पर वहाँ की भौगोलिक स्थिति पर मान्यता व विश्वास करना पड़ता है। पुनः अध्यापक द्वारा बतलाए गए भौगोलिक नक्शे के आधार पर यात्रा करने से उन-उन देशों का प्रत्यक्ष भी होता ही है; अतः प्रत्यक्ष न करने वालों तथा उन-उन देशों की यात्रा न कर सकने वालों को भी शब्द प्रमाण को मान्यता देनी पड़ती है और उसपर

विश्वास भी करना पड़ता है। इसी प्रकार से आप्तवचन को भी शब्दप्रमाण मानना आवश्यक है और उसके आधार पर परमेश्वर की सत्ता को भी स्वीकार करना पड़ता है।

नास्तिक दर्शनों में जहाँ परमेश्वर की सत्ता नहीं स्वीकार की गई है वहाँ भी चिन्तन की गहराई में जाने पर किसी न किसी रूप में आस्तिकता का भाव झलकता है। सृष्टिरचना व पदार्थों के विश्लेषण में नास्तिक भी कार्य-कारण का भाव व तर्क स्वीकार करते हैं। कार्य-कारणभाव के बिना जगत का विश्लेषण असम्भव है। कार्य-कारण तर्क का आश्रय लेने पर पदार्थों की मौलिक एकता व मूल कारण द्रव्य को मानना ही पड़ता है। कार्य-कारणभाव मानने पर एवं मूल कारण द्रव्य मानने व उसका विश्लेषण करने पर नास्तिक मत में भी आस्तिकता की स्पष्ट झलक आ जाती है और हम किसी न किसी रूप में परमेश्वर की सत्ता स्वीकार कर लेते हैं। उस परम सत्य की सत्ता का हम चाहे जो भी नाम दें किन्तु उस सत्ता को नास्तिक भी स्वीकार तो करते ही हैं।

जिनकी बुद्धि अनुमान व शब्द प्रमाण में कुण्ठित और पंगु है। बौद्धिक सूक्ष्मता व गंभीर चिन्तन जिनमें नहीं है, सांसारिक विषय-भोगों में जिनका मन मूढ़ व आसक्त है वही लोग केवल प्रत्यक्ष का आश्रय लेकर नास्तिक बन जाते हैं। संदिग्धवादी दृष्टिकोण के आधार पर स्थूल बुद्धि व कुण्ठित विचारपूर्वक नास्तिक दर्शन व सिद्धान्तों की कल्पना कर डालते हैं।

वस्तुतः नास्तिक मतों पर भी यदि गंभीरतापूर्वक विचार किया जाय तो नास्तिक तर्कों व सिद्धान्तों के आधार पर ही किसी न किसी रूप में ईश्वरसिद्धि हो जायगी। उसकी मान्यता व संज्ञा हम जो चाहें वह दें, किन्तु सत्य सबके लिए एक और यथार्थ है ॥ १३ ॥

तत्त्वानि षोडशामुत्र प्रमाणादीनि तद्यथा ।
प्रमाणं च प्रमेयं च संशयश्च प्रयोजनम् ॥ १४ ॥
दृष्टान्तोऽप्यथ सिद्धान्तोऽवयवस्तर्कनिर्णयौ ।
वादो जल्पो वितण्डा च हेत्वाभासाश्छलानि च ॥ १५ ॥
जातयो निग्रहस्थानान्येषामेवं प्ररूपणा ।
अर्थोपलब्धिहेतुः स्यात्प्रमाणं तच्चतुर्विधम् ॥ १६ ॥

त्रिभिर्विशेषकम्

अमुत्रास्मिन् प्रस्तुते नैयायिकमते षोडश तत्त्वानि प्रमाणादीनि प्रमाण-प्रमुखानि, तद्यथेति । बालावबोधाय नामान्यप्याह **प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजन-दृष्टान्तसिद्धान्तावयवतर्कनिर्णयवादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रह-स्थानानां तत्त्वज्ञानान्निश्रेयस्सिद्धिरिति षोडश, एषामेवं प्ररूपणेति, तत्त्वा-नाममुना प्रकारेण प्ररूपणा नाममात्रप्रकटनमित्यर्थः । अथैकैकस्वरूपमाह—** तत्रादौ प्रमाणस्वरूपं प्रकटयन्नाह—**अर्थोपलब्धिहेतुः प्रमाणं स्यात् । अर्थस्य** पदार्थस्योपलब्धिर्ज्ञानं तस्य हेतुः कारणं प्रमाणं स्यादिति । **परापरदर्शनापेक्षया** प्रमाणानामनियतत्वात्संदिहानस्य **सङ्ख्यामुपदिशन्नाह**— तच्चतुर्विधमिति । तत्प्रमाणं चतुर्विधं ज्ञेयमिति ॥ १४–१६ ॥

सुधा—अथ न्यायशास्त्रसम्मते तत्त्वानि प्ररूपयन्नाह—**तत्त्वानीत्यादिना ।**

अन्वयः—अमुत्र प्रमाणादीनि षोडशतत्त्वानि, तद्यथा प्रमाणं च प्रमेयं च संशयश्च प्रयोजनम्, दृष्टान्तः अपि अथ सिद्धान्तः अवयवाः तर्कनिर्णयौ वादः जल्पः वितण्डा च हेत्वाभासाः छलानि च, जातयः निग्रहस्थानानि, एषां एवं प्ररूपणा अर्थोपलब्धिहेतुः स्यात्, तत्प्रमाणं चतुर्विधम् ॥ १४–१६ ॥

व्याख्या—अमुत्र=अस्मिन् नैयायिकमते, प्रमाणादीनि=प्रमाणप्रमेयसंशया-दीनि, षोडशतत्त्वानि=पदार्थाः सन्ति, तद् यथा=अत्रायं कथ्यते, क्रमेण प्रमाणं= यथार्थज्ञानं प्रमा, प्रमायाः करणं प्रमाणम्, च=अपि, प्रमेयं=प्रमातुं योग्यं प्रमेयं, ज्ञेयं भाध्यामिति, संशयः=समानानेकधर्मोपपत्तेर्विप्रतिपत्तेरुपलब्ध्यव्यवस्थातश्च विशेषापेक्षो विमर्शः संशयः, प्रयोजनम्=यमर्थमधिकृत्य प्रवर्तते तत्प्रयोजनम्, दृष्टान्तः= लौकिकपरीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्तः, सिद्धान्तः—सिद्धो अन्तो येषां हे तन्त्राधिकरणाभ्युपगमसंस्थितिः सिद्धान्तः । अवयवाः=प्रतिज्ञाहेतूदाहरणो-पनयनिगमनान्यवयवाः, तर्कः=तर्क्यन्ते प्रमितिविषयीक्रियन्तेति तर्काः । अविज्ञात-तत्त्वेर्थे कारणोपपत्तितस्तत्त्वज्ञानार्थमूहस्तर्कः, निर्णयः=विमृश्य पक्षप्रतिपक्षाभ्या-मर्थावधारणं निर्णयः, वादः=प्रमाणतर्कसाधनोपालम्भः सिद्धान्ताविरुद्धः पञ्चाव-यवोपपन्नः पक्षप्रतिपक्षपरिग्रहो वादः । जल्पः=यथोक्तोपपन्नच्छलजातिनिग्रह-स्थानसाधनोपालम्भो जल्पः । वितण्डा=स प्रतिपक्षस्थापनाहीनो वितण्डा, हेत्वा-भासा—अव्यभिचारविरुद्धप्रकरणसमसाध्यसमकालातीता हेत्वाभासाः; छलम्= वचनविघातोऽर्थोपपत्त्या छलम्, जातिः=साधर्म्यवैधर्म्याभ्यां प्रत्यवस्थानं जातिः । निग्रहस्थानम्=विप्रतिपत्तिरप्रतिपत्तिश्च निग्रहस्थानम् । एषां=पदार्थानां, एवं= एवंप्रकारकं, प्ररूपणा=निदर्शनम्, अर्थोपलब्धि—अर्थस्य=पदार्थस्य, उपलब्धिः=ज्ञानं, तस्य हेतुः=कारणं, स्यात् तत्प्रमाणं चतुर्विधम्=प्रत्यक्षानुमानोपमानशब्दरूपमिति ॥

पदार्थ—अमुत्र=अब यहाँ । प्रमाणादीनि=प्रमाण-प्रमेय आदि । षोडशतत्त्वानि= सोलह तत्त्व । तद्यथा=यथास्वरूप । प्रमाणं=प्रमाण ।प्रमेयं=प्रमेय, जो प्रमाणों द्वारा जाना जाय । संशयः=भ्रम-संदेह । प्रयोजनं=शास्त्रज्ञान व तत्त्वस्थिति किसलिए है । दृष्टान्तः=जिस उदाहरण पर लौकिक व दार्शनिक दोनों सहमत हों । सिद्धान्ताः= सिद्ध है अन्त जिनका । अवयवाः=तर्क के अंग—प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय, निगमन । तर्कः=अज्ञात विषय की जानकारी के लिए प्रमाणों व सिद्धियों के द्वारा ऊहापोह करना तथा तत्त्वज्ञान करना । निर्णयः=पक्ष व प्रतिपक्ष पर विचार करके निश्चय करना । वादः=प्रमाण-तर्क आदि साधनों से युक्त एवं जो सिद्धान्त के विरुद्ध न हो, प्रतिज्ञा-हेतु-उदाहरणादि पाँच अवयवों से युक्त एवं पक्ष-प्रतिपक्षपूर्वक वाद कहलाता है । जल्पः=उपरोक्त वाद में जब छल-जाति और निग्रह-स्थान से काम लिया जाय तो वह जल्प कहलाता है । वितण्डा=वहीं जब उसमें प्रतिपक्ष को स्थापित ही न होने दिया जाय तो वितण्डा कहलाता है । हेत्वाभास=जो हेतु न हो किन्तु हेतु जान पड़े वह हेत्वाभास कहलाता है । यह पाँच प्रकार का होता है—१. सव्यभिचार २. विरुद्ध, ३. प्रकरणसम, ४. साध्यसम और ५. कालातीत । छलम्=अर्थान्तर करके वाणी को रोक दिया जाय व निरुत्तर कर दिया जाय वह छल है । जाति=साधर्म्य एवं वैधर्म्य के द्वारा पक्ष की स्थिति निश्चित की जाती है । निग्रहस्थान=विप्रतिपत्ति और अप्रतिपत्ति को निग्रहस्थान कहते हैं । एषां=इन सोलह । पदार्थानां=पदार्थों का । एवंप्रकारकम्=इस प्रकार । प्ररूपणा=निरूपण किया जाता है । अर्थोपलब्धिः= पदार्थों के ज्ञान का । हेतुः=कारण । स्यात्=जो हो । प्रमाण=उसे प्रमाण कहते हैं । तच्चतुर्विधम्=वह चार प्रकार का होता है ॥ १४–१६ ॥

भाषाप्रकाश—न्यायदर्शन में सोलह पदार्थ माने गए हैं । सम्पूर्ण ग्रन्थ में इन सोलह पदार्थों का उद्देश्य, लक्षण व परीक्षा की गई है । इस दर्शन के अनुसार इन सोलह पदार्थों का तत्त्वज्ञान हो जाने पर मोक्ष होता है, जन्म-मरण के चक्र व भव-बन्धन से छुटकारा मिल जाता है । कहा भी है—"प्रमाणप्रमेयसंशयप्रयोजनदृष्टान्त-सिद्धान्तावयवतर्कनिर्णयवादजल्पवितण्डाहेत्वाभासच्छलजातिनिग्रहस्थानानां पदार्थानां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः ।"—न्यायसूत्र १–१–१ । सबसे पहला पदार्थ प्रमाण है । प्रमाणों के द्वारा तत्त्वज्ञान होता है । प्रमेय अर्थात् ज्ञेय पदार्थ का लक्षण व परीक्षा प्रमाणों के आधार पर ही होते हैं । तत्त्वज्ञान में प्रमाण ही कसौटी है । प्रमाण चार हैं— प्रत्यक्ष, अनुमान, उपमान एवं शब्द । इनकी विशेष व्याख्या आगे की जायगी । दूसरा पदार्थ प्रमेय है । प्रमाणों के द्वारा जो जाना जाय एवं जिसकी परीक्षा की जाय, वह प्रमेय है । जगत् के सभी जानने योग्य पदार्थ प्रमेय हैं । प्रमेय

बारह माने गए हैं—१. आत्मा, २. शरीर, ३. इन्द्रियां, ४. इन्द्रियों के विषय, ५. बुद्धि, ६. मन, ७. प्रवृत्ति, ८. दोष, ९. प्रेत्यभाव, १०. फल, ११. दुःख और १२. अपवर्ग।

जीवात्मा-परमात्मा भेद से अनुभवकर्ता, ज्ञाता, भोक्ता चेतन तत्त्व आत्मा है। जीवात्मा का निवास, इन्द्रियों व विषयों का आश्रय तथा चेष्टा व प्रवृत्ति का अधिष्ठान शरीर है। कान, नाक, जिह्वा, त्वचा एवं आँख—यह पाँच इन्द्रियाँ हैं। सुनना सूंघना, चखना, छूना, देखना क्रमशः उनके पाँच विषय हैं। विचार-निर्णय कराने वाला ज्ञेय तत्त्व बुद्धि है। सभी इन्द्रियों के अनुभव, प्रेरणा व कार्य का केन्द्र मन है। उपरोक्त पाँचों ज्ञानेन्द्रियों के संघात व कार्य से मन के द्वारा ही आत्मा को अनुभव होता है और मन ही के द्वारा कर्मेन्द्रियों का संचालन भी होता है। आत्मा मन के द्वारा शरीर व इन्द्रिय से जो बाह्य विषयों में लगता है, चेष्टा करता है वह प्रवृत्ति है। प्रवृत्ति होने पर ही अनुभव, ज्ञान व कर्म होते हैं। मिथ्या ज्ञान व विषयों के संस्कार दोष कहलाते हैं। तत्त्वज्ञान व मोक्ष के लिए दोष को जानना भी आवश्यक है। बार-बार जन्म लेना, भवबन्धन के चक्र में पड़ना, मरना, जीना प्रेत्य-भाव कहलाता है। अनुभव, ज्ञान व तत्त्वज्ञान का परिणाम फल है। प्रतिकूल वेदना दुःख है, जिससे समस्त प्राणी संतप्त हैं। न्यायशास्त्र में दुःख का जानना भी तत्त्व-ज्ञान का अंग है, यह भी ज्ञेय है। बारहवाँ प्रमेय है—अपवर्ग अर्थात् मोक्ष। वह स्थिति जहाँ जन्म-मरण भवबन्धन से छुटकारा पाकर परमानन्द की प्राप्ति होती है, मोक्ष कहलाती है, उपरोक्त बारह प्रमेय न्यायशास्त्र में ज्ञान, लक्षण व परीक्षा के विषय हैं। जिन्हें जान लेने से परमानन्द मोक्ष की प्राप्ति होती है। प्रमातुं योग्यं प्रमेयम्, यथार्थज्ञानं प्रमा —यथार्थ ज्ञान का जो विषय है, प्रमाणों के द्वारा जो जाना जाय वह प्रमेय है। तीसरा पदार्थ है— संशय। संशय के होने पर ही तर्क व न्याय का जन्म होता है। यदि ज्ञेय पदार्थ में संशय न हो तो न तर्क होगा, न न्याय और न ही तत्त्व-ज्ञान होगा। अतः संशय भी न्यायदर्शन में पदार्थ माना गया। चौथा पदार्थ प्रयोजन है। बिना प्रयोजन के मूर्ख भी कोई कार्य नहीं करता। अतः तत्त्वज्ञान तर्क व न्याय का भी प्रयोजन है। लौकिक उक्तियाँ, जहाँ विद्वान् तार्किक एवं साधारण लौकिक एकमत हों, वह दृष्टान्त है। दृष्टान्त के द्वारा ही तर्क, न्याय व तत्त्वज्ञान समझाया व सिद्ध किया जाता है। तर्क व प्रमाण तथा विविध परीक्षाओं, वाद-विवादों के द्वारा अन्त में जो सिद्ध करके निश्चित कर दिया जाय वह सिद्धान्त कहलाता है। सातवाँ पदार्थ अवयव है। अवयव तर्क व न्याय के पाँच अंग हैं, जिनके आधार पर तर्क करके तत्त्वज्ञान व निर्णय किए जाते हैं। यह पाँच प्रकार का होता है, जो कि आगे [illegible] जायगा। आठवाँ पदार्थ तर्क है। विना जाने हुए किसी पदार्थ को जानने के

लिए विविध कारणों व प्रमाणों से छानबीन करना, जानकारी करना तर्क कहलाता है। तर्क के द्वारा तत्त्वज्ञान करके निश्चित कर देना ही निर्णय कहलाता है। दसवाँ पदार्थ वाद है। पक्ष, प्रतिपक्ष लेकर किसी विषय पर प्रश्नोत्तरपूर्वक विवाद करना वाद है। वाद से ही निर्णय व तत्त्वज्ञान होता है। ग्यारहवाँ पदार्थ जल्प है। शास्त्रार्थ में जीतने के विचार से छल आदि उपायों द्वारा तर्क करना ही जल्प है। प्रतिपक्षी की बात को न मानना अथवा उसे स्थापित न होने देना ही वितण्डा है। तेरहवाँ पदार्थ हेत्वाभास है। किसी विषय के तर्क व सिद्धि में ऐसा हेतु देना, जो वास्तव में में हेतु न हो, हेत्वाभास कहलाता है। चौदहवाँ पदार्थ छल है। वाद-विवाद-शास्त्रार्थ व तर्क में धोखे से शब्द व वाद-विवाद में उलटफेर करके जीतने का प्रयास करना छल है। यह तीन प्रकार का होता है, जिसे आगे बतलायेंगे। पन्द्रहवाँ पदार्थ जाति है। जो भिन्न अधिकरणों में समान बुद्धि उत्पन्न करती है, वह जाति है। सोलहवाँ पदार्थ निग्रहस्थान है। जिस किसी भी प्रकार से शास्त्रार्थ में प्रतिवादी को वचन व विवाद में निरुत्तर करके पराजित कर दिया जाय, वही निग्रहस्थान है। सम्पूर्ण न्यायदर्शन में उपरोक्त सोलह पदार्थों का उद्देश्य, लक्षण एवं परीक्षा की गई है। पूर्वपक्ष, उत्तरपक्ष और सिद्धान्तपक्ष—तीन प्रकार के सूत्र हैं। इस दर्शन में पाँच अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय में दो आह्निक हैं। न्याय दर्शन की संक्षिप्त सूची इस प्रकार है—

१. प्रथम अध्याय में सोलह पदार्थों का उद्देश्य व लक्षण किया गया है।

२. द्वितीय अध्याय में संशय, प्रमाण, सामान्य व प्रत्यक्षादि की परीक्षा है।

३. तृतीय अध्याय में आत्मा, मन, शरीर, इन्द्रिय, अर्थ और बुद्धि की परीक्षा की गई है।

४. चतुर्थ अध्याय में प्रवृत्ति, दोष, प्रेत्यभाव, फल, दुःख, अपवर्ग आदि प्रमेयों की परीक्षा; प्रसंगवश शून्यतोपादान, ईश्वरमात्र कारणता, आकस्मिकत्व, सर्वानित्यत्व, सर्वनानात्व, सर्वशून्यता का निराकरण, सांख्यैकान्तवाद, निराकरण, तत्त्वज्ञान, उत्पत्ति, परिपालन, बुद्धि, अवयव, अवयवी, बाह्यार्थभङ्ग, निराकरण आदि है।

५. पाँचवें अध्याय में २४ प्रकार के जातिभेद और २२ प्रकार के निग्रहस्थान का वर्णन है।

प्रश्न—न्यायदर्शन में बतलाया गया है कि प्रमाण-प्रमेयादि सोलह पदार्थों के ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति होती है, यह कैसे? जब बड़े-बड़े ऋषि-मुनि, योगी-सन्त संसार के भोगों का परित्याग करके कठिन तपश्चर्या करते हुए मोक्षप्राप्ति

तक कठिनाई से पहुँच पाते हैं तो केवल न्यायसम्मत सोलह पदार्थों के ज्ञान-मात्र से ही कैसे निःश्रेयस की प्राप्ति होगी।

उत्तर—अज्ञान, अविवेक ही बन्धन का मूल कारण है। विवेक एवं यथार्थ-ज्ञान से भवबन्धन का नाश होता है। तप-नियम-व्रत आदि यथार्थ-ज्ञान एवं विवेक की प्राप्ति में सहायक साधन हैं। इस प्रश्न का समाधान न्यायदर्शन में स्वयं अक्षपाद मुनि ने ही किया है—"दुःखजन्मप्रवृत्तिदोषमिथ्याज्ञानानामुत्तरोत्तरापाये तदनन्तरापायादपवर्गः"—न्यायसूत्र—अ० १, आ० १, सू० २।

दुःख-जन्म-प्रवृत्ति-दोष-मिथ्याज्ञान—इनमें उत्तरोत्तर के नाश से अन्तिम मिथ्याज्ञान के दूर होने पर मोक्ष होता है। मिथ्याज्ञान से दोष (विषयसंस्कार) उत्पन्न होता है। दोष से विषयों में मन और इन्द्रियों की प्रवृत्ति होती है। प्रवृत्ति से जन्म होता है और जन्म से दुःख होता है। षोडश पदार्थों के ज्ञान से तर्क व न्याय द्वारा तत्त्वज्ञान का उदय होगा, मिथ्याज्ञान का नाश होगा। जब मिथ्याज्ञान दूर होगा तो प्रवृत्ति नहीं होगी। प्रवृत्ति के न रहने पर जन्म से छुटकारा मिल जाएगा और जब जन्म ही नहीं होगा तब दुःख कहाँ? इस प्रकार "अविवेक एव बन्धः विवेक एव मोक्षः"—अविवेक व अज्ञान ही बन्धन है, विवेक एवं न्यायसम्मत यथार्थज्ञान ही मोक्ष का कारण है। षोडश पदार्थों के ज्ञान से नैयायिक तर्कों द्वारा तत्त्वचिन्तन से विवेक होगा, विवेक होने पर विशुद्ध चित्त यौगिक अनुभूतियों से योगाभ्यासपूर्वक आत्मसाक्षात्कार करेगा, तभी मोक्ष होगा। महर्षि का यह मन्तव्य नहीं है कि केवल न्यायदर्शन के पाठमात्र से ही मोक्ष हो जायगा। उनका तात्पर्य है कि इन सोलह पदार्थों का ज्ञान करके विवेक के उदय होने पर निःश्रेयस का अधिगम (समीप-गमन व प्राप्ति) होगा।

प्रश्न—न्याय दर्शन में प्रमाण और प्रमेय का ही उद्देश्य, लक्षण व परीक्षा कर देते, संशय-प्रयोजन आदि चौदह पदार्थों के कथन व व्याख्या की क्या आवश्यकता थी?

उत्तर—प्रमाण-प्रमेय मुख्य कथन के विषय तो हैं, पर न्यायशास्त्र तर्कशास्त्र है। तर्क के द्वारा ही इस दर्शन में विषयप्रतिपादन किया गया है। संशय से लेकर निग्रहस्थान तक चौदह पदार्थ तर्कशास्त्र के विषय हैं। उनको छोड़ देने पर तर्क अपूर्ण है। अतएव अवयव, निर्णय, वाद, जल्प, वितण्डा, हेत्वाभास, छल जाति, निग्रहस्थान जैसे तर्क के सूक्ष्म विषयों का निरूपण किया गया ॥१६॥

प्रत्यक्षमनुमानं चोपमानं शाब्दिकं तथा।
तत्रेन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमव्यभिचारिकम् ॥१७॥

व्यवसायात्मकं ज्ञानं व्यपदेशविवर्जितम्।
प्रत्यक्षमितरन्मानन्तत्पूर्वं[1] त्रिविधं भवेत् ॥१८॥

अत्र प्रमाणचातुर्विध्ये प्रत्यक्षं कीदृगिति सम्बन्धः; विशेषणान्याह—इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमिति। इन्द्रियं चार्थश्चेति द्वन्द्वः, तयोः सन्निकर्षात्संयोगादुत्पन्नं जातम्, इन्द्रियं हि नैकट्यात्पदार्थे संयुज्यते, इन्द्रियार्थसंयोगाज्ज्ञानमुत्पद्यते। यदुक्तम्—

आत्मा सहैति मनसा, मन इन्द्रियेण,
स्वार्थेन चेन्द्रियमिति क्रम एष शीघ्रम्।
योगोऽयमेव मनसः किमगम्यमस्ति
यस्मिन्मनो व्रजति तत्र गतोऽयमात्मा॥

तत्राव्यभिचारिकं ज्ञानान्तरेण नान्यथाभावि, शुक्तिशकले कलधौतबोधो हीन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नोऽपि व्यभिचारी दृष्टोऽतोऽव्यभिचारिकं ग्राह्यम्, तथा व्यवसायात्मकं व्यवहारसाधकम्, सजलधरणितले हि बहलशाद्वलवृक्षावल्यामिन्द्रियार्थसान्निध्योद्गतमपि जलज्ञानं तत्प्रदेशसङ्गमेऽपि स्नानपानादिव्यवहारासाधकत्वादप्रमाणम्, अतः सफलं व्यवसायात्मकमिति विशेषणम्।

तथा व्यपदेशविवर्जितमिति। व्यपदेशो विपर्ययस्तेन रहितं, तथा ह्याजन्मकाचकामलादिदोषदूषितचक्षुषः पुरुषस्य धवलशङ्खे पीतज्ञानमुदेति तद्यद्यपि सकलकालं तन्नेत्रदोषाविरामादिन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमस्ति तथाऽप्यन्यवस्तुनोऽन्यथाबोधान्न तद्यथोक्तलक्षणं प्रत्यक्षमिति प्रत्यक्षसाधकं विशेषणचतुष्टयमुक्तम्। साम्प्रतमनुमानमाह—इतरदन्यन्मानमनुमानमुपदिशति, तदनुमानं पूर्वं प्रथमं त्रिविधं त्रिप्रकारकं भवेज्जायेत्। पूर्वमितिपदेवानुमानान्तरभेदानन्त्यमाह—तत्पूर्वं प्रत्यक्षपूर्वं चेति श्लोकद्वयार्थः ॥१७-१८॥

सुधा— तत्प्रमाणं चतुर्विधं ज्ञेयमिति तेषां स्वरूपमुच्यते—प्रत्यक्षमिति।

अन्वयः—प्रत्यक्षम् अनुमानम् च उपमानं तथा शाब्दिकम् तत्र इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम् अव्यभिचारिकम्। व्यपदेशविवर्जितम् व्यवसायात्मकम् ज्ञानम् प्रत्यक्षम् इतरत् मानम् तत्पूर्वं त्रिविधं भवेत् ॥ १७-१८ ॥

१. तत्पूर्वकं त्रिविधमनुमानं पूर्ववत्, शेषवत् सामान्यतोदृष्टं च।
—न्यायसूत्र १-१-५ ॥

व्याख्या— प्रत्यक्षम्—अक्षं अक्षं प्रति प्रत्यक्षम्, अनुमानम्=प्रत्यक्षानुभवमनुमानम्, उपमानम्=उपमाभवमुपमानम्। शाब्दिकम्—आप्तोपदेशः शब्दः, शब्दप्रभवम् शाब्दिकमिति चतुर्विधं प्रमाणम्। तत्र=प्रमाणचातुर्विध्ये, प्रत्यक्षं कीदृगिति इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम्=घ्राणरसनचक्षुस्त्वक्श्रोत्राणि इन्द्रियाणि गन्धरसरूपस्पर्शशब्दाद्याः विषयाः अर्थाः, तयोः सन्निकर्षात्=संयोगात्, उत्पन्नम्=जातम्, अव्यभिचारिकम्=ज्ञानान्तरेण नान्यथाभावि, तं यथा शुक्तिशकले कलधौतबोधो हीन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नोऽपि व्यभिचारी दृष्टोऽतोऽव्यभिचारिकं ग्राह्यम्, व्यपदेशविवर्जितम्—व्यपदेशः=विपर्ययः मिथ्याज्ञानं विपर्ययस्तेन रहितं यथा कामलादिदोषदूषितचक्षुषः पुरुषस्य धवलशङ्खे पीतज्ञानमुदेति तद्यद्यपि तन्नेत्रदोषाविरामादिन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नमस्ति तथाप्यन्यवस्तुनोऽन्यथाबोधान्न प्रत्यक्षम्, व्यवसायात्मकम्=व्यवहारसाधकम् इन्द्रियानुभवगम्यम् एवं प्रत्यक्षसाधकं विशेषणचतुष्टयमुक्तम् इतरत्=अन्यत्, मानम्=अनुमानं प्रमाणम्, तत्पूर्वं=प्रत्यक्षपूर्वकम्, त्रिविधम्=त्रिप्रकारकं, भवेत्=स्यात् ॥१७-१८॥

पदार्थ— प्रत्यक्षम्=कान, जिह्वा, नेत्र, त्वचा, नाक आदि इन्द्रियों एवं शब्द, रस रूप, स्पर्श, गन्ध आदि विषयों के मेल से उत्पन्न होने वाला। अनुमानम्=व्याप्य-व्यापक के सम्बन्ध को प्रत्यक्ष द्वारा जान लेने पर चिह्न को देखकर साध्य को जानना। उपमानम्=उपमा द्वारा किसी पदार्थ को जानना। शाब्दिकम्=आप्तपुरुष यथार्थवक्ता के उपदेश से ज्ञान जो उत्पन्न करे। तत्र=उपरोक्त चारो प्रमाणों में प्रत्यक्ष का लक्षण करते हैं। इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम्=कान, जिह्वा, आँख, त्वचा, नासिका आदि इन्द्रियों एवं शब्द, रस, रूप, स्पर्श, गन्ध आदि विषयों के मेल से उत्पन्न। अव्यभिचारिकम्=व्यभिचाररहित। व्यपदेशविवर्जितम्=विपर्यय मिथ्याज्ञानरहित। व्यवसायात्मकं=व्यवहार व अनुभवसाधक। ज्ञानम्=बोध। प्रत्यक्षम्=प्रत्यक्ष कहलाता है। इतरत्=इससे भिन्न। मानम्=अनुमान प्रमाण। तत्पूर्वम्=प्रत्यक्षपूर्वक। त्रिविधम्=तीन प्रकार का। भवेत्=होता है।

भाषाप्रकाश—न्यायसम्मत षोडश पदार्थों में प्रमाण पहला पदार्थ है। प्रमाणों के कसौटी पर ही यथार्थ ज्ञान, तर्क व न्याय आधारित हैं। प्रायः सभी दर्शन प्रमाणों पर ही आधारित हैं, न्याय दर्शन में प्रमाणों का विशेष महत्त्व है; अतः सोलह पदार्थों के उद्देश्य में प्रमाण को सबसे पहले रखा गया। पदार्थों का लक्षण व परीक्षा भी प्रमाणों के आधार पर ही की गई है।

न्यायदर्शन में कुल चार प्रमाण माने गए हैं—१. प्रत्यक्ष, २. अनुमान, ३. उपमान और ४. शब्द।

प्रत्यक्ष प्रमाण

हम बाहरी जगत का अनुभव व ज्ञान ज्ञानेन्द्रियों के द्वारा करते हैं। ज्ञानेन्द्रियाँ पांच हैं—१. कान, २. त्वचा, ३. आँख, ४. नाक और ५. जिह्वा। इन पाँचों इन्द्रियों के पाँच विषय भी नियत हैं। कान का विषय है—शब्द, त्वचा का स्पर्श (छूना), आँख का रूप, नाक का गन्ध और जिह्वा का रस विषय है। पाँचों ज्ञानेन्द्रियाँ भौतिक हैं। पाँचों भूतों की सूक्ष्मतन्मात्राएँ अपने-अपने इन्द्रिय-गोलकों में विद्यमान हैं।

पृथ्वी की गन्धतन्मात्रा नाक के अग्रभाग में विद्यमान है। पृथ्वी का स्वाभाविक गुण गन्ध जब नासिका के इन्द्रियगोलक से आकर टकराता है तो गन्ध का अनुभव होता है। यदि नासिका गन्धतन्मात्रा से शून्य हो जाय तो गन्ध का प्रत्यक्ष नहीं होगा। जल की रसतन्मात्रा जिह्वा में सूक्ष्म रूप से विद्यमान है। जल का स्वाभाविक गुण रस है, वह जब जिह्वा के इन्द्रियगोलक में आकर टकराता तो ज्ञाननाड़ियों द्वारा रस का अनुभव होता है। तेज की रूपतन्मात्रा नेत्र के कृष्ण तारा में विद्यमान है। तेज का स्वाभाविक गुण रूप है। जब वह नेत्र से टकराता है तो ज्ञाननाडियों द्वारा रूप का अनुभव होता है। वायु की स्पर्शतन्मात्रा सूक्ष्म रूप में त्वचा में विद्यमान है। वायु का स्वाभाविक गुण स्पर्श है। जब त्वचा इन्द्रिय में वायु टकराता है तो ज्ञाननाड़ियों द्वारा स्पर्श का अनुभव होता है। आकाश की शब्दतन्मात्रा सूक्ष्म रूप में कान में विद्यमान है। आकाश का स्वाभाविक गुण शब्द है। आकाशस्थित शब्द जब कान से टकराता है तो ज्ञान-नाड़ियों द्वारा शब्द का अनुभव होता है। इस प्रकार इन्द्रियों और बाह्य पञ्च भूतों के संयोग से जो ज्ञान उत्पन्न होता है वही प्रत्यक्ष है। इन्द्रियाँ ही प्रत्यक्ष प्रमाण व प्रत्यक्ष ज्ञान की साधन हैं।

प्रत्यक्ष प्रमाण ऐसा प्रमाण है जिसे आस्तिक-नास्तिक सभी स्वीकार करते हैं। कहा भी गया है कि "प्रत्यक्षे किं प्रमाणम्"। चार्वाकादि नास्तिक दर्शन भी प्रत्यक्ष प्रमाण पर ही आधारित हैं। प्रत्यक्ष ज्ञान इन्द्रिय और अर्थ के संयोग से उत्पन्न होता है, इसीलिए इसका लक्षण किया—इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम्। इसी के साथ यह भी कहा कि अव्यभिचारि अर्थात् इन्द्रियार्थ संयोग से उत्पन्न, तो हो किन्तु वह व्यभिचारी नहीं होना चाहिए। इन्द्रियार्थ संयोग से उत्पन्न, किन्तु व्यभिचारी ज्ञान प्रत्यक्ष नहीं माना जायगा।

प्रश्न—अव्यभिचारी ज्ञान का क्या तात्पर्य है? व्यभिचारी ज्ञान किसे कहते हैं?

उत्तर—जो व्यभिचारी ज्ञान न हो उसे अव्यभिचारी कहते हैं। व्यभिचारी ज्ञान वह है जो कुछ का कुछ जान पड़े। जैसे सीप सफेद चमक रही है, उसे हम देख कर चाँदी समझ लें। यद्यपि यहाँ इन्द्रियार्थ संयोग है तथापि यह ज्ञान प्रत्यक्ष नहीं है, क्योंकि यह अयथार्थ है। अतः इन्द्रियार्थ संयोग के साथ ही यथार्थ ज्ञान प्रत्यक्ष माना जा सकता है।

विरुद्धो अभिचारः व्यभिचारः अर्थात् इन्द्रियार्थ संयोग होने पर भी जब यथार्थ ज्ञान न हो तो वह व्यभिचारी ज्ञान होता है, जिसे प्रत्यक्ष नहीं माना जा सकता।

प्रत्यक्ष का तीसरा विशेषण है—व्यपदेशरहित हो। मिथ्याज्ञान को व्यपदेश कहते हैं। इसी को विपर्यय भी कहते हैं—"मिथ्याज्ञानं विपर्ययः"। जिसके नेत्र में पीलिया रोग हो उसको श्वेत शंख भी पीला दिखाई पड़ता है; अतः श्वेत शंख में पीत का प्रत्यक्ष व्यपदेश है; व्यपदेशविवर्जित ज्ञान प्रत्यक्ष होता है।

प्रत्यक्ष का चौथा विशेषण यह है कि जो व्यवसायात्मक हो। व्यवहारसाधक ज्ञान व्यवसायात्मक कहलाता है। जिस इन्द्रिय का जो व्यवसाय है, उसी के अनुसार प्रत्यक्ष होना चाहिए। देखकर, छू करके, चख करके, सूंघ करके, सुन करके जो ज्ञान की उपलब्धि होती है; वह व्यवसायात्मक है। इन्द्रियों में विकार, अत्यन्त दूरी, अधिक समीपता, पदार्थों की सूक्ष्मता, मन की अस्थिरता प्रत्यक्ष में बाधक होते हैं। यदि इन्द्रिय में दोष है, वह अपना कार्य ठीक से नहीं कर सकती तो व्यवसायात्मक प्रत्यक्ष नहीं हो सकता। इन्द्रियों की जितनी शक्ति है उसी के अनुकूल प्रत्यक्ष होगा। यदि पदार्थ अत्यन्त दूर है अथवा अत्यन्त सूक्ष्म है तो व्यवसायात्मक प्रत्यक्ष नहीं होगा। यदि किसी साधन से इन्द्रियों की शक्ति बढ़ा ली जाय तो अत्यन्त दूर एवं अत्यन्त सूक्ष्म पदार्थों का भी प्रत्यक्ष हो सकता है। टेलीस्कोप दूरबीन से अत्यन्त दूर के पदार्थ देखे जाते हैं। सूक्ष्म वीक्षणयन्त्र माइक्रोस्कोप से अत्यन्त सूक्ष्म पदार्थ भी देखे जा सकते हैं। इसके अतिरिक्त योगीजन भी योगाभ्यास द्वारा मनोबल को बढ़ा करके इन्द्रियों की शक्ति में वृद्धि कर लेते हैं। व्यवसायात्मक प्रत्यक्ष के लिए मन और इन्द्रिय का संयोग आवश्यक है। इन्द्रिय और अर्थ का संयोग होने पर भी यदि मन का संयोग नहीं हुआ तो व्यवसायात्मक प्रत्यक्ष नहीं होगा।

प्रश्न—योगियों को दिव्य प्रत्यक्ष कैसे होता है?

उत्तर—योगीजन इन्द्रियों की बाह्य वृत्तियों को रोक करके चित्त को अन्तर्मुख कर लेते हैं। चित्त जब सूक्ष्म पाञ्चभौतिक तन्मात्राओं पर एकाग्र होता है तो उनका दिव्य प्रत्यक्ष होता है, जिससे योगी को बिना बाह्य विषयों के संयोग के

ही दिव्य रूप, दिव्य शब्द (अनाहत), दिव्य रस, दिव्य गन्ध और दिव्य स्पर्श का प्रत्यक्ष होता है। दिव्य प्रत्यक्ष में सूक्ष्मतन्मात्राओं का प्रत्यक्ष होता है, जो कि सामान्य भौतिक प्रत्यक्ष से विशिष्ट होता है।

अनुमान प्रमाण

न्याय दर्शन में दूसरा प्रमाण अनुमान है। अनुमान प्रत्यक्षपूर्वक होता है। व्याप्ति के आधार पर केवल लिङ्ग (चिह्न) को देखकर साध्य का ज्ञान अनुमान प्रमाण द्वारा होता है। रसोईघर में किसी ने देखा कि आग जल रही है, धुआँ निकल रहा है तो उसे यह प्रत्यक्ष हो गया कि जहाँ धुआँ निकलता है वहाँ अग्नि अवश्य होती है, इस प्रकार धुआँ अग्नि का लिङ्ग हुआ। यहाँ धूम और अग्नि का जो सम्बन्ध है वह व्याप्ति है। व्याप्तिज्ञान प्रत्यक्ष से हुआ। व्याप्तिज्ञानपूर्वक वही व्यक्ति बाद में किसी पर्वत पर गया। वहाँ जा करके पर्वत में कहीं धुआँ देखा, जिसे देखकर उसे व्याप्ति का स्मरण हुआ। वहाँ लिङ्गरूप धुएँ को तो वह देख रहा है किन्तु साध्यरूप अग्नि का प्रत्यक्ष नहीं कर पा रहा है; तथापि व्याप्तिस्मरणपूर्वक धुएँरूप लिङ्ग के आधार पर अग्नि का वह अनुमान करता है। आस्तिक दर्शन में अनुमान का महत्त्वपूर्ण स्थान है। नव्य न्याय में अनुमान इस शास्त्र का प्रमुख अंग बन गया है। ईश्वरसिद्धि अनुमान व शब्द प्रमाण पर ही आधारित है। लोक में भी देखते हैं कि किसी निर्मित वस्तु को बनाने वाला कर्ता अवश्य होता है। बिना कर्ता के रचना सर्वथा असंभव है। संसार के जितने भी पदार्थ हैं उनमें रचना और क्रिया प्रत्यक्ष है; अतः रचना और क्रिया को देखने से अनुमान होता है कि इसको बनाने वाला एवं संचालन करने वाला कोई कर्ता अवश्य होगा; जो सर्वव्यापक, सर्वशक्तिमान एवं सर्वज्ञ होगा, वही ईश्वर है।

अनुमान के तीन स्वरूप हैं—१. पूर्ववत्, २. शेषवत् और ३. सामान्यतोदृष्ट। इसकी विशेष व्याख्या आगे की जायगी। न्यायदर्शन में अनुमान के यही तीन भेद हैं। अनुमान-सिद्धिप्रक्रिया में प्रतिज्ञा, हेतु, उदाहरण, उपनय और निगमन—ये पाँच अवयव हैं, जिन्हें षोडश पदार्थों में से एक पदार्थ माना गया है॥ १७-१८॥

पूर्ववच्छेषवच्चैव दृष्टं सामान्यतस्तथा।
त्रयाणां कारणात्कार्यमनुमानमिह गीयते॥१९॥

अनुमानत्रैविध्यमाह—पूर्ववदिति।

पूर्ववत्, शेषवत्, सामान्यतो दृष्टं चेत्यनुमानत्रयम्। चः समुच्चये, एवेति पूरणार्थे, तथेति उपदर्शने। तत्र त्रिषु मध्ये, आद्यमनुमानमिह—शास्त्रे कारणात्कार्यमनुमानमुदितं कारणान्मेघात्कार्यं वृष्टिलक्षणं यतो ज्ञायते तत्कारणकार्यनामानुमानं कथितमित्यर्थः॥ १९॥

सुधा - अथानुमानविषयमाह—**पूर्ववत्यादिना ।**

अन्वयः - पूर्ववत् शेषवत् च एव तथा सामान्यतोदृष्टम् । तत्र आद्यम् इह कारणात् कार्यमनुमानं गीयते ॥ १९ ॥

सुधा - पूर्ववत्=कारणात्कार्यानुमानम्, शेषवत्=कार्यात्कारणानुमानम्, च=समुच्चये, एव=पूरणार्थे, तथा=उपदर्शने, सामान्यतोदृष्टम्=व्याप्तिविशिष्टपक्षधर्मताज्ञानम्, तत्र=त्रिषु मध्ये, आद्यम्=प्रथमम्, इह=शास्त्रे, कारणात्=कारणदर्शनात् । कार्यमनुमानम्=कार्यज्ञानं यथा हि कारणान्मेघात्कार्यं वृष्टिलक्षणं यतो ज्ञायते तत्कारणकार्यनामानुमानं, गीयते=कथितमित्यर्थः ॥१९॥

पदार्थ - पूर्ववत्=कारण को देखकर कार्य का अनुमान । शेषवत्=कार्य को देखकर कारण का अनुमान । च=समुच्चय के अर्थ में पद । एव=पूरणार्थ पद । तथा=एवम् । सामान्यतोदृष्टम्=व्याप्तिज्ञानपूर्वक अनुमान । तत्र=उपरोक्त तीनों में । इह=न्यायदर्शन में । कारणात्=कारण को देखकर । कार्यमनुमानम्=कार्य का अनुमान कर लेना, उदाहरणार्थ कारणरूप काले बादलों को देख करके कार्यरूप वर्षा का अनुमान कर लेना पूर्ववत् अनुमान । गीयते=कहलाता है ॥ १९ ॥

भाषाप्रकाश—अनुमान के तीन भेद होते हैं—१. पूर्ववत्, २. शेषवत् और ३. सामान्यतोदृष्ट । कारण को देख करके कार्य का अनुमान करना पूर्ववत् है, उदाहरणार्थ काले बादलों को देख करके अनुमान होता है कि वर्षा होगी, यहाँ बादल कारण है एवं वर्षा कार्य है । किसी व्यक्ति की भयङ्कर क्रोधाग्नि को देख करके उससे सम्भावित संघर्ष व कलह का अनुमान कर लिया जाता है । इसी प्रकार अनेक कारणों को देखकर अनेक कार्यों का अनुमान किया जाता है ॥१९॥

रोलम्बगवलव्यालतमालमलिनत्विषः ।
वृष्टिं व्यभिचरन्तीह नैवंप्रायाः पयोमुचः ॥ २० ॥

निदर्शनेन तमेवार्थं द्रढयन्नाह—**रोलम्बेति ।**

यथेति दृष्टान्तकथनारम्भे, रोलम्बाः=भ्रमराः, गवलं=माहिषं शृङ्गम्[1], व्यालाः=गजाः सर्पा वा, तमालाः=वृक्षविशेषाः, सर्वेऽप्यमी कृष्णाः पदार्थाः स्वभावतो ज्ञेयाः । द्वन्द्वसमासो बहुव्रीहिश्च । एवंप्रायाः=एवंविधाः पयोमुचो=मेघा वृष्टिं न व्यभिचरन्तीति । एवंप्रमया इत्युपलक्षणेन परेऽपि वृष्टिहेतवोऽभ्युन्नत्यादिविशेषा ज्ञेयाः । यदुक्तम्—

गम्भीरगर्जितारम्भनिर्भिन्नगिरिगह्वराः ।
तुङ्गत्तडिल्लतासङ्गपिशङ्गोत्तुङ्गविग्रहाः ॥
इत्यादयोऽपि वृष्टिं न व्यभिचरन्ति ॥ २० ॥

[1] 'गवलो अरण्यजातिमहिषः, व्याला दुष्टगजा सर्पाश्च'—गुणरत्नटीका ॥

सुधा - निदर्शनेन तमेवार्थमाह—**रोलम्बेत्यादिना ।**

अन्वयः - रोलम्ब-गवल-व्याल-तमाल-मलिनत्विषः एवंप्रायाः पयोमुचः इह वृष्टिं न व्यभिचरन्ति ॥ २० ॥

व्याख्या - रोलम्बाः=भ्रमराः, गवलं=माहिषं शृङ्गम्, व्यालाः=सर्पाः, तमालाः=वृक्षविशेषाः, मलिनत्विषः=कृष्णाः, एवंप्रायाः=एवंविधाः, पयोमुचः=मेघाः, इह=लोके, वृष्टिम्=जलवर्षणम्, न व्यभिचरन्ति=नोपेक्ष्यन्ते, अवश्यमेव वृष्टिं कुर्वन्तीत्यर्थः ॥

पदार्थ—रोलम्बाः=भौंरे । गवलम्=भैंस की सींग । व्यालाः=काले सर्प । तमालाः=काले-काले पान के वृक्ष । मलिनत्विषः=उपरोक्त वर्ण वाले काले बादल व वर्षा के योग्य मटमैले वर्णवाले । एवंप्रायाः=उपरोक्त वर्णवाले । पयोमुचः=बादल । वृष्टिं=वर्षा । न व्यभिचरन्ति=अवश्य करते हैं, वह वर्षा न करें—ऐसा नहीं हो सकता ।

भाषाप्रकाश—पूर्ववत् अनुमान का उदाहरण दिया गया है कि भौंरों की तरह काले, भैंस के सींग की तरह काले, काले सर्प की भाँति वर्णवाले, पान के वृक्ष की तरह काले एवं वर्षा करने वाले मटमैले वर्णवाले बादल अवश्य वर्षा करते हैं । ऐसे बादलरूप कारण को देख करके कार्यरूप वृष्टि का निश्चित अनुमान किया जाता है ॥ २० ॥

कार्यात्कारणानुमानं यच्च तच्छेषवन्मतम् ।
तथाविधनदीपूरान्मेघो वृष्टो यथोपरि ॥ २१ ॥

शेषवन्नामधेयं द्वितीयमनुमानभेदमाह - **कार्यादिति ।**

यत्कार्यात्फलात्कारणानुमानं फलोत्पत्तिहेतुपदार्थावगमनं तच्छेषवदनुमानं मतं कथितं नैयायिकशासने, यथा तथाविधनदीपूरादुपरि मेघो वृष्टस्तथाविधप्रवहत्सलिलसम्भारभरितो यो नदीपूरः सरित्प्रवाहस्तस्मादुपरि शिखरिशिखरोपरि जलधराभिवर्षणज्ञानं तच्छेषवत् । अत्र कार्यं नदीपूरः कारणं च पर्वतोपरि मेघो वृष्ट इति । उक्तं च नैयायिकैः—

आवर्तवर्तनाशालिविशालकलुषोदकः ।
कल्लोलविकटास्फालस्फुटफेनच्छटाङ्कितः ॥
बहुबहुलशैवालफलशाद्वलसंकुलः ।
नदीपूरविशेषोऽपि शक्यते न निवेदितुम् ॥ इति ॥ २१ ॥

सुधा—शेषवन्नामधेयं द्वितीयमनुमानभेदमाह—**कार्यादित्यादिना ।**

अन्वयः—यत् च कार्यात् कारणानुमानम् तत् शेषवत् मतम् । तथाविध-नदीपूरात् यथा उपरि मेघः वृष्टः ।।

व्याख्या—यत् च कार्यात्=फलात् परिणामाद्वा, कारणानुमानम्=कार्योत्पत्तिहेतुपदार्थविगमनं, तत्=तदनुमानम्, शेषवत्=यथोक्तम्, मतम्=कथितम् । तथाविध=तथैव प्रकारेण, नदीपूरात्=प्रवहत्सलिलसम्भारभरितो यो नदीपूरः नदीप्रवाहः, यथा=यथैव, उपरि=शिखरि, शिखरोपरि जलधराभिवर्षणज्ञानं तच्छेषवत् अत्र कार्यं नदीपूरः कारणं पर्वतोपरि मेघो वृष्टेति ।।

पदार्थ—यत् च=जो । कार्यात्=कार्य को देखकर । कारणानुमानम्=कारण का अनुमान करना है । तत्=वह । शेषवत्=शेषवत् अनुमान । मतत्=माना गया है । तथा=जैसे कि । विध=उसी प्रकार । नदीपूरात्=नदी भरी हुई देखने पर । यथा=जैसे । उपरि=पर्वत के ऊपर । मेघः=बादल । वृष्टः=बरसा है ।।

भाषाप्रकाश—कार्य को देख करके कारण का अनुमान करना शेषवत् अनुमान है। उदाहरणार्थ जल से भरपूर नदी के बाढ़ को देखकर अनुमान किया गया कि पर्वत के ऊपर वर्षा हुई है । नदी में जल का बाढ़ कार्य है और पर्वत के ऊपर वृष्टि का होना कारण है । यहाँ कार्य को देखकर कारण का अनुमान किया गया, यही शेषवत् अनुमान है ।। २१ ।।

यच्च सामान्यतोदृष्टं तदेवं गतिपूर्विका ।
पुंसि देशान्तरप्राप्तिर्यथा सूर्येऽपि सा तथा ।। २२ ।।

तृतीयानुमानमाह—**यच्चेति ।**

यः पुनरर्थः, यत् सामान्यतोदृष्टमनुमानं तदेवममुना प्रकारेण, यथा पुंसि पुरुषे देवदत्तादौ देशान्तरप्राप्तिर्गतिपूर्विका, एकस्माद्देशाद्देशान्तरगमनं गमनपूर्वकमित्यर्थः । यथोज्जयिन्याः प्रस्थितो देवदत्तो माहिष्मतीं पुरीं प्राप्तः, सूर्येऽपि सा तथेति, यथा पुंसि तथा सूर्येऽपि सा गतिरभ्युपगम्यते । यद्यपि गगने सञ्चरतः सूर्यस्य नेत्रावलोकप्रसरणाभावेन गतिर्नोपलभ्यते, तथाऽप्युदयाचलात् सायमस्ताचलचूलिकाऽवलम्बनं गतिं सूचयति ।

एवं सामान्यतोदृष्टमनुमानं ज्ञेयमित्यर्थः ।। २२ ।।

सुधा तृतीयानुमानमाह—**यच्चेति ।**

अन्वयः—यच्च सामान्यतोदृष्टं तदेवं यथा पुंसि देशान्तरप्राप्तिः गतिपूर्विका सूर्येऽपि सा तथा ।। २१ ।।

व्याख्या—यच्च-पुनरर्थे, सामान्यतोदृष्टम्=तृतीयानुमानम्, तदेवम्=अमुना प्रकारेण, यथा पुंसि=पुरुषे यज्ञादत्तादौ, देशान्तरप्राप्तिः=एकस्मादेशादेशान्तरगमनं, सूर्येऽपि सा=गतिः, तथा=तथैव, यथा पुंसि तथा सूर्येऽपि सा गतिरभ्युपगम्यते ।।

पदार्थ—यच्च=जो कि । सामान्यतोदृष्टम्=सामान्यतोदृष्ट अनुमान । तदेवम्=वह इस प्रकार है । यथा पुंसि=जैसे मनुष्य में । देशान्तरप्राप्तिपूर्विका=एक जगह से दूसरे जगह जाने वाली गति देखी जाती है । सा=वह । गतिः=गति । सूर्येऽपि=सूर्य में भी । तथा=उसी प्रकार देखी जाती है ।।

भाषाप्रकाश—सामान्यतोदृष्ट अनुमान उसे कहते है, जिसमें सामान्यतया प्रत्यक्ष के आधार पर अनुमान कर लिया जाता है । उदाहरणार्थ जैसे मनुष्य एक जगह से चल कर दूसरी जगह पहुँच जाता है उसी प्रकार सूर्य भी चलता है । जिस प्रकार घट, पट आदि को देखते हैं कि उनका कर्ता कुम्भकार जुलाहे आदि हैं उसी प्रकार संसार को भी बनाने वाला कोई है, जिसे हम ईश्वर कहते हैं । ईश्वरसिद्धि में सामान्यतोदृष्ट अनुमान प्रमाण है ।

प्रश्न—सामान्यतोदृष्ट अनुमान के उदाहरण में जो सूर्य के चलने की बात कही गई है, वह गलत है । आधुनिक विज्ञान ने सिद्ध कर दिया है कि सूर्य नहीं चलता, बल्कि पृथ्वी चलती है ।

उत्तर—आधुनिक विज्ञान के अनुसार पृथ्वी चलती है और सूर्य अपनी धुरी पर ही चक्कर काटता रहता है । अतएव सूर्य गतिहीन नहीं है, बल्कि उसमें भी गति है, अतः प्राचीन दृष्टिकोण मे कोई विशेष विरोध नहीं है । वेद में भी आया है कि—"सूर्य एकाकी चरति चन्द्रमा जायते पुनः" अर्थात् सूर्य अपनी धुरी पर अकेला घूमता है ।।२२ ।।

प्रसिद्धवस्तुसाधर्म्यादप्रसिद्धस्य साधनम् ।
उपमानं समाख्यातं यथा गौर्गवयस्तथा ।। २३ ।।

अथ क्रमायातमपि शब्दप्रमाणं स्वल्पव्यक्तत्वादुपेक्ष्यादावुपमानलक्षणमाह—**प्रसिद्धेति ।**

तदुच्यमानमुपमानमाख्यातं कथितं, यत्तदोर्नित्यसम्बन्धात्, यत्किम् ? अप्रसिद्धस्य साधनम् अज्ञायमानस्यार्थस्य ज्ञापनं क्रियते । प्रसिद्धधर्मसाधर्म्यादिति । आबालगोपालाङ्गनाविदितो योऽसौ धर्मोऽसाधारणलक्षणं तस्य साधर्म्यं समानधर्मत्वं तस्मादित्युपमानमाख्यातम् । दृष्टान्तमाह—यथा गौर्गवयस्तथेति । यथा कश्चिदरण्यवासी नागरिकेण कीदृग्गवयः ? इति पृष्टः स च परिचितगोगवयलक्षणो नागरिकं प्राह—यथा गौस्तथा गवयः, खुरककुदलांगूलसास्नाऽऽदिमान् यादृशो गौस्तथा जन्मसिद्धो गवयोऽपि ज्ञेय इत्यर्थः । अत्र प्रसिद्धो गौस्तत्साधर्म्यादप्रसिद्धस्य गवयस्य साधनमिति ।।२३।।

सुधा—अथोपमानलक्षणमाह—**प्रसिद्धेति ।**

अन्वयः—प्रसिद्धवस्तुसाधर्म्यात् अप्रसिद्धस्य साधनम्–उपमानं समाख्यातम्, यथा गौः, तथा गवयः ।

व्याख्या—प्रसिद्धवस्तुसाधर्म्यात्=ज्ञायमानस्यार्थस्य समानधर्मज्ञापनात्, अप्रसिद्धस्य=अज्ञायमानस्यार्थस्य, साधनम्=ज्ञानम्, उपमानम्=उपमानं प्रमाणम्, समाख्यातम्=कथितम्, यथा गौः=यथा धेनुः, तथा गवयः=गोसदृशप्राणिविशेषः, यथा कश्चित् वनवासीनागरिकेण पृष्टः कीदृग्गवयः ? स च परिचितगोगवयलक्षणो नागरिकं प्राह—यथा गौस्तथा गवयः, खुरककुदलाङ्गूलसास्नाऽऽदिमान् यादृशो गौस्तथा जन्मभिदो गवयोऽपि ज्ञेयः । अत्र प्रसिद्धो गौस्तत्साधर्म्यादप्रसिद्धस्य गवयसाधनमिति ॥

पदार्थ—प्रसिद्धवस्तुसाधर्म्यात्=प्रसिद्ध जानी हुई वस्तु के समान धर्म-लक्षण बतलाने से । अप्रसिद्धस्य=बिना जानी हुई वस्तु का । साधनम्=सिद्ध करना । बतलाना, जानना । उपमानम्=उपमान प्रमाण । समाख्यातम्=कहा गया है । यथा=उदाहरणार्थ । गौः=जैसे गाय । तथा=वैसे ही । गवयः=नीलगाय जानवर ॥

भाषाप्रकाश - जानी हुई वस्तु के लक्षण व धर्म के आधार पर न जानी हुई वस्तु को जानना, पहचानना उपमान कहलाता है । किसी नगरनिवासी मनुष्य ने जंगल में जाकर किसी जंगली मनुष्य से पूछा कि गवय (नीलगाय) कैसा होता है ? उसने उत्तर दिया—गोसदृशोगवयः अर्थात् जैसे खुर, पूंछ, सींग, सास्ना, डिल्ला वाली गाय होती है वैसे ही गवय (नीलगाय) भी होती है । यहाँ नागरिक के लिए गाय प्रसिद्ध वस्तु है और गवय अप्रसिद्ध है । प्रसिद्ध वस्तु गाय के लक्षण कर देने से अप्रसिद्ध नीलगाय को पहचानना उपमान प्रमाण द्वारा किया जाता है ॥२३॥

शाब्दमाप्तोपदेशस्तु मानमेवं चतुर्विधम् ।
प्रमेयं त्वात्मदेहार्थबुद्धीन्द्रियसुखादि च ॥ २४ ॥

उपमानं व्याख्यायं शब्दप्रमाणमाह—**शाब्दमिति ।**

तु पुनराप्तोपदेशः शाब्दम्, अवितथवादी हितश्चाप्तः प्रत्ययितजनस्तस्य य उपदेश आदेशवाक्यं तच्छाब्दम् आगमप्रमाणं ज्ञेयमिति । एवमुक्तभङ्ग्या मानं प्रमाणं चतुर्विधं चतुष्प्रकारं निष्ठितमित्यर्थः ।

अथ प्रमेयलक्षणमाह—**प्रमेयं त्वात्मदेहार्थबुद्धीन्द्रियसुखादि चेति ।** प्रमाणग्राह्योऽर्थः प्रमेयं, तु पुनरर्थे, आत्मा च देहश्चेति द्वन्द्वः । आदिशब्देन शेषाणामपि षण्णां प्रमेयार्थानां संग्रहः । तच्च नैयायिकसूत्र[1] आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनःप्रवृत्तिदोषप्रेत्यभावफलदुःखापवर्गभेदेन द्वादशविधं, तत्र

१ आत्मशरीरेन्द्रियार्थबुद्धिमनःप्रवृत्तिदोषप्रेत्यभावफलदुःखापवर्गास्तु प्रमेयम् ।
—न्यायसूत्र १-१-९ ॥

सचेतनत्वकर्तृत्वसर्वगतत्वादिधर्मैरात्मा प्रमीयते, एवं देहादयोऽपि प्रमेयतया ज्ञेयाः, अत्र तु ग्रन्थविस्तारभयान्न प्रपञ्चिताः, इतरग्रन्थेभ्योऽपि सुज्ञेयत्वाच्चेति ॥ २४ ॥

सुधा—शब्दप्रमाणलक्षणमाह—**शाब्दमिति ।**

अन्वयः—आप्तोपदेशस्तु शाब्दम्, एवं मानं चतुर्विधम् । च आत्मदेहार्थबुद्धीन्द्रियसुखादि च प्रमेयम् ॥

व्याख्या—आप्तोपदेशः—आप्तस्तु यथार्थवक्ता, तु=पुनः, तस्य उपदेशः=आदेशवाक्यम्, शाब्दम्=शब्दप्रमाणं ज्ञेयमिति, एवम्=इत्थं, मानम्=प्रमाणम्, चतुर्विधम्=चतुष्प्रकारमुक्तम् । च=एव, आत्मदेहार्थ—आत्मा=ज्ञानाधिकरणमात्मा, देहः=शरीरम् चेष्टेन्द्रियार्थाश्रयः । अर्थाः=शब्दस्पर्शरूपरसगन्धादयः । इन्द्रियाणि=घ्राणरसनचक्षुस्त्वक्श्रोत्राणीन्द्रियाणि भूतेभ्यः, बुद्धिः=उपलब्धिर्ज्ञानम्, मनः—यन्मनुते तन्मनः । प्रवृत्तिः—यस्मात् प्रवर्तते वाग्बुद्धिशरीरारंभः । दोषः=प्रवर्तनालक्षणो दोषः । प्रेत्यभावः=पुनरुत्पत्तिः । फलम्=प्रवृत्तिदोषजनितोऽर्थः । दुःखम्=प्रतिकूलवेदनीयम् । सुखम्=अनुकूलवेदनीयम् । अपवर्गः=मोक्षः । इति द्वादशविध प्रमेयम्—प्रमातुं योग्यं प्रमेयमिति ॥

पदार्थ—आप्तोपदेशः=प्रत्यक्षद्रष्टा व यथार्थ वक्ता का उपदेश । तु=पुनः । शाब्दम्=शब्द प्रमाण कहलाता है । एवम्=इस प्रकार । मानम्=प्रमाण । चतुर्विधम्=चार प्रकार के बतलाए गए हैं । च एव=और फिर । आत्मदेहार्थबुद्धीन्द्रियसुखादि च=आत्मा, शरीर, इन्द्रियाँ, अर्थ, बुद्धि, मन, प्रवृत्तिदोष, प्रेत्यभाव, फल, सुख-दुःख एवं अपवर्ग—यह बारह प्रमेय माने गए हैं । प्रमाणों से जिसका ज्ञान किया जाय उसे प्रमेय कहते हैं । न्यायशास्त्र में बारह प्रमेय माने गए हैं, जिनकी व्याख्या व लक्षण आगे किया जायगा ॥

भाषाप्रकाश—प्रत्यक्ष देखने वाले एवं यथार्थ रूप में कहने वाले को आप्त कहते हैं । आप्तवचन शब्द प्रमाण माना गया है । जिन्होंने प्रत्यक्ष व परोक्ष विषयों का साक्षात्कार कर लिया है और यथार्थ तत्त्व का उपदेश करते हैं उन्हें आप्त कहते हैं । सत्य वचन होने से वह शब्द प्रमाण माना जाता है ।

प्रश्न - जब प्रमाण अपने इन्द्रियों व अनुभव के आधार पर माने गए हैं तो केवल आप्त के वचन को ही हम प्रमाण क्यों मान लें ?

उत्तर—शब्द प्रमाण लौकिक व पारलौकिक सभी प्रकार के प्रत्यक्ष व अनुमान के लिए मान्य है । शब्द प्रमाण की मान्यता के बिना ज्ञान का सम्पादन नहीं किया जा सकता । भारत का विद्यार्थी अपने अध्यापक द्वारा पढ़ाए गए भूगोल में शब्द

प्रमाण के आधार पर ही अमेरिका, इंग्लैण्ड, फ्रान्स, इटली आदि देशों के मानचित्र, भौगोलिक व सामाजिक स्थितियों का ज्ञान प्राप्त करता है। उन देशों में न तो विद्यार्थी गया है, न पढ़ाने वाला अध्यापक ही गया है; फिर भी उसकी मान्यता शब्द प्रमाण के आधार पर देनी ही पड़ती है। सम्पूर्ण इतिहास, सामाजिक व राजनैतिक घटनाएँ शब्द प्रमाण के आधार पर ही आधारित हैं। शब्द प्रमाण के बिना व्यवहार व ज्ञान असम्भव है। जिस प्रकार लौकिक ज्ञान के लिए शब्द प्रमाण माननीय है उसी प्रकार अतीन्द्रिय व पारलौकिक पदार्थों के ज्ञान के लिए भी ऐसे महापुरुषों के उपदेश, जिन्होंने उन विषयों का साक्षात्कार कर लिया है और यथार्थ वक्ता हैं उनके उपदेश, प्रमाण के रूप में माननीय हैं, किन्तु ऐसे लोगों के उपदेश, जिन्होंने न तो साक्षात्कार किया है और न ही यथार्थवक्ता है उन्हें शब्द प्रमाण कदापि नहीं मानना चाहिए।

आगे प्रमाणों का लक्षण करके अब प्रमाणों की मान्यता पर न्यायदर्शन-विहित शंका-समाधान किया जायगा।

पूर्वपक्ष—प्रत्यक्षादि प्रमाण अमान्य हैं, क्योंकि उनमें पूर्व, अपर एवं सहभाव की सिद्धि नहीं होती। यदि प्रमाण प्रमेय से पहले माने जायँ तो इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष से प्रत्यक्ष नहीं उत्पन्न होगा। यदि प्रमाण प्रमेय के बाद माने जायँ तो प्रमेय की सिद्धि न हो सकेगी। यदि दोनों एक साथ माने जायँ तो बुद्धि के क्रमवृत्तित्व का अभाव होगा, क्योंकि प्रत्येक इन्द्रिय के विषय भिन्न हैं, अतः एक साथ सबका प्रत्यक्ष नहीं होगा।

उत्तरपक्ष—यदि आपका खण्डन व प्रतिषेध पहले से ही सिद्ध है तो आप किसका खण्डन व प्रतिषेध कर रहे हैं, क्योंकि बिना प्रतिषेध्य के प्रतिषेध होगा नहीं। यदि पश्चात् सिद्ध है तो प्रतिषेध के अभाव से प्रतिषेध्य भी सिद्ध नहीं होगा और यदि प्रतिषेध एवं प्रतिषेध्य एक साथ सिद्ध हैं तो प्रतिषेध ही निरर्थक है। सब प्रमाणों का प्रतिषेध करने से प्रतिषेध की सिद्धि नहीं होगी। प्रमाण एवं प्रमेय तुला प्रामाण्य से है, जैसे तोला स्वयं खटखरा रत्ती मासा से तौलते समय प्रमेय के साथ-साथ स्वयं ही प्रमाण भी होता है।

पूर्वपक्ष—प्रमाणों से अन्य प्रमाणों की सिद्धि होने पर प्रथम प्रमाण की सिद्धि के लिए किसी अन्य प्रमाण को सिद्धि करनी होगी। यदि बिना प्रमाण के ही प्रमाण सिद्ध हैं तो प्रमेय को भी बिना प्रमाण के सिद्ध क्यों नहीं कर लेते हो?

उत्तरपक्ष—जैसे दीपक अपने प्रकाश से स्वतः प्रकाशित है तथा औरों को भी प्रकाशित करता है वैसे ही प्रमाण भी स्वतः सिद्ध होकर और प्रमेयों को भी सिद्ध करता है।

प्रमेय

प्रमाणों का निरूपण करके अब प्रमेय का निरूपण करते हैं। षोडश पदार्थों में प्रमेय द्वितीय पदार्थ है। "प्रमाकर्तुं योग्यं प्रमेयम्" यथार्थ ज्ञान प्रमाण कहलाता है और यथार्थ ज्ञान के विषय को प्रमेय कहते हैं। प्रमाणों द्वारा प्रमेय की परीक्षा व ज्ञान किया जाता है। प्रमेय ही मूलभूत ज्ञेय पदार्थ हैं (प्रमेय बारह माने गए हैं, जो क्रमशः १. आत्मा, २. शरीर, ३. इन्द्रिय, ४. अर्थ, ५. बुद्धि, ६. मन, ७. प्रवृत्ति, ८. दोष, ९. प्रेत्यभाव, १०. फल, ११. सुख-दुःख एवं १२. अपवर्ग के नाम से जाने जाते हैं) न्यायशास्त्र में इन्हीं द्वादश प्रमेयों का प्रमाणों द्वारा लक्षण व परीक्षण किया गया है।

आत्मा

ज्ञान का अधिकरण चैतन्यस्वरूप आत्मा द्रव्य है, जो कि नित्य, चेतन व कूटस्थ है। "ज्ञातृत्वकर्तृत्वभोक्तृत्वानणुः आत्मा" अर्थात् आत्मा ज्ञाता, कर्ता और भोक्तारूप अत्यन्त सूक्ष्म द्रव्य है। समस्त विश्व में जड़ एवं चेतन द्रव्य पाए जाते हैं। चेतन जानने वाला, कर्म करने वाला, व भोगने वाला है। जड़ प्रकृति ज्ञेय, कार्य एवं भोग्य है। आत्मा की सिद्धि में निम्नलिखित हेतु हैं—

१. संसार में जड़-चेतनभेद से तत्त्व पाए जाते हैं। जड़ से भिन्न जानने वाला, अनुभवकर्ता, कर्मों का प्रेरक कोई चेतनतत्त्व है, जो कि आत्मा है।

२. जड़-चेतनात्मक जगत का मूल कारण परम चैतन्यमय व परम शक्ति एवं सत्ता का आश्रय है।

३. प्राणधारियों में अपनी सत्ता के प्रति नित्यत्व का भाव यह कि "योऽहम् सोऽहम्" जो मैं कल था वही मैं आज भी हूँ, जगत के जड़तत्त्वों में लौकिक परिस्थितियों में शरीर में प्रतिक्षण परिवर्तन होता रहता है फिर भी स्वसत्तानुभूति ज्यों की त्यों बनी ही रहती है, जो कि आत्मा के नित्य होने में प्रमाण है।

४. जिस वस्तु को आँख से देखते हैं उसी को हाथ से उठाते हैं और हम कहते हैं कि जिसे हमने आँख से देखा उसी को स्पर्श किया। जिसे जीभ से चखा उसी को आँख से देखा। अतः इन्द्रियों से भिन्न उनके विषयों का ग्रहण करने वाला एक आत्मा है जो सभी इन्द्रियों के भिन्न-भिन्न विषयों का साक्षी रूप में अनुभव करता है। समस्त इन्द्रियों के अपने-अपने विषय नियत हैं, इसी से भिन्न चेतन आत्मा का अनुमान किया जाता है।

५ यदि देह से भिन्न आत्मा न होता तो मुर्दे के लाने व गाड़ने से पाप होता, अतः इससे भी आत्मा सिद्ध है।

२. जिसे बाईं आंख से देखा उसी को दाहिनी आंख से भी देखते हैं, इससे भी विषयों का साक्षी अनुभवकर्ता आत्मा स्वयं सिद्ध है।

३. इन्द्रियान्तर विकार से भी आत्मा सिद्ध है। किसी पके हुए फल को देखकर मुंह में पानी आ जाता है। इससे सिद्ध होता है कि स्मरण करनेवाला इन्द्रियों से भिन्न आत्मा है।

४. स्मृति, संस्कार एवं स्वप्न से भी आत्मा सिद्ध है।

५. आत्मा नित्य है, बार-बार जन्म लेता है; इसलिए पूर्वजन्म के अभ्यास से नवीन उत्पन्न बालक के हृदय में भी जो हर्ष, भय, शोक उत्पन्न होते हैं, इससे भी अनुमान किया जाता है कि वह स्मृति के कारण उत्पन्न होते हैं। स्मृति पूर्व अनुभव व अभ्यास के बिना नहीं हो सकती। पूर्व अनुभव व अभ्यास पूर्व जन्म के बिना असम्भव है। पूर्व जन्म के प्रभाव से ही बालक जन्म लेते ही माता के स्तन को चूसने लगता है।

६. आत्मा के नित्य होने में यह भी कारण है कि रागानुबद्ध जीव ही जन्म लेता है, वीतराग नहीं। राग ही जन्म का कारण है। यह बिना पूर्व संस्कारों के हो ही नहीं सकता; तत्त्वज्ञान के निरन्तर अभ्यास से जब राग की वासनाएँ समूल नष्ट हो जाती हैं तब जन्म नहीं होता और इसी को मुक्तावस्था कहते हैं। मिथ्याज्ञान के दूर होने पर संस्कार नष्ट होते हैं, संस्कारों के नष्ट होने पर प्रवृत्ति का नाश होता है, प्रवृत्ति का नाश होने पर जन्म नहीं होता और जब जन्म नहीं होता तब दुःखों से छुटकारा मिल जाता है। उसी को मुक्ति अथवा निर्वाण कहते हैं।

शरीर

"चेष्टेन्द्रियार्थाश्रयः शरीरम्" चेष्टा, इन्द्रियों व उनके विषयों के आश्रय को शरीर कहते हैं। किसी कर्म को करने के लिए मन, शरीर व इन्द्रियों को इच्छापूर्वक जो प्रयत्न करना पड़ता है उसे ही चेष्टा कहते हैं। शरीर ही भोगायतन है, जहाँ आत्मा अधिष्ठित होकर मन एवं दश इन्द्रियों द्वारा शब्द-रूप-स्पर्श-गन्ध-रस आदि पञ्च विषयों के माध्यम से भौतिक जगत का ज्ञान, अनुभव व भोग करता है। शरीर तीन प्रकार का है—१. कारणशरीर; २. सूक्ष्मशरीर, और ३. स्थूल शरीर। सत्त्व, रज एवं तम स्वभाववाली प्रकृति (मूल पदार्थ) के साथ जो आत्मा का संयोग है वह मूलतत्त्व अव्यक्त अनादि प्रकृति से कारणशरीर है। तीनों गुणों की साम्यावस्था वाली अव्यक्त सूक्ष्म प्रकृति के वैषम्य व उससे उत्पन्न महत्तत्त्व, आत्मा एवं महत्तत्त्व के संयोग से उत्पन्न अहंकारपूर्वक कारणशरीर है। कारण-शरीर सूक्ष्म एवं स्थूल दोनों शरीरों का आधार है। जगत में उत्पन्न सभी प्राणियों का कारण शरीर एक ही है। अहंकारपूर्वक सूक्ष्म शरीर के साथ संयोग होने

पर स्थूल शरीर के रूप में विभिन्न शरीर विभक्त होते हैं, विभिन्न प्रकृतियों का निर्माण होता है। शब्द, स्पर्श, रूप, रस, गन्ध आदि पाँच सूक्ष्मतन्मात्राएँ, कर्मेन्द्रियों के सूक्ष्म संस्कार, पञ्च प्राणवायु, अहंकार आदि सब मिलकर सूक्ष्म शरीर हैं। स्थूल शरीर का आधार भी सूक्ष्म शरीर है। स्थूल शरीर छूट जाने पर भी सूक्ष्म शरीर आत्मा के साथ ही रहता है। इसी के आधार पर पूर्व शरीर के संस्कार-अनुसार स्थूल शरीर का निर्माण होता है। मोक्ष में सूक्ष्म शरीर का नाश हो जाता है, कारण-शरीर के अहंकार एवं सत्त्व-रज-तम आदि गुणों की पुरुषार्थशून्यता व लय हो जाता है। स्थूल शरीर छूटने के पश्चात् सूक्ष्म शरीर द्वारा ही जीव पूर्व कर्मों के फल का भोग करता है एवं अगले जन्म, योनि, आयु, कर्म, वित्त, विद्या व निधन की रूप-रेखा सूक्ष्म शरीर द्वारा बनती है। उसी आधारशिला पर अगले जीवन का निर्माण होता है, स्थूल शरीर की प्राप्ति होती है, जिसकी भूमिका व आधार पूर्व जन्म के कर्मों के सूक्ष्म संस्कार होते हैं। इस प्रकार जन्म लेने के पूर्व वासनानुसार सूक्ष्म शरीर में भी परिवर्तन होता रहता है।

सूक्ष्म शरीर स्थूल शरीर में अधिष्ठित रहता है। स्थूल इन्द्रियाँ सूक्ष्म इन्द्रियों के ठहरने के गोलक व अधिष्ठान हैं। जब तक सूक्ष्म शरीर स्थूल शरीर में अधिष्ठित रहता है तब तक उसे जीवन कहते हैं। सूक्ष्म शरीर के अलग हो जाने पर स्थूल शरीर जीवनरहित होकर मृत हो जाता है। स्थूल शरीर द्वारा अर्जित वासना व संस्कार सूक्ष्म शरीर में वर्तमान रहते हैं, जिनके आधार पर पुनः स्थूल शरीर की रचना होती है। इस प्रकार विवेक द्वारा मोक्ष होने पर्यन्त जीवनचक्र घटीयन्त्रवत व कुलालचक्रवत चला करता है, विभिन्न योनियों व लोकों में भ्रमण करता हुआ जीव सुख-दुःख का भोग करता रहता है। अस्थि, मांस, त्वचा, रक्त, रस, मज्जा, वीर्य आदि सप्त धातुओं से निर्मित पाञ्चभौतिक शरीर स्थूल शरीर कहलाता है। नाना प्रकार की योनियाँ, विभिन्न जातियाँ, विभिन्न आकृतियाँ स्थूल शरीर के ही भेद हैं। इसका आधार सूक्ष्म शरीर है। सूक्ष्म शरीर द्वारा ही स्थूल शरीर का संचालन होता है। यह विभिन्न अंगों, यन्त्रों, स्नायुओं, शिराओं व विभिन्न संस्थानों से युक्त चेष्टा, इन्द्रियों व विषयों का आश्रयस्वरूप विषयसेवन द्वारा सांसारिक भोग दुःख, सुख के अनुभव का साधन है एवं योगाभ्यास द्वारा सांसारिक विषयों के परम वैराग्य द्वारा अलौकिक आनन्द, नाना सिद्धियों एवं मोक्ष का साधन भी यही शरीर है।

इन्द्रिय और अर्थ

"घ्राणरसनचक्षुस्त्वक्श्रोत्राणीन्द्रियाणि भूतेभ्यः" अर्थात् नासिका, जिह्वा, नेत्र, त्वचा एवं कान ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ हैं, जो कि पाञ्चभौतिक हैं। नासिका

पृथ्वी-तत्त्वप्रधान है, इसमें गन्धतन्मात्रा अधिष्ठित है। गन्धतन्मात्रा नासिका के अग्रभाग में है। गन्ध पृथ्वी का विशिष्ट गुण व स्वाभाविक धर्म है, कहा भी है—"व्यवस्थितः पृथिव्यां गन्धः"। गन्ध नासिका इन्द्रिय का अर्थ है। पृथ्वी में स्थित बाह्यार्थ गन्ध का संयोग जब नासिका इन्द्रिय से होता है तब गन्ध का प्रत्यक्ष होता है। रसना जल-तत्त्वप्रधान है, इसमें रसतन्मात्रा अधिष्ठित है। रसतन्मात्रा जिह्वा के अग्रभाग में है। रस जल का विशिष्ट गुण व स्वाभाविक धर्म है। रस जिह्वा इन्द्रिय का अर्थ है; जल में स्थित बाह्यार्थ रस का संयोग जब रसना इन्द्रिय से होता है तब रस का प्रत्यक्ष होता है। नेत्र तेज-तत्त्वप्रधान है, इसमें तेजतन्मात्रा अधिष्ठित है। तेजतन्मात्रा नेत्र में कृष्णा तारा (पुतली) भाग में रहता है, रूप तेज का विशिष्ट गुण व स्वभाविक धर्म है। तेज में स्थित बाह्यार्थ रूप का संयोग जब नेत्र से होता है तब रूप का प्रत्यक्ष होता है। रूप नेत्रेन्द्रिय का अर्थ है। त्वचा वायु-तत्त्व-प्रधान है, इसमें स्पर्शतन्मात्रा अधिष्ठित है। स्पर्श वायु का विशिष्ट गुण व स्वाभाविक धर्म है। स्पर्श त्वचा इन्द्रिय का अर्थ है। वायु में स्थित बाह्यार्थ स्पर्श का संयोग जब त्वचा से होता है तो स्पर्श का प्रत्यक्ष होता है। श्रोत्र (कान) आकाश तत्त्वप्रधान है, इसमें शब्दतन्मात्रा अधिष्ठित है। यह कर्णविवर में स्थित है। शब्द आकाश का विशिष्ट गुण व स्वाभाविक धर्म है। शब्द कान का अर्थ है। आकाश में स्थित बाह्यार्थ शब्द का संयोग जब कान से होता है तब शब्द का प्रत्यक्ष होता है।

समस्त जगत पाञ्चभौतिक है। पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश पञ्च महाभूत हैं। गन्ध, रस, रूप, स्पर्श एवं शब्द—यह पाँच अर्थ अथवा विषय हैं। पञ्चभूतों के वह गुण, धर्म, जिन्हें इन्द्रियों से ग्रहण किया जाय उसे अर्थ कहते हैं। पृथ्वी का गन्ध, जल का रस, तेज का रूप, वायु का स्पर्श और आकाश का शब्द स्वाभाविक गुण है, जो कि इन्द्रियों के अर्थ हैं। इन्द्रिय और अर्थ के संयोग से प्रत्यक्ष होता है। यद्यपि पाँचों भूतों में प्रत्येक का एक-एक अर्थ स्वाभाविक है, फिर भी एक-दूसरे के संयोग से नैमित्तिक गुण भी पाए जाते हैं। उदाहरणार्थ यद्यपि पृथ्वी का स्वाभाविक गुण गन्ध है, फिर भी तेज के संयोग से रूप, जल के संयोग से रस, वायु के संयोग से स्पर्श व आकाश के संयोग से शब्दरूप नैमित्तिक गुण भी उसमें पाए जाते हैं। इसी प्रकार सभी भूतों में नैमित्तिक गुण व धर्म पाए जाते हैं। उपरोक्त पञ्चमहाभूतों के कारणस्वरूप सूक्ष्म अंश इन्द्रियों में अधिष्ठित हैं, जिन्हें तन्मात्रा कहते हैं। सभी इन्द्रियों में स्नायुतन्तु विद्यमान हैं, जिनके अन्दर उस इन्द्रिय के बाह्य भूत की तन्मात्रा विद्यमान है। जब अर्थ और इन्द्रिय का संयोग होता है तो इन्हीं तन्मात्राओं के माध्यम से ज्ञाननाडियों द्वारा मन व बुद्धि

का केन्द्रस्थान मस्तिष्क में जाता है, जहाँ कि मन के माध्यम से उस अर्थ का प्रत्यक्ष व अनुभव होता है, जिसका ज्ञाता व भोक्ता आत्मा है। अर्थ भूतों में है, उनका संयोग इन्द्रियों से होता है। इन्द्रियों में सूक्ष्म भौतिक दिव्य तन्मात्राओं से अर्थ का संयोग होने पर ज्ञाननाड़ियों द्वारा मन पर आभास होता है, जिससे आत्मा उस विषय अथवा अर्थ का अनुभव करता है तथा चैतन्य बुद्धि नाड़ियों के पटल पर उसका संस्कार पड़ता है एवं बुद्धि व विचारतन्तुओं द्वारा उसका विचार होता है। इस प्रकार प्रत्यक्ष अनुभव व ज्ञान में भौतिक अर्थ, इन्द्रिय व तन्मात्राएँ, ज्ञाननाड़ियाँ, मस्तिष्क, मन व बुद्धि साधन हैं। इन साधनों के द्वारा ही आत्मा को बाह्य पाञ्चभौतिक जगत का ज्ञान होता है।

प्रश्न—इन्द्रियाँ भौतिक हैं अथवा अभौतिक? आँख से छोटे से छोटा और बड़े से बड़ा पदार्थ भी देखा जाता है। यदि यह भौतिक होतीं तो इसके देखने की सीमा भी निर्धारित होती।

उत्तर चक्षु तैजस इन्द्रिय है, इसलिए उसकी किरणें तेज की किरणों से मिल कर दृश्य वस्तु में व्यापक हो जाती हैं; जिससे पदार्थों का प्रत्यक्ष होता है। अत्यन्त दूर स्थित एवं अत्यन्त सूक्ष्म पदार्थ नेत्र के ग्रहण-शक्ति की सीमा से बाहर होने के कारण नहीं देखे जाते। अतः सिद्ध है कि इन्द्रियाँ भौतिक हैं। उदाहरणार्थ दीपक का प्रकाश सभी छोटी-बड़ी वस्तुओं को समान रूप से प्रकाशित करता है।

प्रश्न—आपने कहा कि चक्षु की किरणें तेज की किरणों से मिलकर दृश्य वस्तु में व्यापक हो जाती हैं। हो सकता है कि आपका कहना ठीक हो, लेकिन तेज की किरणों का तो प्रत्यक्ष होता है, जबकि चक्षु की किरणों को कोई नहीं देख पाता; अतः यह हेतु ठीक नहीं है।

उत्तर—जो वस्तु अनुमान से सिद्ध है उसे प्रत्यक्ष से यदि न ग्रहण किया जाय तो उससे उसका अभाव नहीं मानना चाहिए। जैसे पृथ्वी के नीचे का भाग या चन्द्रमा का पिछला भाग हमें नहीं दीखाई देता, फिर भी हम उसे मानते हैं। बहुत से द्रव्य ऐसे होते हैं, जिनका प्रत्यक्ष होता है और बहुत से ऐसे होते हैं जिनका प्रत्यक्ष नहीं होता; अपितु वे अपने गुण से पहचाने जाते हैं। जल और अग्नि के परमाणु को कोई नहीं देखता, फिर भी वह शीत व उष्ण स्पर्श से जाने जाते हैं। अनेक द्रव्य जब आपस में मिलते हैं तब उनमें रूप का उद्भव होता है। जब वे अपने कारणरूप में रहते हैं तब रूप का अनुद्भव रहता है। इसी प्रकार आँख की किरणें भी अनुद्भूत रूप हैं, इसीलिए उनका प्रत्यक्ष भी नहीं होता। तेज

के परमाणुओं में कहीं रूप और स्पर्श दोनों की उपलब्धि होती है, कहीं केवल स्पर्श की होती है और कहीं दोनों की ही उपलब्धि नहीं होती। जिसमें रूप-स्पर्श दोनों की उपलब्धि होती है; उसी का प्रत्यक्ष होता है। जिसमें केवल रूप की उपलब्धि होती है उसका भी प्रत्यक्ष होता है, जैसे दीपक की किरणों का। जिसमें केवल स्पर्श का प्रत्यक्ष होता है, रूप का नहीं; उसका भी प्रत्यक्ष होता है; जैसे उष्ण जल में स्पर्श से तेज का प्रत्यक्ष होता है। जिसमें रूप और स्पर्श दोनों ही नहीं होते उसका प्रत्यक्ष नहीं होता, जैसे आँख की किरणों का। समस्त इन्द्रियाँ जीवात्मा के कर्म-फलभोग के लिए हैं, इसलिए इन्द्रियों की समस्त शक्तियाँ जीवात्मा के आधीन हैं। बीच में किसी आवरण के आ जाने से चक्षु की दर्शनशक्ति अवरुद्ध हो जाती है, इसीलिए चक्षु भौतिक है।

जिस प्रकार दिन में सूर्य के प्रकाश से अभिभूत होकर यद्यपि तारे नहीं दिखाई देते फिर भी उनके प्रकाश का अभाव नहीं माना जाता, उसी प्रकार चक्षु की रश्मि भी दिखाई नहीं देती।

प्रश्न—तारे दिन में नहीं दिखाई पड़ते, किन्तु रात में तो; दिखाई पड़ते हैं, अत यह दृष्टान्त ठीक नहीं है।

उत्तर—बाह्य प्रकाश की सहायता से आँखें देखने में समर्थ होती हैं, किन्तु ज्ञान उन्हीं पदार्थों का होता है जिनका रूप उद्भूत है, अनुद्भूत का ज्ञान नहीं होता। बाह्य प्रकाश स्थूल पदार्थों को ही दिखला सकता है, सूक्ष्म को नहीं। किरणें सूक्ष्म हैं, अतः उनका प्रत्यक्ष नहीं होता। जो पदार्थ अभिव्यक्ति उद्भूत होते हैं, बाह्य प्रकाश की अपेक्षा नहीं रखते, उन्हीं का अभिभाव होता है। रात को घूमने वाले सिंह, मार्जार आदि जन्तु की आँखों में तेज की किरणें देखी जाती हैं; इससे सिद्ध होता है कि जिन जीवों की आखों में तीव्र प्रकाश है उन्हें देखा जा सकता है, लेकिन जिनके मन्द प्रकाश है उन्हें नहीं देखा जा सकता।

प्रश्न—इन्द्रिय और पदार्थ का संयोग ही प्रत्यक्ष का कारण नहीं है, क्योंकि काँच और मणि का व्यवधान होने पर भी आँख से रूप का ग्रहण होता है, अतएव वह अभौतिक है।

उत्तर काँच और स्फटिक आदि स्वच्छ होने के कारण आँखों की किरणों को रोक नहीं सकते। इसीलिए आवरण होने पर भी संयोग में रुकावट नहीं होती। जिस प्रकार बटलोई का पानी नीचे अग्नि जलाने से गर्म हो जाता है उसी प्रकार तेज की किरणें भी सूक्ष्म होने के कारण रुक नहीं सकतीं।

प्रश्न—इन्द्रिय एक है अथवा अनेक? त्वचा ऐसी इन्द्रिय है कि इसमें समस्त इन्द्रियाँ आ जाती हैं। कोई भी इन्द्रिय ऐसी नहीं है, जिसका सहारा त्वचा न हो।

उत्तर—यदि त्वचा को ही एकमात्र इन्द्रिय माना जाय तो उसी से समस्त विषयों का ज्ञान होना चाहिए। अन्धे को रूप का ज्ञान और बहरे को शब्द का ज्ञान नहीं होता, इससे सिद्ध है कि इन्द्रियाँ पाँच हैं, जिनके होने से उन विषयों का ज्ञान होता है। त्वचा से केवल स्पर्श की उपलब्धि होती है, गन्ध, रस, रूप और शब्द का ज्ञान उससे नहीं होता। यदि सर्वशरीर में व्यापक होने के कारण त्वचा ही एकमात्र इन्द्रिय मानी जाती तो एक साथ ही बहुत से विषयों का ज्ञान होता। तब तो अन्धा, बहरा कोई होता ही नहीं, सब काम त्वचा से चल ही जाता। आँख से दूर के विषय का ज्ञान होता है, कान से दूर के शब्द सुनते हैं किन्तु त्वचा से तो दूरस्थित पदार्थ का स्पर्श नहीं हो पाता। अतः सिद्ध है कि इन्द्रियाँ पाँच हैं।

इन्द्रियों के अर्थ भी पाँच हैं—शब्द, स्पर्श, रूप, रस और गन्ध। त्वचा से केवल स्पर्श का ज्ञान होता है, शब्द-रूप-रस आदि का नहीं। सभी प्रकार के प्रत्यक्ष इन्हीं पाँचों विषयों में आ जाते हैं। जिस प्रकार इन्द्रिय एक नहीं है, उसी प्रकार विषय भी एक नहीं हैं; इसीलिए उनके कारणभूत पृथिव्यादि भी एक नहीं हैं। पञ्चभूतों से गन्धादि विषय भिन्न-भिन्न रूप में पाँच प्रकार के हैं और पञ्चभूतों के नियत गुण पाँचों इन्द्रियों के विषय हैं।

स्वाभाविक गुण गन्ध एवं रस, रूप, स्पर्श नैमित्तिक गुण पृथ्वी में पाये जाते हैं। जल का स्वाभाविक गुण रस है, रूप एवं स्पर्श नैमित्तिक गुण हैं। अग्नि का स्वाभाविक गुण रूप है, स्पर्श नैमित्तिक रूप में उसमें पाया जाता है। वायु में स्वाभाविक गुण स्पर्श पाया जाता है एवं आकाश में केवल शब्द पाया जाता है। कार्यरूप पञ्चभूतों में ही नैमित्तिक गुण पाए जाते हैं, लेकिन कारणरूप भूत में केवल स्वाभाविक गुण ही रहता है। आकाश परम सूक्ष्म है, अतः वह केवल शब्द गुण वाला है। वायु उससे स्थूल है, उसमें आकाश व्यापक है, अतएव वायु में उसके स्वाभाविक गुण स्पर्श के साथ ही शब्द भी नैमित्तिक रूप से व्यापक है। अग्नि वायु से स्थूल है, इसलिए उसके स्वाभाविक गुण रूप के साथ ही नैमित्तिक रूप से स्पर्श भीपाया जाता है। जल तेज से भी स्थूल है, तेज उसमें व्यापक है। जल का स्वाभाविक गुण रस है, उसके साथ ही अग्नि का गुण रूप एवं वायु का गुण स्पर्श भी नैमित्तिक रूप से व्यापक हैं। पृथ्वी सबसे स्थूल है, उसमें स्वाभाविक गुण गन्ध है। स्वाभाविक गुण के साथ ही स्पर्श, रूप, रसरूप नैमित्तिक गुण भी उसमें पाए जाते हैं। आकाश चारो भूतों में व्यापक है, अतः उसका स्वाभविक गुण शब्द संघात द्वारा सबमें व्यापक पाया जाता है। बाह्य पञ्चभूतों के गुण स्वनियत इन्द्रिय की तन्मात्रा से टकराते हैं, इन्द्रिय में [illegible]

में कराती हैं, मन और बुद्धि के द्वारा आत्मा उस विषय का अनुभव करता है। उसके संस्कार मस्तिष्क में सञ्चित हो जाते हैं, जिनके द्वारा समय-समय पर उस विषय का स्मरण होता रहता है। अब आगे बुद्धि व मन का विश्लेषण करेंगे ॥

बुद्धि और मन

बुद्धि पाँचवाँ प्रमेय है। "बुद्धिरुपलब्धिर्ज्ञानमित्यर्थान्तरम्" उपलब्धि व ज्ञान को बुद्धि कहते हैं। जिससे स्मृति व अनुभव हों वह बुद्धि है। सांख्यशास्त्र के अनुसार अध्यवसायो बुद्धिः अर्थात् अध्यवसाय—विचार व स्मृति को बुद्धि कहते हैं। प्रत्यक्ष में इन्द्रियाँ साधन हैं, इन्द्रिय एवं अर्थ के संयोग द्वारा मन के माध्यम से जो विषय का बोध होता है उसकी स्मृति संचित रहती है एवं उस पर अध्यवसाय अर्थात् विचार ऊहापोह होता है, उसे ही बुद्धि कहते हैं।

प्रत्यक्ष का संस्कार विचार-संचार का केन्द्र बुद्धि है। इन्द्रिय और मन द्वारा आत्मा से जो ज्ञान का संस्कार पड़ जाता है और उन्हीं संस्कारो व अनुभवों के आधार पर आत्मा के चिन्मय शक्ति से जो विचार का संचार है वह बुद्धि कहलाती है। उपलब्धि-ज्ञान बुद्धि का लक्षण किया गया है, संस्कारजन्य ज्ञान स्मृति है। इन्द्रिय और मन द्वारा विषयों का ज्ञान उपलब्ध है। उपलब्ध अनुभूतियों के आधार पर चैतन्यगुण का अध्यवसाय व संचार-विचार है। अलौकिक प्रत्यक्षसम्बन्धी ज्ञान भी बुद्धि का ही विषय है।

आत्मा चैतन्य गुण वाला है। जिस प्रकार तेज में उष्ण स्पर्श और जल में शीतत्व है उसी प्रकार आत्मा में चैतन्य स्वाभाविक गुण है। यह जड़प्रकृति शरीर व भौतिक साधनों से संयुक्त होकर मन, बुद्धि, चित्त, अहंकार—इन चार रूपों में विभक्त होता है। इसी को अन्तःकरणचतुष्टय कहते हैं। ज्ञान, अनुभव व प्रत्यक्ष में इन्द्रियाँ बाह्य करण हैं तथा मन बुद्धि, चित्त व अहंकार अन्तःकरण हैं। अन्तःकरण-चतुष्टय में बुद्धि का कार्य विचार, निर्णय व ज्ञान है। इन्द्रिय और अर्थ के सन्निकर्ष से जो प्रत्यक्ष ज्ञान उत्पन्न होकर मन के माध्यम से आत्मा को प्रतीत होता है। बुद्धि मन से परे है और बुद्धि से परे आत्मा है। कहा भी है—

इन्द्रियेभ्यः परा ह्यर्थाः अर्थेभ्यश्च परं मनः।
मनसस्तु परा बुद्धिः यो बुद्धेः परतस्तु सः ॥

इन्द्रियों से सूक्ष्म रूप, रस, गन्धादि विषय हैं, विषयों से परे मन है। मन से भी सूक्ष्म बुद्धि है, जो बुद्धि से भी सूक्ष्म है वह आत्मा है। मन व इन्द्रियों का प्रेरक आत्मा है। मन व इन्द्रियों के द्वारा आत्मा में जो ज्ञान, विचार, परामर्श, निश्चय आदि सञ्चार होता है वही बुद्धि है, जो कि मन से भी सूक्ष्म है।

प्रश्न—यह संशय होता है कि बुद्धि कर्म की तरह अनित्य है अथवा आकाश की भाँति नित्य। किसी देखी हुई वस्तु को देखकर जो स्मरण होता है कि यह वही वस्तु है, उसे प्रत्यभिज्ञा कहते हैं। प्रत्यभिज्ञा से भी सिद्ध है कि बुद्धि नित्य है।

उत्तर—जिस प्रकार बुद्धि का नित्य होना साध्य है उसी प्रकार प्रत्यभिज्ञा बुद्धि का धर्म है—यह भी साध्य है। अतः उपरोक्त जो हेतु दिया गया है वह साध्यमान होने के कारण हेतु नहीं हो सकता। बुद्धि और ज्ञान दोनों पर्य्यायवाचक शब्द हैं। ये गुण हैं, न कि द्रव्य। गुण सदा द्रव्य मे रहता है, न कि गुण में। इसमें द्रव्य केवल जीवात्मा है और सब उसी के गुण हैं; अतः प्रत्यभिज्ञा बुद्धि का गुण है—यह असिद्ध हो जाता है। अब प्रश्न यह है कि बुद्धि नित्य है अथवा अनित्य ? यदि बुद्धि को नित्य माना जाय तो उसकी वृत्तियों को भी नित्य मानना पड़ेगा। वृत्तियों के स्थिर होने पर एक समय में ही अनेक विषयों का ज्ञान होना चाहिए। यदि बुद्धि और उसकी वृत्तियों को एक माना जाय तो वृत्ति के निवृत्त होने पर बुद्धि का भी नाश मानना पड़ेगा। जिस इन्द्रिय के साथ मन का लगाव होता है उसी का ज्ञान होता है; इससे भी वृत्तियाँ और बुद्धि एक नहीं हो सकते। यदि यह कहा जाय कि जिस प्रकार स्फटिक स्वतः सफेद होता है, लेकिन विभिन्न रंगों के मेल से रंगीन मालूम पड़ता है उसी प्रकार वृत्ति भी स्वयं में एक होते हुए भी विभिन्न विषयों के संसर्ग से अनेक प्रकार की मालूम पड़ती है, किन्तु यह ठीक नहीं है। स्फटिक में रंग की भ्रान्ति होती है, न कि ज्ञान। इन्द्रियों से विषयों का ज्ञान निश्चित होता है।

बुद्धि (ज्ञान) न तो इन्द्रिय का गुण है, न ही अर्थ का; क्योंकि इनके नाश होने पर भी ज्ञान बना रहता है। एक साथ अनेक ज्ञान उत्पन्न नहीं होते, इसलिए यह मन का भी गुण नहीं है। बुद्धि मन के अधिष्ठाता आत्मा का गुण है। यदि बुद्धि को मन का गुण मान लिया जाय तो वह अन्तःकरण न रह करके ज्ञाता हो जायगा। बुद्धि अनित्य है, क्योंकि इसके उत्पत्ति व विनाश के कारण देखे जाते हैं। यदि बुद्धि नित्य होती तो कोई भी ज्ञान कभी भी नष्ट नहीं होता। सभी ज्ञान सभी काल में एक-से बने रहते। ऐसा होने पर स्मृति और प्रत्यभिज्ञा सबका लोप हो जाता; अतः बुद्धि अनित्य है। स्मृति भी एक ज्ञान है, जो कि निम्नलिखित कारणों से उत्पन्न होती है—

१. प्रणिधान—स्मरण की इच्छा से मन को किसी विषय में लगाना।
२. निबन्ध—ग्रन्थ में अनेक अर्थों का परस्पर सम्बन्ध।

३. अभ्यास—किसी कार्य को निरन्तर करने से जो दृढ़ता के संस्कार उत्पन्न होते हैं।
४. लिङ्ग—धुआँ को देखकर अग्नि का स्मरण होना लिङ्ग कहलाता है।
५ लक्षण—जो धर्म किसी पदार्थ को दूसरे से पृथक् करे या जिससे कोई पदार्थ जाना जाय।
६ सादृश्य—चित्र को देख करके उस व्यक्ति का स्मरण हो जाना।
७. परिग्रह—पुत्र को देखने से पिता का स्मरण हो जाना।
८–९. आश्रय और आश्रित के सम्बन्धों से उनका स्मरण हो जाना।
१०. सम्बन्ध—सम्बन्ध के द्वारा स्मृति होना।
११. आनन्तर्य—एक कार्य के बाद दूसरे कार्य का स्मरण हो जाना।
१२. वियोग के द्वारा स्मरण करना।
१३. यदि बहुत से मनुष्य एक कार्य के करने वाले होते हैं तो उसका स्मरण होता है।
१४. विरोध—परस्पर विरोध से भी स्मृति होती है।
१५ अतिशय प्रसिद्धि से स्मरण होता है।
१६. प्राप्ति—जिससे जिसको जिस वस्तु की प्राप्ति होती है वह वस्तु उसको याद दिलाती है।
१७. व्यवधान—आवरण को देखकर स्मृति, जैसे भित्ति को देखकर गृह का स्मरण।
१८–१९. सुख-दुःख द्वारा स्मरण।
२०–२१ इच्छा-द्वेष द्वारा स्मरण।
२२. भव्य से उसके हेतु का स्मरण।
२३. अर्थित्व=मांगने से दाता का स्मरण।
२४. क्रिया से कर्ता का स्मरण।
२५. राग से इच्छित विषय का स्मरण।
२६. धर्म से सुख की स्मृति।
२७. अधर्म से दुःख की स्मृति।

प्रत्यक अर्थ के लिए बुद्धि नियत है। जब तक जिस अर्थ का सम्बन्ध बुद्धि के साथ रहता है तब तक ही उसकी स्मृति रहती है। अर्थ के प्रत्यक्ष होने पर बुद्धि की उत्पत्ति और विनाश होने पर विनाश हो जाता है। अतः बुद्धि अनित्य है। यदि बुद्धि को नित्य माना जाय तो जो पदार्थ देखे गए हैं उनका प्रत्यक्ष रहना चाहिए। ऐसा होने पर स्मृति का अभाव रहना चाहिए। इससे सिद्ध है कि बुद्धि अनित्य है।

प्रश्न—चेतनता शरीर का धर्म है या किसी अन्य का ?

उत्तर—शरीर रूपादि गुणों से रहित नहीं होता, किन्तु चेतनारहित देखा जाता है; इससे सिद्ध होता है कि चेतनता शरीर का धर्म नहीं है।

प्रश्न—जैसे किसी चीज को पका देने पर उसमें गुणान्तर की उत्पत्ति हो जाती है उसी प्रकार शरीर में भी चेतना उत्पन्न हो जाती है।

उत्तर—पाक से जो गुण उत्पन्न होते हैं वे पूर्व गुणों के विरोधी होते हैं, परन्तु शरीर में चेतना के विरुद्ध कोई गुण नहीं देखे जाते। यदि चेतना शरीर का धर्म होता तो जब तक वह रहता तब तक देखा जाता, किन्तु विना चेतना के भी मृतक शरीर देखा जाता है, अतः चेतना शरीर का धर्म नहीं है। समस्त शरीर में चेतना व्यापक है। यदि चेतना को शरीर का धर्म माना जायगा तो प्रत्येक अवयव में चेतना उपलब्ध होने से अनेक चेतन हो जाएँगे। अतः चेतना शरीर का धर्म नहीं है, अपितु अतीन्द्रिय आत्मा का गुण है।

मन—"युगपत् ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गम्" अर्थात् एक साथ अनेक ज्ञान का उत्पन्न न होना मन का लक्षण है। मन ग्यारहवाँ इन्द्रिय है, अन्तःकरण-चतुष्टय का महत्त्वपूर्ण अंग है, दशों इन्द्रियों का प्रेरक व सञ्चालक है। इन्द्रिय और अर्थ के संयोग से उत्पन्न होने वाला प्रत्यक्ष मन के माध्यम से आत्मा को अनुभव होता है। मन का लगाव जिस इन्द्रिय से होता है उसी के विषय का प्रत्यक्ष होता है। जिस इन्द्रिय से लगाव नहीं होता, विषयसंघात होने पर भी उसका प्रत्यक्ष नहीं होता। कार्य-कारणभेद से मन भी दो प्रकार का है। सब प्राणियों में व्यापक विश्वमन कारण-रूप है, यह चेतना के संचार का आधार है। प्रकृति का परम कारण तत्त्व महत्तत्त्व एवं आत्मा के चैतन्य गुण के योग से विश्वमन का उदय होता है, यह कार्य मन का प्रेरक व आधार है। कार्यमन प्रत्येक प्राणी में भिन्न-भिन्न है। यह इन्द्रियों से संयुक्त होकर उनके विषयों का प्रत्यक्ष कराता है। विश्व के रचना के प्रारंभ में अन्तःकरण-चतुष्टय के कारणस्वरूप की रचना होती है। प्रकृति का सर्वप्रथम आदि कारणतत्त्व महत्तत्त्व का उदय होता है, जो कि जड़ व प्रकाशमान है। उससे आत्मा का चैतन्य गुण संयुक्त होता है, जिससे कारणमन की रचना होती है। आत्मा का स्वरूप जो महत्तत्त्व में प्रतिबिम्बित होता है उससे अहंकार की उत्पत्ति होती है। उससे संपृक्त चिन्मय अवस्था चित्त का रूप धारण करती है। चैतन्य में जो ज्ञान आभासित होता है, उससे बुद्धि की रचना होती है। भिन्न-भिन्न प्राणियों के शरीर व इन्द्रियों में सम्बद्ध होकर कार्यरूप में अन्तःकरण-चतुष्टय का रूप धारण करते हैं। कार्यमन प्रकृति के आदितत्त्व महत्तत्त्व से संपृक्त चैतन्य गुण है, जो कि विश्वमन पर आधारित

गया है। लोकायतमत में चार्वाक के अतिरिक्त अन्य दार्शनिक भी हुए हैं, जिनका उल्लेख बौद्धग्रन्थों में प्राप्त होता है; जैसे अजित केश, कम्बल, पूर्णकाश्यप, मक्खलि-गोशाल प्रकृद्ध कात्यायन आदि। इनके सिद्धान्तों का वर्णन आगे किया जायगा।

लोकायतमत पूर्णतया भौतिकवादी है। आध्यात्मिक व धार्मिक मान्यताओं का यह खण्डन करता है तथा सांसारिक सुख व भोगों में प्रवृत्त करता है। किसी भी देश में इस मत की प्रबलता तभी होती है जबकि लोग आध्यात्मिक ज्ञान-विज्ञान से शून्य हों अथवा आध्यात्मिक दम्भ व धर्माडम्बर के प्रभाव में आकर लोग आलसी, अकर्मठ, उदासीन व दरिद्र बन गए हों। जब समाज में अध्यात्म व धर्म पर श्रद्धा अधिक हो जाती है तब धूर्त एवं दुष्ट प्रकृति के लोग धर्म के नाम पर सामाजिक श्रद्धा व आस्था का दुरुपयोग करते हुए धार्मिक ढोंग व अन्धविश्वास से अपना आर्थिक लाभ करके आलसी, अकर्मठ व दरिद्र बन जाते हैं तथा अध्यात्म व धर्म को कलंकित करते हैं। मनमानी कपोलकल्पित ग्रन्थों व सम्प्रदायों की रचना करके समाज को अज्ञान, अन्धविश्वास, दम्भ व पाखण्ड के गर्त में गिरा देते हैं।

भारतवर्ष अध्यात्मप्रधान देश है। यहाँ अतीत में कभी अध्यात्मवाद व धर्म का प्रभाव इतना अधिक बढ़ गया कि दुष्ट, दम्भी व पाखण्डी तथा लोभी प्रकृति के लोगों ने अध्यात्म व धर्म के स्वरूप को विकृत करके धर्माडम्बर व दिखावटी वैराग्य द्वारा राष्ट्र को आलसी व अकर्मठ बना दिया। लोग वैराग्य का ढोंग रच करके कर्तव्य कर्मों का परित्याग करने लगे, धर्म का ढोंग-धतूरा रच करके उसके नाम पर आजीविका चलाने लगे। धर्म की आड़ में भोगवाद चल पड़ा। श्रम करके नहीं, अपितु धर्म के नाम पर धोखा देकर आजीविका व भोगवाद चल पड़ा, वह फलने-फूलने लगा, देश का आर्थिक पतन होने लगा और दरिद्रता एवं अकर्मठता ने अड्डा बना लिया। ऐसी परिस्थिति में लोकायतमत के पैर जमने लगे। लोकायत-मत ने बजाय इसके कि अध्यात्म व धर्म के नाम पर आई बुराइयों— दम्भ, पाखण्ड व अन्धविश्वास का खण्डन करके समाज को सच्चे अध्यात्म व धर्म का मार्ग दिखलाते, अपनी बौद्धिक अशक्तता व दिवालिएपन से अध्यात्म व धर्म का खण्डन कर डाला, भौतिकवाद व भोगवाद की स्थापना व प्रचार किया। संसार से उदासीन होकर वैराग्य वृत्ति में अपने कर्तव्य कर्मों का परित्याग करनेवाले तथा धर्म के नाम पर बिना श्रम के कमाने-खाने वालों की कड़ी आलोचना लोकायतमत वालों ने किया और देश की प्रवृत्ति को भौतिकवाद की ओर मोड़ दिया।

लोकायत मत में जहाँ भौतिकवादी प्रवृत्ति को प्रेरित करके उदासीनता, वैराग्य, अकर्मठता, आलस्य व धार्मिक ढोंग को समाप्त करने की क्षमता है, वहीं चारित्रिक व नैतिक पतन लाने की क्षमता भी है। अध्यात्म विज्ञान व धर्म में जो

विकृतियाँ आती हैं उनका कारण धर्म की आड़ में भौतिकवाद व भोगवाद ही है। ~~उसी का विकसित रूप है— लोकायत दर्शन;~~ जो मनुष्य के आध्यात्मिक व धार्मिक ज्ञान-विज्ञान व प्रवृत्तियों को कुण्ठित करके उन्हें भौतिकवाद व भोगवाद के गर्त में गिरा देता है। लोकायतमत तामसी विचारों व मनोवृत्तियों की देन है, जहाँ कुण्ठित दार्शनिक बुद्धि एवं सांसारिक वैभव व भोगों की लोलुपता मनुष्य व समाज का नैतिक व चारित्रिक पतन करते हुए मानव-जीवन में पशुता, अज्ञान, स्वार्थ, संघर्ष, भोग व विनाश का उपहार प्रदान करता है ॥७९॥

[चार्वाकमतम्]

लोकायता वदन्त्येवं नास्ति देवो न निर्वृतिः।
धर्माधर्मौ न विद्येते न फलं पुण्यपापयोः ॥८०॥

तदेवाह—लोकायता इत्यादिना।

लोकायता नास्तिकाः, एवममुना प्रकारेण वदन्ति। कथमित्याह—सर्वज्ञादिर्नास्ति, निर्वृतिर्मोक्षो नास्ति, अन्यच्च न विद्येते, कौ? धर्माधर्मौ, धर्मश्चाधर्मश्चेति द्वन्द्वः, पुण्यपापे न स्त इत्यर्थः। पुण्यपापयोर्धर्माधर्मयोः फलं स्वर्गनरकादिरूपं नेति नास्ति, तदपि पुण्यपापयोरभावे कौतस्त्यं तत्फलमित्यादि।

तच्छास्त्रोक्तमेव सोल्लुण्ठं दर्शयन्नाह—तथा च तन्मतं—तथा चेत्युपदर्शने, तन्मतं प्रस्तावान्नास्तिकमतम् ॥८०॥

अन्वयः— लोकायता एवं वदन्ति देवः नास्ति निवृत्तिः न। धर्माधर्मौ न विद्येते पुण्यपापयोः फलं न ॥८०॥

सुधा—लोकायता—लोकमेव ज्ञानायतनं येषां ते चार्वाकादयः। एवम्=इत्थं, वदन्ति=कथयन्ति। देवः=ईश्वरः, नास्ति=न विद्यते। निवृत्तिः=मोक्षः, निःशेषम्, न=नास्ति। धर्माधर्मौ=धर्मश्च अधर्मश्च, न=नैव, विद्येते=स्तः, पुण्य-पापयोः=सत्कर्मदुष्कर्मयोः, फलम्=विपाकः, न=नैव भवतीति ॥८०॥

पदार्थ— लोकायता=लोकायतमत वाले चार्वाकादि। एवम्=इस प्रकार। वदन्ति=कहते हैं कि। देवः=ईश्वर अथवा परमात्मा। नास्ति=नहीं है। निवृत्तिः=मोक्ष। न=नहीं होता। धर्माधर्मौ=धर्म और अधर्म। न विद्येते=नहीं होते। पुण्य-पापयोः=पुण्य और पाप का। फलम् न=फल भी नहीं होता। संसार का रचयिता, पालक व नाशक कोई ईश्वर नहीं है। मोक्ष, निवृत्ति, निर्वाण झूठा है। धर्म-अधर्म नहीं है। पाप और पुण्य का कोई फल नहीं होता ॥८०॥

है; कार्यतन्तुओं, ज्ञानतन्तुओं व इन्द्रियों का प्रेरक है; स्थूल, पाञ्चभौतिक विषयों से लेकर सूक्ष्म महत्तत्त्व तक का अनुभव कराता है।

प्रश्न—मन प्रत्येक शरीर में एक है अथवा अनेक ?

उत्तर—मन एक समय में एक ही इन्द्रिय के विषय को ग्रहण करता है। एक समय में दो इन्द्रियों के विषयों का ज्ञान ही मन के होने में प्रमाण है; इसलिए मन एक है। एक साथ ही जो बहुत-से ज्ञान व क्रियाएँ देखी जाती हैं उनका कारण है—मन का शीघ्रगामी कार्यक्रम। जैसे शीघ्रगामी आतिशबाजी की चर्खी यद्यपि क्रम-पूर्वक चलती है तथापि शीघ्रगति होने के कारण उसका क्रम मालूम नहीं पड़ता; बल्कि वह एक साथ ही चलता हुआ मालूम पड़ता है।

प्रश्न—मन विभु है अथवा अणु ?

उत्तर—यदि मन विभु होता तो एक काल में ही उसका सम्बन्ध सब इन्द्रियों से होता, जिससे समस्त विषयों का ज्ञान भी एक ही साथ होता। ऐसा न होने से यह सिद्ध होता है कि मन अणु है।

प्रश्न—मन व शरीर जीवों के पूर्वकृत कर्माधीन उत्पन्न होते हैं अथवा स्वतः ही पञ्चभूतों से उत्पन्न होते हैं ?

उत्तर—पूर्वजन्म में मन, वाणी व शरीर द्वारा जो कर्म किए गए हैं उससे जो अधर्म सुख-दुःख भोग उत्पन्न हुआ वही इस जन्म के होने में निमित्त कारण है। शरीर के उत्पन्न होते ही भोग का आरम्भ हो जाता है, जो कि बिना किसी निमित्त के नहीं हो सकता। इसलिए कार्यरूप शरीर और उसके भोग से पूर्वकृत कर्मों का अनुमान होता है, क्योंकि बिना कारण के कोई कार्य नहीं होता; अतः शरीर का उपादान कारण पञ्चभूत है, जो कि निमित्त कारण नहीं है। यदि यह कहा जाय कि बिना कर्म और फलभोग के भूतों से मिट्टी, धातु पत्थर आदिक मूर्तियाँ जैसे बनती हैं वैसे ही मान लिया जाय कि पञ्चभूतों के परमाणु उपादान और निमित्त कारण दोनों हैं तो ठीक नहीं है, क्योंकि जैसे शरीर की उत्पत्ति साध्य है वैसे ही मिट्टी-पत्थर-धातु की उत्पत्ति भी साध्य है; अतः यह हेतु साध्यसम हेत्वाभास है।

प्रश्न—माता-पिता के रज—वीर्य से शरीर की उत्पत्ति होती है, अतः प्रारब्ध को भी निमित्त कारण मानना ठीक नहीं ? माता-पिता का आहार भी निमित्त कारण है।

उत्तर स्त्री-पुरुष संयोग होने पर भी यह देखा जाता है कि सन्तानोत्पत्ति नहीं होती, अतः रजवीर्य का संयोग निमित्त कारण नहीं माना जा सकता। अदृष्ट ही निमित्त कारण है। कर्म के नाश होने पर शरीर से आत्मा अलग हो जाता है। यदि शरीर की उत्पत्ति में कर्म निमित्त नहीं माने जायेंगे तो पञ्चभूतों के

नाश से शरीर व आत्मा का वियोग न हो सकेगा। यदि अदृष्ट को मन का गुण मान लिया जाय तो शरीर से मन का वियोग कभी नहीं होना चाहिए। जिन कर्मों को भोगने के लिए आत्मा शरीर में आया उसके भोगने के बाद मृत्यु हो जाती है और दूसरे कर्मों का फल भोगने के लिए दूसरा जन्म होता है। यदि भूतों से ही शरीर की उत्पत्ति मानी जाय तो मृत्यु नहीं होनी चाहिए; अतः अदृष्ट ही शरीर की उत्पत्ति में निमित्त कारण है।

वेद में कार्य की दृष्टि से मन के निम्न भेद किए गए हैं :—

१. जाग्रत, २. यक्ष, ३. प्रज्ञान, ४. धृति, ५ अन्तर और ६. सारथि। जाग्रत मन वह होता है जो जाग्रत अवस्था में इन्द्रियों द्वारा बाह्य जगत का अनुभव कराता है। सुषुप्ति अवस्था में भी यही मन इन्द्रियों से विलग होकर स्वप्न आदि का अनुभव कराता है। जिसकी प्रेरणा से मनुष्य संसार में बड़े से बड़े शुभ कार्य को करता है वह यक्षमन होता है। जो पदार्थों का सूक्ष्म व यथार्थ ज्ञान कराता है वह प्रज्ञानमन होता है। विज्ञान दर्शन आदि का बोध इसी के द्वारा होता है। जिसके द्वारा शरीर के आन्तरिक स्नायुमण्डल का संचालन व जीवन-धारण होता है वह धृतिमन कहलाता है। भूत भविष्य-वर्तमान का ज्ञान कराने वाला अन्तरमन होता है और विश्व का नेतृत्व करने वाला मन सारथिमन कहलाता है।

प्रवृत्ति और दोष

बुद्धि, मन, वाणी और शरीर से किसी काम का आरम्भ करना प्रवृत्ति कहलाती है। प्रवृत्ति के बिना कोई कार्य संभव नहीं होता, सब प्राणी प्रवृत्ति के आधार पर ही विभिन्न कार्यों में संलग्न देखे जाते हैं। प्रवृत्ति के आधार दोष होते हैं। दोष के कारण ही प्रवृत्ति उत्पन्न होती है। राग, द्वेष एवं मोह—यह तीन दोष हैं। यह तीनों दोषों के समूह हैं। इनमें से एक-एक के अन्तर्गत बहुत से दोष आ जाते हैं। राग के अन्तर्गत काम, मत्सर, स्पृहा, तृष्णा, माया, दम्भ, लोभ, इत्यादि आते हैं। द्वेष के अन्तर्गत क्रोध, ईर्ष्या, असूया, द्रोह, अमर्ष, अभिमान इत्यादि आते हैं। मोह के अन्तर्गत मिथ्याज्ञान, संशय, तर्क, मान, प्रमाद, भय, शोक इत्यादि आते हैं। राग से प्रवृत्ति होती है, द्वेष से क्रोध होता है और मोह मिथ्या-ज्ञान का कारण है।

प्रश्न—रागादि दोषों का तीन भेद मानना ठीक नहीं है, क्योंकि तीनों प्रकार के दोष एक ही तत्त्वज्ञान के विरोधी हैं। यदि इनके तीन भेद माने जायँ तो फिर इनके प्रतिद्वन्दी तत्त्वज्ञान को भी तीन होना चाहिए, जबकि वह एक ही है। इसलिए इनमें भेद नहीं होना चाहिए।

उत्तर—दोषों का तीन भेद मानना ठीक है, क्योंकि तत्त्वज्ञान तीनों का विरोधी है। जिस प्रकार अकेला अग्नि रक्त-हरित-पीतादि अनेक वर्णों को भस्म कर डालता है वैसे ही तत्त्वज्ञान तमाम दोषों को नष्ट कर देता है।

मोह सभी दोषों का मूल है। मोह नहीं होगा तो राग-द्वेष भी नहीं होंगे। तत्त्वज्ञान से मोह का नाश होता है, अतः मनुष्य का सबसे बड़ा शत्रु मोह है।

प्रश्न—मोह को जब समस्त दोषों का मूल माना गया है तो यह दोषों का कारण है, फिर रागद्वेष कार्यरूप दोष में इसकी गणना क्यों की गई है।

उत्तर—मोह में दोष के लक्षण पाए जाते हैं। मोह दोषों से भिन्न नहीं है। जिससे किसी कार्य को करने में प्रवृत्ति हो वह दोष है। दोष प्रवृत्ति का कारण है। मोह से भी प्रवृत्ति उत्पन्न होती है; अतः दोष-त्रैराश्य में मोह की गणना की गई है। प्राणिमात्र इन्हीं तीनों दोषों से सदा सन्तप्त रहता है, तत्त्वज्ञान से दोषों का नाश होता है और मिथ्या ज्ञान से दोष का उदय होता है।

प्रेत्यभाव और फल

"पुनरुत्पत्तिः प्रेत्यभावः" अर्थात् बार-बार जन्म लेना और मरना प्रेत्यभाव कहलाता है। आत्मा नित्य है, इसीलिए प्रेत्यभाव की सिद्धि होती है। यदि आत्मा नित्य न होता तो पूर्वजन्म की सिद्धि भी न होती। प्रेत्यभाव का अर्थ ही है—एक शरीर छोड़कर को दूसरे में जाना। पूर्व जन्म के कर्मों के आधार पर ही अगले शरीर का निर्माण होता है। "मति मूले तद्विपाको जात्यायुर्भोगाः" अर्थात् पूर्व जन्म के कर्मों के आधार पर दूसरे जन्म के जाति (मनुष्य-पशु-पक्षी आदि) आयु एवं भोग (भौतिक इन्द्रियजन्य सुख) निश्चित होते हैं। प्रेत्यभाव के सम्बन्ध में उपनिषद में कहा भी गया है :—

अनुपश्य यथा पूर्वे प्रतिपश्य तथापरे।
सस्यमिव मर्त्यः पच्यते सस्यमिवाजायते पुनः॥

पूर्व और परस्थिति को देखते हुए यही निश्चय होता है कि प्राणी उसी प्रकार मरता है और पुनः जन्म लेता है जैसे खेत में फसल पक जाने पर काटी जाती है और पुनः बोने पर फसल तैयार की जाती है। गीता में भी कहा गया है :—

वासांसि जीर्णानि यथा विहाय नवानि गृह्णाति नरोऽपराणि।
तथा शरीराणि विहाय जीर्णान्यन्यानि संयाति नवानि देही॥

जिस प्रकार वस्त्र जब पुराना हो जाता है तो मनुष्य उसे उतार करके नवीन वस्त्र धारण कर लेता है उसी प्रकार शरीर जब जीर्ण हो जाता है तो आत्मा भी उसे छोड़कर नवीन शरीर धारण कर लेता है।

"प्रवृत्तिदोषजनितोऽर्थः फलम्" अर्थात् प्रवृत्ति और दोष से उत्पन्न विषय व भोग फल कहलाता है। दोषों के आधार पर शरीर व इन्द्रियाँ विषयों में प्रवृत्त होती हैं एवं कर्म से ही विषयोपलब्धि व फल की प्राप्ति होती है। मनुष्य जिस प्रयोजन से कर्म करता है, प्रायः देखा जाता है कि कर्म कभी निष्फल भी जाता है, मनुष्य की इच्छा व कर्म के अनुसार फल होता हुआ न देखकर अनुमान होता है कि कर्मों का फल देने वाला ईश्वर है। कर्म जड़ होने के कारण स्वयं फल नहीं दे सकता; अतः फल की प्राप्ति ईश्वर द्वारा होती है। कर्मों का फल प्राप्त कराने वाला जीव है, यदि यह माना जाय तो ठीक नहीं है; क्योंकि जीव स्वयं अपनी इच्छानुसार कर्मफल की प्राप्ति नहीं करता। प्रत्येक कर्म का फल शीघ्र नहीं मिलता, अपितु बहुत से कर्म ऐसे हैं जिनका फल कालान्तर व जन्मान्तर में प्राप्त होता है। भोग एवं संस्काररूप कर्म के दो स्वरूप हैं। शरीर इन्द्रिय द्वारा सम्पन्न कर्म का फल तत्काल मिलता है जो कि भोगरूप में होता है, लेकिन उसका संस्कार अन्तःकरण में बीजरूप से सुरक्षित रहता है, जो कि जन्मान्तर में फलित होता है। कर्म एवं उनके फल आत्मा से सम्बन्धित होते हैं। कर्मसंस्कार वृक्ष के बीज की भाँति जन्मान्तर में परिस्थिति पाकर उत्पन्न होते हैं।

दुःख-अपवर्ग

"बाधनालक्षणं दुःखम्" अर्थात् सुख में बाधास्वरूप फल से जो उत्पन्न होता है उसे दुःख कहते हैं। समस्त प्राणिमात्र सुख की अभिलाषा में प्रयत्नशील देखा जाता है। शरीर और इन्द्रियाँ स्वस्थ रहें, अन्तःकरण प्रसन्न रहे, आत्मा जो भी इच्छा करे उसकी पूर्ति होती जाय—यही सुख कहलाता है। सभी प्राणी इसी सुख की साधना में सदा प्रयत्नशील रहते हैं। इच्छा की पूर्ति न होने पर शरीरेन्द्रियादि साधनों एवं असमर्थता, अयोग्यता के कारण दुःख का अनुभव होता है। "प्रतिकूलवेदनीयं दुःखम्" अर्थात् सुख की प्रतिकूल वेदना ही दुःख कहलाता है। जीवन सुख एवं दुःख का संघर्ष है। शरीर अस्वस्थ हुआ, इन्द्रियाँ विकल हुईं तो दुःख का पहाड़ टूट पड़ा। इच्छाएँ अनन्त हैं, किसी इच्छा की पूर्ति हुई तो वहाँ सुख हुआ और किसी की पूर्ति नहीं हुई तो महादुःख हुआ; इस तरह सुख व दुःख का चक्र प्रत्येक जीवन में चला करता है।

महर्षि गोतम के मत में जन्म एवं सम्पूर्ण जीवन ही दुःखमय है। "विविध-बाधनायोगाद्दुखमेव जन्मोत्पत्तिः" अर्थात् सुख में विविध प्रकार की बाधा होने के कारण जन्म लेना ही दुःख है।

जीवन दुःखमय है। यह बात अवश्य है कि जीवन में केवल दुःख ही नहीं है, अपितु बीच-बीच में सुख भी है। दुःख के बाद सुख अवश्य होता है। यदि दुःख न

हो तो सुख का अनुभव ही न हो, किन्तु इसका उत्तर यह है कि प्रत्येक सांसारिक सुख का परिणाम दुःख ही है। दुःख का नाश आनन्द द्वारा होता है। प्रत्येक प्राणी आनन्द का इच्छुक है। सांसारिक पदार्थों मे आनन्द की छायामात्र ही सुख है, जो कि आन्तरिक न होने के कारण चलायमान, अस्थायी एवं भ्रमपूर्ण है। अलौकिक आनन्द की छाया ही भौतिक सुख कहलाता है, जो कि पर्येषण दोषपूर्ण है। विषयो में अत्यन्त लिप्सा को पर्येषण दोष कहते हैं। जिस वस्तु के प्राप्ति की इच्छा की जाती है और जिसके लिए यत्न किया जाता है, प्रथम तो वह प्राप्त होता नही या प्राप्त होकर भी उसका नाश हो जाता है, उसकी आशा में कष्ट उठाना पड़ता है और आशा पूरी होने पर भी उससे तृप्ति व शान्ति नहीं होती, बल्कि दूसरी इच्छा पुनः उत्पन्न हो जाती है। अतः भौतिक साधनों द्वारा आनन्द की क्षणिक छायामात्र प्राप्ति होती है, जिसे कि हम सुख कहते हैं। वास्तविक आनन्द तो वह है जिससे दुःख सदा के लिए दूर हो जाता है और वह मोक्ष अथवा अपवर्ग में ही है।

सुख के साधन शरीर व इन्द्रियाँ परिणामशील, परिवर्तनशील व क्षणिक हैं। इच्छाएं अनन्त हैं, परिवर्तनशील हैं; अतः इनसे प्राप्त होने वाला सुख भी परिवर्तनशील व अस्थायी है। जीवन में जब इच्छाओं की पूर्ति ही सुख का कारण है तो जीवन की समस्त इच्छाओं की पूर्ति हो पाना अत्यन्त ही कठिन है। इसके अतिरिक्त आनन्द की खोज में जहाँ वास्तविक आनन्द नहीं है वहाँ केवल आनन्द के आभासमात्र सुख से दुःख की निवृत्ति नहीं होगी। यही कारण है कि सुख के बाद दुःख, दुःख के बाद सुख का चक्र जीवन भर चला करता है। हम भौतिक उपायों द्वारा सच्चे आनन्द की प्राप्ति नहीकर पाते। सच्चा आनन्द वही है जहाँ इच्छाओं की अविरल धारा समाप्त हो जाय, जिसे प्राप्त करके परम शान्ति मिल जाय, पुनः इच्छाओं की सन्तति न पैदा हो। जिस आनन्द की खोज में इन्द्रियाँ विषयों में प्रवृत्त होना ही चेष्टा व कर्म करती है, विषय की प्राप्ति करके भी इच्छाएँ शान्त नहीं होती; वहीं जब वास्तविक आनन्द मिलता है तो सब प्रकार की इच्छाएँ स्वतः शान्त हो जाती हैं, शरीर व इन्द्रियों की आवश्यकतायें समाप्त हो जाती हैं और यही स्थिति अपवर्ग अथवा मोक्ष की है।

तदत्यन्तविमोक्षोऽपवर्गः अर्थात् उस दुःख से सदा के लिए छुटकारा मिल जाना ही अपवर्ग कहलाता है। जहाँ इन्द्रियाँ अपने विषयों की दौड़ में शान्त हो जायें, मन-बुद्धि-चित्त महाविज्ञान सागर में विलीन होकर शान्त हो जायें, अहंकार आनन्दसागर में डूब कर समाप्त हो जाय, आत्मा दिव्य अलौकिक आनन्द का नित्य अनुभव करे, प्रकृति के सत्त्व-रज-तम आदि गुण आत्मा के अर्थ में शून्य होकर अपने-

अपने कारण में विलीन हो जायँ, दुःख का सदा के लिए अन्त हो जाय तो उसी स्थिति को अपवर्ग अथवा मोक्ष अथवा कैवल्य कहते हैं। दुःख से छुटकारा दो प्रकार से होता है—१. ऐकान्तिक निवृत्ति २. आत्यन्तिक निवृत्ति। कुछ समय के लिए दुःख दूर हो जाय और उसके बाद पुनः वही दुःख आ जाय तो वह ऐकान्तिक निवृत्ति है। इस प्रकार कहा जा सकता है कि भौतिक साधनों से दुःख की ऐकान्तिक निवृत्ति ही होती है।

सदा के लिए दुःख से छुटकारा पा जाना ही आत्यन्तिक निवृत्ति है। अपवर्ग केद्वारा दुःख की आत्यन्तिक निवृत्ति होती है। आत्यन्तिक निवृत्ति में दुःख का सदा के लिए नाश व नित्य परमानन्द की प्राप्ति होती है।

जिस प्रकार गाढ़ निद्रा में सोये हुए पुरुष के इन्द्रिय और मन का विषयों के साथ सम्बन्ध न रहने से सुख-दुःख का कुछ भी अनुभव नहीं होता उसी प्रकार केवल आनन्दस्वरूप ब्रह्म के साथ सम्बन्ध हो जाने एवं दोषानुबन्ध टूट जाने से दुःख का सर्वथा अभाव हो जाता है।

प्रश्न—राग-द्वेष प्रयत्नानिक्लेशसन्तति जीवात्मा के स्वाभाविक गुण है, अतएव उनका नाश कथमपि नहीं हो सकता; इस प्रकार अपवर्ग में भी दुःख का सर्वथा नाश असम्भव है।

उत्तर—रागादि आत्मा के स्वाभाविक गुण नहीं है। इनकी उत्पत्ति का कारण संकल्प है। तत्त्वज्ञान द्वारा जब सभी संकल्प व विकल्प समाप्त हो जाते हैं तब कारण के अभाव में रागादि कार्य भी नहीं उत्पन्न हो सकते; अतः अपवर्ग में दुःखादि की आत्यन्तिक निवृत्ति हो जाती है। रागादि प्रवाह से अनादि अवश्य है, किन्तु स्वरूप से वे अनादि नहीं हैं। अपवर्ग मे प्रवृत्ति-राग-द्वेषादि क्लेशों का अभाव हो जाता है और दुःख के कारणों का अभाव हो जाने पर, दुःखनिवृत्ति होने पर परमानन्द की प्राप्ति हो जाती है।

रूप-रस-गन्ध स्पर्श व शब्द—यह पाँचों विषयदोष के कारण हैं। इनके तत्त्वज्ञान से अहङ्कार की निवृत्ति हो जाती है। यह रूपादि विषय संकल्प से उत्पन्न होते हैं। संकल्पशुद्धि से ग्राह्य विषयों से उपराग होता है। रागादि दोषों के साधारण कारण रूपादि विषय हैं और उनका विशेष कारण अवयवी आत्मा का अभिमान है। अभिमान से ही संकल्प उत्पन्न होते हैं। यह देह मेरा है, यह स्त्री मेरी है, यह पुत्र, मेरा है इत्यादि भौतिक पदार्थों में ममत्व बुद्धि का होना ही अवयवी आत्मा का अभिमान है। जिस प्रकार जाग्रदवस्था में स्वप्न का अभिमान नष्ट हो जाता है उसी प्रकार तत्त्वज्ञान होने पर मिथ्याज्ञान भी नष्ट हो जाता है। जो पदार्थ जैसा हो उसको उसी प्रकार से जानना तत्त्वज्ञान कहलाता है। जो जैसा हो उसका उस रूप

में ज्ञान न होना मिथ्याज्ञान कहलाता है। जिस प्रकार प्रकाश के आने पर अन्धकार का अभाव हो जाता है उसी प्रकार तत्त्वज्ञान होने पर मिथ्याज्ञान का अभाव हो जाता है। मिथ्याज्ञान के दो अंग हैं—१. तत्त्व और २. प्रधान। रस्सी में सर्प का ज्ञान मिथ्याज्ञान है, इसमें रस्सी तत्त्व है और सर्प, जिसका भ्रम रस्सी में हुआ है, वह प्रधान है। समाधि के विशेष अभ्यास से तत्त्वज्ञान होता है और इन्द्रियों के अर्थों से मन को रोक करके परमात्मा में लगाना ही समाधि है।

समाधि के अभ्यास से तत्त्वज्ञान होता है। तत्त्वज्ञान के होने में मन की चंचलता सबसे बड़ी बाधक है। जब तक मन का इन्द्रियों के साथ सम्बन्ध होता है तब तक वह स्थिर नहीं होता। जब समाधि के अभ्यास से मन को विषयों से रोक दिया जाता है तब तत्त्वज्ञान की उत्पत्ति होती है। भूख-प्यास-सर्दी-गर्मी-बीमारी आदि मनुष्य को स्थिर-चित्त नहीं होने देते, किन्तु यदि बार-बार मनुष्य समाधि के लिए यत्न करे तो पूर्वजन्मकृत कर्मों की सहायता से समाधि सिद्ध हो सकती है। अभ्यास में बहुत बड़ी शक्ति है। वन, गुफा, नदीतट आदि पर एकान्त में बैठकर योगाभ्यास करने का विधान है। अपवर्ग-प्राप्त मनुष्य को सांसारिक राग-द्वेषादि आकर्षित नहीं कर सकते, क्योंकि मुक्तावस्था में स्थूल शरीर नहीं होता। मोक्ष में धर्माधर्म के संस्कार न रहने से शरीरोत्पत्ति नहीं होती। समाधिसिद्धि, तत्त्वज्ञान व मोक्ष के लिए योगशास्त्र के अनुसार यम-नियमादि आठ अंगों के द्वारा आत्मसंस्कार करना चाहिए। यम, नियम, आसन, प्राणायाम, प्रत्याहार, धारणा ध्यान व समाधि योग के अङ्ग हैं। अहिंसा, चोरी न करना, ब्रह्मचर्य—वीर्य, रक्षा—अपरिग्रह, धन-संग्रह-त्याग—यह पाँच यम हैं। पवित्रता, सन्तोष, तप, स्वाध्याय एवं सभी कर्मों को ईश्वर-अर्पण करना—ये पाँच नियम हैं। शरीर, अंगों व इन्द्रियों को एक जगह बैठ कर स्थिर करना ही आसन है और श्वास-प्रश्वास की गति को रोकना प्राणायाम है।

जिस प्रकार कछुआ अपने सभी अंगों को समेट कर एक जगह कर लेता है उसी प्रकार इन्द्रियों को विषयों से खींच करके मन में स्थिर करना ही प्रत्याहार कहलाता है; प्रत्याहार के सिद्ध होने पर इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं। यम-नियम के अभ्यास से चित्त की शुद्धि व योगसाधन की योग्यता आती है। आसन से स्थिरता एवं प्राणायाम व प्रत्याहार से इन्द्रियाँ वश में हो जाती हैं। इन्द्रियों के वश में हो जाने पर चित्त की शुद्धि होने से मन एकाग्र हो जाता है। एकाग्र मन को किसी एक विषय व स्थान में बाँधना ही धारणा है। धारणा की सिद्धि हो जाने पर जिस वस्तु का साक्षात्कार करने लगता है, उसे ही ध्यान कहते हैं। चित्त के सभी व्यापार अब एकाग्र व लीन हो जाते हैं एवं अहंकार का लोप होकर केवल परमात्मा

का ही जब साक्षात्कार होता है तो उसे समाधि कहते हैं। इस प्रकार उपरोक्त आठों अंगों का अभ्यास सिद्ध हो जाने पर तत्त्वज्ञान का उदय होता है।

योगसाधन के अतिरिक्त श्रवण-मनन द्वारा तत्त्वज्ञान का अभ्यास करना चाहिए। तत्त्वज्ञानी पुरुषों के साथ संवाद व सत्संग करना चाहिए। तत्त्वज्ञानी गुरु के पास जाकर विद्यार्थी के रूप में जिज्ञासा की दृष्टि से संवाद करना चाहिए। यह संवाद शास्त्रार्थ की रीति पर जय-पराजय के विचार से नहीं करना चाहिए। गीता में कहा भी है कि "तद्विद्धि प्रणिपातेन परिप्रश्नेन सेवया" अर्थात् प्रणिपात – विनय-पूर्वक प्रणाम-अभिवादनादि, परिप्रश्न—गुरु से विविध शास्त्रों व विषयोंपर प्रश्न एवं गुरु की सेवा करने से ज्ञानार्जन होता है। यदि पूर्ण तत्त्वज्ञानी गुरु न मिले तो दूसरे विचारशील पुरुषों से भी प्रतिपक्षहीन होकर संवाद करना चाहिए। जिज्ञासु को आग्रह नहीं करना चाहिए, क्योंकि दुराग्रही मनुष्य सत्य को प्राप्त नहीं कर सकता। जिस प्रकार बीज बोने वाले का प्रयोजन तो केवल अन्न से होता है, किन्तु उसकी रक्षा के लिए चारो तरफ काँटों की बाढ़ लगानी पड़ती है, जिससे दुष्ट जन्तु उसे नष्ट न कर दें इसी प्रकार संवाद का तात्पर्य भी केवल तत्त्वज्ञान से है, लेकिन नास्तिक लोग अपने कुतर्कों के द्वारा विषय को अत्यन्त संशयास्पद व जटिल बना देते हैं; अतः उनसे तत्त्वज्ञान व शास्त्र की रक्षा के लिए जल्प व वितण्डा की आवश्यकता पड़ती है। शास्त्ररक्षार्थ ही इनका प्रयोग होना चाहिए, सर्वदा नहीं। तत्त्वज्ञान होने पर समाधिलाभ द्वारा अपवर्ग की प्राप्ति होती है, आत्मा जन्म-जन्मान्तर के चक्र से मुक्ति पाकर अमरत्व व परमानन्द को प्राप्ति करता है ॥२४॥

इस प्रकार अबतक बारह प्रमेय की व्याख्या की गई; अब इसके आगे संशय-प्रयोजनादि तत्त्वों का विवेचन किया जायगा।

किमेतदिति सन्दिग्धः प्रत्ययः संशयो मतः।
प्रवर्तते यदर्थित्वात्तत्तु साध्यं प्रयोजनम् ॥२५॥

संशयादिस्वरूपमाह—**किमेतदित्यादिना।**

दूरावलोकनेन पदार्थपरिच्छेदकधर्मेषु संशयानः प्राह–**किमेतदिति।** एतत्किं स्थाणुर्वा पुरुषो वेति ? यः सन्दिग्धः प्रत्ययः स संशयो नाम तत्त्व-विशेषो मतः सम्मतः तच्छासन इति।

प्रयोजनमाह—तत्तु यत्पुनः प्रयोजनं नाम तत्त्वं तत्किमित्याह—अर्थित्वात्प्राणी साध्यं कार्यं प्रति प्रवर्तते प्रतीत्यध्याहार्यम्, न हि निष्फल-कार्यारम्भ इत्यर्थित्वादुक्तम्, एवं यत्प्रवर्तनं तत्प्रयोजनमित्यर्थः ॥२५॥

अन्वयः-- एतत् किम् इति संदिग्धः प्रत्ययः संशयः मतः । यदर्थित्वात् साध्यं प्रवर्तते तत्तु प्रयोजनम् ॥

सुधा—एतत्किं स्थाणुर्वा पुरुषो वेति संदिग्धः=सन्देहयुक्तः, प्रत्ययः=विचारः, संशयः=संशयो नाम तृतीयतत्त्वविशेषः, मतः=सम्मतः । यदर्थित्वात्=यमर्थमधिकृत्य, साध्यं=कार्यं तर्कं तत्त्वज्ञानं वा, प्रवर्तते=प्रवृत्तो भवति, तत्प्रयोजनमिति ॥२५॥

पदार्थ--एतत्=यह । किम्=क्या है । इति=इस प्रकार । संदिग्ध=सन्देहयुक्त । प्रत्ययः=विचार । संशयः=संशय । मतः=कहलाता है । यदर्थित्वात्=जिस अर्थ से । साध्यम्=कार्य । ज्ञेय अथवा तर्क में प्रवर्तते=(मनुष्य) लगता है । तत्तु=वही । प्रयोजनम्=प्रयोजन नामक चौथा पदार्थ कहलाता है ॥२५॥

भाषाप्रकाश--**संशय और प्रयोजन**--न्याय दर्शन में प्रमाण-प्रमेय के पश्चात् तीसरा पदार्थ संशय माना गया है । यदि किसी पदार्थ की जानकारी में संशय नहीं होगा तो उसमें तर्क व तत्त्वज्ञान की प्रवृत्ति भी नहीं होगी । संशय रहने पर ही ज्ञान के लिए ऊहापोह किया जाता है । **समानानेकधर्मोपपत्तेर्विप्रतिपत्तेरुपलब्ध्यव्यानुपलब्ध्यव्यवस्थातश्च विशेषापेक्षो विमर्शः, स संशयः** अर्थात् अनेक वस्तुओं में समान रूप से पाए जाने वाले लक्षण को किसी एक वस्तु में पाकर 'यह लक्षण इसमें है कि नहीं' इस प्रकार के सन्देह से युक्त होकर जो विशेष विचार में उधेड़बुन में पड़ना है, वही संशय कहलाता है । उदहरणार्थ किसी ने अंधेरे में पेड़ का ठूंठ देखा तो उसे उसकी लम्बाई आदि सामान्य आकार को देख कर सन्देह पैदा हुआ कि यह पेड़ का ठूंठ है अथवा मनुष्य खड़ा है । इस प्रकार का विचार ही संशय कहलाता है । संशय के रहने पर तर्क व विमर्श उत्पन्न होते हैं और तर्क से ही तत्त्वज्ञान होता है । प्रमेय के गुण-धर्म व स्वरूप के निर्णय के लिए उसमें सर्वप्रथम संशय का होना आवश्यक है; फिर प्रमाणादि से संशय का निर्णय करने पर उनका तत्त्वज्ञान प्राप्त होता है ।

प्रयोजन के बिनाकोई प्राणी किसी भी प्रकार का कार्य नहीं करता । प्रयोजनमनुद्दिश्य न मन्दोऽप्यादरेत्" बिना प्रयोजन के मूर्ख मनुष्य भी कोई कार्य नहीं करता है । अतः मनुष्य जो कार्य करता है उसमें भी संशय होता है; अतः संशय होने पर प्रमाणों द्वारा प्रमेयों का तत्त्वज्ञान तर्क आदि का भी प्रयोजन है, इसीलिए प्रयोजन षोडश पदार्थों में से एक पदार्थ के रूप में मान्य किया गया है । संशय का प्रयोजन तर्क है, तर्क का प्रयोजन तत्त्वज्ञान है और तत्त्वज्ञान का प्रयोजन मोक्ष प्राप्त करना है ॥२५॥

दृष्टान्तस्तु भवेदेष विवादविषयो न यः ।
सिद्धान्तस्तु चतुर्भेदः सर्वतन्त्रादिभेदतः । २६॥

तु पुनरेष दृष्टान्तो नाम तत्त्वं भवेत्, यत्किमिति ? **विवादविषयो न, यस्मिन्नुपन्यस्ते वचने वादगोचरो न भवति, इदमित्थं भवति न वेति विवादो न भवतीत्यर्थः, तावच्चान्वयव्यतिरेकयुक्तोऽर्थः स्खलति यावन्न स्पष्टं दृष्टान्तोपष्टम्भः । उक्तं च—**

तावदेव चलत्यर्थो मन्तुर्गोचरमागतः ।
यावन्नोत्तम्भनेनैव दृष्टान्तेनावलम्ब्यते ॥

एष दृष्टान्तो ज्ञेयः ।

सिद्धान्तः पुनश्चतुर्भेदो भवेत्, कथमित्याह— सर्वतन्त्रादिभेदत इति । सर्वतन्त्रसिद्धान्त इति प्रथमो भेदः । आदिशब्दाद्द्वे इतरे इमं ज्ञेयम्, यथा प्रतितन्त्रसिद्धान्तोऽधिकरणसिद्धान्तोऽभ्युपगमसिद्धान्तश्चेति, अमी चत्वारः सिद्धान्तभेदाः, नाममात्रकथनमिदं, विस्तृतग्रन्थेभ्यस्तु विशेषो ज्ञेयः ॥२६॥

अन्वयः—यः विवादविषयः न एष तु दृष्टान्तः । सर्वतन्त्रादिभेदतः तु सिद्धान्तः चतुर्भेदः ॥

सुधा—यः=पदार्थः विवादविषयः न=यस्मिन् समुपन्यस्तस्ते वचने वादगोचरो न भवति । इदमेवास्ति न वेति विवादो न भवति । एष तु=एवंलक्षणयुक्तः, दृष्टान्तः=दृष्ट अन्तो यस्य लौकिकपरीक्षकाणां यस्मिन्नर्थे बुद्धिसाम्यं स दृष्टान्तः । सर्वतन्त्रादिभेदतः=सर्वतन्त्र-प्रतितन्त्र-अधिकरणाभ्युपगमसंस्थिति-भेदात् सिद्धान्तः=सिद्धो अन्तो यस्य, चतुर्भेदः=यथोक्तेति ॥२६॥

पदार्थः—यः=जो । विवादविषयः न=विवाद—शंका व सन्देह का विषय न हो । एष तु=वही । दृष्टान्तः=दृष्टान्त कहलाता है । सर्वतन्त्रादिभेदतः=सर्वतन्त्र, प्रतितन्त्र, अधिकरण एवं अभ्युपगम-संस्थिति भेद से । सिद्धान्तः=सिद्ध है अन्त जिसका, ऐसा पाँचवाँ पदार्थ सिद्धान्त । चतुर्भेदः=उसके चार भेद होते हैं ॥२६॥

भाषाप्रकाश—जिसके कहने से किसी प्रकार का विवाद, शंका अथवा सन्देह न उत्पन्न हो, लौकिक—साधारण मनुष्य एवं परीक्षक—विद्वान् दोनों जिसको एकमत से मान लें उसे दृष्टान्त कहते हैं । जो लोग साधारण रूप से किसी बात को मानते हैं वे लौकिक कहलाते हैं और जो लोग हर एक पदार्थ के गुणों को बुद्धि तथा तर्क द्वारा ज्ञात कर निर्णीत करते हैं वे परीक्षक कहलाते हैं । जिस बात को लौकिक एवं परीक्षक दोनों ही एक-सा समझते हैं, उसी को दृष्टान्त कहते हैं ।

सिद्ध हो गया है अन्त जिसका वह सिद्धान्त कहलाता है। कोई विचार सत्य के आधार पर तर्क व विवाद द्वारा जब निश्चित हो जाता है तो वह सिद्धान्त का रूप ग्रहण कर लेता है, सिद्धान्त निश्चित होता है। सिद्धान्त के आधार पर तर्क व निर्णय का निगमन होता है। न्याय दर्शन में सिद्धान्त के चार भेद माने गए हैं—१. सर्वतन्त्र सिद्धान्त, २. प्रतितन्त्र सिद्धान्त, ३. अधिकरण सिद्धान्त और ४. अभ्युपगमसंस्थिति सिद्धान्त।

जिस सिद्धान्त के विरुद्ध किसी भी शास्त्र में प्रमाण न मिले, जो सर्वमान्य हो, किसी एक शास्त्र में प्रतिपादित हो किन्तु उसका विरोध किसी अन्य शास्त्र में न हो उसे सर्वतन्त्र सिद्धान्त कहते हैं। उदाहरणार्थ पाँचों इन्द्रियाँ एवं उनके नियत विषय में शास्त्रों में समान मान्यता है। आँख इन्द्रिय है; उसका विषय है—रूप अथवा देखना, इस मान्यता में सभी शास्त्र अविरुद्ध हैं। अतः यह सर्वतन्त्र सिद्धान्त है।

भाषाप्रकाश—जैमिनीय दर्शन में ऐसे किसी सर्वज्ञ पुरुष को नहीं माना गया है, जिसका उपदेश प्रमाण माना जाय । अब प्रश्न यह होता है कि तब तत्त्वनिर्णय व तत्त्वज्ञान कैसे होगा ? ऐसे गूढ आध्यात्मिक विषय, जिनका भौतिक इन्द्रियों से साक्षात्कार नहीं हो सकता, उनका साक्षात्कार करने वाला जब कोई व्यक्ति नहीं माना जाता तब तत्त्वज्ञान व तत्त्वनिर्णय कैसे होगा ? परोक्ष विषयों का ज्ञान कैसे होगा ? और धर्म-अधर्म का विवेक कैसे होगा ? इस समस्या का समाधान मीमांसाशास्त्र में यह दिया गया है कि नित्य वेदवाक्यों के द्वारा तत्त्वनिर्णय, तत्त्वज्ञान, अतीन्द्रिय विषयों का साक्षात्कार व धर्माधर्म का विवेक किया जा सकता है । वेद अपौरुषेय ईश्वरीय ज्ञान हैं । वे किसी मनुष्य की बुद्धि से कल्पित नहीं हैं और न ही किसी के उपदेशमात्र हैं, अपितु वेद नित्य शाश्वत ईश्वरीय वाणी हैं; जिनका अक्षरशः मन्त्रशः अवतार ऋषियों के हृदयों में हुआ है । उन पर अनेक ऋषियों ने खोज व अनुसन्धान किया है । विभिन्न विषयों का देवताओं के आधार पर ऋषियों ने वेदवाणी व अर्थ का साक्षात्कार किया हैं । अतः वेदमन्त्रों के आधार पर ही अतीन्द्रिय विषयों एवं धर्म व अधर्म का निर्णय किया जा सकता है । वेदों में किसी महापुरुष को सर्वज्ञ मान करके व्यक्तिपूजा नहीं की गई है, अपितु सभी विषयों पर अनुसन्धान व ईश्वरीय प्रेरणा द्वारा ज्ञान का प्रतिपादन किया गया है ।

वेदमन्त्र विज्ञान के सत्य सिद्धान्तों की भाँति सार्वभौम हैं । किसी व्यक्ति, जाति, देश, काल या इतिहास से परिच्छिन्न नहीं हैं ।

प्रश्न—क्या प्रमाण है कि वेद अपौरुषेय एवं ईश्वरीय ज्ञान हैं ? अन्य सम्प्रदाय वाले भी तो अपने धर्मग्रन्थ को अपौरुषेय व ईश्वरीय ज्ञान ही बतलाते हैं ।

उत्तर—वेदों में अपौरुषेय ज्ञान के लक्षण पाए जाते हैं । अपौरुषेय व ईश्वरीय ज्ञान वही हो सकता है, जिसमें निम्नलिखित लक्षण हों—

१. जिनकी शब्दरचना, वाक्यविन्यास मानवशक्ति से परे हो । किसी व्यक्तिविशेष के लेखन, चिन्तन, काव्य, वाक्यरचना से परे हो ।

२. जिसका ज्ञान वैज्ञानिक सिद्धान्तों की भाँति सार्वभौम हो, तर्क की कसौटी पर खरा उतरे एवं जिस पर अनुसन्धान करके उसका विकास किया जा सके । अनुसन्धान करने पर भी जो खोज का विषय बना रहे, जिसकी कोई सीमा न बन सके ।

३. जो किसी देश-काल-जाति-वंश या इतिहास से सम्बद्ध व सीमित न हो, जिसमें सम्प्रदाय व वर्गवाद न हो ।

४. जिसमें समस्त मानवसमुदाय के लिए बिना किसी भेदभाव के प्रेरणा विद्यमान हो, किसी प्रकार का पक्षपात न किया गया हो ।

५. जिसमें किसी प्रकार का व्यक्तिगत, जातिगत, राष्ट्रीय व मानवीय स्वार्थ, अन्धविश्वास, दम्भ, पाखण्ड की बातें न हों, सभी ज्ञान व सिद्धान्त अटल हों, संशयरहित हों ।

६. जो किसी व्यक्ति द्वारा प्रवर्तित न हो, किसी व्यक्ति को सर्वज्ञ ईश्वर अथवा ईश्वर का दूत मान करके जिसमें व्यक्तिपूजा न की गई हो ।

७. जिसका विकास विभिन्न व्यक्तियों द्वारा अनुसन्धान व तत्त्वचिन्तन तर्कनिर्णय द्वारा किया गया हो, जो वैज्ञानिक व आध्यात्मिक सिद्धान्तों का प्रतिपादन यथार्थ रूप में करता हो ।।६९।।

अत एव पुरा कार्यो वेदपाठः प्रयत्नतः ।
ततो धर्मस्य जिज्ञासा कर्त्तव्या धर्मसाधनी ।।७०।।

अथ यथाऽवस्थितार्थव्यवस्थापकं तत्त्वोपदेशमाह—अत एवेत्यादिना ।

यतो हेतोर्वेदाभिहितानुष्ठानादेव तत्त्वनिर्णयः, अत एव पुरा पूर्वं प्रयत्नतो यत्नाद्वेदपाठः कार्यः, ऋग्यजुःसामाथर्वाणो वेदास्तेषां पाठः कण्ठपीठलुठत्पाठप्रतिष्ठा, नानुश्रवणमात्रेण सम्यगवबोधस्थिरता, ततोऽनन्तरं साधनीयपुण्योपचयहेतुर्धर्मस्य हेयोपादेयस्वरूपस्य वेदाभिहितस्य जिज्ञासा ज्ञातुमिच्छा कर्त्तव्या विधेया, वेदोक्ताभिधेयविधाने यतितव्यमित्यर्थः ।।७०।।

अन्वयः—अत एव पुरा प्रयत्नतः वेदपाठः कार्यः । ततो धर्मसाधनी धर्मस्य जिज्ञासा कर्तव्या ।।७०।।

सुधा—अतएव=एतस्मादेव कारणात् । पुरा=प्राक् । प्रयत्नतः=यत्नात् । वेदपाठः=ऋग्यजुःसामाथर्वणो वेदास्तेषां पाठः=पाठप्रतिष्ठा । कार्यः=सम्पादनीया, ततः=तदनन्तरम् । धर्मसाधनी—धारणात् धर्मः, तं साधयति इति धर्मबोधिनी । धर्मस्य=वेदाभिहितस्य । जिज्ञासा=ज्ञातुमिच्छा। कार्या=विधेया ।।७०।।

पदार्थ—अतएव=अतः । पुरा=पहले । वेदपाठः=वेद का पाठ व अध्ययन । प्रयत्नतः=प्रयत्नपूर्वक । कार्यः=करना चाहिए । ततः=इसके बाद । धर्मसाधनी=धर्म को सिद्ध करनेवाली । धर्मस्य=धर्म की । जिज्ञासा=जानने की आकांक्षा । कर्तव्या=करनी चाहिए । सर्वप्रथम वेद का पाठ व अध्ययन करना चाहिए, उसके पश्चात्

धर्म के स्वरूप को जानने के लिए धर्म, अधर्म-कर्तव्य अकर्तव्य के विवेक के लिए धर्म की जिज्ञासा करनी चाहिए। जानने की विशेष अभिलाषा व आकांक्षा को जिज्ञासा कहते हैं ॥७०॥

भाषाप्रकाश—वेद ईश्वरीय ज्ञान हैं। वे स्वतः प्रमाण हैं। अतः सबसे पहले वेदों का पाठ व अध्ययन करना चाहिए; उसके पश्चात् धर्म के यथार्थ स्वरूप को जानने व उसका साक्षात्कार करने की जिज्ञासा करनी चाहिए। किसी तत्त्व की विशेष जानकारी व साक्षात्कार की इच्छा को जिज्ञासा कहते हैं। जिज्ञासा ऐसी होनी चाहिए जिससे धर्म के वास्तविक स्वरूप का साक्षात्कार किया जा सके। वेदों के अध्ययन व पाठ से धर्म के प्रति प्रेरणा जागृत होगी, फिर उसकी जिज्ञासा होगी। जिज्ञासा होने पर धर्म के स्वरूप का अनुसन्धान व वेदार्थ द्वारा निर्णय होगा, जिससे धर्म के विषय में यथार्थ ज्ञान प्राप्त होगा।

वेद की ऋचाएँ धर्म की प्रेरणा से ओत-पोत हैं; उनमें मानवधर्म, विज्ञान भरा पड़ा है। वेद में व्यक्तिविशेष को ईश्वर का पुत्र मान करके उसका महत्त्व नहीं बढ़ाया गया है; अपितु सभी मनुष्यों को ईश्वर की सन्तान माना गया है—"अमृतस्य वै पुत्राः"। उनके पाठ करने से धर्म की प्रेरणा मिलती है। उनका मनन-चिन्तन करने से धर्म के स्वरूप का यथार्थ ज्ञान व साक्षात्कार होता है।

प्रश्न—वेदों का पाठ करने से धर्म का ज्ञान हो ही जाना चाहिए, फिर धर्म की जिज्ञासा क्यों?

उत्तर किसी ग्रन्थ के पाठमात्र से उसके विषयों की जानकारी नहीं हो जाती, अपितु उसके विषयों की जिज्ञासा होती है। अतः वेदपाठ से जिज्ञासा होगी और वेदमन्त्रों के अध्ययन-मनन से धर्म का ज्ञान होगा ॥७०॥

नोदनालक्षणो धर्मो, नोदना तु क्रियां प्रति।
प्रवर्त्तकं वचः प्राहुः स्वः कामोऽग्निं यजेद्यथा ॥७१॥

वेदोक्तधर्मोपदेशमेवाह—**नोदनालक्षण इत्यादिना।**

(नोदनैव लक्षणं यस्य स नोदनालक्षणो धर्मः,) तत्स्वरूपमेव सूत्रकृदाह—तु पुनर्नोदनां क्रियां प्रवर्त्तकं वचः प्राहुः, वेदोक्तस्वर्गादिसाधकाम्नायस्य क्रियाप्रवर्त्तकं वचनं नोदनामाहुरित्यर्थः, शिष्यानुकम्पया तत्सूत्रेणैव दृष्टान्तयन्नाह—**स्वःकामोऽग्निं यजेद्यथा।** यथा येन प्रकारेण स्वःकामः स्वर्गाभिलाषी जनोऽग्नियजेद् अग्निकार्यं कुर्यात्, यथाऽहुस्तत्सूत्रम्—अग्निहोत्रं जुहुयात्स्वर्गकाम इति ॥७१॥

अन्वयः—नोदनालक्षणः धर्मः। नोदना तु क्रियां प्रति प्रवर्तकं वचः प्राहुः यथा स्वः कामः अग्निं यजेत् ॥७१॥

सुधा—नोदना=चोदना, लक्षणः=लक्ष्यते अनेनेति। धर्मः=धार्यतेति धर्मः, नोदनैव लक्षणं यस्य स धर्मः। नोदना तु क्रियां प्रति=स्वर्गादिसाधकं कर्मकलापं प्रति, प्रवर्तकम्=नियोजकम्। वचः=वचनम्, प्राहुः=आहुरित्यर्थः। यथा=उदाहरणार्थम्। स्वः=स्वर्गः, कामः=अभिलाषी, यजेत्=अग्निहोत्रं कुर्यात्। "अग्निहोत्रं जुहुयात्स्वर्गकामः" ॥७१॥

पदार्थ—नोदना=प्रेरणा। लक्षणम्=लक्षण वाला। धर्मः=धर्म कहलाता है। नोदना तु=नोदना। क्रियाम्=वेदोक्त कर्म के। प्रति=विषयक। वचः=वचन को। प्राहुः=कहा गया है। यथा=जैसे। स्वः काम=स्वर्ग का इच्छुक। यजेत्=यज्ञ करे ॥७१॥

भाषाप्रकाश—वेदों में स्वर्गादिसाधक कर्मों के प्रति जो आदेश व वचन है, जिससे उन कर्मों की प्रेरणा मिलती है उसी को धर्म कहते हैं। उदाहरणार्थ वेद में कहा गया है कि जो स्वर्ग की कामना करे उसे अग्निहोत्र यज्ञ करना चाहिए। इस वाक्य से अग्निहोत्र का आदेश व प्रेरणा मिलती है। अतः वेद का यह वाक्य नोदना कहलाता है। धर्म का लक्षण नोदना है। वेदों में शुभ कर्मों का विधान ही धर्मवाक्य है।

मीमांसक वैदिक वाक्य व आदेश को धर्म में प्रमाण मानते हैं। नोदनाजन्य प्रमा का विषय धर्म है। जो अनर्थ का हेतु है वह अधर्म है।

नोदना से जिस धर्म का ज्ञान होता है वह भूत, भविष्य, वर्तमान, सूक्ष्म आदि सभी अर्थों के बोधन में समर्थ है। कोई प्रमाण व इन्द्रियाँ तत्त्वज्ञान का बोध कराने में समर्थ नहीं हैं।

वेद अपौरुषेय हैं, अतः उनका वाक्य ही धर्म का बोध कराने में समर्थ है। धर्म के विषय में वेद ही प्रमाण हैं। वेदों से भिन्न मनुष्य व दैववाक्य प्रमाण नहीं हो सकते ॥७१॥

प्रत्यक्षमनुमानं च शब्दश्चोपमया सह।
अर्थापत्तिरभावश्च षट् प्रमाणानि जैमिनेः ॥७२॥

प्रमाणान्याह—**प्रत्यक्षमनुमानमित्यादिना।**

जैमिनेः पूर्ववेदान्तवादिनः, षट् प्रमाणानि ज्ञेयानीति सम्बन्धः, यद्यपि प्राभाकराणां मते पञ्च प्रमाणानि, भाट्टानामेव षट्, तथाऽप्यत्र ग्रन्थकृत्सामान्यतः षट्सङ्ख्यामाचष्टे। प्रमाणनामानि निगदसिद्धान्येव ॥७२॥

अन्वयः—प्रत्यक्षम्, अनुमानम् च, उपमया सह शब्दः, अर्थापत्तिः, अभावः [illegible]

सुधा—प्रत्यक्षम्=इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नम् ज्ञानमिति। अनुमानम्=लिंगादिजन्यम्। च=एव, उपमया=सादृश्यज्ञानेन, सह=सार्धम्, शब्दः=वैदिकः आदेशः च=एव, अर्थापत्तिः=दृष्टार्थानुपपत्त्या कस्याप्यर्थस्य कल्पना, अभावः=वस्तुनोऽभावरूपस्य वस्तुसत्तावबोधार्थं प्रामाणिकपथावतारणम् तदर्थं प्रमाणम्, च=एव, जैमिनेः=मीमांसादर्शने षट्प्रमाणानि ज्ञेयानीति ॥७२॥

पदार्थ—प्रत्यक्षम्=इन्द्रियों और विषयों के मेल से उत्पन्न। अनुमानम्=चिह्नमात्र देख करके जान लेना। च=और। उपमया सह=उपमान प्रमाण के सहित। शब्दः=वेदवाक्य आप्तवचन। च=और। अर्थापत्तिः=जो प्रत्यक्ष द्वारा न जाना जाय किन्तु वेदवाक्य से अर्थ को खींच करके यथार्थ विषय को जान लेना। च=और। अभावः=अभाव प्रमाण। जैमिनेः=जैमिनि मत में। षट् प्रमाणानि=छः प्रमाण माने गए हैं ॥७२॥

भाषाप्रकाश—जैमिनीय दर्शन में छः प्रमाण माने गए हैं—१. प्रत्यक्ष, २. अनुमान ३. उपमान, ४. शब्द, ५. अर्थापत्ति और ६. अभाव। न्यायशास्त्र में प्रथम चार प्रमाण ही माने गए हैं, लेकिन मीमांसा में अर्थापत्ति और अभाव दो प्रमाण अधिक माने गए हैं। मीमांसक प्रामाण्य स्वतः एवं अप्रामाण्य परतः मानते हैं। मीमांसक का मत है कि यदि ज्ञान स्वतः प्रामाण्य स्वतः निश्चय करने में असमर्थ है तो जगत् में निश्चय का अत्यन्ताभाव हो जायगा। जो स्वतः निश्चित नहीं है वह परतः कैसे निश्चित हो सकता है? अतः कहीं न कहीं तो स्वतः प्रामाण्य मानना ही पड़ेगा।

सभी ज्ञान स्वयं प्रकाशित हैं। अतः स्वतः प्रामाण्य मानना ही उचित है। अब उन सभी छः प्रमाणों का लक्षण व व्याख्या आगे की जायगी ॥७२॥

तत्र प्रत्यक्षमक्षाणां संप्रयोगे सतां मतिः।
आत्मनो बुद्धिजन्मेत्यनुमानं लैङ्गिकं पुनः ॥७३॥

निरुक्तमाह—तत्रेत्यादिना।

(तत्र प्रमाणषट्के, अक्षाणामिन्द्रियाणां सम्प्रयोगे पदार्थैः सह संयोगे; सतामनुपहतेन्द्रियाणां मतिर्बुद्धिरिदमित्यवबोधः, तत्प्रत्यक्षं प्रमाणं 'भवती'-त्यध्याहारः) यत्तदावनुक्तावप्यर्थसम्बद्धौ ज्ञेयौ, सतामिति—विदुषामदुष्टेन्द्रियार्थः. एतावता मरुमरीचिकायां जलभ्रमः, शुक्तौ रजतभ्रमश्चेन्द्रियार्थसम्प्रयोगजोऽपि द्रष्टुरविकलेन्द्रियत्वाभावान्न प्रत्यक्षं तत्प्रमाणकोटिमधिशेते। अनुमानमाह—'आत्मनो बुद्धिजन्मेत्यनुमानं लैङ्गिकं पुनः'। आत्मा यदनुमिमीते स्वयं तदनुमानमित्यर्थः। अनुमानलैङ्गिकयोः शब्दाभेदेऽप्यनुमीयत इत्यनुमानं, लिङ्गाज्जातं लैङ्गिकमिति व्युत्पत्तिभेदाद् भेदो ज्ञेयः, उभयशब्दकथनं तु बालावबोधार्थमेवेति ॥७३॥

अन्वयः—तत्र अक्षाणां संप्रयोगे सतां मतिः प्रत्यक्षम्। पुनः आत्मनः बुद्धिजन्म इति लैंगिकं अनुमानम् ॥७३॥

सुधा—तत्र=प्रमाणेषु। अक्षाणाम्=इन्द्रियाणाम्। संप्रयोगे=पदार्थैः सह संयोगे। सताम्=अनुपहतेन्द्रियाणाम्। मतिः=बुद्धिः। प्रत्यक्षम्=प्रत्यक्षं प्रमाणम्। पुनः=पुनरपि। द्वितीयम् आत्मनः=जीवस्य। बुद्धिजन्मेति=ज्ञानजन्मेति। लैंगिकम्=लिंगाज्जातं लैङ्गिकम् ज्ञानम्। आत्मा यदनुमिमीते स्वयं तदनुमानमिति अनुमीयत इत्यनुमानम् ॥७३॥

पदार्थ—तत्र=प्रमाणों में। अक्षाणाम्=इन्द्रियों का। संप्रयोगे=विषयों के साथ मेल होने पर। सताम्=स्वस्थ एवं भ्रमरहित इन्द्रियों द्वारा। मतिः=जो ज्ञान उत्पन्न हो। प्रत्यक्षम्=वह प्रत्यक्ष कहलाता है। पुनः=फिर। आत्मनः=आत्मा का स्वयं। बुद्धिजन्म=विचार द्वारा जो उत्पन्न हो। लैंगिकम्=लिङ्ग चिह्न को देखकर वस्तु का ज्ञान होना। अनुमानम्=अनुमान प्रमाण है ॥७३॥

भाषाप्रकाश—इन्द्रियों का बाह्य विषयों के साथ संयोग होने पर स्वस्थ इन्द्रियों द्वारा जो यथार्थ ज्ञान हो उसे प्रत्यक्ष कहते हैं। यदि इन्द्रिय में दोष है अथवा असमर्थता है तो बाहरी विषयों के साथ संयोग होने पर भी प्रत्यक्ष नहीं हो सकता। मृगमरीचिका को देख करके इन्द्रिय-विषय संयोग होने पर भी जल का भ्रम हो ही जाता है, सीप को देख कर रजत का भ्रम हो जाता है, पीलिया रोग वाले को सारा संसार पीला ही दीख पड़ता है, अतः प्रत्यक्ष के लिए इन्द्रियों का स्वस्थ रहना एवं भ्रमरहित होना आवश्यक है।

किसी चिह्न को देख करके अपनी बुद्धि द्वारा ही स्वतः वस्तु का ज्ञान करना अनुमान कहलाता है। लिंग और वस्तु के साहचर्य का प्रत्यक्ष पहले हुआ था, अब केवल लिंग को देख करके स्वयं विचार द्वारा वस्तु का ज्ञान किया गया, इसलिए उसे अनुमान कहते हैं। रसोईघर में अग्नि देखा और उसके साथ धुआँ भी देखा, फिर निश्चय किया कि अग्नि के रहने पर धुआँ होता है। पश्चात् किसी पर्वत पर गया, वहाँ केवल धुआँ देखा, अग्नि नहीं देखी, फिर भी धुआँ रूप लिंग को देख करके स्वयं विचार हुआ कि जहाँ धुआँ होता है वहाँ अग्नि भी होती है, क्योंकि रसोईघर में अग्नि और धुआँ साथ देखा था। उसी प्रकार यहाँ इस पर्वत में भी धुआँ है, अग्नि और धुआँ का साहचर्य नियम है, अतः पर्वत में अग्नि है। इस प्रकार पर्वत में अग्नि का ज्ञान अनुमान द्वारा हुआ ॥७३॥

शाब्दं शाश्वतवेदोत्थमुपमानं प्रकीर्त्तितम्।

(शाब्दमागमप्रमाणं शाश्वतवेदोत्थं, शाश्वतान्नित्यावेदाज्जातम्, आगमप्रमाणमित्यर्थः। शाश्वतत्वं च वेदानामपौरुषेयत्वादेव।) उपमानमाह—यत्प्रसिद्धार्थस्य प्रतीतपदार्थस्य साधर्म्यादप्रसिद्धस्य वस्तुनः साधनं तदुपमानं प्रमाणं प्रकीर्त्तितं कथितम्। (यथा प्रसिद्धगोगवयस्वरूपो वनेचरोऽप्रसिद्धगवयस्वरूपं नागरिकं प्राह—'यथा गौस्तथा गवय' इति, भोः! खुरककुदलाङ्गूलसास्नाऽऽदिमन्तं पदार्थं गामिति जानासि; गवयोऽपि तथास्वरूपो ज्ञेय इत्युपमानम्।) अत्र सूत्रानुक्तावपि यत्तदावर्थसम्बन्धार्थमध्याहार्यौ ॥७४॥

अन्वयः—शाश्वतवेदोत्थम् शाब्दम्। प्रसिद्धार्थस्य साधर्म्यात् अप्रसिद्धस्य भाजनम् उपमानं प्रकीर्तितम् ॥७४॥

सुधा—शाश्वतात्=नित्यात्। वेदोत्थम्=वेदाज्जातम्, शाब्दम्=शब्दप्रमाणम्, आगमप्रमाणमित्यर्थः। शाश्वतत्वं तु वेदानामपौरुषेयत्वात् प्रसिद्धार्थस्य=प्रतीतपदार्थस्य, साधर्म्यात्=धर्मसाम्यज्ञानात्, अप्रसिद्धस्य=अविज्ञातस्य, ज्ञेयपदार्थस्य, भाजनम्=साधनम्, उपमानम्=उपमानप्रमाणम्, प्रकीर्तितम्=कथितम्, यथा गोसदृशः गवयः इति परामर्शात् गोलक्षणसाधर्म्यात् गवयज्ञानमिति ॥७४॥

पदार्थ—शाश्वत=नित्य। वेदोत्थम्=वेद से प्राप्त होने वाला ज्ञान। शाब्दम्=शब्द प्रमाण कहलाता है। प्रसिद्धार्थस्य=जाने हुए वस्तु के। साधर्म्यात्=समान धर्म के लक्षण से। अप्रसिद्धस्य=न जाने हुए वस्तु का। भाजनम्=जानना, उसे सिद्ध करना। उपमानम्=उपमान प्रमाण। प्रकीर्तितम्=कहा गया है ॥७४॥

भाषाभाष—तीसरा प्रमाण शब्दप्रमाण है और चौथा है—उपमान प्रमाण। नित्य एवं अपौरुषेय वेदों का वाक्य शब्दप्रमाण है। अन्य दर्शनों में आप्तवचन को शब्दप्रमाण माना गया है, किन्तु मीमांसा दर्शन में आप्तवचन शब्दप्रमाण नहीं हैं। अपौरुषेय वेदवाणी को ही आप्तवचन माना गया है और वही शब्द प्रमाण है। वेदों के बिना यथार्थ ज्ञान असंभव है; अतः वेदों के वाक्य ही शब्दप्रमाण हैं। मनुष्यकृत ग्रन्थों व व्यक्तिविशेष के वाक्य शब्दप्रमाण नहीं हैं, अतः मीमांसा दर्शन में आप्तवचन वेदवाक्य ही हैं।

प्रश्न—वेदवाणी के अतिरिक्त देश-विदेश में अनेकों ऋषि, मुनि, महर्षि, दार्शनिक, योगी, सन्त महापुरुष हुए हैं, जिन्होंने ईश्वर व अध्यात्म-विषयों का साक्षात्कार कर अपनी भाषा में उनका उपदेश दिया है; क्या उनके उपदेश शब्दप्रमाण नहीं हैं?

उत्तर—यह ठीक है कि देश-विदेश में ऋषियों-महर्षियों, मुनियों, योगियों, सन्तों ने उपदेश अपनी भाषाओं में दिए, फिर भी परिणाम क्या हुआ? सारा मानवधर्म व अध्यात्म विज्ञान अनेक मत-मतान्तरों, सम्प्रदायों में बँट गया और अन्धविश्वास,

द्वेष, दम्भ, पाखण्ड का साम्राज्य हो गया। धर्म के नाम पर असंख्य प्राण वाले वेदी पर चढ़ गए। अत्याचारों से पृथ्वी काँप गई। अपनी-अपनी ढपली और राग से मानवधर्म एवं ईश्वरवाक्य की छीछालेदर हो गई।

यह सब वेदों की जानकारी व प्रचार न होने के कारण हुआ। यदि महापुरुष, सन्त व पैगम्बर वेदों का अध्ययन किये होते तो ऐसी छीछालेदर शायद न मचती। वे भी वेदों का प्रभाव मानते, अपनी भाषाओं में उसकी पुष्टि करते, वैदिक विज्ञान पर शोध व अनुसन्धान करते। वेदों का विरोध न करते और तब विश्व में सारी मानव जाति का एक ही धर्म होता; किन्तु जब हमने वेदों का ज्ञान भुला दिया, वाममार्गी हो गए, वेदविरुद्ध आचरण करना शुरु कर दिया, वेद के नाम पर अनाचार, पापाचार, पाखण्ड करने लगे तो विश्व में अनेक मतों, धर्मों, सम्प्रदायों का जन्म हुआ। अतः वेदविरुद्ध धर्म अमान्य है और वेदानुकूल स्मृतियाँ, धर्म, उपदेश, दर्शन ही मान्य हैं।

जो वस्तु जानी हुई है उसे प्रसिद्ध वस्तु कहते हैं। उसके लक्षण से किसी अज्ञात वस्तु को जानना ही उपमान प्रमाण है। जैसे कोई मनुष्य गाय को देखा है और जानता है किन्तु नीलगाय को नहीं जानता। किसी व्यक्ति से उसने पूछा कि नीलगाय कैसा है तो उसने उत्तर दिया कि "गोसदृशो गवयः" अर्थात् जो गाय के समान हो उसे नीलगाय कहते हैं और फिर गाय के लक्षण के आधार पर नीलगाय के लक्षण का ज्ञान करना उपमान प्रमाण द्वारा होता है। किसी अन्य वस्तु की उपमा से अन्य वस्तु की जानकारी उपमान द्वारा होती है ॥७४॥

दृष्टार्थानुपपत्त्या तु कस्याप्यर्थस्य कल्पना।
क्रियते यद्बलेनासावर्थापत्तिरुदाहृता ॥७५॥

अर्थापत्तिमाह—दृष्टार्थानुपपत्त्येत्यादिना।

असौ पुनरर्थापत्तिरुदाहृता कथिता। (अर्थापतिप्रमाणं प्रोक्तमित्यर्थः।) यद्बलेन कस्याप्यदृष्टस्यार्थस्य कल्पना क्रियते सङ्घटना विधीयते, कया दृष्टार्थानुपपत्त्या दृष्टः परिचितः प्रत्यक्षलक्ष्यो योऽर्थो देवदत्ते पीनत्वादिः तस्यानुपपत्त्याऽघटमानतयाऽन्यथाऽनुपपत्तेः, यथा पीनो देवदत्तो दिवा न भुङ्क्ते, पीनत्वस्यान्यथाऽनुपपत्त्या रात्राववश्यं भुङ्क्त इत्यर्थ इत्यत्र, दृष्टं विना भोजनं पीनत्वं दुर्घटं, दिवा च न भुङ्क्तेऽतो रात्राववश्यमदृष्टं भोजनं ज्ञापयतीत्यर्थापत्तिः प्रमाणम्॥७५॥

अन्वयः—दृष्टार्थानुपपत्त्या तु कस्य अपि अर्थस्य कल्पना यद् बलेन क्रियते असौ अर्थापत्तिः उदाहृता ॥७५॥

सुधा—दृष्टार्थानुपपत्त्या—दृष्टः=प्रत्यक्षः, अर्थः=विषयः तस्यानुपपत्त्या, कस्याप्यर्थस्य=कस्यापि विषयस्य, कल्पना=अवधारणा, यत्=यस्य, बलेन=सामर्थ्येन, क्रियते=विधीयते, असौ=प्रमाणम्, अर्थापत्तिरुदाहृता=अर्थापत्तिः कथिता; यथा देवदत्ते पीनत्वादिः ॥७५॥

पदार्थ—दृष्टार्थानुपपत्त्या=प्रत्यक्ष विषयों की सिद्धि न होने पर। कस्यार्थस्य=किसी भी विषय की। कल्पना=अवधारणा—विचार। यद बलेन=जिसके सामर्थ्य से। क्रियते=किया जाता है। असौ=वह। अर्थापत्तिरुदाहृता=अर्थापत्ति प्रमाण कहलाता है ॥७५॥

भाषाप्रकाश—प्रत्यक्ष अर्थ के उपलब्ध न होने पर जिसके बल से बिना देखे हुए विषय की कल्पना की जाती है उसे अर्थापत्ति प्रमाण कहते हैं। यद्यपि विषय का प्रत्यक्ष नहीं होता, फिर भी उस विषय की कल्पना कर ली जाती है। जैसे देवदत्त मोटा-ताजा है, किन्तु दिन में नहीं खाता। क्योंकि दिन में खाते उसे किसी ने नहीं देखा। जो खाता नहीं वह मोटा-ताजा कैसे रह सकता है? अतः यहाँ अर्थापत्ति के आधार पर निर्णय किया जायगा कि वह रात में अवश्य खाता है। इसी को अर्थापत्ति प्रमाण कहते हैं ॥७५॥

प्रमाणपञ्चकं यत्र वस्तुरूपे न जायते ।
वस्तुसत्ताऽवबोधार्थं तत्राभावप्रमाणता ॥७६॥

अर्थाभावप्रमाणमाह—प्रमाणपञ्चकमित्यादिना।

यत्र वस्तुरूपेऽभावादौ पदार्थे प्रमाणपञ्चकं पूर्वोक्तं न जायते, तत्राभावप्रमाणता ज्ञेयेति सम्बन्धः। किमर्थमित्याह—वस्तुसत्ताऽवबोधार्थम्। वस्तुनोऽभावरूपस्य मुण्डभूतलादेः सत्ता घटाद्यभावसद्भावः तस्यावबोधः प्रामाणिकपथावतारणं तदर्थं तद्धेतोरित्यर्थः ॥७६

ननु कथमभावस्य प्रामाण्यं, प्रत्यक्षं—तावद्भूतलमेवेदं घटादि न भवतीत्यन्वयव्यतिरेकद्वारेण वस्तुपरिच्छेदः, तदधिकं विषयमभावैकरूपं निराचष्ट इति, किं विषयमाश्रित्याभावप्रामाण्यं स्याद् मुण्डभूतले घटाभावमाश्रित्येति चेद्? मैवम्—घटाभावप्रतिबद्धभूतलग्रहणासिद्धेः। तदुक्तम्—

न तावदिन्द्रियेणैषां नास्तीत्युत्पद्यते मतिः।
भावांशेनैव संयोगो योग्यत्वादिन्द्रियस्य हि ॥
गृहीत्वा वस्तुसद्भावं स्मृत्वा च प्रतियोगिनम्।

इति नास्तितज्ञानग्रहणावसरे प्रामाण्यमेवाभावस्य, केवलं भावांश इन्द्रियसन्निकर्षजत्वेन पञ्चप्रमाणागोचरसञ्चरिष्णुतामनुभवन्नाबालगोपालाङ्गनाप्रसिद्धं व्यवहारं प्रवर्त्तयति, अभावांशस्तु प्रमाणपञ्चकविषयबहिर्भूतत्वात्केवलभूतलग्रहणाद्युपयोगित्वादभावप्रमाणव्यपदेशमश्नुत इति सिद्धमभावस्यापि युक्तियुक्ततया प्रामाण्यमिति ॥७६॥

अन्वयः—यत्र वस्तुरूपे प्रमाणपञ्चकं न जायते तत्र वस्तुसत्तावबोधार्थम् अभावप्रमाणता ॥७६॥

सुधा—यत्र वस्तुरूपे=यत्र पदार्थे अभावादौ, प्रमाणपञ्चकम्=पूर्वोक्तं प्रत्यक्षानुमानादिकं प्रमाणम्। न जायते=न गृह्यते। तत्र=तस्मिन् स्थले। वस्तुसत्तावबोधार्थम्=वस्तुतत्त्वज्ञानाय प्रामाणिकपथावतारणार्थम्, अभावः—न भावः इत्यभावः, प्रमाणता=प्रमाणं मन्यते। घटाभाववत् भूतलमित्यत्र घटाभावविशिष्टभूतलस्य परिज्ञानात् घटपदार्थस्य बोधः, अतः तत्र घटसत्तायां घटाभाववैशिष्ट्यावगाहिज्ञानमेव प्रमाणम्। भूतले यस्य घटस्याभावः तस्य ज्ञाने प्रामाण्यं घटस्यैवास्ति। नास्तिताज्ञानग्रहणावसरे प्रामाण्यमेवाभावस्य। अभावांशस्तु प्रमाणपञ्चकविषयबहिर्भूतत्वात्केवलभूतलग्रहणाद्युपयोगित्वादभावप्रमाणं भवति। अभावस्यापि युक्तितया प्रामाण्यं सिद्धमिति, यथाहि—

न तावदिन्द्रियेणैषां नास्तीत्युत्पद्यते मतिः।
भावांशेनैव संयोगो योग्यत्वादिन्द्रियस्य हि ॥
गृहीत्वा वस्तुसद्भावं स्मृत्वा च प्रतियोगिनम्।
मानसं नास्तिताज्ञानं जायतेऽज्ञानपेक्षया ॥७६॥

पदार्थ—यत्र=जहाँ। वस्तुरूपे=वस्तु के स्वरूपज्ञान में। प्रमाणपञ्चकम्=प्रत्यक्षानुमानादि पाँच प्रमाणों से। न जायते=ज्ञान नहीं होता है। तत्र=वहाँ। वस्तुसत्तावबोधार्थम्=वस्तु की सत्ता के ज्ञान के लिए। अभाव=अभाव की। प्रमाणता=प्रामाणिकता होती है अर्थात् अभाव प्रमाण माना जाता है ॥७६॥

भाषाप्रकाश—जब किसी वस्तु का ज्ञान प्रत्यक्ष-अनुमान-उपमानादि प्रमाणों द्वारा नहीं होता तब उस वस्तु की सत्ता के ज्ञान के लिए अभाव को प्रमाण माना गया है। किसी स्थान पर किसी वस्तु का अभाव ही उस वस्तु की सत्ता को सिद्ध करता है; जैसे कहा कि "घटाभाववत् भूतलम्" अर्थात् यह स्थान घटाभाव वाला है अर्थात् यहाँ पहले घड़ा था, अब नहीं है। यहाँ घटाभाव कहने से ही घट की सत्ता का ज्ञान होता है। इससे ज्ञान होता है कि घटनामक वस्तु यहाँ पहले थी, अब नहीं है। इसीलिए अभाव को भी प्रमाण माना गया है। यहाँ

जैमिनीयमतस्यापि संक्षेपोऽयं निवेदितः ।
एवमास्तिकवादानां कृतं संक्षेपकीर्त्तनम् ॥७७॥

उपसंहरन्नाह— **जैमिनीयमतस्यापीति ।**

अपिशब्दान्न केवलमपरदर्शनानां, जैमिनीयमतस्याप्ययं सङ्क्षेपो निवेदितः कथितः, वक्तव्यस्य बाहुल्याट्टीकामात्रे सामस्त्यकथनायोगात् सङ्क्षेप एव प्रोक्तोऽस्ति ।

अथ सूत्रकृत्सम्मतसङ्क्षेपमुक्त्वा निगमनमाह—एवमिति । एवमित्थम्, आस्तिकवादिनामिह परलोकगतिपुण्यपापास्तिक्यवादिनां बौद्धनैयायिकसाङ्ख्यजैनवैशेषिकजैमिनीयानां सङ्क्षेपकीर्त्तनं कृतं, सङ्क्षेपेण वक्तव्यमभिहितमित्यर्थः ॥७७॥

अन्वयः—जैमिनीयमतस्य अपि अयं संक्षेपः निवेदितः । एवं आस्तिकवादानां संक्षेपकीर्तनम् कृतम् ॥७७॥

सुधा—जैमिनीयमतस्य=मीमांसादर्शनस्य, अपि=एव, अयम्=पूर्वोक्तः, संक्षेपः=समासः, निवेदितः=कथितः । एवम्=पूर्वोक्तम् । आस्तिकवादानाम्—अस्त्यात्मा, अस्तीश्वरः, अस्ति परलोकम्, पापपुण्यधर्माधर्मादयः सन्तीति ये मन्यन्ते ते आस्तिकाः=बौद्धजैनन्यायवैशेषिकसांख्यजैमिनीयाः आस्तिकाः, तेषां मतानां, संक्षेपकीर्तनम्=समासेन वर्णनम्, कृतम्=निगदितम् ॥७७॥

पदार्थ—जैमिनीयमतस्य=पूर्वमीमांसा दर्शन का । अपि=भी । अयं=यह । संक्षेपः=संक्षिप्त वर्णन । निवेदितः=किया गया । एवम्=इस प्रकार । आस्तिकवादानाम्=बौद्ध न्याय-सांख्य-जैन-वैशेषिक-मीमांसा रूप आस्तिक मतों का । संक्षेपः=संक्षिप्त । कीर्तनम्=वर्णन । कृतम्=किया गया । पूर्वमीमांसा का संक्षिप्त वर्णन किया गया, इसी प्रकार आस्तिक दर्शनों का संक्षेप में वर्णन किया गया ॥७७॥

भाषाप्रकाश जैमिनिकृत पूर्वमीमांसा दर्शन का संक्षिप्त वर्णन किया गया । पूर्वमीमांसा दर्शन का साहित्य अत्यन्त विशाल है, किन्तु ग्रन्थकार ने थोड़े-से श्लोकों में ही उसके सिद्धान्तों का संक्षिप्त वर्णन कर दिया । विस्तृत ज्ञान के लिए उसके मौलिक ग्रन्थों को देखना चाहिए । जैमिनि महर्षि का बनाया हुआ पूर्वमीमांसा दर्शनसूत्र इस मत का आदिग्रन्थ है, जिस पर शबरस्वामी का भाष्य अत्यन्त महत्त्वपूर्ण व द्रष्टव्य ग्रन्थ है । पूर्वमीमांसासूत्रों पर कुमारिल भट्ट की टीका, बृहती एवं जैमिनीयन्यायमालाविस्तर आदि महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं । सूत्रों के आधार पर इस दर्शन में तीन मत स्थापित हुए हैं—१. भाट्टमत, २. प्राभाकरमत और ३. मुरारिमत । पूर्वमीमांसा दर्शन-ग्रन्थों का परिचय इस पुस्तक में पहले ही [illegible]

इस प्रकार आस्तिक दर्शनों का वर्णन कर दिया गया । बौद्ध, न्याय, सांख्य, जैन, वैशेषिक व जैमिनीय आस्तिक दर्शन हैं, इन सबका संक्षिप्त निरूपण किया गया । जिसमें आत्मा-परमात्मा, मुक्ति-बन्धन, लोक-परलोक, पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म आदि माने गए हैं उसे आस्तिक दर्शन कहते हैं । जिसमें ये सभी न माने जायें वह नास्तिक दर्शन है ।

प्रश्न—न्याय, वैशेषिक और जैमिनीय—यह तीन तो आस्तिक दर्शन हैं, क्योंकि इनमें तो आत्मा-परमात्मा को स्वीकार किया गया है; किन्तु बौद्ध, सांख्य और जैन को क्यों आस्तिक माना जाय ? जबकि उनमें ईश्वर की सत्ता ही नहीं मानी गई है और बौद्ध तो आत्मा को भी नहीं मानते ।

उत्तर—यह समझना कि बौद्ध, सांख्य और जैन नास्तिक दर्शन हैं, बहुत बड़ा भ्रम एवं भयंकर भूल है । यह तीनों ही दर्शन आस्तिक हैं, जो कि इस प्रत्यक्षगोचर लोक से परे सूक्ष्म अध्यात्म सत्ता को स्वीकार करते हैं । यह तीनों ही दर्शन बन्धन, मोक्ष एवं अलौकिक प्रत्यक्ष ज्ञान तथा समाधि को मानते हैं, इसलिए आस्तिक हैं । जो केवल प्रत्यक्ष को मान करके लोक की ही सत्ता मानता है उसे नास्तिक कहते हैं, नास्तिक पाप-पुण्य, धर्म-अधर्म, बन्धन-मोक्ष को नहीं मानता । नास्तिक मत केवल चार्वाक है, जिसका वर्णन आगे किया जायेगा । उपरोक्त सभी दर्शन आस्तिक हैं । केवल ईश्वर को न मानने से वे नास्तिक नहीं कहे जा सकते, क्योंकि इनमें लोक-परलोक, मुक्ति-बन्धन, धर्म-अधर्म, पाप-पुण्य को माना गया है । सांख्य और जैन तो आत्मा को भी मानते हैं । यदि सूक्ष्मता व गम्भीरता से इन दर्शनों का अध्ययन किया जाय तो इनमें भी अप्रत्यक्ष रूप में ईश्वर के सत्ता की मान्यता पायी जाती है, क्योंकि मोक्ष व समाधि—ध्यान तीनों ही दर्शनों में माने गए हैं, जिसके अन्तर्गत परमात्मा की सत्ता का अनुभव पाया जाता है । परमात्मा की सत्ता मोक्ष व समाधि की मान्यता से ही सिद्ध हो जाती है ।

उपरोक्त सभी छः दर्शनों का साहित्य अत्यन्त विशाल है । सबके मौलिक ग्रन्थ हैं और उन पर टीकाएँ व भाष्य भी हैं, जो कि मौलिक ग्रन्थों के अतिरिक्त विशेषता-सम्पन्न हैं । उनके सिद्धान्तों को प्रकाशित करने वाले स्वतन्त्र ग्रन्थ भी हैं, जो विभिन्न कालों में विशेषज्ञ विद्वानों द्वारा लिखे गए हैं । इन सभी दर्शनों का परिचय व सूची पहले ही भाषाप्रकाश में लिखी जा चुकी है; विशेष अध्ययन के लिए तत्सम्बन्धी मौलिक ग्रन्थों का अध्ययन करना चाहिए ॥७७॥

नैयायिकमतादन्ये भेदं वैशेषिकैः सह ।
न मन्यन्ते मते तेषां पञ्चैवास्तिकवादिनः ॥७८॥

विशेषान्तरमाह—नैयायिकमतादित्यादिना ।

अन्य आचार्या नैयायिकमताद्वैशेषिकैः सह भेदं न मन्यन्ते दर्शनाधिष्ठात्रेकदैवतत्वात् पृथग्दर्शनं नाभ्युपगच्छन्ति, तेषां मतापेक्षयाऽऽस्तिकवादिनः पञ्चैव ॥७८॥

अन्वयः—अन्ये नैयायिकमतात् वैशेषिकैः सह भेदं न मन्यन्ते। तेषां मते पञ्च एव आस्तिकवादिनः ॥७८॥

सुधा—अन्ये=अपरे आचार्याः। नैयायिकमतात्=अक्षपाददर्शनात्, वैशेषिकैः=काणादैः, सह=सार्द्धम्, भेदम्=पार्थक्यम्, न मन्यन्ते=नाभ्युपगच्छन्ति, दर्शनाधिष्ठात्रैकदैवतत्वात्। तेषाम्=आचार्याणाम्, मते=मतापेक्षया, पञ्च एव=बौद्धं नैयायिकं साङ्ख्यं जैनं जैमिनीयमेव, आस्तिकवादिनः=आस्तिकदर्शनानि सन्ति ॥७८॥

पदार्थ—अन्ये=अन्य आचार्य लोग। नैयायिकमतात्=न्याय दर्शन से। वैशेषिकैः सह=वैशेषिक दर्शन के साथ। भेदम्=भेद। न मन्यन्ते=नहीं मानते हैं। तेषाम्=उन आचार्यों के। मते=मत में। पञ्च एव=न्याय-वैशेषिक को एक मान करके पाँच ही। आस्तिकवादिनः=आस्तिक मत के दर्शन माने गए हैं। कुछ आचार्यों के मत में न्याय एवं वैशेषिक दर्शन में भेद नहीं है, अपितु वह दोनों एक ही हैं; अतः उनके मत में पाँच ही आस्तिक दर्शन हैं ॥७८॥

भाषाप्रकाश—कुछ आचार्य मानते हैं कि न्याय एवं वैशेषिक में कोई भेद नहीं है अतः दोनों को एक ही दर्शन मानना चाहिए; क्योंकि गौतम के न्याय में जिन पदार्थों का सामान्य निरूपण किया गया है उनकी ही विशेष रूप से विवेचना कणाद ने वैशेषिक दर्शन में की है, इसीलिए उसका नाम वैशेषिक पड़ा। अतः दोनों ही एक-दूसरे के पूरक हैं, इसलिए दोनों को एक ही मत के अन्तर्गत मानना चाहिए। वैशेषिक एवं न्याय में विशेष मतभेद नहीं है, अतः बहुत से आचार्य दोनों को न्याय के अन्तर्गत ही मानते हैं। दोनों में मात्र व्यावहारिक मतभेद है, पारमार्थिक नहीं। न्यायदर्शन में सोलह पदार्थों के तत्त्वज्ञान से मोक्ष माना गया है, जबकि वैशेषिक दर्शन में छः पदार्थों के ज्ञान से मोक्ष माना गया है। न्याय दर्शन में मोक्ष के लिए अपवर्ग शब्द आया है, जबकि वैशेषिक में निःश्रेयस शब्द आया है। योगाभ्यास, मोक्ष, पदार्थभाव, आत्मा, ईश्वर आदि विषय दोनों में समान हैं। इस प्रकार न्याय एवं वैशेषिक दोनों दर्शनों को एक ही मत का मान लेने पर आस्तिक दर्शन पाँच ही होते हैं और उन दोनों को अलग-अलग मानने पर छः की संख्या होती है, जिनका वर्णन संक्षिप्त रूप में अब तक किया गया है ॥७८॥

षड्दर्शनसङ्ख्या तु पूर्यते तन्मते किल।
लोकायतमतक्षेपात्कथ्यते तेन तन्मतम् ॥७९॥

दर्शनानां षट्सङ्ख्या जगति प्रसिद्धा कथं फलतीत्याह—**षड्दर्शनेत्यादिना।**

ये नैयायिकवैशेषिकयोरेकरूपत्वेनाभेदं मन्यमाना दर्शनपञ्चकमेवाचक्षते, तन्मते षड्दर्शनसङ्ख्या लोकायतमतक्षेपात्पूर्यते। तु पुनरर्थे, किलेति परमाप्ताम्नाये, तेन कारणेन तन्मतं चार्वाकमतं कथ्यते तत्स्वरूपमुच्यत इति ॥७९॥

अन्वयः—तन्मते किल लोकायतमतक्षेपात् षष्ठदर्शनसंख्या तु पूर्यते। तेन तन्मतम् कथ्यते ॥७९॥

सुधा—तन्मते किल=ये न्यायवैशेषिकयोरभेदं मन्यन्ते तेषां मते वै। लोकायतमतक्षेपात्=चार्वाकमतसमावेशात्। षष्ठदर्शनसंख्या तु=षष्ठदर्शनसंख्यायाः मान्यता, पूर्यते=क्रियते, तेन=कारणेन। तन्मतम्=लोकायतदर्शनम्। कथ्यते=निरूप्यते ॥७९॥

पदार्थ—तन्मते=जो लोग न्यायवैशेषिक का भेद नहीं मानते हैं उनके मत में। किल=निश्चय करके। लोकायतमतक्षेपात्=चार्वाक मत को सम्मिलित करके। षष्ठदर्शनसंख्या=छः दर्शनों की संख्या। पूर्यते=पूरी की जाती है। तेन=इस कारण से। तन्मतम्=चार्वाकमत को। कथ्यते=आगे कहा जायगा ॥७९॥

भाषाप्रकाश—न्याय और वैशेषिक को एक मान लेने पर पाँच ही दर्शन होते हैं। अतः लोकायत दर्शन को सम्मिलित करने पर षड्दर्शन संख्या पूर्ण होती है, अतः अब लोकायत दर्शन का निरूपण किया जायगा ॥

लोकायतमत चार्वाक दर्शन को कहते हैं। यह मत नास्तिकमत है, जो कि अत्यन्त प्राचीन काल से चला आ रहा है। आस्तिक दर्शनों के साथ ही यह मत भी सदा किसी न किसी रूप में विद्यमान रहा है। न्याय-सांख्य आदि आस्तिक दर्शनों में पूर्वपक्ष के रूप में इस मत का उल्लेख है और इसकी आलोचना भी की गई है। नास्तिक अनीश्वरवादियों में आचार्य बृहस्पति का शिष्य चार्वाक मुख्य है, किन्तु लोकायत मत से केवल चार्वाकमत का ही ग्रहण नहीं होता, अपितु चार्वाकमत से पहले भी इस मत के संस्थापक अनेक विद्वान हुए हैं और उन सबका मत लोकायत मत कहलाता है। इनमें चार्वाक मुख्य है, अतः इसे चार्वाक दर्शन भी कहते हैं। कुछ विद्वानों का मत है कि चार्वाक किसी व्यक्तिविशेष का नाम नहीं है, अपितु "चारु वाक्यमिति चार्वाकः" अर्थात् जिस मत की बातें मन को अच्छी लगें, विषय-वासनाओं व भौतिक प्रवृत्तियों की ओर मन जाय—वह चार्वाक है।

चार्वाक दर्शन इस समय व्यवस्थित ग्रन्थाकार में उपलब्ध नहीं है, बल्कि केवल आस्तिक दर्शनों में पूर्वपक्ष के रूप में इसके फुटकर श्लोक ही उपलब्ध होते हैं। माधवाचार्य के सर्वदर्शनसंग्रह ग्रन्थ में सर्वप्रथम चार्वाक दर्शन का ही उल्लेख किया

है कि परमाणु ही उपादान कारण है, जो कि नित्य है। तो फिर यह अनुमान कैसे किया जाय कि जगत् का मूल कारण अव्यक्त प्रधान है ?

उत्तर—अभाव से भाव की उत्पत्ति नहीं हो सकती, अतः नास्तिक मत खण्डित हो जाता है। महर्षि कपिल ने इस मत का खण्डन करते हुए कहा है कि 'नासतः स्यान्नृशृङ्गवत्' मनुष्य के सींग नहीं होती। यदि कोई यह कहे कि मनुष्य को सींग है तो यह असम्भव है, उसी प्रकार असत् तो हो ही नहीं सकता।

'नासदुत्पादः नृशृङ्गवत्'—मनुष्य के सींग की भाँति ही अभाव से भाव की उत्पत्ति भी असम्भव है। 'नावस्तुनो वस्तुसिद्धिः' अर्थात् बिना किसी वस्तु के उसकी सिद्धि भी नहीं देखी जाती; अतः यह जगत, जिसका हम साक्षात्कार करते हैं, इसका मूल उपादान द्रव्य कोई एक अवश्य है, क्योंकि यदि हम कहें कि कर्म ही से संसार की उत्पत्ति होती है तो भी ठीक नहीं है; क्योंकि 'न कर्मणः उपादानत्वायोगात्' अर्थात् कर्म उपादान हो ही नहीं सकता। अतः 'नास्तिकमत स्वयमेव खण्डित हो जाता है।

वैज्ञानिक अनेक तत्त्वों को मूल उपादान मानते हैं, किन्तु जब मूल तत्त्वों का भी विश्लेषण करते हैं तो उनका भी खण्ड-खण्ड हो जाता है और वे कार्य सिद्ध हो जाते हैं। अतः वैज्ञानिक विखण्डन प्रक्रिया से भी यह सिद्ध हो जाता है कि सभी तत्त्वों का एक मूल उपादान कारण है, जो कि मूल प्रकृति ही है। न्याय-वैशेषिक ने परमाणु को कारण माना है और उसे नित्य कहा है। यद्यपि वह जगत के तत्त्वों का कारण अवश्य है और सृष्टि की आयुपर्यन्त नित्य भी है, परन्तु उनका विखण्डन करने से वे कार्य प्रतीत होते हैं और उनके भी पारमार्थिक नित्य नहीं सिद्ध होते, क्योंकि सारे संसार का मूल उपादान एक है और वह परिच्छिन्न (सीमित) नहीं हो सकता, क्योंकि "परिच्छिन्नं न सर्वोपादानम्" अर्थात् जो सबका उपादान है वह परिच्छिन्न हो ही नहीं सकता।

३ **शब्द प्रमाण** – आप्त पुरुष, जिन्होंने योगाभ्यास द्वारा अव्यक्त प्रधान का साक्षात्कार कर लिया है, उनके वचन भी मूल प्रकृति की सिद्धि में प्रमाण हैं। वेदों में भी कहा है कि—

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीं प्रजाः सृजमानां समन्ताद्।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः॥

वह मूलप्रकृति नित्य है; लोहित (रजोगुण), शुक्ल (सतोगुण) एवं कृष्ण (तमोगुण) स्वभाव वाली है एवं बहुत से प्राणियों को उत्पन्न करनेवाली है। भोगी इसका भोग करते हैं और ज्ञानी एवं योगी जन इसे भोगकर छोड़ देते हैं॥३६॥

ततः सञ्जायते बुद्धिर्महानिति यकोच्यते।
अहङ्कारस्ततोऽपि स्यात्तस्मात्षोडशको गणः॥३७॥

अनेन दुःखत्रयेणाभिहतस्य प्राणिनस्त्वजिज्ञासोत्पद्यतेऽतस्तान्येव तत्त्वान्याह — तत इत्यादिना।

ततो गुणत्रयाद् बुद्धिः संजायते यका बुद्धिर्महानित्युच्यते महानिति-शब्देन कीर्त्यत इत्यर्थः। एवमेतन्नान्यथा, गौरयं नाश्वः, स्थाणुरेष नायं पुरुष इत्येवं निश्चयस्तेन पदार्थप्रतिपत्तिहेतुर्योऽध्यवसायःसा बुद्धिरिति, तस्यास्त्वष्टौ रूपाणि तद्दर्शनविश्रुतानि, यदाह—धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यरूपाणि चत्वारि सात्त्विकानि, अधर्मादीनि तु तत्प्रतिपक्षभूतानि चत्वारि तामसानीत्यष्टौ, ततो बुद्धेरहंकारः; स चाभिमानात्मको यथा 'अहं शब्दे, अहं रूपे, अहं रसे, अहं स्पर्शे, अहं गन्धे, अहं स्वामी, अहम् ईश्वरः, असौ मया हतः, अहं त्वा हनिष्यामीत्यादिप्रत्ययरूपस्तस्मादहंकारात्षोडशको गणो 'जायत' इत्यध्याहारोऽस्तिभवतीत्यादिवत्, पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, एकादशं मनः, पञ्च भूतानि, षोडशको गणः। तथाऽऽह ईश्वरकृष्णः—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥ ३७॥ इति

सुधा—अथ विकृतिमाह—ततः सञ्जायत इत्यादिना।

अन्वय—ततः बुद्धिः संजायते यका महान् इति उच्यते। ततः अपि अहंकारः स्यात् तस्मात् षोडशकः गणः॥३७॥

व्याख्या—ततः=सत्त्वरजतमगुणत्रयात्। बुद्धिः=अध्यवसायो बुद्धिरुपलब्धिर्ज्ञानमिति, संजायते=उत्पद्यते। यका=बुद्धिः, महान्=महानिति शब्देन, उच्यते=कथ्यते। पदार्थप्रतिपत्तिहेतुर्योऽध्यवसायः सा बुद्धिरिति। तस्यास्त्वष्टौ रूपाणि धर्मज्ञानवैराग्यैश्वर्यरूपाणि चत्वारि सात्त्विकानि, अधर्माज्ञानावैराग्यानैश्वर्यरूपाणि चत्वारि तामसानि; ततः=बुद्धेः, अपि=एव, अहंकारः=अभिमानः, यथा अहं शब्दे, अहं, रूपे, अहं रसे, अहं स्पर्शे अहं गन्धे अहं स्वामी, असौ मया हतः, अहं त्वा हनिष्यामि। तस्मात्=अहंकारात् अभिमानाद्वा, षोडशकः गणः=षोडशकः विकारः श्रोत्रं त्वक् चक्षुषी नासिका रसनेति पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, पायूपस्थहस्तपादवाक् एवं पञ्च कर्मेन्द्रियाणि एकादशकं मनः पृथ्वीजलतेजवायुराकाशमिति पञ्च भूतानि षोडशको गणः, तथाऽऽह सांख्यकारिकायाम्—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृति पुरुषः॥

पदार्थ— सत्त्वः=सत्त्व, रज एवं तम तीनों गुणों से। बुद्धिः=बुद्धि। संजायते=उत्पन्न होती है। यका=वह बुद्धि। महान् इति=महत्तत्त्व के नाम से। उच्यते=कही जाती है। तस्मात्=इससे। अपि=भी। अहंकारः=अभिमान, "मैं" की भावना। स्यात्=होती है। तस्मात्=अहंकार से। षोडशको गणः=सोलह विकार होते हैं। पांच ज्ञानेन्द्रियां पांच कर्मेन्द्रियाँ, ग्यारहवाँ मन एवं पञ्चमहाभूत यह सब मिल करके सोलह विकार होते हैं, जिनका विस्तृत वर्णन आगे किया जायगा ॥३७॥

भाषाप्रकाश—सत्त्व, रज एव तम—यह तीन मूल प्रकृति के गुण हैं, जिनका वर्णन पीछे किया गया है। जब यह तीनों गुण असमान होते हैं तो पहला तत्त्व बुद्धि अथवा महत्तत्त्व उत्पन्न होता है। यही आदितत्त्व है। पुरुष का चैतन्य जब इससे संयुक्त होता है तो उसमें ज्ञान इसी के कारण उत्पन्न होता है। यही जब इन्द्रियों से सम्बद्ध मन के माध्यम से अनुभव पुरुष के चैतन्य में भासित करता है तो निश्चय का ज्ञान भी इसी के आधार पर होता है। इसीलिए इसे अध्यवसाय के कारण बुद्धि भी कहते है। यह अत्यन्त प्रकाशमय तथा समस्त विश्व का एक तत्त्व है, जिसके आधार पर सम्पूर्ण विश्व सञ्चालित है। योगीजन ध्यान में इसी का साक्षात्कार करते हैं।

पुरुष का चैतन्य जब महत्तत्त्व में प्रतिबिम्बित होता है तो अविवेकवश पुरुष उसी को अपना स्वरूप मान लेता है। पुरुष और प्रकृति का यह प्रथम संयोग होता है। इसी से अहंकार उत्पन्न होता है। पुरुष और प्रकृति के संयोग का कारण अविवेक है। मैं शब्द में हूँ, मैं रूप में हूँ मैं रस में हूँ, मैं स्पर्श में हूँ, मैं गन्ध में हूँ, मैंने अमुक को मारा, मैंने अमुक कार्य किया, मैं अमुक को मारूँगा इत्यादि अभिमान अहंकार है। अहंकार विकृतियों के साथ फिर सोलह विकारों में संयुक्त होता जाता है। फिर शरीर के साथ संयुक्त रहता है। यही समस्त बन्धनों व दुःखों का मूल है। जब यह रूप-रस-गन्ध-स्पर्श एवं शब्द से उत्पन्न हो जाता है तब सत्रह सोलह विकार होते हैं। नाक, कान, जीभ, त्वचा और आँख—यह पाँच ज्ञानेन्द्रियां एवं गुदा, लिङ्ग, हाथ, पैर और वाणी—पाँच कर्मेन्द्रियाँ, ग्यारहवाँ मन तथा पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश—ये पाँच महाभूत; इस प्रकार ये सोलह प्रकृति के विकार हैं। मैं और मेरा का भाव अहंकार से ही उत्पन्न होता है। मैं मनुष्य हूँ मैं ब्राह्मण हूँ, मैं अमुक जाति व गोत्र का हूँ। मेरा नाक, मेरा कान, मेरी आँख मेरी जिह्वा, मेरी त्वचा, मेरा हाथ, मेरा पैर, मेरा शरीर, मेरा घर, मेरा धन आदि सब अहंकार के ही परिणाम हैं, जिससे अविवेक की सन्तति बढ़ती रहती है॥

(युग्मम्)

स्पर्शनं रसनं घ्राणं चक्षुः श्रोत्रं च पञ्चमम्।
पञ्च बुद्धीन्द्रियाण्याहुस्तथा कर्मेन्द्रियाणि च ॥३८॥

पायूपस्थवचःपाणिपादाख्यानि मनस्तथा।
अन्यानि पञ्चरूपाणि तन्मात्राणीति षोडश ॥३९॥

षोडशकगणमेवाह—स्पर्शनमित्यादिना।

पञ्च बुद्धीन्द्रियाणीति सम्बन्धः, स्पर्शनं त्वगिन्द्रियं, रसनं जिह्वा, घ्राणं नासिका, चक्षुर्नेत्रं, पञ्चमं श्रोत्रं कर्ण इति, एतानि पञ्च बुद्धिप्रधानानि बुद्धिसहचराण्येव ज्ञानं जनयन्तीति कृत्वा बुद्धीन्द्रियाण्याहुः कथयन्ति तन्मतीया इति। तथा कर्मेन्द्रियाणि चेति। तथा पूर्वोद्दिष्टपञ्चसंख्यामात्रमपि परामृशति, तान्येवाह— पायूपस्थवचःपाणिपादाख्यानीति। पायुरपानम्, उपस्थः प्रजननं, वचो वाक्यं, पाणिर्हस्तः, पादश्चरणः, तदाख्यानि पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, कर्म कार्यव्यापारस्तस्य साधनानीन्द्रियाणीति कर्मेन्द्रियाणि; तथा मन एकादशमिन्द्रियमित्यर्थः, पञ्चरूपाणि तन्मात्राणि चेति, शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यानि तन्मात्राणीति षोडश ज्ञेयाः ॥३८-३९॥

अन्वयः—स्पर्शनं रसनं घ्राणं चक्षुः श्रोत्रं च पञ्चमं पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि तथा च पायूपस्थवचःपाणिपादाख्यानि कर्मेन्द्रियाणि आहुः। तथा मनः अन्यानि पञ्चरूपाणि तन्मात्राणि इति षोडश ॥३८-३९॥

सुधा— स्पर्शनं=त्वगिन्द्रियं, रसनं=जिह्वा, घ्राणं=नासिका, चक्षुः=नेत्रं, पञ्चमं श्रोत्रं=कर्ण इति, एतानि पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि=ज्ञानेन्द्रियाणि, तथा च पायुः=गुदा, उपस्थं=लिङ्गेन्द्रियः, वचः=वाणी, पाणिः=हस्तः, पादाख्यानि=चरणाख्यानि, कर्मेन्द्रियाणि=कार्यव्यापारः तस्य साधनानि, आहुः=कथयन्ति, तथा मनः=एकादशेन्द्रियाणि, अन्यानि=अपराणि, पञ्चरूपाणि=शब्दस्पर्शरूपरसगन्धाख्यानि तन्मात्राणि इति षोडशविकाराः ॥३८-३९॥

पदार्थ—स्पर्शनम्=त्वचा। रसनम्=जिह्वा। घ्राणम्=नासिका। चक्षुः=नेत्र। पञ्चमं श्रोत्रम्=पांचवाँ कान। एतानि=यह। बुद्धीन्द्रियाणि=ज्ञान इन्द्रियाँ, तथा च=और भी। पायुः=गुदा। उपस्थः=लिङ्ग। वचः=वाणी। पाणिः=हाथ। पादाख्यानि=पैर नामक। कर्मेन्द्रियाणि=कर्म इन्द्रियाँ। आहुः=कही गई हैं। तथा मन=और मन। ग्यारहवीं इन्द्रिय है, अन्यानि=और भी। पञ्चरूपाणि=पांच प्रकार की। रूप, रस,

रूप, स्पर्श एवं शब्द— यह उनके पाँच सूक्ष्म रूप तन्मात्राएँ। इति=इस प्रकार। षोडश=सोलह विकार माने गए हैं ॥३८-३९॥

भाषाप्रकाश —अब सोलह विकार बतलाते हैं। प्रकृति से विकृति होती है फिर उनसे सोलह विकार उत्पन्न होते हैं। विकृति के परिणाम विकार कहलाते हैं। रूप, रस, गन्ध, स्पर्श, शब्द, महत्तत्त्व और अहंकार— यह सात विकृतियाँ हैं। यह अत्यन्त सूक्ष्म एवं दिव्य पदार्थ हैं। योगाभ्यास के द्वारा स्थूल पदार्थों से चित्तवृत्ति का निरोध कर लेने पर इन सातों विकृतियों का प्रत्यक्ष व साक्षात्कार किया जा सकता है। सृष्टि का उदय इन सातों विकृतियों से ही होता है। चक्षु इन्द्रिय की बाह्य वृत्ति का निरोध कर लेने पर दिव्य रूप का अन्तःप्रत्यक्ष होता है। इसी प्रकार जिह्वा से दिव्य रस, नासिका से दिव्य गन्ध, त्वचा की बाह्य वृत्ति का निरोध होने पर दिव्य स्पर्श व कान से दिव्य अनाहत शब्द का अन्तःप्रत्यक्ष होता है। इन पञ्च-तन्मात्राओं के भी चित्तवृत्ति का जब निरोध हो जाता है तो अहं प्रत्यय का साक्षात्कार होता है तथा 'सोऽहम्' की भावना से सारा विश्व अनुभव में आता है। उससे भी जब चित्तवृत्ति का निरोध हो जाता है तो प्रकृति का आदि विकृति तत्त्व—महत्तत्त्व का साक्षात्कार होता है, जो समस्त जगत का आधार है। सब प्रकार की गति, शक्ति व सत्ता का आश्रय दिव्य पदार्थ है। जहाँ पर जंगम स्थावर सभी प्राणियों व पदार्थों की एकता का साक्षात्कार होता है। इस प्रकार यह सातों विकृतियाँ प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध हैं। पञ्चभूतों व इन्द्रियों के द्वारा इनका अनुमान भी किया जाता है। ऐसे आप्त पुरुष, जिन्होंने इनका साक्षात्कार कर लिया है, उनके शब्दों व शास्त्रप्रमाण द्वारा भी यह सिद्ध होते हैं।

नेत्र, जिह्वा, नासिका, त्वचा एवं कान - ये पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ; गुदा, लिङ्ग, हाथ, पैर, वाणी—यह पाँच कर्मेन्द्रियाँ; ग्यारहवाँ मन तथा पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश -ये पाँच महाभूत, यह सोलह विकार कहलाते हैं। पाँच ज्ञानेन्द्रियों से पाँचों भूतों का प्रत्यक्ष होता है। नेत्र से तेज और उसके विषय रूप, जिह्वा से जल और उसके विषय रस, नासिका से पृथ्वी व उसके विषय गन्ध, त्वचा से वायु व उसके विषय स्पर्श एवं कान से आकाश व उसके विषय शब्द का प्रत्यक्ष होता है। पाँचों कर्मेन्द्रियों से इन पाँचों विषयों व महाभूतों के अनुभव व भोग के लिए क्रिया का संचार होता है, जिससे नाना प्रकार की गतियों व भोगों का संचार होता है। भौतिक जगत् में विक्रिया व भोग का संचार होता रहता है। गुदा से मलविसर्जन होता है, जहाँ गन्ध की प्रधानता रहती है। लिङ्ग से मूत्रविसर्जन एवं मैथुन होता है, जहाँ स्पर्श व आनन्द की प्रधानता रहती है। हाथ-पैर से कर्म होता है, जहाँ रूप व स्पर्श की प्रधानता रहती है। वाणी से शब्दोच्चारण होता है, जहाँ शब्द

की प्रधानता रहती है। ग्यारहवाँ इन्द्रिय मन है, जो ज्ञानेन्द्रियों व कर्मेन्द्रियों द्वारा होने वाले अनुभव व प्रत्यक्ष का केन्द्र है, चेतना का स्थान है। ज्ञानतन्तुओं द्वारा विषयों का अनुभव इसी इन्द्रिय द्वारा पुरुष को होता रहता है। इसी इन्द्रिय द्वारा कर्मतन्तुओं के माध्यम से चेष्टापूर्वक कर्म का संचार होता है, जिसका सम्पादन कर्मेन्द्रियाँ करती रहती हैं, कर्मेन्द्रियों द्वारा क्रियासंचालन एवं ज्ञानेन्द्रियों द्वारा विषयों का ज्ञान व अनुभव मन के द्वारा ही होते हैं। मन में ही कर्म व ज्ञान के संस्कार होते हैं। इसी में वासना व प्रवृत्ति का वास होता है। यही दशो इन्द्रियों का प्रेरक व अधिष्ठाता है।

पञ्च महाभूतों में सबसे सूक्ष्म आकाश है, जिसका शब्द विषय है। उससे स्थूल वायु है, इसका विषय स्पर्श है। उससे स्थूल तेज है, इसका विषय रूप है। उससे स्थूल जल है, जिसका रस विषय है। उससे स्थूल पृथ्वी है, इसका विषय गन्ध है। यह पाँचों महाभूत कार्यरूप में इन्द्रियों द्वारा प्रत्यक्ष किए जाते हैं। उन समस्त प्राणियों, जिनके इन्द्रिय स्वस्थ हैं, जिनमें किसी प्रकार का विकार नहीं है, उनके द्वारा प्रत्यक्ष किए जाते हैं। इन पाँचों के कारण रूप भी हैं, जो सूक्ष्म परमाणु हैं और वैज्ञानिक सूक्ष्म यन्त्रों द्वारा देखे जाते हैं। न्याय-वैशेषिक के मत में यह परमाणु नित्य एवं जगत के कारण हैं, किन्तु सांख्यमत में परमाणु नित्य नहीं हैं, बल्कि वह भी कार्य हैं। अब आगे पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति का वर्णन करेंगे ॥३८-३९॥

रूपात्तेजो रसादापो गन्धाद् भूमिः स्वरान्नभः।
स्पर्शाद्वायुस्तथैवं च पञ्चभ्यो भूतपञ्चकम् ॥४०॥

पञ्चतन्मात्रेभ्यः पञ्चभूतोत्पत्तिमाह —**रूपात्तेज इत्यादिना।**

पञ्चभ्य इति। पञ्चतन्मात्रेभ्यः पञ्चभूतकमिति सम्बन्धः, रूपतन्मात्रात्तेजः, रसतन्मात्रादापः, गन्धतन्मात्राद् भूमिः, स्वरतन्मात्रादाकाशं, स्पर्शतन्मात्राद्वायुः, एवं पञ्चतन्मात्रेभ्यः पञ्च भूतान्युत्पद्यन्ते, असाधारणैकैकगुणकथनमिदम्, उत्पत्तिश्च शब्दतन्मात्रादाकाशं शब्दगुणं शब्दो ह्याम्बरगुण इति, शब्दतन्मात्रसहितात्स्पर्शतन्मात्राद् वायुः शब्दस्पर्शगुण इति, शब्दस्पर्शतन्मात्रसहिताद्रूपतन्मात्रात्तेजः शब्दस्पर्शरूपगुणमिति, शब्दस्पर्शरूपतन्मात्रसहितादरसतन्मात्रादापः शब्दस्पर्शरूपरसगुणा इति, शब्दस्पर्शरूपरसतन्मात्रसहिताद् गन्धतन्मात्रात् शब्दस्पर्शरूपरसगन्धगुणा पृथिवी जायत इति, पञ्चभ्यः पञ्चभूतकमित्यर्थः ॥४०॥

अन्वयः - रूपात् तेजः, रसात् आपः, गन्धात् भूमिः, स्वरात् नभः, स्पर्शात् वायुः तथा एवम् च पञ्चभ्यः भूतपञ्चकम् ॥४०॥

सुधा—रूपात्=रूपतन्मात्रात्, तेजः, रसात्=रसतन्मात्रात्, आपः=जलम्, गन्धात्=गन्धतन्मात्रात्, भूमिः=पृथ्वी, स्वरात्=आकाशतन्मात्रात्, नभः=आकाशः, स्पर्शनात्=स्पर्शनतन्मात्रात्, वायुः, तथा एवम् च=एवमेव, पञ्चभ्यः=पञ्चतन्मात्रेभ्यः, भूतानि पञ्चकम्=पृथिव्यादि पञ्चभूतानि । चक्षुर्मात्रग्राह्यो गुणो रूपम्, रसनाग्राह्यो रसः, घ्राणग्राह्यो गुणो गन्धः, कर्णमात्रग्राह्यो स्वरः, त्वग्मात्रग्राह्यो स्पर्शः । एवं पञ्चतन्मात्रेभ्यः पञ्चभूतान्युत्पद्यन्ते । असाधारणैकगुणकथितम् । उत्पत्तिश्च शब्दतन्मात्रात्स्पर्शः शब्दगुणकमाकाशः । शब्दतन्मात्रसहितात्स्पर्शतन्मात्राद्वायुः शब्दस्पर्शगुणः शब्दस्पर्शतन्मात्रसहिताद् रूपतन्मात्रात्तेजः, शब्दस्पर्शरूपगुणमिति; शब्दस्पर्शरूपतन्मात्रसहिताद्रसतन्मात्रादापः शब्दस्पर्शरूपरसगुणा इतिः शब्दस्पर्शरूपरसतन्मात्रसहिताद् गन्धतन्मात्रात् शब्दस्पर्शरूपरसगन्धगुणा पृथ्वीति [illegible] ॥४०॥

पदार्थ रूपात्=रूपतन्मात्रा से। तेजः=तेज उत्पन्न हुआ। रसात्=रसतन्मात्रा [illegible]=जल उत्पन्न हुआ। गन्धात्=गन्धतन्मात्रा से। भूमिः=पृथ्वी उत्पन्न हुई। [illegible]=शब्दतन्मात्रा से। नभः=आकाश उत्पन्न हुआ। स्पर्शात्=स्पर्शतन्मात्रा से। वायुः=वायु उत्पन्न हुआ। तथा एवं च=और इस प्रकार से। पञ्चभ्यः=पाँचों तन्मात्राओं से। भूतपञ्चकम्=पाँचों भूत—पृथ्वी आदि उत्पन्न हुए ॥ ४० ॥

भाषाप्रकाश—पाँचों तन्मात्राएँ—रूप-रस-गन्ध-स्पर्श और शब्द सूक्ष्म पञ्च महाभूत हैं, जिनसे ही स्थूल पञ्च महाभूत की उत्पत्ति होती है। पञ्चतन्मात्राएँ अतीन्द्रिय, सूक्ष्म एवं दिव्य हैं। इन्द्रियों में तन्मात्राएँ अधिष्ठित हैं, अतः उन्हीं के माध्यम से स्थूल भूतों का साक्षात्कार होता है। सूक्ष्म से स्थूल की उत्पत्ति होती है। स्थूल से सूक्ष्म अधिक शक्तिशाली व दिव्य होता है। पञ्चतन्मात्रा सप्त विकृतियों में आती हैं, उनसे स्थूल पञ्चमहाभूत उत्पन्न होते हैं, जो कि विकार हैं। सप्त विकृतियों से विकार उत्पन्न होते हैं और पञ्चतन्मात्राओं से पञ्चमहाभूत उत्पन्न होते हैं। रूपतन्मात्रा से तेज की उत्पत्ति होती है। जो नेत्र से ग्रहण किया जाय उसे तेज कहते हैं। रूप के आश्रय सूक्ष्म तन्मात्रा से तेज की उत्पत्ति होती है। तेज के चार भेद हैं

१ औत—अग्नि आदि।

२ दिव्य—विद्युत-सूर्य आदि।

३ उदर्य—पेट के अन्दर जठराग्नि, जिससे भोजन पचता है और शरीर का तापमान बना रहता है।

४ आकर ज—स्वर्ण मणि, चमकीली धातुएँ।

रसतन्मात्रा से जल उत्पन्न होता है। वही रसतन्मात्रा जिह्वा के अग्रभाग में स्थित है, जिसके द्वारा जल के रस का अनुभव होता है। गन्धतन्मात्रा से भूमि की उत्पत्ति होती है, नासिका इसकी इन्द्रिय है। शब्दतन्मात्रा से आकाश उत्पन्न होता है, इसे ग्रहण करनेवाली इन्द्रिय कान है। स्पर्शतन्मात्रा से वायु की उत्पत्ति होती है, इसकी इन्द्रिय त्वचा है। आकाश सबसे सूक्ष्म भूत है, जिसकी उत्पत्ति शब्दतन्मात्रा से है; अतः आकाश में एक ही गुण है—शब्द। शब्दतन्मात्रासहित स्पर्शतन्मात्रा से वायु की उत्पत्ति होती है; अतः वायु में शब्द और स्पर्श दोनों गुण पाए जाते हैं, किन्तु उसका स्वाभाविक गुण स्पर्श ही है। शब्द तो शब्दतन्मात्रा उसमें सम्मिलित होने के कारण नैमित्तिक गुण के रूप में पाया जाता है। रूपतन्मात्रा से तेज की उत्पत्ति होती है, रूप इसका स्वाभाविक गुण होता है किन्तु इसमें शब्द और स्पर्श तन्मात्राएँ व्यापक हैं; अतः तेज में शब्द, स्पर्श एवं रूप गुण होते हैं। शब्द एवं स्पर्श इसके नैमित्तिक गुण हैं।

रसतन्मात्रा से जल की उत्पत्ति होती है। रस जल का स्वाभाविक गुण है, किन्तु इसमें शब्द, स्पर्श एवं रूप व्यापक है; अतः जल में रस स्वाभाविक एवं शब्द, स्पर्श एवं रूप नैमित्तिक रूप में पाए जाते हैं। गन्धतन्मात्रा से पृथ्वी की उत्पत्ति है, गन्ध पृथ्वी का स्वाभाविक गुण है। गन्धतन्मात्रा में शब्द, स्पर्श, रूप एवं रस व्यापक हैं। अतः पृथ्वी में स्वाभाविक गुण गन्ध के साथ-साथ शब्द, स्पर्श, रूप एवं रस भी पाए जाते हैं। मन ग्यारहवाँ इन्द्रिय है, जो कि महत्तत्त्व का विकार है। इस प्रकार सात विकृतियों से सोलह विकार उत्पन्न होते हैं।

पच्चीस तत्त्वों में जो इन्द्रियों के द्वारा जाने जाते हैं उनका तो प्रत्यक्ष होता ही है, जो इन्द्रियगम्य नहीं हैं, उनका अनुमान व शब्द के द्वारा बोध होता है। सांख्य दर्शन में कहा भी गया है कि 'अचाक्षुषाणामनुमानेन बोधः धूमादिभिरिव वह्नेः'। जिस प्रकार धुएँ को देखकर अग्नि का बोध अनुमान के द्वारा हो जाता है उसी प्रकार अतीन्द्रिय तत्त्वों का भी अनुमान द्वारा बोध होता है। यद्यपि योगाभ्यास द्वारा सभी अतीन्द्रिय तत्त्वों का प्रत्यक्ष व साक्षात्कार होता है तथापि सर्वसाधारण को अनुमान द्वारा ही बोध हो पाता है।

स्थूल पञ्चमहाभूत प्रत्यक्ष द्वारा अनुभव किए जाते हैं। सभी प्राणी, जिनके इन्द्रियाँ हैं वे सभी पञ्च स्थूल महाभूतों का प्रत्यक्ष करते हैं। पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं आकाश—इन पाँच महाभूतों के प्रत्यक्ष से इनके कारणरूप परम सूक्ष्म गन्ध, रस, रूप, स्पर्श व शब्द का अनुमान होता है। पञ्चतन्मात्राओं के साथ बाह्य व आभ्यन्तर वृत्तियों में अहंकार सम्बद्ध है, अतः उनके द्वारा अहंकार की सिद्धि होती है। जैसा कि सांख्यसूत्र भी है—''स्थूलात् पञ्चतन्मात्रस्य, बाह्याभ्या-

तराभ्यां तैश्चाहंकारस्य । तेनान्तःकरणस्य" अहंकार से मन, बुद्धि और चित्त की सिद्धि होती है । "ततः प्रकृतेः" ॥ अन्तःकरण से मूल प्रकृति की सिद्धि होती है । "संहतपरार्थत्वात् पुरुषस्य" । प्रकृति, विकृति व विकार दूसरे के लिए हैं, अतः उनसे पुरुष (आत्मा) का अनुमान होता है ॥४०॥

एवं चतुर्विंशतितत्त्वरूपं निवेदितं सांख्यमते प्रधानम् ।
अन्यस्त्वकर्ता विगुणस्तु भोक्ता तत्त्वं पुमान्नित्यचिदभ्युपेतः ॥४१॥

प्रकृतिविस्तरमेवोपसंहरन्नाह—**एवमित्यादिना** ।

एवं पूर्वोक्तप्रकारेण सांख्यमते चतुर्विंशतितत्त्वरूपं प्रधानं निवेदितम् । प्रकृतिर्महानहङ्कारश्चेति त्रयम्, पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, मनस्त्वेकं, पञ्च तन्मात्राणि, पञ्च भूतानि.रूपं यस्येत्येवंविधा प्रकृतिः कथितेत्यर्थः । पञ्चविंशतितमं तत्त्वमाह—**अन्यस्त्विति** । अन्योऽकर्ता पुरुषः, प्रकृतेरेव संसरणादिधर्मत्वाद्, यदुक्तं—प्रकृतिः करोति प्रकृतिर्बध्यते, प्रकृतिर्मुच्यते, पुरुषोऽबद्धः पुरुषो मुक्तः, पुरुषस्तु—

अमूर्तश्चेतनो भोगी नित्यः सर्वगतोऽक्रियः ।
अकर्ता निर्गुणः सूक्ष्म आत्मा कापिलदर्शने ॥

पुरुषगुणानाह—**विगुण इति** । सत्त्वरजस्तमोरूपगुणत्रयविकलः, **तथा** भोक्ता भोगी, एवंप्रकारः पुमान् तत्त्वं पञ्चविंशतितमं तत्त्वमित्यर्थः । **तथा** नित्यचिदभ्युपेतः, नित्या चासौ चिच्चैतन्यशक्तिस्तयाऽभ्युपेतः सहितः, आत्मा हि स्वं बुद्धेरव्यतिरिक्तमभिमन्यते, सुखदुःखादयश्च विषया इन्द्रियद्वारेण बुद्धौ संक्रामन्ति, बुद्धिश्चोभयमुखदर्पणाकारा, ततस्तस्यां चैतन्यशक्तिः प्रतिबिम्बते ततः सुख्यहं दुःख्यहमित्युपचर्यते, आह च पातञ्जले—'शुद्धोऽपि पुरुषः प्रत्ययं बौद्धमनुपश्यति तमनुपश्यन्नतदात्माऽपि तदात्मक इव प्रतिभासत' (यो० सू० ।२।२०॥ व्यासभाष्यम्) **इति** । **मुख्यतस्तु** चिच्छक्तिर्विषयपरिच्छेदशून्या, बुद्धेरेव **विषयपरिच्छेदस्वभावत्वात् चिच्छक्तिसन्निधानाच्चाचेतनाऽपि बुद्धिश्चेतना वतीवावभासते, बादमहार्णवोऽप्याह**—

बुद्धिदर्पणसंक्रान्तमर्थविप्रतिबिम्बकम् ।
द्वितीयदर्पणकल्पं पुरुषे ह्यधिरोहति ॥

तदेव भोक्तृत्वमस्य न तु विकारोत्पत्तिरिति । तथा चासुरिः—

विविक्ते दृक्परिणतौ बुद्धौ भोगोऽस्य कथ्यते ।
प्रतिबिम्बोदयः स्वच्छो यथा चन्द्रमसोऽम्भसि ॥

विन्ध्यवासी त्वेवं भोगमाचष्टे—

पुरुषोऽविकृतात्मैव स्वनिर्भासमचेतनम् ।
मनः करोति सान्निध्यादुपाधेः स्फटिको यथा ॥

इति नित्यचिज्ज्ञानयुक्तः ।

बन्धमोक्षसंसाराश्च नित्येऽप्यात्मनि भृत्यगतयोर्जयपराजययोरिव तत्फलकोशलाभादिसम्बन्धे नस्वामिन्युपचारवदत्राप्युपचर्यन्त इत्यदोषः॥४१॥

अन्वयः—एवं सांख्यमते चतुर्विंशतितत्त्वरूपं प्रधानं निवेदितम् । अन्यः तु अकर्ता, विगुणः तु भोक्ता नित्यचित् अभ्युपेतः तत्त्वं पुमानिति ॥४१॥

सुधा—एवम्=पूर्वोक्तप्रकारेण, सांख्यमते=सांख्यदर्शने, चतुर्विंशतितत्त्वरूपं=प्रकृतिर्महानहङ्कारश्चेति त्रयम्, पञ्च बुद्धीन्द्रियाणि, पञ्च कर्मेन्द्रियाणि, मनः, पञ्चतन्मात्राणि, पञ्च भूतानि एवं चतुर्विंशतिविधा; प्रधानं=प्रकृतिः, निवेदितं=कथिता । अन्यः=प्रकृतिभिन्नः, तु=एवं, अकर्ता=अक्रियः, विगुणः=सत्त्वरजस्तमोरूपगुणत्रयविकलः, भोक्ता=भोगी, नित्यचित्—नित्या चासौ चित् चैतन्यशक्तिस्तया, अभ्युपेतः=सहितः, तत्त्वं=पञ्चविंशतितत्त्वरूपम्, पुमानिति=पुरुषः मन्तव्येति । उक्तञ्च—

अमूर्तश्चेतनो भोगी नित्यः सर्वगतोऽक्रियः ।
अकर्ता निर्गुणः सूक्ष्मः आत्मा कापिलदर्शने ॥४१॥

पदार्थ—एवम्=इस प्रकार । सांख्यमते=सांख्यमत में । चतुर्विंशतितत्त्वरूपम्=चौबीस तत्त्वरूप में । प्रधानम्=मूल प्रकृति । निवेदितम्=कही गई । अन्यः=प्रकृति से भिन्न । तु, अकर्ता=क्रियारहित । विगुणः=सत्त्व-रज-तम से भिन्न गुणरहित । भोक्ता=भोग करने वाला । नित्यचित्=नित्य चैतन्यवान् । अभ्युपेतः=चैतन्यगुणयुक्त । तत्त्वम्=पच्चीसवाँ तत्त्व । पुमान्=पुरुष अथवा आत्मा माना गया है, जो कि प्रकृति-विकृति व विकार से भिन्न है ॥४१॥

भाषाप्रकाश—सांख्य दर्शन में कुल पच्चीस तत्व माने गए हैं—१. मूल-प्रकृति, २. महत्तत्त्व, ३. अहंकार, ४. रूप, ५. रस, ६. गन्ध, ७. स्पर्श, ८. शब्द, ९. पृथ्वी, १०. जल, ११. तेज, १२. आकाश, १३. वायु, १४. नासिका, १५. कान, १६. नेत्र, १७. त्वचा, १८. जिह्वा, १९. हाथ, २०. पैर, २१. गुदा, २२ उपस्थ, २३. वाणी, २४. मन और २५. पुरुष। संक्षेप में मूल प्रकृति, उसकी सात विकृतियाँ एवं उनसे सोलह विकार तथा पुरुष—यही पच्चीस तत्त्व हैं ।

अब तक मूल प्रकृति, उसकी सात विकृतियाँ एवं सोलह विकारों का निरूपण किया गया । अब पच्चीसवाँ तत्त्व, जो पुरुष है, का निरूपण किया जायगा ।

पुरुष (आत्मा) प्रकृति से भिन्न है, चेतना और नित्यत्व उसके मुख्य लक्षण हैं। संसार में जड़ एवं चेतन की सत्ता प्रत्यक्ष प्रमाण से सिद्ध है। प्राणियों में चेतना प्रत्यक्ष रूप में देखी जाती है। चेतन ज्ञाता है, जड़ ज्ञेय है। वह भोक्ता है, जड़ भोग्य है। जड़-चेतन का भेद स्पष्ट एवं स्वयंसिद्ध है। इसीलिए सांख्य दर्शन में कहा गया कि—"अस्त्यात्मानास्तित्वसाधनाभावात्" अर्थात् आत्मा है, क्योंकि उसके न होने में कोई प्रमाण नहीं है।

सांख्य दर्शन में महर्षि कपिल ने कहा है कि "शरीरादिव्यतिरिक्तः पुमान्" अर्थात् शरीरादि से आत्मा भिन्न है। महर्षि कपिल ने पुरुष (आत्मा) की सिद्धि में निम्नलिखित हेतु दिए हैं -

१. **संहतपरार्थत्वात्**—प्रकृति के सभी कार्य एवं सम्पूर्ण सृष्टिरचना दूसरे के लिए है। जिस प्रकार बिस्तर से युक्त चारपाई को देख कर यह अनुमान किया जाता है कि यह किसी बैठने वाले के लिए बिछाई गई है उसी प्रकार सम्पूर्ण सृष्टि का विस्तार पुरुष (आत्मा) के लिए है। यदि आत्मा की सत्ता न मानी जाय तो समग्र सृष्टि की रचना ही व्यर्थ हो जायगी; क्योंकि सभी जड़पदार्थ प्रयोजन से हैं और बिना आत्मा की सत्ता के प्रयोजन की सिद्धि असम्भव है।

२. **त्रिगुणादिविपर्ययात्**—सुख-दुःख-मोहादि प्रवृत्तियों व अनुभवों की विचित्रता है। कोई सुखी है तो कोई दुःखी। कोई गाता है तो कोई रोता है। इस प्रकार सत्त्व, रज एवं तम—इन तीनों गुणों की विषमता से भी सिद्ध है कि पुरुष (आत्मा) है।

३ **अधिष्ठानाच्च**—चेतन जड़ का अधिष्ठाता है, उसका वह साक्षी है। पुरुष के साक्षित्व में ही सारा जड़ जगत नियन्त्रित हो रहा है, अतः इससे भी सिद्ध है कि पुरुष (आत्मा) है।

४. **भोक्तृभावात्**—भोक्ता और भोग्य दो देखे जाते हैं। जड़ भोग्य है और चेतन भोगने वाला है। अतः भोगनेवाला होने के कारण भी पुरुष (आत्मा) की सिद्धि होती है। पुरुष भोग करता है, प्रधान भोग्य है।

५. **कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च** दुःख से छूटने की अभिलाषा एवं परमानन्द प्राप्त करने की इच्छा चेतन में है; अतः कैवल्य के लिए इच्छा व प्रवृत्ति देखे जाने से यह सिद्ध होता है कि पुरुष है, जो कि शरीरादि प्रकृति से भिन्न है। इसी को ईश्वरकृष्ण ने अपनी सांख्यकारिका में इस प्रकार कहा है—

संघातपरार्थत्वात्त्रिगुणादिविपर्ययधिष्ठानात् ।
पुरुषोऽस्ति भोक्तृभावात्कैवल्यार्थं प्रवृत्तेश्च ॥

क्षेमेन्द्रविरचित सांख्यतत्त्वविवेचन में भी पुरुष का निरूपण करते हुए इस प्रकार कहा गया है—

१. पुरि शयनात् प्रमाणात् पूरणात् पुरुवृत्तितः ।
स चानादिः सर्वगतश्चेतनो निर्गुणोऽपरः ॥
२. दृष्टा भोक्ता क्षेत्रविदमलोऽप्रसवधर्मकः ।
सूक्ष्मो नित्यो ह्यनादिस्त्वमध्यनिधनोऽपि सः ॥
३ सर्वमाप्तमनेनेति तस्मात् सर्वगतस्तु सः ।
सुखोपलब्धिमत्वाच्च चेतनोऽनिर्गुणस्तथा ॥
४. सत्त्वादिगुणराहित्यात् परः परतया स्मृतः ।
दृश्यप्रकृतिसम्बन्धात् दृष्टा भोक्तानुभावनात् ॥
५. क्षेत्रे गुणगतं वेत्ति क्षेत्रज्ञ इति कीर्तितः ।
शुभाशुभादिसंसर्गाभावादमल इष्यते ॥
६ निर्बीजत्वात् प्रसूते च नेत्यप्रसवधर्मकः ।
निरङ्गत्वादीन्द्रियत्वात् सूक्ष्मो नित्यः सनातनः ॥
७. एवं सांख्यः स पुरुषो व्याख्यातः पूर्वसूरिभिः ।
जीवो जन्तुः पुमानात्मा पुरुषः पूजको नरः ॥

'पुरि शयनात् पुरुषः' अर्थात् शरीर में रहने के कारण यह पुरुष कहलाता है। प्रमाणों से यह सिद्ध है कि यह पुरुषार्थ वृत्तिवाला है एवं पूर्णता इसका स्वभाव है। यह अनादि है, सर्वव्यापक है, निर्गुण है तथा सबसे सूक्ष्म है। द्रष्टा एवं भोगने वाला है, प्रकृति को जानने वाला है, विकृति का ज्ञाता है, विकारों का अनुभव करने वाला है तथा असंग एवं निर्दोष है। पुरुष में किसी प्रकार का विकार उत्पन्न नहीं होता, यह सूक्ष्म एवं नित्य है, शरीर छोड़ने के बाद में भी रहता है। उससे सब कुछ व्याप्त है, सुख-दुःख का अनुभव करने के कारण वह चेतन है, तीनों गुणों से परे है। दृश्य जगत का वह दर्शन व अनुभव करता है, अतएव द्रष्टा है। अनुभव करने के कारण वह भोक्ता है। क्षेत्र (जगत) के गुणों का अनुभव करता है, अतएव क्षेत्रज्ञ है। स्वभाव से पुण्य-पाप-रहित है, अतएव वह पवित्र है। अतीन्द्रिय है, अतः सूक्ष्म है, नित्य एवं सनातन है। गीता में कहा भी गया है—

प्रकृतेः क्रियमाणानि गुणैः कर्माणि सर्वशः ।
अहंकारविमूढात्मा कर्ताहमिति मन्यते ॥
प्रकृत्यैव च कर्माणि क्रियमाणानि सर्वशः ।
यः पश्यति सदात्मानमकर्तारं स पश्यति ॥

पुरुष असंग एवं अकर्ता है। सारे कर्म प्रकृति के द्वारा ही होते रहते हैं। अहंकार से विमूढ़ होकर पुरुष ही अपने को यद्यपि कर्ता मानता है किन्तु प्रकृति एवं कर्म के रहस्य को जो जानता है वह पुरुष को अकर्ता ही देखता है।

प्रश्न चेतना ही पुरुष (आत्मा) का प्रधान लक्षण है। चार्वाक मत में माना गया है कि चेतना पञ्च भूतों के मेल से उत्पन्न होती है और शरीर के साथ ही समाप्त हो जाती है; अतः शरीर से भिन्न आत्मा (पुरुष) की सिद्धि नहीं होती।

उत्तर—चेतना पञ्चभूतों के मेल से उत्पन्न नहीं हो सकती, क्योंकि वह किसी भूत में नहीं पाई जाती। जैसा कि महर्षि कपिल ने कहा भी है कि "न भूतचैतन्यं प्रत्येकादृष्टेः" अर्थात् प्रत्येक भूत में चैतन्य गुण नहीं पाया जाता, इसलिए उनके मेल से आत्मा की उत्पत्ति नहीं हो सकती। यदि यह कहा जाय कि जिस प्रकार महुआ में शराब नहीं पाई जाती किन्तु उसे सड़ा देने से उसके विकारस्वरूप मादक द्रव्य शराब उत्पन्न हो जाता है उसी प्रकार यद्यपि पञ्चभूतों में से प्रत्येक में चेतना नहीं पाई जाती, किन्तु जब यह आपस में मिलकर शरीर का निर्माण करते हैं तो आत्मा उत्पन्न हो जाता है—तो यह भी ठीक नहीं है, क्योंकि सड़ने से पूर्व पदार्थ में मादक द्रव्य अनुद्भूत रूप में विद्यमान था। जब उसे सड़ाया गया तो वह द्रव्य उद्भूत हो गया, अतः अभाव से भाव की उत्पत्ति असम्भव है। अतः देहादिव्यतिरिक्तोऽसौ वैचित्र्यात् ॥

प्रश्न—पुरुष (आत्मा) एक है अथवा अनेक ?

उत्तर—सांख्यशास्त्र में पुरुष को अनेक माना गया है। "जन्मादिव्यवस्थातः पुरुषबहुत्वम्" अर्थात् जन्मादि व्यवस्था में अनेकता, विविधता एवं विचित्रता है; अतः पुरुष (आत्मा) अनेक है। पुण्यात्मा स्वर्ग की प्राप्ति करता है, पापी नरक में जाता है। अज्ञानी बँधता है, ज्ञानी छूटता है। एक ही क्षण व काल में कोई सुखी है तो कोई दुःखी अतः सिद्ध है कि पुरुष अनेक है। ईश्वरकृष्णकृत सांख्यकारिका में कहा भी गया है—

जन्ममरणकारणानां प्रतिनियमादयुगपत्प्रवृत्तेश्च।
पुरुषबहुत्वं सिद्धं त्रैगुण्यविपर्ययाच्चैव ॥

जन्म-मरण की व्यवस्था में अनेकता होने के कारण, पृथक्-पृथक् शरीर व इन्द्रियों में स्थिति के कारण एवं भिन्न-भिन्न प्राणियों की विभिन्न प्रवृत्तियों के कारण; साथ ही सभी प्राणियों में सत्त्व, रज एवं तम गुण की विषमता के फलस्वरूप भिन्न भिन्न स्वभाव देखने से यह सिद्ध होता है कि पुरुष (आत्मा) अनेक है ॥४१॥

पञ्चविंशतितत्त्वानि सांख्यस्यैवं भवन्ति च।
प्रधाननरयोश्चात्र वृत्तिः पङ्ग्वन्धयोरिव ॥४२॥

तत्त्वोपसंहारमाह—**पञ्चविंशतितत्त्व नोत्यादिना।**

पूर्वार्धं निगदसिद्धम्, अत्र सांख्यमते प्रधाननरयोः प्रकृतिपुरुषयोर्वृत्तिर्वर्तनं पंग्वन्धयोरिव पङ्ग्वगुश्चरणविकलः, अन्धश्च नेत्रविकलः, यथा पङ्ग्वन्धौ संयुक्तावेव कार्यसाधनाय प्रभवतो न पृथग्भूतौ प्रकृतिपुरुषयोरपि तथैव कार्यकर्तृत्वम्, प्रकृत्युपात्तं पुरुषो भुङ्क्त इत्यर्थः ॥४२॥

अन्वयः—एवं च सांख्यस्य पञ्चविंशतितत्त्वानि भवन्ति। अत्र च प्रधाननरयोः पङ्ग्वन्धयोः इव वृत्तिः ॥४२॥

सुधा—एवं=पूर्वोक्तप्रकारेण, च=विशेषः, सांख्यस्य=कपिलदर्शनस्य, पञ्चविंशतितत्त्वानि=मूलप्रकृतिः, सप्तविकृतिः, षोडशविकाराः पुरुषश्च पञ्चविंशतितत्त्वानि, भवन्ति=प्रतिपादितानि। अत्र च=सांख्यमते, प्रधाननरयोः=प्रकृतिपुरुषयोः, पङ्ग्वन्धयोः इव—पङ्गुश्चरणविकलः अन्धश्च नेत्रविकलः, तयोरिव; वृत्तिः=संयोगः ज्ञेयः। पङ्ग्वन्धवदुभयोरपि संयोगः तत्कृतः सर्गः ॥४२॥

पदार्थ—एवं च=इस प्रकार। सांख्यस्य=सांख्यदर्शन के। पञ्चविंशतितत्त्वानि=पच्चीस तत्त्व। भवन्ति=होते हैं। अत्र च=सांख्यमत में। प्रधाननरयोः=प्रकृति और पुरुष का। पङ्ग्वन्धयोरिव=लंगड़े और अन्धे की भाँति। वृत्तिः=संयोग होता है; उसी से सृष्टि होती है ॥४२॥

भाषाप्रकाश—मूल प्रकृति, महत्तत्त्व, अहंकार एवं पञ्चतन्मात्राएँ सात विकृतियाँ, पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ, पाँच कर्मेन्द्रियाँ, मन एवं पञ्चमहाभूत आदि सोलह विकार एवं पच्चीसवाँ तत्त्व पुरुष का वर्णन किया गया। यही पच्चीस तत्त्व सांख्य-प्रतिपादित पदार्थ हैं, जिनका निरूपण किया गया। मूल प्रकृति (प्रधान) एवं पुरुष (आत्मा)—यह दोनों ही नित्य हैं। सातों विकृतियाँ एवं सोलह विकार—यह तेईस तत्त्व अनित्य हैं। प्रधान एवं पुरुष के संयोग से विकृति व विकारस्वरूप सृष्टि का निर्माण होता है, अविवेक के कारण पुरुष प्रकृति से बँधता है और प्रकृति का ज्ञान व विवेक हो जाने पर पुरुष प्रकृति से छूट करके कैवल्य की प्राप्ति करता है। प्रकृति पुरुष को तबतक ही बाँधती है जबतक वह प्रकृति के स्वरूप को नहीं जानता। जब उसे जान जाता है तब प्रकृति उसे मुक्त कर देती है। वह पुरुष के प्रति उदासीन हो जाती है। इसी को कैवल्य अथवा अपवर्ग कहते हैं। सांख्यशास्त्र में कहा भी गया है कि—

"रूपैः सप्तभिरात्मानं बध्नाति विमोचयत्येकरूपेण ।"

अर्थात महत्तत्त्व, अहंकार एवं पञ्चतन्मात्रायें—यह सात रूप हैं, इन्हीं से प्रकृति पुरुष को बाँधती है, जन्म-जन्मान्तर देकर सुख-दुःख का भोग कराती है, किन्तु जब पुरुष को प्रकृति के स्वरूप का बोध हो जाता है तो विवेक के द्वारा ही प्रकृति उसे मुक्त कर देती है।

जब पुरुष में अविवेक आता है तब वह प्रकृति से संयुक्त होता है। सत्त्व-रज और तम तीनों प्रकृति के गुण विषम हो जाते हैं आदि तत्त्व महत्तत्त्व का उदय होता है। महत्तत्त्व में पुरुष का चैतन्यगुण प्रतिबिम्बित होता है तब अहंकार की उत्पत्ति होती है। पुरुष प्रकृति को ही अपना स्वरूप मानने लगता है तब उससे रूप-रस-स्पर्श-गन्ध व शब्द—ये पञ्चतन्मात्राएँ उत्पन्न होकर सोलह विकारों को जन्म देती है। शरीर धारण करके अहंकार से युक्त पुरुष अनेक कर्मबन्धनों में पड़ता है और उससे सुखी-दुःखी होता रहता है। आध्यात्मिक, आधिभौतिक एवं आधिदैविक इन त्रिविध तापों से वह पीड़ित रहता है और अन्ततः जन्म-जन्मान्तर के चक्र में पड़ करके असंख्य शरीर को कर्मानुसार प्राप्त करता रहता है।

प्रकृति और पुरुष का संयोग लंगड़े और अन्धे के संयोग के समान है। लंगड़े में चलने की शक्ति नहीं और अन्धे में देखने की क्षमता नहीं, जबकि दोनों को रास्ता तय करना है, कुछ दूर तक जाना है; फलतः दोनों में समझौता और संयोग हुआ। लंगड़ा अन्धे के कन्धे पर सवार हो गया, लंगड़ा रास्ता बतलाने लगा और अन्धा चलने लगा। इस प्रकार दोनों ने यात्रा पूरी कर ली। इसी प्रकार प्रकृति और पुरुष का संयोग है। प्रकृति में चेतना व ज्ञान भले न हों, किन्तु शक्ति है कर्तृत्व है; अतएव वह अन्धे की भाँति है। पुरुष में चेतना है, ज्ञान है किन्तु शक्ति नहीं, कर्तृत्व नहीं; अतः वह लंगड़ा है। प्रकृति की शक्ति व कर्तृत्व तथा पुरुष का चैतन्य व ज्ञान मिलकर सृष्टि का निर्माण होता है। यही प्रकृति और पुरुष का संयोग है, जो कि जगत का मूल कारण है। जब अविवेक का नाश हो जाता है और विवेक का उदय होता है तब लंगड़े पुरुष की यात्रा समाप्त हो जाती है। वह अन्धी प्रकृति के कन्धे से उतर जाता है और दोनों का संयोग छिन्न हो जाता है। वही परम कैवल्य है, जहाँ वह विवेक द्वारा अपने स्वरूप में स्थित हो जाता है।

अंधे-लंगड़े के दृष्टान्त के सम्बन्ध में एक प्राचीन रोचक कहानी कही जाती है, जो इस प्रकार है—

नदी किनारे ग्राम एक था बसा हुआ भारी।
उसी ग्राम में रहते निसिदिन बाल वृद्ध नर नारी॥

एक समय में आग लगी जब भाग बचे नर-नारी।
सबने अपनी जान बचायी जितने थे घर-बारी॥
उसी ग्राम में एक आदमी था आँखों का अन्धा।
उसी ग्राम में एक लंगड़ा था जिसे न था कुछ धन्धा॥
अन्धा बोला लंगड़े से तुम कन्धे पर चढ़ जाओ।
मैं चलता हूँ तुमको लेकर आगे राह बताओ॥
अन्धा चलता जाता था तो लंगड़ा राह बताता था।
चलते-चलते अन्धा अपनी रोचक बात बताता था॥
दोनों मिलकर एक साथ हो एक जगह पर आए।
इसी तरह से दोनों मिलकर अपनी जान बचाए॥
इसी तरह से प्रकृति पुरुष ने मिलकर सृष्टि बनाये।
लंगड़ा पुरुष प्रकृति है अन्धी ज्ञान हुए बिलगाए॥४२॥

प्रकृतिवियोगो मोक्षः पुरुषस्यैवान्तरज्ञानात्।
मानत्रितयं च भवेत् प्रत्यक्षं लैङ्गिकं शाब्दम्॥४३॥

मोक्षप्रमाणं चाह—**प्रकृतिवियोग** इत्यादिना।

मोक्षः किमुच्यत इत्याह—पुरुषस्यात्मन आन्तरज्ञानाद्विविधबन्धविच्छेदात्प्रकृतिवियोगो यः स मोक्षः प्रकृत्या सह वियोगे विरहे सति पुरुषस्यापवर्ग इति, आन्तरज्ञानं च बन्धविच्छेदाद्भवति, बन्धश्च प्राकृतिकवैकृतिकदाक्षिणभेदात्त्रिविधः। तद्यथा—प्रकृतावात्मज्ञानाद् ये प्रकृतिमुपासते तेषां प्राकृतिको बन्धः, ये विकारानेव भूतेन्द्रियाहङ्कारबुद्धीः पुरुषबुद्धयोपासते तेषां वैकारिकः, इष्टापूर्ते दाक्षिणः, इष्टापूर्तं जनभोजनदानादिकं तस्मिन् पुरुषतत्त्वानभिज्ञो हीष्टकारी कामोपहतमना बध्यत इति।

इष्टापूर्तं मन्यमाना वरिष्ठं नान्यत् श्रेयो वेऽभिनन्दन्ति मूढाः।
नाकस्य पृष्ठे ते सुकृतेन भूत्वा इमं लोकं हीनतरं वा विशन्ति॥
इति वचनाद्। मुण्डकोप० ।१।२।१०॥

इति त्रिविधबन्धविच्छेदात्पुरुषानुभवस्ततः प्रकृतिवियोगः पुरुषस्य; प्रकृतिपुरुषविवेकदर्शनाच्च निवृत्तायां प्रकृतौ पुरुषस्य स्वरूपावस्थानं मोक्ष इति श्लोकपूर्वार्द्धम्, मानत्रितयं च भवेत् स्यात् प्रत्यक्षं लैङ्गिकं शाब्दं, चकारः सर्वत्र सम्बध्यते। प्रत्यक्षमिन्द्रियोपलभ्यं, लैङ्गिकमनुमानगम्यं, शाब्दं चागमस्वरूपमिति प्रमाणत्रयम्॥४३॥

अन्वयः—पुरुषस्य एव आन्तरज्ञानात् प्रकृतिवियोगः मोक्षः । च प्रत्यक्षं लैङ्गिकं शाब्दं मानत्रितयं भवेत् ॥४३॥

सुधा—पुरुषस्य=आत्मनः आन्तरज्ञानात्=अध्यात्मप्रकाशात् अतीन्द्रिय-विषयावगमात्, प्रकृतिवियोगः=प्रधानसंयोगविच्छेदः, विरहः; मोक्षः=अपवर्गः, कैवल्यमिति स्वरूपावस्थानम् आन्तरज्ञानं च बन्धविच्छेदाद्भवति, बन्धश्च प्राकृतिक-वैकृतिकदाक्षिणभेदात्त्रिविधः । प्रकृतावात्मज्ञानाद् ये प्रकृतिमुपासते तेषां प्राकृतिको बन्धः, ये विकारानेव पुरुषबुद्ध्योपासते तेषां वैकारिकः, इष्टापूर्ते कामोपहतमना दाक्षिणः । एवं विविधबन्धविच्छेदात्पुरुषानुभवः, ततः प्रकृतिवियोगः पुरुषस्य मोक्षः । च=अपरमपि, प्रत्यक्षम्—अक्षं अक्षं प्रति प्रत्यक्षं=इन्द्रियादिजन्यम्, ये सम्बद्धं सत् तदाकारोल्लेखि विज्ञानं तत्प्रत्यक्षम्, लैङ्गिकम्=अनुमानगम्यम्, प्रतिबन्धदृशः प्रतिबद्धज्ञानमनुमानम्, शाब्दम्=आगमस्वरूपमिति आप्तवचनम्, मानत्रितयम्=प्रमाणत्रयम्, भवेत्=सांख्यमते स्वीकृतमिति ॥४३॥

पदार्थ—पुरुषस्य=आत्मा के । आन्तरज्ञानात्=आध्यात्मिक ज्ञान से । प्रकृति वियोगः=प्रकृति से छुटकारा पाना । मोक्षः=मोक्ष—कैवल्य अथवा अपवर्ग कहलाता है । च=और । प्रत्यक्षम्=इन्द्रिय और विषयों के संयोग से जो उत्पन्न हो । लैङ्गिकम्=अनुमान । शाब्दम्=आप्त पुरुषों के वचन । मानत्रितयम्=तीन प्रमाण । भवेत्=सांख्यमत में माने गए हैं ॥४३॥

भाषाप्रकाश—पुरुष जब विवेक द्वारा अपने स्वरूप को जान लेता है, आत्मसाक्षात्कार कर लेता है तब प्रकृति से उसका वियोग हो जाता है; उसी को मोक्ष कहते हैं । आत्मसाक्षात्कार आन्तरप्रत्यक्ष है, जो कि अतीन्द्रिय है । आत्म-साक्षात्कार हो जाने पर विवेक द्वारा अहंकार आदि सातों विकृतियों एवं सोलह विकारों से वियोग हो जाता है । यह सभी उस पुरुष के लिए अर्थशून्य व निष्प्रयोजन हो जाते हैं । महर्षि पतञ्जलि के शब्दों में—"पुरुषार्थशून्यानां गुणानां प्रतिप्रसवः कैवल्यं स्वरूपप्रतिष्ठा वा चित्तशक्तेरिति" विवेक द्वारा आत्मसाक्षात्कार हो जाने पर सत्त्व-रज-तम—ये तीनों गुण, सातों विकृतियाँ और सोलह विकार पुरुष के लिए निष्प्रयोजन होकर अपने-अपने कारण में विलीन हो जाते हैं । पुरुष अपने स्वभाव में स्थित हो जाता है और अपने चित्तशक्ति से कैवल्यस्वरूप आनन्द में निमग्न रहता है ।

सांख्यशास्त्र में कहा गया है कि "विवित्तबोधात् सृष्टिनिवृत्तिः प्रधानस्य सूदवत् पाके" अर्थात् विवेक द्वारा आत्मसाक्षात्कार हो जाने पर उस पुरुष के लिए सृष्टि का क्रम, जन्म-मरण सब समाप्त हो जाते हैं । जिस प्रकार भोजन बन जाने पर भोजन बनाने वाले रसोइये का काम समाप्त हो जाता है उसी प्रकार पुरुष के लिए प्रकृति की सृष्टि का कार्य भी समाप्त हो जाता है ।

विवेकी पुरुष के लिए तो सृष्टि की निवृत्ति हो जाती है, किन्तु अविवेकी के लिए प्रकृति की सृष्टिप्रक्रिया चला करती है ।

'इतर इतरवत् तद्दोषात्' । अर्थात् प्रधान और पुरुष में किसी एक का उदासीन हो जाना ही मोक्ष है । द्वयोरेकतरस्य वाप्यौदासीन्यमपवर्गः । विवेकी पुरुष के लिए प्रकृति की सृष्टि निवृत्त हो जाती है, किन्तु अन्य अविवेकी पुरुषों के लिए सृष्टि निवृत्त नहीं होती । जिस प्रकार रस्सी पड़ी देखकर उसमें सर्प की भ्रान्ति उत्पन्न होती है और यह भ्रान्ति उसी के लिए निवृत्त होती है, जिसे यह विवेक हो गया हो कि यह सर्प नहीं है रस्सी है; लेकिन भ्रान्त लोगों के लिए तो वह सर्प ही है । 'कर्मनिमित्त-योगाच्च ।' अर्थात् कर्म के संस्कार के कारण भी अन्य मूढ पुरुष के लिए सृष्टि का प्रवाह चला करता है, सब के लिए वह निवृत्त नहीं होती ।

'नर्तकीवत् प्रवृत्तस्यापि निवृत्तिः चरितार्थत्वात्' । अर्थात् जिस प्रकार नाचने-वाली वेश्या रंग-मंच पर अपना नाच दिखा करके निवृत्त हो जाती है उसी प्रकार प्रकृति भी पुरुष के लिए मुक्त हो जाती है । इसी बात को ईश्वरकृष्ण ने अपनी सांख्यकारिका में इस प्रकार कहा है—

रंगस्य दर्शयित्वा निवर्तते नर्तकी यथा नृत्यात् ।
पुरुषस्य तथात्मानं प्रकाश्य निवर्तते प्रकृतिः ॥

'दोषबोधेऽपि नोपसर्पणं प्रधानस्य कुलवधूवत्' अर्थात् जिस प्रकार कुल की स्त्री, अर्थात् विवाहिता पत्नी का दोष जब उसके पति को मालूम हो जाता है तो वह लज्जित होकर पुनः पति के पास नहीं जाती उसी प्रकार जब पुरुष को प्रकृति का विवेक हो जाता है तो वह भी पुरुष के लिए मुक्त हो जाती है ।

सांख्यकारिका में ईश्वरकृष्ण ने भी कहा है कि—

प्रकृतेः सुकुमारतरं न किञ्चिदस्तीति मे मतम् ।
या दृष्टास्मीति पुनर्न दर्शनमुपैति पुरुषस्य ॥

अर्थात् प्रकृति से अधिक सुकुमार और कोई नहीं है । जब वह यह जानती है कि पुरुष ने मुझे जान लिया है तो उस पुरुष के लिए वह मुक्त हो जाती है ।

जीवन्मुक्त पुरुष के लिए प्रकृति यद्यपि उदासीन हो जाती है तथापि वह शरीर धारण किए रहता है । 'चक्रभ्रमणवत् धृतशरीरः' अर्थात् जिस प्रकार कुम्हार चक्के को घुमाता है और फिर छोड़ देता है तो भी वह घूमता रहता है उसी प्रकार जीवन्मुक्त पुरुष भी प्रकृति से मुक्त होकर भी जीवित रहता है ।

तेन निवृत्तप्रसवामर्थवशात्सप्तरूपविनिवृत्ताम् ।
प्रकृतिं पश्यति पुरुष प्रेक्षकवदवस्थितः सुस्थः ॥

अर्थात् विवेकी पुरुष दर्शक की भाँति सातो विकृतियों सहित मुक्त हुई प्रकृति को स्वस्थ भाव मे देखता है और जीवन्मुक्त रूप में जीवित रहता है ।

दृष्टामयेत्युपेक्षक एको दृष्टाहमित्युपरमत्यन्या ।
सति संयोगेऽपि तयोः प्रयोजनं नास्ति सर्गस्य ॥

पुरुष प्रकृति की उपेक्षा करता है कि मैंने इसे देख लिया और प्रकृति पुरुष से मुक्त एवं निवृत्त हो जाती है कि मैं देख ली गई; अतः दोनों का संयोग रहने पर भी पुरुष के लिए सृष्टि करने का कोई प्रयोजन नहीं रह जाता; फलतः वह मुक्त रहता हुआ भी जीवित रहता है और साक्षीरूप में प्रकृति को देखता रहता है ।

सांख्यमत में तीन प्रमाण माने गए है--प्रत्यक्ष, अनुमान एवं शब्द । इन्द्रियों से साक्षात्कार जिससे हो वह प्रत्यक्ष है । केवल चिह्न को देखकर विषय का ज्ञान कर लेना अनुमान है एवं आप्त अर्थात् जिन्होंने यथार्थ रूप में साक्षात्कार करके अपने अनुभव का यथार्थ प्रवचन किया, वह शब्द प्रमाण है । शब्द प्रमाण में सांख्यशास्त्र ने वेदो को प्रमाण माना है और वेदों में भी सांख्यशास्त्र का सिद्धान्त विद्यमान है । अनेक श्रुतियाँ सांख्यशास्त्र के सिद्धान्तों का प्रतिपादन करती हैं, अतः सांख्य सिद्धान्त का बीज वेदों में निहित है और महर्षि कपिल ने भी वेदों को प्रमाणरूप में मान्य किया है ॥ ४३ ॥

[जैनमतम्]

एवं सांख्यमतस्यापि समासः कथितोऽधुना ।
जैनदर्शनसंक्षेपः कथ्यते सुविचारवान् ॥४४॥

अथोपसंहरन्नाह—एवमिति ।

पूर्वोक्तप्रकारेण सांख्यमतस्यापि समासः संक्षेपः कथितः, अपि समुच्चयार्थे न केवलं बौद्धनैयायिकयोः संक्षेप उक्तः, सांख्यमतस्याप्यधुना कथित इति. सांख्य इति पुरुषनिमित्तेयं संज्ञा, संख्यस्य इमे सांख्याः, तालव्यो वा शकारः, शङ्खनामाऽऽदिपुरुषः ।

अथ क्रमायातं जैनमतोद्देशमाह अधुनेत्युत्तरार्द्धेन सम्बध्यते । अधुना इदानीं जैनदर्शनसंक्षेपः कथ्यते कथंभूत इति ? सुविचारवान्, सुष्ठु शोभनो विचारोऽर्थोऽस्यास्तीत्यर्थे मतुप् । सुविचारवानिति साभिप्रायं पदम् । अपरदर्शनानि हि —

पुराणं मानवो धर्मः साङ्गो वेदश्चिकित्सितम् ।
आज्ञासिद्धानि चत्वारि न हन्तव्यानि हेतुभिः ॥

इत्याद्युक्त्या न विचारपदवीमाद्रियन्ते । जैनस्त्वाह—

अस्ति वक्तव्यता काचित्तेनेदं न विचार्यते ।
निर्दोषं काञ्चनं चेत्स्यात्परीक्षाया विभेति किम् ॥

इति युक्तियुक्तविचारपरम्परापरिचयपथपथिकत्वेन जैनो युक्तिमार्गमेवावगाहते, न च पारम्पर्यादिपक्षपातेन युक्तिमुल्लङ्घयति परमार्हतः, उक्तञ्च—

पक्षपातो न मे वीरे न द्वेषः कपिलादिषु ।
युक्तिमद्वचनं यस्य तस्य कार्यः परिग्रहः ॥

इत्यादिहेतुहेतिशतनिरस्तविपक्षप्रसरत्वेन 'सुविचारवान्' इत्यसाधारणविशेषणप्रसरणं ज्ञेयमिति ॥४४॥

अन्वयः—एवं सांख्यमतस्यापि समासः कथितः, अधुना सुविचारवान् जैनदर्शनसंक्षेपः कथ्यते ॥ ४४ ॥

सुधा—एवं=पूर्वोक्तप्रकारेण, सांख्यमतस्य=कपिलदर्शनस्य, अपि=च, समासः=संक्षेपः, कथितः=उक्तः । अधुना=इदानीं, सुविचारवान्--सुष्ठु=शोभनो विचारोऽर्थोऽस्यास्तीत्यर्थः, जैनदर्शनसंक्षेपः=जैनमतसमासः, कथ्यते=निगद्यते ॥४४॥

पदार्थ—एवम्=इस प्रकार । सांख्यमतस्य=सांख्य दर्शन का । अपि=भी । समासः=संक्षेप में वर्णन । कथितः=किया गया । अधुना=अब । सुविचारवान्=सुन्दर विचारों से युक्त । जैनदर्शनसंक्षेपः=जैनदर्शन का संक्षेप । कथ्यते=कहा जाता है ॥ ४४ ॥

भाषाप्रकाश—बौद्धदर्शन एवं न्यायदर्शन का संक्षेप में वर्णन करने के पश्चात् सांख्यदर्शन का भी संक्षिप्त वर्णन किया गया । अब इसके आगे जैनदर्शन का संक्षिप्त वर्णन किया जायगा । जैनदर्शन सुन्दर विचारों से युक्त अत्यन्त महत्त्वपूर्ण दर्शन है ।

प्रश्न--जैनदर्शन को सुविचारवान क्यों कहा गया ?

उत्तर—जैनदर्शन के विचारों की स्थापना चौबीस तीर्थङ्करों के प्रवचन से हुई । जैनमत के तीर्थङ्कर परम प्रबुद्ध व परमार्हत थे, उन्होंने संयम व कठोर तप द्वारा सत्य व धर्म का परम साक्षात्कार कर लिया था; अतः उनके गंभीर यथार्थ प्रवचन के आधार पर जैनदर्शन अत्यन्त सुविचारों से युक्त है । सभी तीर्थङ्कर परम आप्त महापुरुष थे । उनकी वाणी में विश्व, धर्म व परम सत्य का ज्ञान ओत-प्रोत था ।

सुनिश्चितं नः परतन्त्रयुक्तिषु स्फुरन्ति याः काश्चन सूक्तिसम्पदः ।
तथैव ताः पूर्णमहार्णवोत्थिता जगत्प्रमाणं जिनवाक्यविप्रुषः ॥
इति परमार्थः ॥५८॥

अन्वयः— इति एषः अनघः जैनदर्शनसंक्षेपः कथितः । तु यत्र क्वापि पूर्वापरविघातः न विद्यते ॥५८॥

सुधा इति=पूर्वोक्तप्रकारेण, एषः=तथोक्तः, अनघः=निर्दूषणः निर्मलः, जैनदर्शनसंक्षेपः=जैनमतसारः कथितः=निरूपितः । तु यत्र=जैनदर्शने, क्वापि=कुत्रापि, क्वचिदपि । पूर्वापरविघातः=पूर्वपक्षोत्तरपक्षपूर्वकं परस्परं विसंवादो विरुद्धार्थता, न विद्यते=नास्तिविरुद्धार्थदोर्गन्ध्याभावः । यदाहुः—

सुनिश्चितं नः परतन्त्रयुक्तिषु स्फुरन्ति याः काश्चन सूक्तिसम्पदः ।
तथैव ताः पूर्णमहार्णवोत्थिता जगत्प्रमाणं जिनवाक्यविप्रुषः ॥इति ॥५८॥

पदार्थ—इति=इस प्रकार । एषः=यह । अनघः=निर्मल निर्दोष । जैनदर्शनसंक्षेपः=जैनमत का संक्षिप्त वर्णन । कथितः=कहा गया । तु यत्र=जहाँ । क्वापि=कहीं भी । पूर्वापरविघातः=वाद-विवाद विरोधपूर्वक शास्त्रार्थ । न विद्यते=नहीं है ॥५८॥

भाषाप्रकाश—अब तक जैनदर्शन का संक्षेप में वर्णन किया गया । वैसे तो जैन दर्शन का सिद्धान्त व साहित्य अत्यन्त विशाल है, किन्तु यहाँ अत्यन्त संक्षेप में ही उसी सिद्धान्तों का निरूपण किया गया है । जैनदर्शन की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यह निर्मल है, इसमें किसी प्रकार का दोष नहीं है । कहीं पूर्वपक्ष व उत्तरपक्ष का विवाद नहीं है और न ही कहीं दुराग्रहपूर्वक शास्त्रार्थ किया गया है । यहाँ तो सत्यज्ञान के लिए सरलता व सुगमतापूर्वक सिद्धान्तों का निरूपण-मात्र ही किया गया है ॥५८॥

देवताविषये भेदो नास्ति नैयायिकैः समम् ।
वैशेषिकाणां तत्त्वेषु विद्यतेऽसौ निर्दिश्यते ॥५९॥

अथ वैशेषिकमतस्य देवताऽऽदिसाम्येन नैयायिकेभ्यो ये विशेषं न मन्यन्ते तान् बोधयन्नाह—**देवताविषय इति** ।

शिवदेवतासाम्येऽपि तत्त्वादिविशेषविशिष्टत्वाद् **वैशेषिकास्तेषां** वैशेषिकाणां काणादादीनां **नैयायिकैरक्षपादैः समं** सार्द्धं **देवताविषये** शिवदेवताऽभ्युपगमे **भेदो** विशेषो **नास्ति, तत्त्वेषु** शासनरहस्येषु **भेदो** विद्यते, तुशब्दोऽध्याहार्यः, **असौ** विशेषो नैयायिकेभ्यः पृथग्भावो, **निर्दिश्यते** प्रकाश्यत इत्यर्थः ॥५९॥

अन्वयः— देवताविषये वैशेषिकाणां नैयायिकैः समं भेदो नास्ति, तत्त्वेषु विद्यते असौ निर्दिश्यते ॥५९॥

सुधा—देवताविषये=इष्टदेवतानिर्णये ईश्वरवादे । वैशेषिकाणां—तत्त्वादिविशेषविशिष्टत्वात् वैशेषिकाः, तेषां वैशेषिकाणां=काणादादीनां, नैयायिकैः=अक्षपादैः । समं=सार्द्धम् । भेदः=विशेषः, नास्ति=न विद्यते । तत्त्वेषु=पदार्थनिरूपणेषु । विद्यते=अस्ति भेदः । असौ=भेदः । निर्दिश्यते=कथ्यते इत्यर्थः ॥५९॥

पदार्थ—देवताविषये=इष्टदेवता की मान्यता में । वैशेषिकाणाम्=वैशेषिक—काणाद मत वालों का । नैयायिकैः समम्=न्याय गौतममत वालों के साथ । भेदो नास्ति=भेद नहीं है । तत्त्वेषु=तत्त्वों के निरूपण में । विद्यते=भेद है, अतः । असौ=वह भेद । निर्दिश्यते=बतलाया जा रहा है । न्याय एवं वैशेषिक में इष्टदेवतासिद्धि के विषय में कोई भेद नहीं है, बल्कि तत्त्वों के निरूपण में भेद है । वही यहाँ आगे बतलाया जायगा ॥५९॥

भाषाप्रकाश—न्यायदर्शन आस्तिक व ईश्वरवादी दर्शन है । इसके अनुसार ईश्वर ही परम देवता है और मोक्ष ही जीव का इष्ट है । न्यायदर्शन के रचयिता महर्षि गौतम मुनि थे, जबकि वैशेषिक दर्शन का प्रणयन महर्षि कणाद ने किया है । न्याय दर्शन को पढ़ने के बाद ही वैशेषिक दर्शन के पढ़ने का क्रम है । न्याय में अक्षपाद (गौतम) ने जो पदार्थों का लक्षण व परीक्षा किया उससे और बढ़-चढ़ करके विशेष रूप में महर्षि कणाद ने पदार्थों का विशिष्ट ढंग से निरूपण किया, वही वैशेषिक दर्शन है । न्याय की ही भाँति वैशेषिक भी ईश्वरवादी व मोक्षवादी दर्शन है । देवता (ईश्वर) के विषय में दोनों दर्शन एक मत होते हुए भी तत्त्वनिरूपण के विषय में मतभेद रखते हैं । न्याय दर्शन में सोलह तत्त्व माने गए हैं, जबकि वैशेषिक में छः ही तत्त्व माने गए हैं । न्याय ने सोलह तत्त्वों के ज्ञान से एवं वैशेषिक ने छः तत्त्वों के ज्ञान से मोक्ष की प्राप्ति मानी है । तत्त्वों की विशेष व्याख्या व निरूपण करने के कारण ही यह दर्शन वैशेषिक दर्शन कहा जाता है । जहाँ गौतम ने प्रमाण, प्रमेय, संशय आदि सोलह पदार्थों को तत्त्वज्ञान एवं अपने तर्कशास्त्र अधिकरण बनाया है वहीं महर्षि कणाद ने द्रव्य, गुण, कर्म, सामान्य, विशेष एवं समवाय—इन ६ पदार्थों को समस्त तत्त्वज्ञान एवं अपने तर्कशास्त्र का अधिकरण बनाया है, फिर भी पञ्चभूत, मन, इन्द्रिय, आत्मा, परमात्मा, सृष्टयुत्पत्ति, धर्म-अधर्म, वेदों की मान्यता आदि विषयों में दोनों ही दर्शन एकमत हैं ।

वैशेषिक दर्शन के संस्थापक व रचयिता महर्षि कणादि थे, जो अपनी उच्चकोटि की साधना, तप और त्याग में विश्वविख्यात थे । अत्यन्त तप और त्याग के कारण राजसम्पदा को ठुकरा करके शिलावृत्ति को ही उन्होंने अपनी आजीविका

बनाई थी। अत्यन्त उच्च कोटि के एक वैज्ञानिक व दार्शनिक का यह त्याग विश्व में अपने-आप में अद्वितीय उदाहरण है। उनका बनाया हुआ वैशेषिक दर्शन विश्व साहित्य का एक बेजोड़ ग्रन्थ है। परमाणुवाद का सिद्धान्त महर्षि कणाद का ही देन है जिसके आधार पर ही विज्ञान ने आज अनेकों अस्त्रों व आयुधों का निर्माण कर लिया है। परमाणु सिद्धान्त के आधार पर विश्व में अनेक आश्चर्यजनक परिवर्तन हुए हैं। समस्त वैशेषिक दर्शन सूत्रों में निबद्ध है। इसमें दश अध्याय हैं और प्रत्येक अध्याय में दो-दो आह्निक हैं। उनमें वर्णित विषयों का क्रम निम्नवत् है—

१. प्रथम अध्याय—पदार्थकथन
   प्रथम आह्निक—सामान्य जातिवान,
   द्वितीय आह्निक—सामान्य विशेष।
२. द्वितीय अध्याय—द्रव्यकथन
   प्रथम आह्निक—पृथ्वी आदि,
   द्वितीय आह्निक—दिशा-काल।
३. तृतीय अध्याय—आत्मा-मन
   प्रथम आह्निक—आत्मा,
   द्वितीय आह्निक—मन।
४. चतुर्थ अध्याय—शरीरादि
   प्रथम आह्निक—कार्यकारणभाव,
   द्वितीय आह्निक—शरीर।
५. पञ्चम अध्याय—कर्म,
   प्रथम आह्निक शारीरिक कर्म
   द्वितीय आह्निक—मानसिक कर्म।
६. षष्ठ अध्याय धर्म
   प्रथम आह्निक—दानादि,
   द्वितीय आह्निक—धर्मानुष्ठान।
७. सप्तम अध्याय—गुण-समवाय।
   प्रथम आह्निक—निरपेक्षगुण,
   द्वितीय आह्निक—सापेक्ष गुण।
८. अष्टम अध्याय—प्रत्यक्ष प्रमाण
   प्रथम आह्निक—कल्पनासहित प्रत्यक्ष,
   द्वितीय आह्निक—कल्पनारहित प्रत्यक्ष।
९. नवम अध्याय—अभावहेतु
   प्रथम आह्निक—अभाव,
   द्वितीय आह्निक—हेतु
१०. दशम अध्याय—अनुमान,
   प्रथम आह्निक—अनुभाव,
   द्वितीय आह्निक—अनुमान।

वैशेषिक सूत्रों पर प्रशस्तपाद भाष्य, उस पर किरणावली टीका व रावण-भाष्य द्रष्टव्य ग्रन्थ हैं ॥५९॥

[काणादमतम्]

द्रव्यं गुणस्तथा कर्म सामान्यं च चतुर्थकम्।
विशेषसमवायौ च तत्त्वषट्कं हि तन्मते ॥६०॥

तान्येव तत्त्वान्याह—द्रव्यमित्यादिना।

तन्मते वैशेषिकमते, हि निश्चयेन, तत्त्वषट्कं ज्ञेयमिति सम्बन्धः, कथमित्याह द्रव्यं गुण इत्यादि। आदिमतत्त्वं द्रव्यनाम, भेदबाहुल्येऽपि

सामान्यादेकम्, द्वितीयतत्त्वं गुणनाम, तथेति भेदान्तरसूचने, तृतीयं तत्त्वं कर्मसञ्ज्ञम्, चतुर्थकं च तत्त्वं सामान्यम्, चतुर्थसेव चतुर्थकं स्वार्थे कः प्रत्ययः, चः समुच्चये, अन्यच्च विशेषसमवायौ, विशेषश्च समवायश्चेति द्वन्द्व इति तद्दर्शने तत्त्वानि षड् ज्ञेयानि ॥६०॥

अन्वयः— तन्मते हि द्रव्यं गुणाः तथा कर्म च चतुर्थकं सामान्यं विशेषसमवायौ च तत्त्वषट्कम् इति ॥६०॥

सुधा— तन्मते=वैशेषिकदर्शने। हि=यतः। द्रव्यं=पृथिव्यादयः। गुणाः=रूपरसादयः। कर्म=उत्क्षेपणादयः। सामान्यं च चतुर्थकं=परापरसत्तास्वरूपं चतुर्थकं तत्त्वमिति। विशेषसमवायौ च=विशेषस्तु पंचमः नित्यः सम्बन्धः समवायः षष्ठमः, हि तत्त्वषट्कम्=षट् पदार्थाः भवन्ति। यथा हि—द्रव्य-गुण-कर्म-सामान्य-विशेष-समवायानां पदार्थानां साधर्म्य-वैधर्म्याभ्यां तत्त्वज्ञानान्निःश्रेयसाधिगमः ॥६०॥

पदार्थ— तन्मते=वैशेषिक दर्शन में। हि=यतः। द्रव्यम्=पृथ्वी आदि नौ द्रव्य। गुणाः=रूप-रस आदि चौबीस गुण। तथा=और। कर्म=उत्क्षेपणादि पाँच कर्म। च=और। चतुर्थकं सामान्यम्=चौथा पदार्थ सामान्य। विशेषसमवायौ=पाँचवाँ विशेष एवं छठा पदार्थ समवाय। तत्त्वषट्कं=छ पदार्थ माने गए हैं। इस शास्त्र के छः पदार्थ ही विचारणीय विषय हैं, जिनके यथार्थ ज्ञान से महर्षि कणादि ने मोक्ष की प्राप्तिरूप फल को कहा है ॥६०॥

भाषाप्रकाश—वैशेषिक दर्शन में छः पदार्थ माने गए हैं— १. द्रव्य, २. गुण, ३ कर्म, ४. सामान्य, ५. विशेष और ६. समवाय। इन छः पदार्थों का लक्षण आगे के श्लोकों में किया जायगा। सम्पूर्ण वैशेषिक दर्शन में इन छः पदार्थों का विशेष रूप से निरूपण किया गया है। इन छः पदार्थों के साधर्म्य-वैधर्म्यपूर्वक ज्ञान कर लेने पर ही निःश्रेयस अर्थात् मोक्ष की प्राप्ति मानी गई है। यह छः पदार्थ वैशेषिक दर्शन में चिन्तन के आधार हैं, ये ही इस शास्त्र के मूल विषय हैं। समस्त विश्व इन्हीं छः पदार्थों में समाहित है। इनका भली-भाँति ज्ञान हो जाने पर मनुष्य दुःख, जन्म आवागमन से छूट करके अमरत्व की प्राप्ति कर लेता है ॥६०॥

तत्र द्रव्यं नवधा भूजलतेजोऽनिलान्तरिक्षाणि।
कालदिगात्ममनांसि च, गुणाः पुनश्चतुर्विंशतिधा ॥६१॥
स्पर्शरसरूपगन्धाः शब्दः सङ्ख्या विभागसंयोगौ।
परिमाणं च पृथक्त्वं तथा परत्वापरत्वे च ॥६२॥

बुद्धिः सुखदुःखेच्छा धर्माधर्मौ प्रयत्नसंस्कारौ ।
द्वेषः स्नेहगुरुत्वे द्रवत्ववेगौ गुणा एते ॥६३॥

भेदानाह—तत्र द्रव्यमित्यादिना ।

नवद्रव्याणि चतुर्विंशतिगुणाश्च निगदसिद्धान्येव, संस्कारस्य वेगभावनास्थितिस्थापकभेदात्त्रिविधत्वेऽपि संस्कारत्वजात्यपेक्षयैकत्वम्, शौर्य्यौदार्यादीनां च गुणानामेष्वेव चतुर्विंशतिगुणेष्वन्तर्भावान्नाधिक्यम् ॥६१-६३॥

अन्वयः—तत्र भूजलतेजोऽनिलान्तरिक्षाणि कालदिगात्ममनांसि नवधा द्रव्य पुनश्च गुणाः चतुर्विंशतिधा स्पर्शरसरूपगन्धाः शब्दः संख्या विभागसंयोगौ परिमाणं पृथक्त्वं तथा परत्वापरत्वे च **बुद्धिः सुखदुःखेच्छा धर्माधर्मौ** प्रयत्नसंस्कारौ द्वेषः स्नेहः गुरुत्वं द्रवत्ववेगौ एते गुणाः ॥ ६१-६३ ॥

सुधा—तत्र=पदार्थेषु, भूजलतेजोऽनिलान्तरिक्षाणि=पृथिव्यप्तेजोवाय्वाकाशादीनि; गन्धवती पृथ्वी, शीतस्पर्शवत्यापः, उष्णस्पर्शवत्तेजः, रूपरहितस्पर्शवान् वायुः, शब्दगुणकमाकाशमिति । एतेषां पञ्चभूतानां द्विविधं स्वरूपं नित्यानित्यभेदात् । नित्यं परमाणुरूपम्, अनित्यं कार्यरूपम् । शरीरेन्द्रियविषयभेदात् पुनरपि त्रैविध्यम् । पृथिव्याः शरीरमस्मदादीनाम्, इन्द्रियं गन्धग्राहकं घ्राणं नासाग्रवर्ति । विषयो मूत्रपाषाणादिः ।

जलस्य शरीरं वरुणलोके; इन्द्रियं रसग्राहकं रसनम् । विषयो सारस्वदादिः । तेजसः शरीरमादित्यलोके, इन्द्रियं रूपग्राहकं नयनं कृष्णातारायवर्ति । विषयः चतुर्विधः—भौमदिव्योदर्याकरजभेदात् । भौमं अग्निरादिकं दिव्यो विद्युदादिः । भुक्तस्य परिणामहेतुरुदर्यं, आकरजं सुवर्णादिः ।

कालदिगात्ममनांसि—परापरव्यतिकरयौगपद्यचिरक्षिप्रादिव्यवहारहेतुः कालः । प्राच्यादिव्यवहारहेतुर्दिक् । ज्ञानाधिकरणमात्मा, स द्विविधः जीवात्मा परमात्मा चेति । युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिङ्गमिति । नवधा द्रव्याणि नवप्रकारकं द्रव्यत्वम्, गुणक्रियाश्रयत्वं द्रव्यत्वमिति । पुनश्च=पुनरपि, गुणाः=द्रव्याश्रिताः चतुर्विंशतिधा भवन्ति । स्पर्शरसरूपगन्धाः—त्वगिन्द्रियमात्रग्राह्यो गुणः स्पर्शः, पृथिव्यादि चतुष्टयवृत्तिः, वायोः व्यवस्थितः धर्मः, स च त्रिविधः—शीतः उष्णः अनुष्णाशीतः । वायुपृथिव्योः जले शीतः, तेजसि उष्णः । रसनाग्राह्यो गुणो रसः, स च मधुराम्ललवणकटुकषायतिक्तभेदात् षड्विधः । पृथिव्यां षड्विधः, जले मधुर एव । जलस्य व्यवस्थितः धर्मः पृथ्वीजलवृत्तिः, जले सांसिद्धिकः पृथिव्यां नैमित्तिकः । चक्षुर्मात्रग्राह्यो गुणो रूपम्; तेजसि व्यवस्थितः धर्मः । पृथ्वीजलतेजोवृत्तिः । पृथिव्यां जले च नैमित्तिकम्; तच्च शुक्लकृष्णरक्तपीतनीलकपिशचित्रभेदात् सप्तविधम् । तत्र भास्वरशुक्लं तेजसि, अभास्वरशुक्लं जले नैमित्तिकम् । घ्राणग्राह्यो गुणो गन्धः, पृथिव्या व्यवस्थितः धर्मः । पृथ्वीमात्रवृत्तिः । गन्धो द्विविधः सुरभिरसुरभिश्च । शब्दः—श्रोत्रग्राह्यो गुणो शब्दः, ध्वन्यात्मकः वर्णात्मकश्च, आकाशमात्रवृत्तिः । एकत्वादिव्यवहारहेतुः संख्या । विभागसंयोगौ—विभागः संयोगश्च, संयोगनाशको गुणो विभागः; संयुक्तव्यवहारहेतुः संयोगः । विभागः त्रिविधः—अन्यतरकर्मजः, उभयकर्मजः विभागजश्च । आद्यो यथा मनः कर्मणा आत्ममनसोर्विभागः, द्वितीयो यथा मेषयोः कर्मणा विभागः । विभागजविभागो द्विविधः कारणमात्रविभागजः कारणाकारणविभागश्च । आद्यः कपालकर्मणा कपालद्वयविभागः, ततः कपालद्वयसंयोगनाशः, ततो घटनाशः, ततः कपालस्याकाशादिदेशाद्विभागजो विभागः । द्वितीयस्तु कारणाकारणविभागात् कार्याकार्यविभागः; यथा करतरुविभागात् कायतरुविभागः । संयोगस्त्रिविधः अन्यतरकर्मजः उभयकर्मजः संयोगजश्चेति । आद्यः मनसः कर्मणा आत्ममनसोः संयोगः, द्वितीयः कर्मणा तयोः संयोगः, तृतीयः हस्ततरुसंयोगात् कायतरुसंयोगः । परिमाणम्—मानव्यवहारासाधारणकारणं परिमाणम् ।

तच्चतुर्विधम्=अणु-महद् ह्रस्वं दीर्घश्च । पृथक्त्वं—पृथग्व्यवहारासाधारणं कारणं पृथक्त्वम् । परत्वापरत्वे=अधिकदेशवृत्तित्वं परत्वम्, न्यूनदेशवृत्तित्वमपरत्वम् । बुद्धिः=सर्वव्यवहारहेतुर्गुणो ज्ञानं बुद्धिः । तद्द्विविधं स्मृतिरनुभवश्च । संस्कारजन्यं ज्ञानं स्मृतिः, तद् भिन्नं ज्ञानमनुभवः । स्मृतिः द्विविधा—यथार्था अयथार्था च । तद्वति तत्प्रकारका यथार्था । तदभावा तदप्रकारका अयथार्था । अनुभवोऽपि द्विविधः—प्रमा अयथार्थश्च । प्रमा चतुर्विधा—प्रत्यक्षानुमित्युपमितिशाब्दभेदात् । इन्द्रियार्थसन्निकर्षोत्पन्नं ज्ञानं प्रत्यक्षम् । तद्द्विविधं निर्विकल्पकं सविकल्पकञ्चेति । निष्प्रकारकं ज्ञानं निर्विकल्पकम्; सप्रकारकं ज्ञानं सविकल्पकम् ।

प्रत्यक्षकरणानि षडिन्द्रियाणि घ्राणरसनचक्षुस्त्वक्श्रोत्रमनांसि । अयथार्थज्ञानमपि चतुर्विधम् । संशयः विपर्ययः स्वप्नः अनध्यवसायश्च । स्थाणुर्वा पुरुषो वेति ज्ञानं संशयः । मिथ्याज्ञानं विपर्ययः । शुक्तौ रजतमिदमिति । स्वप्नस्तु अनुभूतपदार्थस्मरणैरदृष्टैः धातुदोषेण च जन्यते । अनध्यवसायश्च किंचिदिति ज्ञानं विशेषादर्शनात् भवति । सुखदुःखेच्छा—अनुकूलवेदनीयं सुखम् प्रतिकूलवेदनीयं दुःखम्, कामं इच्छा । धर्माधर्मौ—धर्मश्च अधर्मश्च, विहितकर्मजन्यो धर्मः, निषिद्धकर्मजन्योऽधर्मः । प्रयत्नसंस्कारौ—कृतिः प्रयत्नः, त्रिविधा आद्या जीवनादृष्टजन्या, द्वितीया इच्छाजन्या, तृतीया द्वेषजन्या । जीवनयोनियत्नरूपा प्रवृत्तिः निवृत्तिश्च । संस्कारत्वजातिमान् संस्कारः त्रिविधः—क्रियाजन्यः, भावनाख्यः स्थितिस्थापकश्चेति । आद्यः वेगेन बाणश्चलति, विशिष्टज्ञानजन्यः भावनाख्यः । कारणगुणपूर्वकमजन्यः स्थिति-

११. **प्रसङ्गसमा जाति**—प्रसङ्ग के द्वारा विपक्षी को परास्त करना प्रसङ्गसमा जाति है। जैसे कारण का कारण पूछना, दृष्टान्त का दृष्टान्त पूछना। जैसे किसी ने कहा कि क्रियावान होने से वायु चलती है; इस पर प्रतिवादी कहता है कि वायु क्रियावान क्यों है ?

१२ **प्रतिदृष्टान्तसम**—विपक्षी के द्वारा दिए गए दृष्टान्त के अतिरिक्त दूसरा दृष्टान्त देकर उसे परास्त करना प्रतिदृष्टान्तसम है। उदाहरणार्थ घट के दृष्टान्त से शब्द को अनित्य कहा गया तो आकाश के दृष्टान्त से उसे नित्य सिद्ध करके विपक्षी को परास्त कर दिया।

१३ **अनुत्पत्तिसम**—अनुत्पत्ति के दृष्टान्त से विपक्षी के मत का खण्डन करना अनुत्पत्तिसम जाति है। जैसे किसी ने कहा कि घर के समान उत्पन्न होने के कारण शब्द भी अनित्य हैं तो प्रतिवादी कहता है कि उत्पत्ति से पहले अनुत्पन्न शब्द में प्रयत्न के पश्चात् होने वाला धर्म अनित्यता का कारण नहीं बन सकता, अतएव शब्द नित्य है।

१३ **संशयसमा**—साधर्म्यसमा और वैधर्म्यसमा जाति में सन्देह उत्पन्न करनेवाला भाव आ जाय तो संशयसमा जाति हो जाती है। यथा क्या घट के साधर्म्य से एवं उत्पत्तिधर्म वाला होने से शब्द अनित्य है अथवा आकाश से साम्य होने के कारण एवं निरवयव होने के कारण नित्य है।

१४. **प्रकरणसमा**—'उभयसाधर्म्यात् प्रक्रियासिद्धेः प्रकरणसमः' अर्थात् दोनों पक्ष की प्रवृत्ति को प्रक्रिया कहते हैं, उसकी सिद्धि नित्य व अनित्य के साधर्म्य से होती है। किसी ने कहा कि अनित्य घट के समान होने से शब्द भी अनित्य है; इस पर प्रतिवादी कहता है कि नित्य आकाश के सदृश होने के कारण शब्द नित्य है। इस प्रकार एक पक्ष अनित्य घट के साधर्म्य से शब्द को अनित्य सिद्ध करता है तो दूसरा पक्ष आकाश के साधर्म्य से नित्य सिद्ध करता है। इसी को प्रकरणसम जाति कहते हैं।

१४. **अहेतुसम**—'त्रैकाल्यासिद्धेर्हेतोरहेतुसमः' अर्थात् तीनों काल में हेतु को असिद्ध करके विपक्षी के पक्ष का खण्डन करना अहेतुसम कहलाता है। हेतु जो साध्य को सिद्ध करने वाला है, तीनों काल में उसकी सिद्धि नहीं हो सकती। यदि हेतु को साध्य से पहले मानें तो जब साध्य ही नहीं तो हेतु किसका ? यदि साध्य के पश्चात् मानें तो हेतु के अभाव में वह साध्य किसका था ? यदि साध्य मानें तो कौन किसका साध्य माना जाय ? इस प्रकार विपक्षी के पक्ष को खण्डित कर देना अहेतुसम जाति है।

१६. **अर्थापत्तिसम**—एक बात के कहने से दूसरी बात जो स्वयमेव जान ली जाय उसे अर्थापत्ति कहते हैं। अर्थापत्ति से विपक्षी के मत का खण्डन कर देना अर्थापत्तिसम जाति है। जैसे कोई कहता है कि उत्पन्न होने से शब्द अनित्य है तो विपक्षी कहता है कि नहीं स्पर्शरहित होने के कारण शब्द नित्य है।

१८. **अविशेषसम**—किसी एक धर्म के सादृश्य से दो पदार्थों को अविशेष (समान) मानना अविशेषसम जाति है। घट और शब्द उत्पत्तिमान होने के कारण समान हैं, किन्तु इसी के आधार पर घट और शब्द को समान मान लेना अविशेषसम दोष है, क्योंकि और गुणों में इनमें अन्तर है।

१९ **उपपत्तिसम**—उपपत्ति से प्रतिपक्षी के पक्ष का खण्डन करना उपपत्तिसम दोष है। जैसे यदि उत्पन्न होने के कारण शब्द अनित्य है तो निरवयव होने के कारण नित्य भी है।

२०. **उपलब्धिसम**—किसी नियत कारण के अभाव में भी साध्य की उपलब्धि करके विपक्षी के पक्ष का खण्डन करना उपलब्धिसम जाति है। जैसे किसी ने कहा कि घट के समान प्रलयजन्य होने के कारण शब्द अनित्य है, इस पर प्रतिपक्षी कहता है कि बिना प्रयत्न के ही वृक्षों के पत्तों के हिलने से जो शब्द होता है वह भी अनित्य है; अतः आप का यह कहना कि—प्रयत्न होने के कारण शब्द अनित्य है; ठीक नहीं है।

२१. **अनुपलब्धिसम**—अभाव का अभाव मानकर प्रतिपक्षी के पक्ष का खण्डन करना अनुपलब्धिसम दोष होता है। जैसे किसी ने कहा कि प्रलयजन्य होने से शब्द अनित्य है तो इस पर विपक्षी कहता है कि शब्द प्रयत्न से उत्पन्न नहीं होता; क्योंकि आवरण पड़ जाने पर वह उत्पन्न नहीं होता। आवरण के प्रत्यक्ष होने से उसका अभाव मानते हो तो उसके अभाव के प्रत्यक्ष न होने से उसके अभाव का अभाव मानना चाहिए।

२२. **नित्यसमा**—नित्य में अनित्य की और अनित्य में नित्य की भावना करने से नित्यसमा जाति होती है। उदाहरणार्थ वादी कहता है कि शब्द अनित्य है। इस पर विपक्षी कहता है कि शब्द में अनित्यपना नित्य है कि अनित्य ? यदि कहो कि इसमें नित्यत्व है तो शब्द नित्य हो जायगा। यदि कहो कि अनित्य है तब अनित्यत्व के नित्य होने से शब्द भी नित्य हो जायगा।

२३. **अनित्यसमा**—साधर्म्य से तुल्य धर्म की उत्पत्ति होने पर सब में अनित्यत्व के प्रसंग से अनित्यसम प्रत्यवस्थान कहलाता है; जैसे किसी ने कहा कि अनित्य घट के समान शब्द भी अनित्य है। इस पर विपक्षी कहता है घट भी एक पदार्थ है। उसके साथ साधर्म्य होने से सब पदार्थ अनित्य हैं। इस प्रकार अनित्यत्व के प्रसंग से विपक्षी के मत का खण्डन करना अनित्यसमा जाति है।

२४ कार्यसमा—प्रयत्न व कार्य की अनेकता दिखला करके विपक्षी के मत का खण्डन कर देना कार्यसम दोष है। जैसे किसी ने कहा कि शब्द अनित्य है, प्रयत्न से उत्पन्न होता है। इस पर विपक्षी कहता है कि प्रयत्न तो कई प्रकार के होते हैं। एक तो घड़ा बनानेवाला प्रयत्न है, एक जमीन खोदने का प्रयत्न है। इस प्रकार नाना-प्रकार के प्रयत्न हैं। अब कौन-सा प्रयत्न शब्द के अनित्यत्व में हेतु माना जाय? इस प्रकार संशय उत्पन्न करके विपक्षी के मत का खण्डन कार्यसमा जाति है।।१।।

निग्रहस्थानमाख्यातं परो येन निगृह्यते।
प्रतिज्ञाहानिसंन्यासविरोधादिविभेदवत् ।। ३२ ।।

दूषणाभासानुक्त्वा निग्रहस्थानमाह- निग्रहस्थानमित्यादिना।

येन केनचिद् रूपेण परो विपक्षो निगृह्यते परवादी वचननिग्रहे पात्यते तन्निग्रहस्थानमाख्यातं कथितमिति, कतिचिद्भेदान् नामतो निर्दिशन्नाह-**प्रतिज्ञाहानिसंन्यासविरोधादिविभेदवद्**। हानिसंन्यासविरोधाः प्रतिज्ञाशब्देन सम्बध्यन्ते, आदिशब्देन शेषानपि भेदान् परामृशति, एतद्दूषण-जालमुत्पाद्यते येन तन्निग्रहस्थानम्।

यदुक्तं—'विप्रतिपत्तिरप्रतिपत्तिश्च निग्रहस्थानम्'; तत्र विप्रतिपत्तिः साधनाभासे साधनबुद्धिः, दूषणाभासे च दूषणबुद्धिरिति, अप्रतिपत्तिः साधनस्यादूषणं, दूषणस्य चानुद्धरणम्, तद्धि निग्रहस्थानं द्वाविंशतिभेदम्, तद्यथा-प्रतिज्ञाहानिः, प्रतिज्ञाऽन्तरं, प्रतिज्ञाविरोधः, प्रतिज्ञासंन्यासः, हेत्वन्तरम्, अर्थान्तरं, निरर्थकम्, अविज्ञातार्थम्, अपार्थकम्, अप्राप्तकालं, न्यूनम्, अधिकं, पुनरुक्तम्, अननुभाषणम्, अज्ञानम्, अप्रतिभा, विक्षेपो, मतानुज्ञा, पर्यनुयोज्योपेक्षणं, निरनुयोज्यानुयोगः, अपसिद्धान्तः, हेत्वाभासः।

तत्र हेतावनैकान्तिकीकृते प्रतिदृष्टान्तधर्मं स्वदृष्टान्तेऽभ्युपगतवतः प्रतिज्ञाहानिर्नाम निग्रहस्थानं भवति, यथा अनित्यः शब्द, ऐन्द्रियिकत्वाद् घटवदिति प्रतिज्ञासाधनाय वादी वदन् परेण सामान्यमैन्द्रियिकमपि नित्यं दृष्टमिति हेतावनैकान्तिकीकृते, यद्येवं ब्रूयात् सामान्यवद्घटोऽपि नित्यो भवति स एवं ब्रुवाणः शब्दनित्यत्वप्रतिज्ञां जह्यात्।

प्रतिज्ञातार्थप्रतिषेधे परेण कृते ततैव धर्मिणी धर्मान्तरसाधनमभिदधतः प्रतिज्ञाऽन्तरनाम निग्रहस्थानं भवति, अनित्यः शब्द, ऐन्द्रियिकत्वादित्युक्ते तथैव सामान्येनैव व्यभिचारेणोदिते यदि ब्रूयाद् युक्तं सामान्यमैन्द्रियिकं नित्यं तद्धि सर्वगतमसर्वगतस्तु शब्द इति, सोऽयमनित्यः शब्द इति पूर्वप्रतिज्ञातः प्रतिज्ञाऽन्तरमसर्वगतः शब्द इति प्रतिज्ञाऽन्तरेण निगृहीतो भवति।

प्रतिज्ञाहेत्वोर्विरोधः प्रतिज्ञाविरोधनाम निग्रहस्थानं भवति, गुणव्यतिरिक्तं द्रव्यं रूपादिभ्योऽर्थान्तरस्यानुपलब्धेरिति, सोऽयं प्रतिज्ञाहेत्वोर्विरोधो यदि गुणव्यतिरिक्तं द्रव्यं कथं रूपादिभ्योऽर्थान्तरस्यानुपलब्धिः, अथ रूपादिभ्योऽर्थान्तरस्यानुपलब्धिः, कथं गुणव्यतिरिक्तं द्रव्यमिति तदयं प्रतिज्ञाहेत्वोर्विरुद्धाभिधानात्पराजीयते।

पक्षसाधने परेण दूषिते तदुद्धरणासक्त्या प्रतिज्ञामेव निह्नुवानस्य प्रतिसंन्यासनाम निग्रहस्थानं भवति यथा—अनित्यः शब्द ऐन्द्रियिकत्वादित्युक्ते तथैव सामान्येनानैकान्तिकतायामुद्भावितायां यदि ब्रूयात् क एवमाह नित्यः शब्द इति प्रतिज्ञासंन्यासात् पराजितो भवतीति।

अविशेषाभिहिते हेतौ प्रतिषिद्धे तद्विशेषणमभिदधतो हेत्वन्तरनाम निग्रहस्थानं भवति, तस्मिन्नेव प्रयोगे तथैव सामान्येऽस्य व्यभिचारेण दूषितजातिमत्त्वे सतीत्यादिविशेषणमुपाददानो हेत्वन्तरेण निगृहीतो भवति।

प्रकृतादर्थान्तरं तदौपयिकमभिदधतोऽर्थान्तरनाम निग्रहस्थानं भवति, नित्यः शब्दः कृतकत्वादिति हेतुः, हेतुर्हिनोतेर्धातोस्तुप्रत्यये कृदन्तं पदम्। पदं च नाम तद्धितनिपातोपसर्गा इति प्रस्तुत्य नामादीनि व्याचक्षाणोऽर्थान्तरेण निगृह्यत इति।

अभिधेयरहितवर्णानुपूर्वीप्रयोगमात्रं निरर्थकनाम निग्रहस्थानं भवति, यथा नित्यः शब्दः कचटतपानां गजडदबत्त्वाद् झझढधभवदित्येतदपि सर्वथाऽर्थशून्यत्वान्निग्रहणाय कल्पेत साध्यानुपयोगाद्वा।

यत्साधनवाक्यं दूषणवाक्यं वा त्रिवारमभिहितमपि पर्षत्प्रतिवादिभ्यां बोद्धुं न शक्यते तदाऽविज्ञातार्थनाम निग्रहस्थानं भवति।

पूर्वापरासङ्गतपदसमूहप्रयोगादप्रतिष्ठितवाक्यार्थमपार्थकनाम निग्रहस्थानं भवति, दश दाडिमानि षडूपा इति।

प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनवचनक्रममुल्लङ्घ्यावयवविपर्यासेन प्रयुज्यमानमनुमानवाक्यमप्राप्तकालनाम निग्रहस्थानं भवति, स्वप्रतिपत्तिवत् परप्रतिपत्तेर्जनने परार्थानुमानक्रमस्यापगमात्, पञ्चावयवे वाक्ये प्रयोक्तव्ये तदेकतमेनानुमानावयवेन हीनं न्यूननाम निग्रहस्थानं भवति, साधनाभावे साध्यसिद्धेरभावात् प्रतिज्ञाऽऽदीनां पञ्चानामपि साधनत्वात्।

एकेनैव हेतुनोदाहरणेन वा प्रतिपादितेऽर्थे हेत्वन्तरमुदाहरणान्तरं वा वदतोऽधिकनाम निग्रहस्थानं भवति।

शब्दार्थयोः पुनर्वचनं पुनरुक्तनाम निग्रहस्थानं भवति, अन्यत्रानुवादात् शब्दपुनरुक्तं नाम यत्र स एव शब्दः पुनरुच्चार्यते, यथा-नित्यः शब्दो

पुनः पर्यायान्तरेणोच्यते यथा अनित्यः शब्दो, विनाशी ध्वनिरिति, अनुवादे तु पौनरुक्त्यमदोषः यथा हेतूपदेशात् प्रतिज्ञायाः पुनर्वचनं निगमनमिति ।

पर्षदावेदितस्य वादिभिरभिहितस्यापि यदप्रत्युच्चारणं तदननुभाषणनाम निग्रहस्थानं भवति ।

पर्षदा विज्ञातस्यापि वादिवाक्यार्थस्य प्रतिवादिनो यदज्ञानं तदज्ञाननाम निग्रहस्थानं भवति, अविदितोत्तरविषयो हि किमुत्तरं ब्रूयात्, न चाननुभाषणमेवेदं, ज्ञातेऽपि वस्तुन्यनुभाषणासामर्थ्यदर्शनात् ।

परपक्षे गृहीतेऽप्यनुभाषितेऽपि तस्मिन्नुत्तराप्रतिपत्तिरप्रतिभानाम निग्रहस्थानं भवति ।

कार्यव्यासङ्गात्कथाविच्छेदो विक्षेपनाम निग्रहस्थानं भवति, सिषाधयिषितस्यार्थस्याशक्यसाधनतामवसाय कथां विच्छिनत्तीदं मम करणीयं परिहीयते पीनसेन कण्ठ उपरुद्ध इत्याद्यभिधाय कथां विच्छिन्दन् विक्षेपेण पराजीयते ।

स्वपक्षे परापादितदोषमनुद्धृत्य तमेव परपक्षे प्रतीतिमापादयतो मतानुज्ञानाम निग्रहस्थानं भवति, चौरो भवान् पुरुषत्वात् प्रसिद्धचौरवदिहापि कश्चिदाह भवानपि चौर पुरुषत्वादिति ब्रुवन्नात्मनः परापादितचौरत्वदोषमनुद्धृत्यैव मतानुज्ञया निगृह्यते ।

निग्रहप्राप्तस्यानिग्रहः पर्यनुयोज्योपेक्षणनाम निग्रहस्थानं भवति, पर्यनुयोज्यो नाम निग्रहोपपत्त्याऽवश्यं नोदनीयः, 'इदन्ते निग्रहस्थानमुपनतं निगृहीतोऽसि' इत्येवं वचनीयस्तमुपेक्ष्य न निगृह्णाति यः स पर्यनुयोज्योपेक्षणेन निगृह्यते ।

अनिग्रहस्थाने निग्रहस्थानानुयोगान्निरनुयोज्यानुयोगनाम निग्रहस्थानं भवति, उपपन्नवादिनमप्रमादिनमनिग्रहार्हमपि 'निगृहीतोऽसी'ति यो ब्रूयात्स एवाभूतदोषोद्भावनान्निगृह्यत इति ।

सिद्धान्तमभ्युपेत्य नियमात्कथाप्रसङ्गोऽपसिद्धान्तनाम निग्रहस्थानम्, यः प्रथमं कञ्चित्सिद्धान्तमभ्युपगम्य कथामुपाक्रमत, तत्र च सिषाधयिषितार्थसाधनस्य परोपालम्भो यथा सिद्धान्तविरुद्धमभिधत्ते सोऽपसिद्धान्तेन निगृह्यते ।

हेत्वाभासाश्च यथोक्ता असिद्धविरुद्धादयो निग्रहस्थानम् इति, भेदान्तरानन्त्येऽपि निग्रहस्थानानां द्वाविंशतिर्मूलभेदा निवेदिता इति ॥३२॥

सुधा— निग्रहस्थानमाह— **निग्रहस्थानमाख्यातमित्यादिना ।**

अन्वयः येन परः निगृह्यते निग्रहस्थानम् आख्यातम् प्रतिज्ञाहानिसंन्यासविरोधादिविभेदवत् ॥३२॥

व्याख्या—येन=केनचिद् रूपेण, परः=विपक्षः परवादी, निगृह्यते=वचननिग्रहे पात्यते, निग्रहस्थानम् आख्यातम्=तन्निग्रहस्थानं कथितम् । निग्रहस्थानभेदान्निरूपयन्नाह—**प्रतिज्ञाहानिसंन्यासविरोधादिविभेदवदिति** । आदिशब्देन शेषानपि भेदान् परामृशति । विप्रतिपत्तिरप्रतिपत्तिश्च निग्रहस्थानम् । साधनाभासे साधनबुद्धिः विप्रतिपत्तिः । साधनस्यादूषणं अप्रतिपत्तिः, तन्निग्रहस्थानं द्वाविंशतिभेदम् । प्रतिज्ञाहानिः प्रतिज्ञान्तरम्, प्रतिज्ञाविरोधः, प्रतिज्ञासंन्यासः, हेत्वन्तरम्, अर्थान्तरम्, निरर्थकम्, अविज्ञातार्थम्, अपार्थकम्—अप्राप्तकालम्-न्यूनम्-अधिकम्-पुनरुक्तम्-अननुभाषणम्-अज्ञानम्-अप्रतिभा-विक्षेपः-मतानुज्ञा-पर्यनुयोज्योपेक्षणमनिरनुयोज्यानुयोगः अपसिद्धान्तः हेत्वाभासः ।

१. प्रतिदृष्टान्तधर्मस्वीकारे स्वदृष्टान्ते प्रतिज्ञाहानिः स्वपक्षविरुद्धं प्रतिवादिनः हेतुं दृष्टान्तं वा अभ्युपगमनं प्रतिज्ञाहानिः । यथा अनित्यः शब्दः ऐन्द्रियकत्वात् घटवदिति पक्षे नित्यमपि सामान्यम् ऐन्द्रियमिति न्यायात् यद्येवं ब्रूयात् सामान्यवद्घटोऽपि नित्यो भवति । एवं शब्दनित्यत्वप्रतिज्ञां जहाति ।

२. प्रतिज्ञातार्थप्रतिषेधे परेण कृते तत्रैव धर्मिणि धर्मान्तरसाधनमभिदधतः प्रतिज्ञान्तरं नाम निग्रहस्थानं भवति, अनित्यः शब्दः ऐन्द्रियकत्वात् इत्युक्ते सामान्य इन्द्रियविषयकं नित्यम्, अतः तथास्तु शब्दः सोऽयमनित्यः शब्द इति ॥

३. प्रतिज्ञाहेत्वोर्विरोधः प्रतिज्ञाविरोधनाम निग्रहस्थानं भवति । यथा गुणव्यतिरिक्तं द्रव्यं रूपादिभ्योऽर्थान्तरस्यानुपलब्धेरिति ।

४. पक्षप्रतिषेधे प्रतिज्ञातार्थापनयनं प्रतिज्ञासंन्यासः यथा अनित्यः शब्दः ऐन्द्रियिकत्वादित्युक्ते जातिरपि विषयेन्द्रियस्येति प्रतिपक्षसाधने वादी स्वयमेव कथयति कश्च वदति अनित्यः शब्दः एवं प्रतिज्ञां स्वयमेव जहाति ।

५. अविशेषाभिहिते हेतौ प्रतिषिद्धे विशेषमिच्छतो हेत्वन्तरम् । यथा परिमाणत्वात् घटस्यैकैव कारणमित्युक्ते परिमाणत्वादपि पदार्थानामनेककारणं दृष्टमिति प्रतिपक्षपरिग्रहे पुनरपि विशेषहेतुमभिदधतः आकारत्वात् घटस्यैकैव कारणमिति हेत्वन्तरेण निगृहीतो भवति ।

६. प्रकृतादर्थादप्रतिसम्बद्धार्थमर्थान्तरम् । यथा अनित्यः शब्दः कृतकत्वात्, तथाहि आकाशे सत्त्वात् शब्दत्वस्य गुणत्वात् ।

७. वर्णक्रमनिर्देशवन्निरर्थकम् । यथा शब्दः नित्यः क, ख, ग इति वर्णस्वरूपात् ।

८ परिषत्प्रतिवादिभ्यां त्रिरभिहितमप्यविज्ञातमविज्ञातार्थम् । अविज्ञातमर्थं परिषत्प्रतिवादिभ्यां त्रिवारं पृष्टोऽपि यदि बोद्धुं न शक्यते तदा अविज्ञातार्थेन निगृह्यते ।

९. पौर्वापर्ययोगादप्रतिसम्बद्धार्थमपार्थकम् । पूर्वापरवाक्यासम्बन्धात् प्रतिष्ठितवाक्यार्थमपार्थकं नाम निग्रहस्थानं भवति । यथा दश दाडिमान् षडपूपा मधु चमं सिंहादिः ॥

१०. अवयवविपर्यासवचनमप्राप्तकालम् । प्रतिज्ञाहेतूदाहरणोपनयनिगमनवचनक्रममुल्लङ्घ्याव्यवस्थितानुमानवाक्यमप्राप्तकालनाम निग्रहस्थानं भवति ।

११. हीनमन्यतमेनाप्यवयवेन न्यूनम् । प्रतिज्ञादिपञ्चावयववाक्येषु एकमपि वाक्यं हीनं न्यूननाम निग्रहस्थानं भवति ।

१२. हेतूदाहरणमधिकमधिकम् । प्रतिज्ञादिपञ्चावयववाक्येषु एकमप्यधिकं वाक्यमाधिक्यनाम निग्रहस्थानं भवति ।

१३. शब्दार्थयोः पुनर्वचनं पुनरुक्तमन्यत्रानुवादात् केनापि प्रयोजनेन द्विवारमधिकं वानुवादः तदन्यत्र द्विवारं वारं-वारं वा कथनं पुनरुक्तनाम निग्रहस्थानं भवति अर्थादापन्नस्य स्वशब्देन पुनर्वचनमिति ।

१४. विज्ञातस्य परिषदा त्रिरभिहितस्याप्यनुच्चारणमननुभाषणम् ।

१५. अविज्ञातञ्चाज्ञानम् । अविज्ञातस्य परिषदा त्रिरभिहितस्यानुच्चारणमज्ञानम् ।

१६ उत्तरस्याप्रतिपत्तिरप्रतिभा ।

१७. कार्यव्यासङ्गात् कथाविच्छेदो विक्षेपः । अधुना स्वकार्यं कृत्वा पुनरप्यागत्य वदिष्यामीति ।

१८ स्वपक्षदोषाभ्युपगमात् परपक्षदोषप्रसङ्गो मतानुज्ञानाम निग्रहस्थानं भवति ।

१९. निग्रहस्थानप्राप्तस्याननिग्रहः पर्य्यनुयोज्योपेक्षणनाम निग्रहस्थानं भवति ।

२०. अनिग्रहस्थाने निग्रहस्थानाभियोगो निरनुयोज्यानुयोगः ।

२१ सिद्धान्तमभ्युपेत्यानियमात्कथाप्रसङ्गोऽपसिद्धान्तः ।

२२. सव्यभिचारविरुद्धप्रकरणसमसाध्यसमकालेति पञ्च हेत्वाभासाः पक्षकाः ॥३२॥

पदार्थ यैन=जिससे। परः=दूसरे पक्ष वाला, प्रतिवादी। निगृह्यते=पकड़ में आ जाय, रोक दिया जाय। निग्रहस्थानम्=उसे निग्रहस्थान। आख्यातम्=कहा गया है। प्रतिज्ञाहानिसंन्यासविरोधादिविभेदवत्=प्रतिज्ञा-हानि आदि निग्रहस्थान के बाइस भेद होते हैं ॥३२॥

भाषाप्रकाश—जिनमें पड़कर वादी और प्रतिवादी निगृहीत (परास्त) हो जाते हैं उन्हें निग्रहस्थान कहते हैं। वादी और प्रतिवादी दोनों के लिए निग्रहस्थान की जानकारी परमावश्यक है। न्यायदर्शन का यह अन्तिम सोलहवाँ पदार्थ (ज्ञेय विषय) है। निग्रहस्थान के बाइस भेद होते हैं—१. प्रतिज्ञाहानि, २. प्रतिज्ञान्तर, ३. प्रतिज्ञाविरोध, ४. प्रतिज्ञासंन्यास, ५. हेत्वन्तर, ६ अर्थान्तर, ७. निरर्थक, ८ अविज्ञातार्थ, ९. अपार्थक, १०. अप्राप्तकाल, ११. न्यून, १२. अधिक, १३ पुनरुक्त, १४. अननुभाषण, १५. अज्ञान, १६. अप्रतिभा, १७. विक्षेप, १८. मतानुज्ञा, १९. पर्यनुयोज्योपेक्षण, २०. निरनुयोज्यानुयोग, २१. अपसिद्धान्त और २२. हेत्वाभास ॥

१. प्रतिज्ञाहानि—अपने पक्ष के विरुद्ध प्रतिवादी द्वारा दिए गए हेतु अथवा दृष्टान्त को स्वीकार कर लेना प्रतिज्ञाहानिनामक निग्रहस्थान कहलाता है; क्योंकि परपक्ष को स्वीकार करने का तात्पर्य है—अपने पक्ष की हानि ।

जैसे वादी ने प्रतिज्ञा की कि इन्द्रिय का विषय होने के कारण घट की भाँति शब्द भी अनित्य है । इस पर प्रतिवादी उत्तर देता है कि सामान्य जाति भी इन्द्रिय का विषय है और जैसे वह नित्य है वैसे ही शब्द भी नित्य है । इस पर वादी कहता है कि यदि इन्द्रियविषय जाति नित्य है तो शब्द भी नित्य होगा ।

२. प्रतिज्ञान्तर—अपनी प्रतिज्ञा का खण्डन होने पर उसका समाधान न करके कोई दूसरी प्रतिज्ञा कर बैठना प्रतिज्ञान्तरनामक निग्रहस्थान है । जैसे वादी ने यह प्रतिज्ञा की कि इन्द्रिय का विषय होने से घट की तरह शब्द भी अनित्य है, इस पर प्रतिवादी कहता है कि जाति यद्यपि इन्द्रिय का विषय है, फिर भी जिस प्रकार वह नित्य है उसी तरह शब्द भी नित्य है । इस पर वादी अपनी प्रतिज्ञा को बदल देता है और कहता है कि शब्द सर्वगत नहीं है, इसलिए वह अनित्य है ।

३. प्रतिज्ञाविरोध—प्रतिज्ञा और हेतु के विरोध से प्रतिज्ञाविरोधनामक निग्रहस्थान होता है । किसी ने प्रतिज्ञा की कि द्रव्य गुण से भिन्न है । इस पर हेतु दिया कि रूपादि के अतिरिक्त किसी वस्तु की उपलब्धि न होने से । यहाँ पर प्रतिज्ञा व हेतु परस्पर विरुद्ध हैं ।

४. प्रतिज्ञासंन्यास—जो प्रतिज्ञा की हो उसका खण्डन हो जाने पर उसे छोड़ देना प्रतिज्ञासंन्यास कहलाता है । जैसे वादी ने कहा कि इन्द्रिय का विषय होने से शब्द अनित्य है । इस पर प्रतिवादी कहता है कि जाति भी इन्द्रिय का विषय है, किन्तु वह नित्य है । इस पर वादी कहता है कि कौन कहता है कि शब्द अनित्य है ।

५. हेत्वन्तर—अपने पक्ष की पुष्टि में जो सामान्य हेतु दिया गया उसका खण्डन हो जाने पर पुनः विशेष हेतु की इच्छा करना हेत्वन्तरनामक निग्रहस्थान कहलाता है । जैसे वादी ने कहा कि घट परिमाण वाला होने के कारण एक कारण वाला है । इस पर प्रतिवादी इस हेतु का खण्डन करता है कि अनेक कारण वाले पदार्थों का भी परिमाण देखने को मिलता है; इस पर वादी पुनः कहता है कि आकारवान होने के कारण घड़ा एक कारण वाला है ।

६. **अर्थान्तर**— जिस बात को सिद्ध करने के लिए प्रतिज्ञा की गई हो उसे छोड़ करके ऐसी बात को सिद्ध करना जिससे कोई सम्बन्ध न हो, अर्थान्तरनामक निग्रहस्थान कहलाता है। जैसे किसी ने कहा कि कार्य होने से शब्द अनित्य है, इस पर यह कहना कि शब्द गुण है, वह आकाश में रहता है।

७ **निरर्थक**— जिन शब्दों का कोई अर्थ न हो उनका उच्चारण करना निरर्थकनामक निग्रहस्थान कहलाता है। जैसे कोई कहे कि शब्द नित्य है और उसकी सिद्धि में हेतु यह दे कि क ख ग घ आदि वर्ण वाला होने से।

८ **अविज्ञातार्थ**— वादी किसी बात को ऐसे शब्दों में कहे जिसे कोई समझ ही न सके। सभा और प्रतिवादी के तीन बार कहने पर भी वादी यदि अपने आशय व सिद्धान्त को स्पष्ट नहीं करता तो यह अविज्ञातार्थनामक निग्रहस्थान माना जाता है। इसमें यह मान लिया जाता है कि वादी जो कुछ कह रहा है, उसे वह स्वयं नहीं समझता है।

९ **अपार्थक**— जिस कथन में पूर्व-पर वाक्य व अर्थ का कोई सम्बन्ध न हो उसे अपार्थकनामक निग्रहस्थान कहते हैं; जैसे किसी ने कहा—दस घोड़े पन्द्रह सेब लाल सिंह आदि।

१०. **अप्राप्तकाल**— प्रतिज्ञा-हेतु-उदाहरणादि पाँचों अवयवों को क्रमपूर्वक न कहकर उलटा—अव्यवस्थित रूप में कहना अप्राप्तकालनामक निग्रहस्थान कहलाता है।

११. **न्यून**— प्रतिज्ञादि जो पाँच वाक्य के अवयव हैं, उनमें से किसी को पूरा न कहकर अवसर चूक जाना न्यूनता नामक निग्रहस्थान होता है।

१२ **अधिक**— जहाँ एक ही हेतु व दृष्टान्त से काम चल जाय वहाँ अनेक हेतु व दृष्टान्त देना अधिकनामक निग्रहस्थान होता है।

१३. **पुनरुक्त**—किसी प्रयोजन से कोई बात दो बार अथवा अधिक बार कही जाय तो उसे अनुवाद कहते हैं। अनुवाद को छोड़ करके किसी बात को बार-बार कहना पुनरुक्तनामक निग्रहस्थान है। एक ही अर्थ का जिस शब्द व वाक्य से बोध हो जाय उसी अर्थ का फिर दूसरे शब्दों व वाक्यों द्वारा वर्णन करना पुनरुक्त कहलाता है।

१४. **अननुभाषण**— जाने हुए विषय को सभा के तीन बार पूछने पर भी नहीं प्रकट करना अननुभाषणनामक निग्रहस्थान कहलाता है।

१५. **अज्ञान**—प्रतिवादी द्वारा तीन बार बतलाए जाने पर भी किसी विषय को न समझना अज्ञानरूप निग्रहस्थान है।

१६. **अप्रतिभा**—प्रतिपक्षी के आक्षेप का किसी कारणवश उत्तर न दे पाना अप्रतिभानामक निग्रहस्थान है।

१७. **विक्षेप**—किसी कार्य के बहाने से वाद-विवाद को टाल देना विक्षेप-नामक निग्रहस्थान है।

१८. **मतानुज्ञा**— अपने पक्ष में प्रतिवादी ने जो दोष लगाया है उसका निवारण न करके उल्टे उसके पक्ष में वही दोषारोपण कर देना मतानुज्ञानामक निग्रहस्थान कहलाता है।

१९ **पर्यनुयोज्योपेक्षण**—जो निग्रहस्थान में पड़ गया उसे यह न बतलाना कि 'अमुक निग्रहस्थान में पड़े हो' पर्यनुयोज्योपेक्षण नामक निग्रहस्थान कहलाता है।

२०. **निरनुयोज्यानुयोग**— जो किसी निग्रहस्थान में न आया हो उसे भी निगृहीत बतलाना निरनुयोज्यानुयोग निग्रहस्थान कहलाता है।

२१. **अपसिद्धान्त**— किसी सिद्धान्त को मान करके फिर उसके विरुद्ध बोलना अपसिद्धान्तनामक निग्रहस्थान होता है।

२२. **हेत्वाभास**—वाद-विवाद में ऐसा हेतु दिया जाय जो हेतु न हो, बल्कि केवल हेतु जान पड़े उसे हेत्वाभासनामक निग्रहस्थान कहते हैं ॥३२॥

नैयायिकमतस्यैवं समासः कथितोऽधुना।
साङ्ख्याभिमतभावानामिदानीमयमुच्यते ॥३३॥

अथोपसंहरन्नाह नैयायिकमतस्यैवमित्यादिना।

एवम् इत्थं प्रकारतया नैयायिकमतस्य शिवशासनस्य समासः संक्षेपोऽधुना कथितो निवेदितः साम्प्रतमेव निष्ठित इत्यर्थः।

इदानीं पुनरयं समासः सांख्याभिमतभावानाम् उच्यते, सांख्याः कापिला इत्यर्थः। तदभिमता तदभीष्टा ये भावाः पञ्चविंशतितत्त्वादयस्तेषां संक्षेपोऽतः परं कथ्यत इत्यर्थः ॥ ३३ ॥

अन्वयः—एवम् नैयायिकमतस्य समासः अधुना कथितः। इदानीम् अयं सांख्याभिमतभावानां उच्यते।

सुधा— एवम्=इत्थं प्रकारतया, नैयायिकमतस्य=अक्षपाददर्शनस्य, समासः=संक्षेपः, अधुना=इदानीं, कथितः=निवेदितः, इदानीम्=अतः परम्, अयं=पुरोहितम्, सांख्याभिमतभावानाम्—सांख्याः=कापिलाः, तदभिमता=तदभीष्टा, ये भावाः=पञ्चविंशतितत्त्वादयस्तेषां संक्षेपोऽतः परं कथ्यते इत्यर्थः ॥३३॥

पदार्थ— एवम्=इस प्रकार। नैयायिकमतस्य=न्यायदर्शन का। समासः=संक्षिप्त वर्णन। अधुना=अब। कथितः=किया गया। इदानीम्=अब। अयं=इसके आगे। सांख्याभिमतभावानां=सांख्यदर्शन के सिद्धान्त। उच्यते=कहे जाते हैं ॥३३॥

भाषाप्रकाश—अबतक न्यायदर्शन के सिद्धान्तों का निरूपण किया गया। महामुनि गोतम का बनाया हुआ न्यायदर्शन अपने ढंग का विश्व साहित्य में

अद्वितीय तर्कशास्त्र है, जिसमें सोलह पदार्थों का उद्देश्य एवं उनका लक्षण वर्णित है और पूर्वपक्ष एवं उत्तरपक्षपूर्वक शंका-समाधान शैली से उनकी परीक्षा भी की गई है। प्रस्तुत ग्रन्थ में न्यायदर्शन के सम्मत सोलहों पदार्थों का उद्देश्य एवं लक्षण निरूपित किया गया है किन्तु विस्तारभय से न्यायदर्शनसूत्रों की भाँति परीक्षा नहीं की गई है; इसी का ग्रन्थकार ने "समासः कथितोऽधुना" कहा है, किन्तु टीका में षोडश पदार्थों की परीक्षा सम्बन्धी बहुत से अंशों का उल्लेख कर दिया गया है ताकि यदि [illegible] न्यायदर्शन का मौलिक ग्रन्थ (सूत्र) पढना चाहें तो सरलता से उन्हें बोध हो जाय। जो लोग न्यायदर्शन का विस्तृत व गहन अध्ययन करना चाहते हैं उन्हें महर्षि गोतम-रचित न्याय दर्शन देखना चाहिए, जो कि सूत्रों में निबद्ध है और [illegible] का मौलिक आदिग्रन्थ है। महर्षि गोतम ही न्याय दर्शन के संस्थापक व [illegible]। भूमण्डल में न्याय दर्शन एक अद्वितीय ग्रन्थ है। इन सूत्रों पर [illegible] मुनि का भाष्य अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है। उद्योतकर का लिखा न्याय-[illegible] भी बड़ा योग्य ग्रन्थ है, जो कि सोने में सुगन्ध उत्पन्न कर देने वाला है।

सांख्यदर्शन

न्याय दर्शन के बाद सांख्य दर्शन के सिद्धान्त का अब संक्षेप में वर्णन करेंगे। सांख्य दर्शन के कर्ता व संस्थापक महामुनि कपिल हैं। इतिहास व पुराणों के आधार पर इनका जीवनकाल कई हजार वर्ष पूर्व निश्चित होता है। कुछ विद्वानों के अनुसार यह ईश्वरवादी थे तो कुछ के अनुसार अनीश्वरवादी। महर्षि कपिल का बनाया हुआ सांख्य दर्शन सूत्ररूप में है, जो कि छ अध्यायों में निबद्ध है और जिसमें कुल ५३७ सूत्र हैं। सांख्यसूत्रों पर अनिरुद्ध की वृत्ति और विज्ञानभिक्षु का भाष्य अत्यन्त ही महत्त्वपूर्ण है। सांख्यसूत्रों के अतिरिक्त महर्षि कपिल का बनाया हुआ तत्त्वसमास ग्रन्थ भी है, जिसमें सूत्र तो केवल २२ ही हैं, किन्तु इन्हीं में संक्षेप में सांख्य का ज्ञान भर दिया गया है। तत्त्वसमास पर अनेक टीकाएँ सांख्यसंग्रह नामक ग्रन्थ में संकलित हैं। ईश्वरकृष्ण की लिखी हुई सांख्यकारिका एवं उस पर वाचस्पति मिश्र की लिखी सांख्यतत्त्वकौमुदी टीका सांख्य दर्शन के अत्यन्त महत्त्वपूर्ण ग्रन्थ हैं। वेदों से लेकर पुराणों तक सम्पूर्ण भारतीय साहित्य में सांख्य का ज्ञान ओत-प्रोत है। सांख्यसिद्धान्तों के बिना भारतीय दर्शन टिक ही नहीं सकता। यहाँ तक कि बौद्ध, जैन आदि दर्शन भी सांख्य के ज्ञान से प्रभावित दिखाई देते हैं।

भारतीय दर्शन में सांख्यशास्त्र के सिद्धान्तों की महती प्रतिष्ठा है तथा जीवन में उपयोगिता की दृष्टि से भी यह अधिक ग्राह्य है। कहा भी गया है कि "नास्ति सांख्यसमं ज्ञानं नास्ति योगसमं बलम्" अर्थात् सांख्य शास्त्र के समान न तो कोई ज्ञान है और न ही योग के समान कोई दूसरा बल है। यहाँ तक कहा गया है कि—

पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र-कुत्राश्रमे वसन्।
जटी मुण्डी शिखी वाऽपि मुच्यते नात्र संशयः॥

अर्थात् पच्चीस तत्त्वों का ज्ञान करानेवाला जो सांख्य शास्त्र है उसे जाननेवाला चाहे जिस आश्रम में हो, चाहे वह जटा वाला हो, चाहे सिर मुड़ाए हो, चाहे शिखी हो, चाहे जिस देश में हो, सांख्य के ज्ञान के प्रभाव से वह अवश्य ही मुक्त हो जाता है।

आधुनिक युग में रूस जैसे साम्यवादी देश में भी सांख्य दर्शन अत्यन्त लोकप्रिय बनता जा रहा है और तमाम भाषाओं में सांख्य दर्शन का अनुवाद भी कराया जा रहा है॥३३॥

सांख्या निरीश्वराः केचित्केचिदीश्वरदेवताः।
सर्वेषामपि तेषां स्यात्तत्त्वानां पञ्चविंशतिः॥३४॥

दर्शनस्वरूपमाह—**साङ्ख्या इत्यादिना।**

केचित्सांख्या निरीश्वरा ईश्वरं देवतया न मन्यन्ते केवलाध्यात्मवेदिनः, केचित्पुनरीश्वरदेवता महेश्वरं स्वशासनाधिष्ठातारमाहुः— सर्वेषामिति। तेषां केवलनित्यात्मवादिनामीश्वरदेवतानां च सर्वेषां सांख्यमतानुसारिणां शासने तत्त्वानां पञ्चविंशतिः स्यात्, तत्त्वं ह्यपवर्गसाधकं बीजमिति सर्ववादिसंवादः। यदुक्तम्—

पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र तत्राश्रमे रतः।
जटी मुण्डी शिखी वाऽपि मुच्यते नात्र संशयः॥

तन्मते पञ्चविंशतिस्तत्त्वानीत्यर्थः॥३४॥

अन्वय—केचित् सांख्याः निरीश्वराः केचिदीश्वरदेवताः तेषां सर्वेषां तत्त्वानां पञ्चविंशतिः स्यात्॥३४॥

सुधा केचिन् सांख्याः=केचित् सांख्यमतवादिनः। निरीश्वराः=ईश्वरं देवतया न मन्यन्ते। केचित्=केचित् सांख्यमतवादिनः। ईश्वरदेवताः=ईश्वरं देवतया मन्यन्ते। तेषाम्=सांख्यमतवादिनाम्। सर्वेषाम्=सेश्वरनिरीश्वरमतवादिनाम् मते। तत्त्वानाम्=पदार्थानाम्, संख्या पञ्चविंशतिः स्यात्, यथा हि सांख्यदर्शने यदुक्तम्।

सत्त्वरजस्तमसां साम्यावस्था प्रकृतिः प्रकृतेर्महान् महतोऽहङ्कारः। अहंकारात् पञ्चतन्मात्राण्युभयमिन्द्रियं, तन्मात्रेभ्यः स्थूलभूतानि पुरुष इति पञ्चविंशतिर्गणः॥

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृतिः पुरुषः॥

एवमेव—पञ्चविंशतितत्त्वज्ञो यत्र कुत्राश्रमे वसन् ।
जटी मुण्डी शिखी वाऽपि मुच्यते नात्र संशयः ।।

स्थूलात् चाक्षुषात् पञ्चतन्मात्रस्य बाह्याभ्यान्ताराभ्यां तैश्चाहंकारस्य तेनान्तः-करणस्य ततः प्रकृतेः महतपरार्थत्वात् पुरुषस्य सिद्धिर्भवति ।

द्विविधं सांख्यमतं सेश्वरनिरीश्वरभेदात् । द्वयोरपि मते प्रधानं चोपादानं पुरुषः परम कारणम् । सेश्वरसांख्यमते निर्गुणः सर्वव्यापकः सर्वज्ञः कर्तृत्वाभिमान-रहितः अकर्ता ब्रह्मरूपः परमपुरुषविशेषश्चेश्वरः नास्तीश्वरः जगत्कर्ता अपितु परमपुरुषः चैतन्यमयश्चानन्दमयश्च पुरुषस्य परास्थितिरिति । ईश्वरविषये सांख्य-दर्शने प्रमाणदर्शनात्; यथा—

मुक्तात्मनः प्रशंसा उपासनासिद्धस्य वा—अ० १, सू० ९५ ।।
तत्सन्निधानादधिष्ठातृत्वं मणिवत्—अ० १, सू० ९६ ।।
सिद्धरूपवोद्वत्वाद्वाक्यार्थोपदेशः — अ० १, सू० ९८ ।।

यद्यपि सांख्यदर्शने स्पष्टतया ईश्वरसिद्धेः डिण्डिमः नैव दृश्यते तथापि प्रकृतेः क्रियमाणत्वात् पुरुषसाधनात् कैवल्यस्वरूपनिरूपणात् श्रुतिसामान्यात् श्रुतिप्रमाणग्रहणात् परपुरुषत्वेनानन्दस्वरूपस्य परमात्मनः सिद्धिरिति ।

सांख्यदर्शने कपिलमुनिना स्पष्टतया ईश्वरस्य सत्ता स्वीक्रियते; यथा—

स हि सर्ववित् सर्वकर्ता—अ० ३, सू० ५६ ।।
ईदृशेश्वरसिद्धिः सिद्धा—अ० ३, सू० ५७ ।।
ईश्वरासिद्धेः—अ० १, सू० ९२ ।।
नेश्वराधिष्ठिते फलनिष्पत्तिः कर्मणा तत्सिद्धेः—अ० ५, सू० २ ।।
स्वोपकारादधिष्ठानं लोकवत्—अ० ५, सू० ३ ।।
लौकिकेश्वरवदितरथा—अ० ५, सू० ४ ।।
पारिभाषिको वा—अ० ५, सू० ५ ।।
न रागादृते तत्सिद्धिः प्रतिनियतकारणत्वात् —अ० ५, सू० ६ ।।
तदयोगेऽपि न नित्यमुक्तः—अ० ५, सू० ७ ।
प्रधानशक्तियोगाच्चेत् सङ्गापत्तिः—अ० ५, सू० ८ ।।
मन्त्रमात्राच्चेत् सर्वेश्वर्यम् —अ० ५, सू० ९ ।।
प्रमाणाभावान्न तत्सिद्धिः—अ० ५, सू० १० ।।
सम्बन्धाभावान्नानुमानम्—अ० ५, सू० ११ ।।

श्रुतिरपि प्रधान कार्यत्वस्य—अ० ५, सू० १२ ।। इत्यादि सांख्यसूत्रैः सांख्यदर्शनस्य निरीश्वरवादित्वं प्रतिपाद्यते ।।

वस्तुतस्तु न्यायवैशेषिकयोः पदार्थनिरूपणानन्तरम् ततः परं तत्त्वज्ञानं सांख्यदर्शनस्य प्रकृतिपुरुषज्ञानम् । प्रकृतिपुरुषविवेक एव सांख्यशास्त्रस्य मुख्यविषयः ततः परं ईश्वरादिविषयकमाध्यात्मिकं ज्ञानं योगे वेदान्ते च प्रतिपादितम् । सांख्यदर्शने प्रधानस्य कर्तृत्वमेव प्रतिपाद्यते । अधिष्ठातृत्वं कर्तृत्वं ईश्वरत्वञ्च प्रधाने एव मन्यते असङ्गोऽयं पुरुषः । अस्त्यात्मानास्तित्वसाधनाभावात् । आत्मतत्त्व-निरूपणे जीवात्मपरमात्मभेदात् परमेश्वरस्य सिद्धिर्भवति । अतः सांख्यदर्शने प्रकृति-पुरुषयोः एव निरूपणात् सेश्वरवादनिरीश्वरवादयोः द्वैविध्यं व्यर्थमिति ।। ३४ ।।

पदार्थ—केचित् सांख्याः=कुछ सांख्यमत के विद्वान् । निरीश्वराः=ईश्वर को नहीं मानते । केचित्=कुछ विद्वान् । ईश्वरदेवताः=ईश्वर को स्वीकार करते हैं । तेषां सर्वेषाम्=ईश्वरवादी व निरीश्वरवादी सभी सांख्य मत माननेवाले । तत्त्वा-नाम्=सांख्यसम्मत पदार्थों का भेद । पञ्चविंशतिः=पच्चीस संख्या । स्यात्=मानते हैं ।।३४।।

भाषाप्रकाश—कुछ लोग सांख्य दर्शन को निरीश्वरवादी मानते हैं तथा कुछ विद्वान् यह मानते हैं कि सांख्य ईश्वरवादी दर्शन है; किन्तु सांख्य दर्शन के सम्बन्ध में उपरोक्त मतभेद भ्रमवश ही है । सांख्य दर्शन का मुख्य प्रतिपाद्य विषय प्रकृति और पुरुष है । जगत का कर्तृत्व मूल प्रकृति में माना गया । पुरुष स्वरूप से तो असंग व निर्लिप्त है, किन्तु प्रकृति के संयोग से वह जन्म लेता है, सुखी और दुखी होता है । जब पुरुष को प्रकृति के स्वरूप का विवेक हो जाता है तो वह सुख-दुःख, जन्म-मरण के बन्धन से छुटकारा पा जाता है और मुक्त हो जाता है । अन्य शास्त्रों में जहाँ ईश्वर के स्वरूप का निरूपण किया गया है वहाँ सबसे पहले उसे संसार को बनानेवाला एवं पालन करनेवाला कहा गया है, किन्तु सांख्य दर्शन में जगत का कर्तृत्व प्रधान अथवा मूलप्रकृति में माना गया है एवं पुरुष (आत्मा) को असंग बतलाया गया है—'असंगोऽयं पुरुषः' । साथ ही पुरुष एवं प्रकृति के संयोग से ऐश्वर्य व अधिष्ठातृत्व माना गया है—"तत्सन्निधानादधिष्ठातृत्वं मणिवत्" ।

निम्नलिखित सूत्रों द्वारा ईश्वर के कर्तृत्व का खण्डन किया गया है—

ईश्वरासिद्धेः—अ० १, सू० ९२ अर्थात् ईश्वर की असिद्धि होने के कारण; नेश्वराधिष्ठिते फलनिष्पतिः कर्मणा तत्सिद्धेः—अ० ५, सू० २ अर्थात् सुख-दुःख, पाप-पुण्य आदि कर्मों के फल ईश्वर द्वारा नहीं प्रतिपादित होते, क्योंकि सुख-दुःख-भोग तो कर्म से सिद्ध होते हैं ।

स्वोपकारादधिष्ठानं लोकवत् । लौकिकेश्वरवदितरथा—अ० ५, सू० ३-४ ।।

अर्थात् यदि यदि यह कहा जाय कि अपने (पुरुष) उपकारार्थ वह कर्मफल देता है तो वह भी सांसारिक स्वार्थी ईश्वर हो जायगा । यदि उसे सांसारिक ही मान लिया जाय तो—

पारिभाषिको वा—अ० ५, सू० ५ अर्थात् वह ईश्वर नाममात्र का हो जायगा। न रागादृते तत्सिद्धिः प्रतिनियतकारणत्वात्—अ० ५, सू० ६ अर्थात् बिना राग के कर्मफल देने का कार्य सम्भव नहीं है, क्योंकि सभी कर्मफल के कारण नियत होते हैं।

यदि मान लिया जाय कि राग-द्वेषवश वह कर्मफल देता है तो 'तदयोगेऽपि न नित्यमुक्तः'—अ० ५, सू० ७ अर्थात् वह नित्य मुक्त नहीं माना जा सकता।

यदि यह माना जाय कि प्रधान (मूलप्रकृति) की शक्ति के द्वारा वह कर्मफल देता है तो प्रधानशक्तियोगाच्चेत् सङ्गापत्तिः—अ० ५, सू० ८ अर्थात् मूलप्रकृति (प्रधान) के सभी दोष ईश्वर में आरोपित होंगे।

यदि यह माना जाय कि सत्तामात्र से वह कर्मफल देता है तो सत्तामात्राच्चेत् सर्वेश्वर्यम्—अ० ५, सू० ९ अर्थात् सभी पुरुषों में ईश्वरत्व आ जायगा। अतः प्रमाण के अभाव में ईश्वर की सिद्धि नहीं होती है। कहा भी है कि प्रमाणाभावान्न तत्सिद्धिः'—अ० ५, सू० १०।

सम्बन्धाभावान्नानुमानम्—अ० ५, सू० ११ अर्थात् व्याप्ति न होने के कारण अनुमान द्वारा भी उसकी सिद्धि नहीं हो सकती। श्रुतिरपि प्रधानकार्य्यत्वस्य—अ० ५, सू० १२ अर्थात् श्रुति (वेद में) भी प्रधान मूल प्रकृति को ही संसार का कारण माना गया है और जगत उसी का कार्य है। जैसा कि ऋग्वेद में कहा भी गया है

अजामेकां लोहितशुक्लकृष्णां बह्वीं प्रजाः सृजमानां सरूपाः।
अजो ह्येको जुषमाणोऽनुशेते जहात्येनां भुक्तभोगामजोऽन्यः॥

सत्त्व-रज-तम गुणवाली नित्या एक स्वरूपवाली मूल प्रकृति है, जिसने बहुत-सी प्राणियों को उत्पन्न किया है। एक पुरुष, जो इसका भोग करता है और दूसरा जिसने इसका भोग कर लिया है वह, इसे छोड़ता है।

इस प्रकार उपरोक्त सूत्रों के आधार पर सांख्य दर्शन को निरीश्वरवादी सिद्ध किया गया है। इसके अनुसार ईश्वर जगत का कर्ता नहीं है और कर्मफल भी ईश्वर नहीं देता।

ईश्वर के कर्तृत्व का खण्डन करते हुए जहाँ एक ओर निरीश्वरवाद की स्थापना की गई है वहीं इसी सांख्य दर्शन में ईश्वर की सत्ता भी मानी गई है, जिसके आधार पर सेश्वर सांख्य विचारधारा की स्थापना होती है।

मुक्तात्मनः प्रसंशा उपासनासिद्धस्य वा—अ० १, सू० ९५ अर्थात् मुक्त आत्माओं की प्रसंशा तथा उपासना और योग के द्वारा साक्षात्कार करने से ईश्वर की सिद्धि होती है।

स हि सर्ववित् सर्वकर्ता—अ० ३, सू० ५६ अर्थात् वह सर्वज्ञ एवं सर्वकर्ता है। ईदृशेश्वरसिद्धिः सिद्धा—अ० ३, सू० ५७ अर्थात् इस प्रकार ईश्वर की सिद्धि हो गई।

अब दोनों विचारधाराओं के समन्वय से ही महर्षि कपिल के दृष्टिकोण का निश्चय हो सकता है। वास्तव में सांख्य दर्शन जगत् का मूल उपादान कारण प्रधान (मूल प्रकृति) को मानता है और कर्तृत्व भी उसी में स्वीकार करता है, लेकिन ईश्वर की सत्ता का खण्डन नहीं करता। पुरुष के अन्तर्गत ही ईश्वर की मान्यता है। वह असंग एवं निर्लेप है तथा परम पुरुष है। प्रकृति से परे है एवं योगगम्य है। क्रिया, कर्मफल एवं संसार के कर्तृत्व से परे है और परम चैतन्य है। उसी के सन्निधान से प्रकृति में कर्तृत्व रहता है।

सांख्यदर्शन में पच्चीस तत्त्व माने गये हैं, जिनके विवेक से पुरुष प्रकृति के बन्धन से मुक्त हो जाता है। सत्त्व, रज व तम स्वभाववाली प्रकृति जगत का मूल कारण है। जब उसमें यह तीनों गुण असमान (विषम) हो जाते हैं तो जगत की रचना का प्रारंभ होता है। सबसे पहले महत्तत्त्व का निर्माण होता है। यह आदि द्रव्य है, जो जड़-चेतन का आधार है। योगीजन योगाभ्यास द्वारा इस तत्त्व का साक्षात्कार करते हैं। यही समस्त द्रव्यों तथा सभी क्रियाओं का मूलाधार है। पुरुष का चैतन्य स्वभाव जब इससे संयुक्त हो जाता है तो अहंकार की उत्पति होती है। अहंकार की उत्पत्ति में पुरुष आत्मा का चैतन्य एवं जड़ महत्तत्त्व ही कारण हैं।

अहंकार से रूप-रस-गन्ध-स्पर्श एवं शब्द—यह पाँच तन्मात्रायें (सूक्ष्म दिव्य-महाभूत) उत्पन्न होते हैं। फिर इनसे पाँच ज्ञानेन्द्रियाँ—रूप से चक्षु, रस से जिह्वा, गन्ध से नासिका, स्पर्श से त्वचा और शब्द से कान उत्पन्न होते हैं। फिर इन्हीं से गुदा, लिंग, हाथ, पैर, वाणी—यह पाँच कर्मेन्द्रियाँ उत्पन्न होती हैं। पञ्च तन्मात्राओं से पाँच महाभूत उत्पन्न होते हैं। रूप से तेज, रस से जल, गन्ध से पृथ्वी, स्पर्श से वायु एवं शब्द से आकाश उत्पन्न होते हैं। फिर सबका संग्राहक मन उत्पन्न होता है और पुरुष (आत्मा) चैतन्यमय पच्चीसवाँ तत्त्व है, जिसके संयोग से सृष्टि की उत्पत्ति होती है। सांख्यकारिका में भी बतलाया गया है कि—

मूलप्रकृतिरविकृतिर्महदाद्याः प्रकृतिविकृतयः सप्त।
षोडशकस्तु विकारो न प्रकृतिर्न विकृति पुरुषः॥

१. मूल प्रकृति—जो किसी की विकृति नहीं है।

२. सात विकृतियाँ—१. महत्तत्त्व, २. अहंकार, ३. रूप, ४. रस, ५. गन्ध, ६. स्पर्श और ७. शब्द।

३. सोलह विकार—१ पृथ्वी, २. जल, ३. तेज, ४ वायु, ५. आकाश, ६. नेत्र, ७. जिह्वा, ८. नासिका, ९. त्वचा, १०. कान, ११ गुदा, १२. उपस्थ, १३. हाथ, १४ पैर, १५ वाणी और, १६. मन।

पुरुष=पच्चीसवाँ तत्त्व पुरुष है, जो प्रकृति और विकृति से भिन्न है ॥ यही सांख्य के पच्चीस तत्त्व हैं ॥३४॥

सत्त्वं रजस्तमश्चेति ज्ञेयं तावद् गुणत्रयम् ।
प्रसादतोषदैन्यादिकार्यलिङ्गं क्रमेण तत् ॥३५॥

१ गुणत्रयमाह—सत्त्वमित्यादिना।

तावदिति प्रक्रमे, सत्त्वरजस्तमश्चेति गुणत्रयं ज्ञेयम्, तद् गुणत्रयं क्रमेण परिपाटया, प्रसादतोषदैन्यादिकार्यलिङ्गं गुणत्रयेणेदं लिङ्गत्रयं क्रमेण जन्यते, सत्त्वगुणेन प्रसादकार्यं लिङ्गं,—वदननयनादिप्रसन्नता सत्त्वगुणेन स्यादित्यर्थः। रजोगुणेन तोषः, स चानन्दपर्यायः, तल्लिङ्गानि स्फूर्त्यादीनि रजोगुणेनाभिव्यज्यन्त इत्यर्थः। तमोगुणेन च दैन्यं जन्यते, हा दैव ! नष्टोऽस्मि वञ्चितोऽस्मीत्यादिवदनविच्छायतानेत्रसङ्कोचादिव्यङ्ग्यं दैन्यं तमोगुणलिङ्गमिति। दैन्यादीत्यादिशब्देन दुःखत्रयमाक्षिप्यते, तद्यथाऽऽध्यात्मिकम्, आधिभौतिकम्, आधिदैविकं चेति।

तत्राध्यात्मिकं द्विविधं—शारीरं मानसं च, शारीरं वातपित्तश्लेष्मणां वैषम्यनिमित्तम्, मानसं कामक्रोधलोभमोहेर्ष्याविषयादर्शननिबन्धनं, सर्वं चैतदान्तरोपायसाध्यत्वादाध्यात्मिकं दुःखम्।

बाह्योपायसाध्यं दुःखं द्वेधा—आधिभौतिकम् आधिदैविकं चेति। तत्राधिभौतिकं मानुषपशुमृगपक्षिसरीसृपस्थावरनिमित्तम्, आधिदैविकं यक्षराक्षसग्रहाद्यावेशहेतुकमिति ॥ ३५ ॥

अन्वयः—तावत् सत्त्वं रजः तमः च इति गुणत्रयम् ज्ञेयम्। तत् क्रमेण प्रसादतोषदैन्यादि कार्यलिङ्गम् ॥३५॥

सुधा—तावत्=प्रक्रमे सत्त्वरजस्तमश्चेति। गुणत्रयम्=मूलप्रकृतेः गुणम्। ज्ञेयम्=ज्ञातव्यम्। तत् क्रमेण=परिपाटया। क्रमानुसारमिति सत्त्वगुणेन प्रसादकार्यलिङ्गम् मुखनयनादि प्रसन्नता, रजोगुणेन तोषः=आनन्दः, स्फूर्त्यादीनि। तमोगुणेन दैन्यं जायते=हा दैव नष्टोऽहम्, दैन्यं=दुःखत्रयम्, आध्यात्मिकम् आधिभौतिकम् आधिदैविकम्, आध्यात्मिकम् द्विविधं शारीरं मानसञ्च। शारीरं वातपित्तकफजन्यम्। मानसं कामक्रोधलोभमोहेर्ष्याविषयादर्शनम्। आधिभौतिकम्=मानुषपशुपक्षिसरीसृपस्थावरनिमित्तम्, आधिदैविकम्—यक्षराक्षसग्रहावेशनिमित्तमिति ॥३५॥

पदार्थ—तावत्=अब इसके बाद तत्त्वनिरूपण करेंगे। सत्त्वम्=सत्त्व। रजः=रज। तमः=तम। च इति=इतने। गुणत्रयम्=मूलप्रकृति के तीन गुण। ज्ञेयम्=जानना चाहिए। प्रसाद=प्रसन्नता, तोष=आनन्द, दैन्यादि=दीनता आदि, त्रिविध दुःख। तत्=गुणों के। क्रमेण=क्रमशः। कार्यलिङ्गम्=कार्यरूप चिह्न होते हैं ॥३५॥

भाषाप्रकाश—अब सांख्य दर्शन की सृष्टिप्रक्रिया का वर्णन करते हैं। सांख्य दर्शन में सबका मूल प्रकृति को माना गया है, उसका कोई मूल नहीं—'मूले मूलाभावादमूलमुक्तम्'। वह किसी की विकृति नहीं है। वह सूक्ष्म से भी सूक्ष्म है। उसके विकार महान् से भी महान् हैं। उसमें तीन गुण विद्यमान हैं—सत्त्व, रज और तम। यह तीनों गुण जब समान रहते हैं तो वह मूल प्रकृति अपनी स्वाभाविक दशा में रहती है। तब न तो विकृतियाँ होती हैं और न विकार; न तो यह स्थूल जगत ही रहता है। जब यह तीनों गुण असमान (विषम) हो जाते हैं तो उससे सात विकृतियाँ होती हैं। फिर उससे सोलह विकार उत्पन्न होते हैं, वही यह संसार है। विकृतियों और विकारों के कारण सत्त्व, रज और तम गुण हैं। समस्त संसार इन्हीं तीन गुणों से व्याप्त है। गीता में कहा भी गया है—

त्रिभिर्गुणमयैर्भावैरेभिः सर्वमिदं जगत्।
मोहितं नाभिजानाति मामेभ्यः परमव्ययम् ॥

मारा संसार सत्त्व, रज और तम गुणों के भावों से उत्पन्न है। इनसे मोहित हुआ जीव मुझ अव्यक्त परमात्मा को नहीं जानता। तीनों गुण जब विषम होते हैं तो महत्तत्त्वनामक आदितत्त्व उत्पन्न होता है। इसमें तीनों गुण विषम अवस्था में रहते हैं। सत्त्व गुण परम प्रकाश के रूप में, रजोगुण शक्ति और गति के रूप में एवं तमोगुण स्थिति के रूप में रहता है। इस प्रकार महत्तत्त्व में दिव्य प्रकाश, दिव्य शक्ति एवं स्थितिस्थापकता का गुण होता है। सम्पूर्ण सृष्टि बीजरूप से इसी में निहित रहती है। पुरुष (आत्मा) इससे मोहित होता है; उसका चैतन्य महत्तत्त्व में प्रतिबिम्बित होता है और उसी से अहंकार उत्पन्न होता है। यह प्रकृति-पुरुष का प्रथम संयोग है। पुरुष अपने यथार्थ स्वरूप में न स्थित रहकर महत्तत्त्व को ही अपना स्वरूप समझने लगता है। इसी अविवेक से अहं भाव की उत्पत्ति होती है। फिर सत्त्व गुण से रूप और शब्द, रजोगुण से स्पर्श और रस तथा तमोगुण से गन्ध—यह पञ्च तन्मात्रायें उत्पन्न होती हैं। यही प्रकृति की सात विकृतियाँ हैं। फिर इनसे सोलह विकार उत्पन्न होते हैं।

सत्त्वगुण के विकृति शब्द और रूप से आकाश और तेज उत्पन्न होते हैं। रजोगुण के विकृति स्पर्श और रस से वायु और जल उत्पन्न होते हैं। तमोगुण के विकृति गन्ध से पृथ्वी उत्पन्न होती है। इस प्रकार पञ्चमहाभूतों की उत्पत्ति होती है,

स्थापकश्च । द्वेषः=क्रोधः स्नेहद्रवत्वे=चूर्णादिपिण्डीभावहेतुर्गुणः स्नेहः । आद्यस्यन्दनासमवायिकारणं द्रवत्वम् । गुरुत्वदेगौ—आद्यपतनासमवायिकारणं गुरुत्वम् । पृथ्वीजलवृत्तिः द्रवत्वं, पृथ्वीजलतेजो वृत्तिः, स्नेहो जलमात्रवृत्तिः संस्कारः । पृथ्वीजलतेजोवाय्वात्ममनोवृत्तिः । वेगः—चलतीति क्रियाजन्यः, पृथिव्यादिचतुष्टयमनोवृत्तिः ॥६१-६३॥

पदार्थ— तत्र=वैशेषिकमत में । भूजलतेजोऽनिलान्तरिक्षाणि=पृथ्वी-जल-तेज-वायु-आकाश । कालदिगात्ममनांसि=काल, दिशा, आत्मा और मन । नवधा=नौ प्रकार का । द्रव्यम्=द्रव्य माना गया है । पुनश्च=फिर । गुणाः=गुण । चतुर्विंशतिधा=चौबीस प्रकार के माने गए हैं । स्पर्शरसरूपगन्धाः=स्पर्श, रस, रूप और गन्ध—ये चार । शब्दः=शब्द । संख्या=गिनती । विभागसंयोगौ=अलग होना और जुड़ना । परिमाणम्=नाप-तौल । पृथक्त्वम्=अलग होना । तथा=और । परत्वापरत्वे=परत्व और अपरत्व । बुद्धिः=ज्ञान । सुखदुःखेच्छा=सुख, दुःख और इच्छा । धर्माधर्मौ=धर्म और अधर्म । प्रयत्नसंस्कारौ=प्रयत्न और संस्कार । द्वेषः=क्रोध । स्नेहः=चिकनापन । गुरुत्वे=भारीपन । द्रवत्वम्=ढालूपन । वेगौ=चाल । एते=यह । चतुर्विंशति गुणाः=चौबीस गुण माने गए हैं ।६१-६३॥

भाषाप्रकाश— वैशेषिकमत में छः पदार्थ माने गए हैं—१. द्रव्य, २ गुण, ३. कर्म, ४. सामान्य, ५. विशेष और ६. समवाय । द्रव्य विश्वरचना के मूल तत्त्व हैं । शेष पाँच पदार्थ द्रव्य के आश्रित हैं । अतः छः पदार्थों में द्रव्य ही मौलिक तत्त्व है । शेष पदार्थ सत्ता के आधार हैं । सृष्टि में सभी कार्य इन्हीं मूल द्रव्यों में चल रहे हैं । जिसमें क्रिया और गुण हो तथा जो समवायि कारण हो, उसे द्रव्य कहते हैं ॥

वैशेषिकमत में नौ द्रव्य माने गए हैं—१. पृथ्वी, २. जल, ३. तेज, ४. वायु, ५. आकाश, ६. काल, ७. दिशा, ८. आत्मा और ९. मन इनमें से पृथ्वी, जल, तेज, वायु और आकाश प्रसिद्ध हैं । प्रत्येक प्राणी प्रत्यक्ष द्वारा इनका अनुभव करता है । संसार का प्रत्येक स्थूल पदार्थ इन्हीं के न्यूनाधिक मिश्रण से बना है । यह मूल प्रकृति से प्रकट व लुप्त होते रहते हैं । पञ्चभूतों की सत्ता सभी दर्शन, धर्म व विज्ञान स्वीकार करते हैं । अनात्मवादी व अनिश्वरवादी विचार वाले लोग भी पञ्च भूतों की सत्ता से इनकार नहीं करते । वस्तुतः अध्यात्म जगत में प्रवेश करने के लिए भौतिक विज्ञान आवश्यक है । आकाश सबसे सूक्ष्म महाभूत है । उससे स्थूल वायु है । उससे स्थूल तेज, उससे जल एवं उससे स्थूल पृथ्वी है । वैज्ञानिकों ने अपने परीक्षणों के द्वारा सौ से अधिक तत्त्वों का विवेचन किया है; किन्तु वह सभी तत्त्व पञ्च महाभूतों के अन्तर्गत ही आ जाते हैं । प्रत्येक भूत का एक-एक अलग-अलग गुण है, जो कि स्वाभाविक रूप में व्यवस्थित है ।

पृथ्वी गन्ध गुण वाली है । इसके दो भेद हैं—१. नित्य और २. अनित्य । नित्या पृथ्वी परमाणु रूप वाली है । पृथ्वी के परमाणु नित्य हैं । उसी से कार्यरूपा पृथ्वी है, जो कि अनित्य है । जिस पृथ्वी को हम देखते हैं, खोदते व खनते हैं; वह अनित्य है । समय पूरा होने पर इसका भी विनाश हो जायेगा । शरीर, इन्द्रिय एवं विषयभेद से पृथ्वी के तीन स्वरूप हैं । हम लोगों का शरीर पार्थिव शरीर है । इसमें पार्थिव परमाणुओं की विशेषता है । पार्थिव इन्द्रिय नासिका है, जिससे पृथ्वी के स्वाभाविक गुण—गन्ध का ग्रहण होता है । नासिका के अग्रभाग में पृथ्वी के सूक्ष्म परमाणु अधिष्ठित हैं, जिनसे टकराकर गन्ध का ग्रहण होता है । मिट्टी, पत्थर आदि पृथ्वी के विषय हैं । पृथ्वी में रूप, रस और स्पर्श—यह तीन गुण हैं; जो कि स्वाभाविक नहीं, अपितु नैमित्तिक हैं । यह तीन गुण क्रमशः तेज, जल एवं वायु के संयोग से पृथ्वी में देखे जाते हैं ।

शीत स्पर्श से जल का अनुभव होता है । इसका स्वाभाविक गुण रस है । जल के भी दो भेद हैं—१. नित्य और २. अनित्य । परमाणुरूप से जल नित्य है, लेकिन व्यवहाररूप में जिसे हम देखते, छूते व पान करते हैं, वह कार्यरूप में अनित्य है । समय आने पर उसका विनाश हो जाता है । कार्यरूप जल तीन रूपों में है—शरीर, इन्द्रिय एवं विषय । जल में रहने वाले प्राणियों का शरीर जलप्रधान जलीय शरीर है; जैसे मछली आदि का शरीर । जिह्वा (रसना) वह इन्द्रिय है, जिससे जल के स्वाभाविक गुण—रस का ग्रहण किया जाता है । जिह्वा के अग्रभाग में रस की तन्मात्रा स्थित है, जिसके सन्निकर्ष से बाहरी जल के गुण—रस का ग्रहण होता है, नदी, कुआँ, समुद्र एवं वर्षा से प्राप्त जल इसके विषय हैं । रूप एवं स्पर्श, तेज एवं वायु के संयोग से जल में नैमित्तिक गुण हैं । पृथ्वी के संयोग से जल में गन्ध की प्रतीति होती है ।

गरम स्पर्श से तेज का अनुभव होता है । रूप इसका स्वाभाविक गुण है । परमाणुरूप में तेज नित्य है और कार्यरूप में अनित्य, जिसे कि हम अग्नि, विद्युत, जठराग्नि व धातुगत रूप में अनुभव करते हैं । शरीर, इन्द्रिय एवं विषयभेद से तेज भी तीन रूपों में पाया जाता है । सूर्यलोक में हल्के-फुल्के स्फुलिंग के तेजतत्त्व-प्रधान शरीर होते हैं । नेत्र तैजस इन्द्रिय है । इसके सूक्ष्म परमाणु काली पुतली में होते हैं, जिससे तेज के स्वभाविक गुण—रूप का अनुभव होता है । स्पर्श इसमें नैमित्तिक गुण है । जो कि वायु के संयोग से है; क्योंकि वायु इसमें व्यापक है । आकाश का गुण शब्द भी दिव्य तेज में नैमित्तिक है ।

रूपरहित एवं स्पर्श से जिसका प्रत्यक्ष होता है वह वायु है। स्पर्श वायु का स्वाभाविक गुण है। वायु में वृक्षादि कम्पन, अन्धड़, तूफान द्वारा रूप, सुगन्ध, दुर्गन्ध एवं शब्द क्रमशः तेज, पृथ्वी एवं आकाश के गुण हैं, जो कि नैमित्तिक रूप में प्रतीत होते हैं। वायु के दो भेद हैं—परमाणुरूप से नित्य एव कार्यरूप से अनित्य। वायव्य परमाणु नित्य है, किन्तु कार्यरूप वायु अनित्य है। कार्यरूप वायु के तीन भेद हैं—१. शरीर, २. इन्द्रिय एवं ३. विषय। अत्यन्त सूक्ष्म वायव्य शरीर है, जिन्हें हम देख नहीं पाते। इन्द्रिय त्वचा है, जिसमें वायु की सूक्ष्म तन्मात्रा अधिष्ठित है। बाहरी वायु के टकराव से त्वचा द्वारा स्पर्श से वायु का प्रत्यक्ष होता है। वृक्ष आदि का कम्पन, आँधी-तूफान आदि वायु के विषय हैं।

पाँचवाँ भूत आकाश है। अखिल विश्व आकाश से व्याप्य है और आकाश क्रमशः वायु, तेज, जल एवं पृथ्वी में व्यापक है। पञ्चभूतों की रचना में प्रथमतः आकाश बना; आकाश से वायु, वायु से तेज, उससे जल एवं जल से पृथ्वी बनी—ऐसा उल्लेख श्रुतियों व स्मृतियों में पाया जाता है। यदि आकाश न होता तो संसार में कोई भी कार्य नहीं होता, हम अपना हाथ-पैर भी नहीं चला सकते थे। आकाश का स्वाभाविक गुण शब्द है, जिसे हम ध्वन्यात्मक एवं वर्णात्मक दो रूपों में ग्रहण करते हैं। वस्तुतः आकाश का स्वाभाविक गुण शब्द अत्यन्त दिव्य व विचित्र है, जिसका प्रत्यक्ष योगाभ्यास द्वारा ही किया जा सकता है; किन्तु वही कार्यरूप में संघात द्वारा ध्वनि व वर्ण के रूप में श्रोत्रेन्द्रिय द्वारा प्रत्यक्ष किया जाता है। युग, कल्प, मन्वन्तर, प्रलय, महाप्रलय आदि के व्यवहार का हेतु काल ही है। अशेष विश्व भी काल के चक्र से ही सञ्चालित है, वह सब में व्यापक है। यद्यपि काल एक है तथापि उपाधि एवं कार्यभेद से अनेक प्रतीत होता है। संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग आदि काल में ही अधिष्ठित हैं।

सातवाँ द्रव्य दिशा है। पूर्व, पश्चिम, उत्तर, दक्षिण, ऊपर, नीचे आदि व्यवहार का हेतु दिशा ही है; इसमें संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग एवं विभाग गुण हैं। यह भी काल की तरह ही नित्य है। दशों दिशाओं का ज्ञान कल्पित-मात्र है।

आत्मा आठवाँ द्रव्य है। आत्मा का मुख्य चिह्न ज्ञान व चैतन्यता है। यद्यपि वह सूक्ष्म होने के कारण अप्रत्यक्ष है, फिर भी अनुमान के द्वारा जाना जाता है। उसकी सत्ता स्वतःसिद्ध है। अपने होने की अनुभूति ही उसके होने में स्वतः प्रमाण है। शरीर चेतन नहीं है, क्योंकि वह पञ्चभूतों का कार्य है। इसीलिए मरने पर चेतना नहीं देखी जाती। पञ्चभूतों के संयोग से चेतना का उत्पन्न होना असम्भव है, क्योंकि पृथक्-पृथक् भूतों में चेतना नहीं पाई जाती। इन्द्रियाँ करण

होने से चैतन्य नहीं हैं, क्योंकि इन्द्रियों के उपहत होने पर भी स्मृति रहती है। एक द्रष्टा चेतन आत्मा अवश्य है, जो कि विभिन्न इन्द्रियों के विषयों का अकेले ही स्मरण व अनुभव करता है। मन भी चेतन नहीं है। क्योंकि बिना आत्मा के कोई भी इन्द्रिय कार्य करने में समर्थ नहीं होता। अतः आत्मा ही ज्ञाता, कर्ता व भोक्ता है। बुद्धि, सुख-दुःख, इच्छा-द्वेष, प्रयत्न, धर्म-अधर्म, संस्कार, संख्या-परिमाण, पृथक्त्व, संयोग-विभाग आदि गुण आत्मा में नैमित्तिक हैं। चेतना, ज्ञान व अनुभव आत्मा के स्वाभाविक गुण हैं। वैशेषिक में आत्मा को नित्य द्रव्य माना गया है। व्यवस्था से आत्मा अनेक है, अनन्त व अविनाशी है। शरीर में परिच्छिन्न आत्मा जीवात्मा है और विश्व में व्यापक एवं प्रकृति का नियन्ता आत्मा परमात्मा है। वैशेषिक के नवें अध्याय में लिखा भी है कि "आत्मन्यात्ममनसो संयोग-विशेषादात्मप्रत्यक्षम्" अर्थात् जीवात्मा जब अपने मन को वशीभूत करके योग की विधि से आत्मा का ध्यान करता है तो उसे अपना स्वरूप प्रत्यक्ष हो जाता है। इससे सिद्ध है कि वैशेषिक दर्शन नास्तिक दर्शन नहीं है, अपितु आत्मवादी व ईश्वरवादी दर्शन है।

आत्मा की आज्ञा से इन्द्रियों का विषयों के साथ सम्बन्ध होने पर भी एक समय में एक ही प्रकार का ज्ञान होना मन का लक्षण है। मन अनुभूति व ज्ञान का साधन है, वह स्वयं ज्ञाता नहीं है। संख्या, परिमाण, पृथक्त्व, संयोग, विभाग, परत्व, अपरत्व और संस्कार—यह मन के गुण हैं। मन को अणु माना गया है, मन एकदेशीय है। इसीलिए एक समय में एक ही विषय का ज्ञान प्राप्त करता है। "युगपज्ज्ञानानुत्पत्तिर्मनसो लिंगम्" अर्थात् एक साथ दो ज्ञान व अनुभूति का न होना ही मन का लक्षण है। आत्मा और प्रकृति में बन्धन व मोक्ष की कड़ी मन ही है एवं वह मन द्रव्य है।

उपरोक्त नवों द्रव्यों के चौबीस गुण हैं। जो द्रव्य के आश्रित हो; जिसका कोई गुण न हो, अपितु स्वयं गुण हो, संयोग-विभाग में स्वयं कारण हो, वह गुण कहलाता है। इन नवों द्रव्यों में प्रत्येक का स्वभाविक गुण नियत है। इसके अतिरिक्त परस्पर द्रव्यों के संयोग से एक-दूसरे में नैमित्तिक गुण भी पाए जाते हैं। किस द्रव्य में कौन-सा गुण स्वाभाविक है और कौन नैमित्तिक है—यह सभी द्रव्यों के लक्षण में बतलाया जा चुका है अब इन गुणों का स्वरूप क्या है? यह बतलाया जायगा। सभी गुण द्रव्यों के आश्रित हैं और द्रव्यों की अनुभूति गुणों के रूप में ही होती है। अतः गुणों की जानकारी भी उतनी ही आवश्यक है जितनी कि द्रव्यों की जानकारी। द्रव्यों में रहने वाले चौबीस गुण निम्नलिखित हैं—

१. रूप—इसे नेत्र से ग्रहण किया जाता है। लाल, नीला, पीला, सफेद, काला, हरा आदि सात रंगों में नेत्रों द्वारा इस रूप का प्रत्यक्ष किया जाता है। यह तेज का स्वाभाविक गुण है एवं पृथ्वी और जल में नैमित्तिक है।

२ **रस**—इसका अनुभव जिह्वा से किया जाता है। मीठा, नमकीन, खट्टा, चरपरा, कड़वा, कसैला—ये छः प्रकार के रस हैं। यह जल का स्वाभाविक गुण है एवं पृथ्वी में नैमित्तिक है। पार्थिव तत्त्वों में जो रस का अनुभव है वह जल के ही कारण है, क्योंकि जल पृथ्वी में व्यापक है और पृथ्वी जल से व्याप्य है।

३. **गन्ध**—इसे नासिका से ग्रहण किया जाता है। सुगन्ध एवं दुर्गन्धरूप इसके दो भेद हैं। यह स्वाभाविक रूप में पृथ्वी का गुण है, लेकिन नैमित्तिक रूप से जल-वायु में भी पाया जाता है।

४. **स्पर्श**— त्वचा द्वारा इसका अनुभव किया जाता है। यह वायु का स्वाभाविक गुण है और पृथ्वी, जल व तेज में नैमित्तिक है। इसके तीन भेद हैं—१. शीत, २. उष्ण एवं ३. अनुष्णाशीत। जल में शीत, तेज में उष्ण एवं वायु में अनुष्णाशीत है। अनुष्णाशीत ही इसका स्वाभाविक स्वरूप है।

५. **शब्द**— इसका कान द्वारा अनुभव किया जाता है। यह आकाश का स्वाभाविक गुण है तथा ध्वन्यात्मक एवं वर्णात्मक—ये दो इसके भेद हैं।

५ **संख्या**—एक से लेकर अरब, खरब, नील, पद्मपर्यन्त व्यवहार का हेतु ही संख्या है।

६. **विभाग**—संयोग (मेल) को अलग करने वाला गुण विभाग है। अर्थात् दो अथवा उससे अधिक परमाणुओं, अणुओं, पदार्थों व भौतिक वस्तुओं तथा गतिविधियों के मेल को अलग करने वाला गुण विभाग है, जिसका कार्य है—वियोग, जिसे परमाणु से लेकर महत् एवं जगत् के वस्तुओं तथा व्यवहार में भी सर्वत्र पाया व देखा जाता है। विभाग के तीन भेद हैं—१, अन्यतरकर्मज, २. उभयकर्मज और ३. विभागज। आत्मा और मन का अलग होना अन्यतरकर्मज है तथा दो परमाणुओं, पदार्थों व वस्तुओं का स्वाभाविक रूप में दोनों के पारस्परिक अस्तित्व से अलग होना उभयकर्मज है। विभागज दो प्रकार का है—प्रथमतः कपालद्वय विभाग, उससे घटनाश, उससे कपाल के आकाशादि से मेल का नाश है। द्वितीयतः कारण एवं अकारण का विभाग और उससे कार्य एवं अकार्य का विभाग।

७. **संयोग**—दो अथवा अधिक परमाणुओं, अणुओं, पदार्थों, भौतिक वस्तुओं तथा गतिविधियों का मेल कराने वाला गुण संयोग है, जिसका कार्य है—योग, जिसे परमाणु से लेकर महत् एवं जगत के वस्तुओं व व्यवहार में सर्वत्र पाया व देखा जाता

है। संयोग के तीन भेद हैं—१. अन्यतर कर्मज २. उभयकर्मज एवं ३. संयोगज। आत्मा व मन का मेल अन्यतर कर्मज संयोग होता है। प्रथम कपालद्वय संयोग, उससे कपाल का आकाशादि से मेल, पुनः कारण एवं अकारण का संयोग, उससे कार्य एवं अकार्य का संयोग—यह तीन संयोगज संयोग हैं। दो परमाणुओं, पदार्थों व वस्तुओं का स्वाभाविक रूप में दोनों के पारस्परिक अस्तित्व से मिलना उभयकर्मज संयोग होता है।

८. **परिमाण**— मान (माप) तौल आदि व्यवहार का जो विशेष कारण होता है उसे परिमाण कहते हैं। इसी से परमाणु से लेकर महत् व जगत-व्यवहारपर्यन्त वस्तुओं की माप की जाती है। परिमाण चार प्रकार का होता है—१ अणु अर्थात् अत्यन्तसूक्ष्म, २. महत् अर्थात् बहुत स्थूल, ३. ह्रस्व अर्थात् सबसे छोटा और ४. दीर्घ अर्थात् सबसे बड़ा।

९. **पृथक्त्व**—परमाणु से लेकर महत् एवं जगत-व्यवहार में परमाणु, पदार्थ एवं वस्तुओं के एक-दूसरे से अलग होने का कारण पृथक्त्व गुण है।

१०. **परत्व**—अधिक देशवृत्ति परत्व है। इससे परमाणु से लेकर महत् पर्यन्त व जगत् की सत्ता में अधिक देश की प्रतीति होती है।

११. **अपरत्व**—न्यून देशवृत्ति अपरत्व है। इससे परमाणु से लेकर महत् एवं जगत की सत्ता में न्यून देश की प्रतीति होती है।

१२. **बुद्धि**—समस्त व्यवहार व समस्त ज्ञान के होने का जो कारण है वह गुण बुद्धि है। उसके दो भेद हैं—१. स्मृति और २. अनुभव। संस्कार से उत्पन्न हुआ ज्ञान ही स्मृति है। जो कुछ भी हम अनुभव करते हैं तो उस अनुभव के पश्चात् भी उसका संस्कार हमारे चित्त में रह जाता है। जब हम उसे पुनः स्मरण करते हैं तो वही स्मृति है। स्मृति दो प्रकार की है—१. यथार्था और २. अयथार्था। सत्य अनुभव एवं उसका वास्तविक स्मरण यथार्था है एवं मिथ्या अनुभव व उसकी मिथ्या काल्पनिक स्मृति अयथार्था है। स्मृति से भिन्न ज्ञान अनुभव है, उसके दो भेद हैं—१. प्रमा और २. अयथार्थ। प्रमा के चार भेद हैं—१. प्रत्यक्ष अर्थात् इन्द्रियों और विषयों के सन्निकर्ष से उत्पन्न हुआ सत्य ज्ञान, २. अनुमिति अर्थात् चिह्न को देख करके तर्क द्वारा अनुमान से सत्यज्ञान, ३. उपमिति अर्थात् तत्सदृश लक्षणों द्वारा वस्तु का ज्ञान और ४. शाब्द अर्थात् आप्तोपदेश द्वारा सत्य का ज्ञान प्राप्त करना।

अयथार्थ अनुभव मिथ्या ज्ञान है, जो संशय एवं भ्रम, कल्पना व इन्द्रियों की असमर्थता के कारण होता है। प्रत्यक्ष के भी सविकल्पक एवं निर्विकल्पक दो भेद हैं।

अयथार्थ अनुभव के भी चार भेद हैं—१. संशय २. विपर्य्यय ३. स्वप्न एवं ४. अनध्यवसाय। अन्धकार में किसी ठूंठ को देख कर जब यह प्रतीति हो कि "यह मनुष्य खड़ा है" तो इसे ही संशय कहते हैं। मिथ्याज्ञान को विपर्य्यय कहते हैं, जैसे रस्सी को सर्प समझना या शुक्ति को चाँदी समझना। अनुभूत पदार्थ के स्मरण व धातुदोष से स्वप्न होता है एवं इन्द्रियों की विकलता व सत्यज्ञान की प्राप्ति में असमर्थता व विफलता से अनध्यवसाय होता है।

१३-१४-१५. **सुख-दुःख-इच्छा**—अनुकूल वेदना सुख है। प्रतिकूल वेदना दुःख है और मन की कामना इच्छा है।

१६-१७. **धर्म-अधर्म**—विहित कर्म से उत्पन्न धर्म है एवं निषिद्ध कर्म से उत्पन्न अधर्म है।

१८-१९. **प्रयत्न-संस्कार**—कार्य करना प्रयत्न है। इसके तीन भेद हैं—१. जीवनादृष्टजन्य अर्थात् पूर्व जन्म के कर्म व संस्कार द्वारा किया गया प्रयत्न, २. इच्छाजन्य अर्थात् इस जीवन की इच्छा से किया गया प्रयत्न और ३. द्वेषजन्य अर्थात् द्वेष के कारण किया गया प्रयत्न।

दृष्टादृष्ट कर्मों के करने से वासनापटल में, चित्त में उसकी जो छाप पड़ जाती है वही संस्कार है। उसके तीन भेद हैं—१. क्रियाजन्य अर्थात् जो कर्मों से उत्पन्न हो, २. विशिष्टज्ञान से उत्पन्न भावनाख्य और ३. कारणगुण-प्रक्रम से उत्पन्न स्थितिस्थापक।

२०. **द्वेष**—इच्छा की पूर्ति न होने अथवा अहित की भावना से क्रोध का कारण द्वेष होता है।

२१-२२. **स्नेह-गुरुत्व**—परमाणु से लेकर महत् पर्यन्त पिण्डीकरण स्नेह गुण से होता है। इसी के कारण चूर्णादि को हम पिण्डस्वरूप बना लेते हैं। गुरुत्व का अर्थ भारीपन है। किसी वस्तु के गिरने में उसका गुरुत्व ही कारण होता है।

२३-२४. **द्रवत्व और वेग**—पृथ्वी, जल, तेज में रहने वाला गुण द्रवत्व है। पानी का ढालूपन, मोम और सोने-चाँदी का पिघलना आदि गुण द्रवत्व है।

गति एवं क्रियाजन्य गुण वेग है। यह पृथ्वी, जल, तेज, वायु एवं मन में होता है। यह परमाणु से महत् पर्यन्त देखा जाता है तथा गति एवं क्रिया से इस गुण का उदय होता है। जबकि वह स्वयं न तो वह गति है, न ही क्रिया है; अपितु दोनों ही से भिन्न गुण है।

इस प्रकार उपरोक्त चौबीस गुण नव द्रव्यों व पदार्थों में रहते हैं ॥६१-६३॥

उत्क्षेपावक्षेपावाकुञ्चनकं प्रसारणं गमनम्।
पञ्चविधं कर्मैतत्परापरे द्वे तु सामान्ये ॥६४॥

कर्मसामान्यभेदानाह - उत्क्षेपेत्यादिना।

पञ्चापि कर्मभेदाः स्पष्टा एव, गमनग्रहणाद् भ्रमणरेचनस्यन्दनाद्यवरोधः, तु पुनः, सामान्ये द्वे द्विप्रकारे, के ते ? इत्याह—परापरे। परञ्चापरं च परापरे, परसामान्यमपरसामान्यं चेत्यर्थः ॥६४॥

अन्वयः—उत्क्षेपणावक्षेपणौ आकुञ्चनकं प्रसारणं गमनम् एतत् कर्म पञ्चविधम् द्वे तु परापरे सामान्ये ॥६४॥

सुधा—उत्क्षेपणावक्षेपणौ=उर्ध्ववृत्तिः तेजसि अधोवृत्तिः जले। आकुञ्चनकम्=आकर्षणं पृथिव्याम्। प्रसारणं=विस्तारः आकाशे, गमनं=गतिः संचालनं वायौ, एतत् कर्म=कर्मपदार्थः, पञ्चविधम्=पञ्चप्रकारकमिति। द्वे तु=द्विप्रकारकं, परापरे=परमपरञ्च, सामान्ये=सामान्ये द्विप्रकारकम्। अधिकदेशवृत्तित्वं परत्वम्। न्यूनदेशवृत्तित्वमपरत्वमिति। भ्रमणं रेचनं स्पन्दनं उर्ध्वगमनमेव च। तिर्य्यग्गमनमध्यत्र गमनादेव लभ्यते ॥६४॥

पदार्थ—उत्क्षेपणावक्षेपणौ=ऊपर उठना एवं नीचे जाना। आकुञ्चनकम्=सिकुड़ना, खींचना। प्रसारणम्=फैलाना। गमनम्=चलना। एतत्=इस प्रकार। कर्म=कर्म पदार्थ। पञ्चविधम्=पाँच प्रकार का है। द्वे तु=दो। परापरे=पर और अपर। सामान्ये=सामान्य के भेद हैं ॥६४॥

भाषाप्रकाश—कर्म के पाँच भेद हैं—उत्क्षेपण अर्थात् ऊपर उठना, अवक्षेपण अर्थात् नीचे जाना, आकुञ्चन अर्थात् खींचना, प्रसारण अर्थात् फैलाना और गमन अर्थात् चलना। उत्क्षेपण तेज में है। इसीलिए तेज सदा ऊपर को जाता है। गीले कपड़े को जब हम धूप में रख देते हैं तो उसका जल (गीलापन) तेज द्वारा भाप बनकर ऊपर उठ जाता है और कपड़ा सूख आता है। गर्मी के महीने में समुद्र एवं जलाशय का पानी तेज द्वारा भाप बन कर ऊपर उठ जाता है। किसी वस्तु को जलाने पर दीपशिखा ऊपर को ही जाती है। अतः उत्क्षेपण कर्म तेज में है। अवक्षेपण कर्म जल में है; जल सदा नीचे की ओर चलता है। गर्मी के महीने में तेज द्वारा भाप के रूप में उठा हुआ जल वर्षाकाल में पुनः पानी बन कर बरसता है। तेज द्वारा भापरूप में उठाया गया जल अवक्षेपण कर्म के कारण पुनः नीचे आकर गिरता है। आकुञ्चन कर्म पृथ्वी में है। पृथ्वी में आकर्षण कर्म है, यह वस्तु को अपनी ओर खींचती है। यही पृथ्वी का गुरुत्वाकर्षण सिद्धान्त है। किसी भी वस्तु के ऊपर जाने पर पृथ्वी उसे पुनः नीचे खींच लेती है; इसी को हम गिरना कहते हैं। यदि चलते समय शरीर का सन्तुलन कमजोर तो जाय तो धड़ाम से हम पृथ्वी पर गिर पड़ते हैं। यह आकुञ्चन के [illegible]

प्रकाशक : चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस, वाराणसी
मुद्रक : चौखम्बा प्रेस, वाराणसी
संस्करण : दसम्, वि० सं० २०५७, सन् २०००
मूल्य : रु० २५.००

© चौखम्बा संस्कृत सीरीज आफिस

पोस्ट बॉक्स नं० १००८
के. ३७/९९, गोपाल मन्दिर लेन
गोलघर (मैदागिन) के पास, वाराणसी- २२१ ००१ (भारत)
फोन : ३३३४५८ (आफिस), ३३४०३२ एवं ३३५०२० (आवास)
E-mail : cssoffice@satyam.net.in

अपरं च प्राप्तिस्थानम्

कृष्णदास अकादमी

पुस्तक प्रकाशक एवं वितरक
पोस्ट बॉक्स नं० १११८, के. ३७/११८, गोपाल मन्दिर लेन
वाराणसी-२२१ ००१ (भारत)
फोन : ३३५०२०

HARIDAS SANSKRIT SERIES

120

SĀNKHYAKĀRIKĀ

with

GOUDAPĀD COMMENTARY

Edited with

'Chandrika' Hindi Commentary & Notes

by

Pt. Dhundhiraj Shastri

D-10.

CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE
VARANASI

Publisher : Chowkhamba Sanskrit Series Office, Varanasi
Printer : Chowkhamba Press, Varanasi

© CHOWKHAMBA SANSKRIT SERIES OFFICE

K. 37/99, Gopal Mandir Lane
Near Golghar (Maidagin)
Post Box No. 1008, Varanasi-221 001 (India)
Phone : Off. 333458, Resi. 334032 & 335020
E-mail : cssoffice@satyam.net.in

Also can be had from

KRISHNADAS ACADEMY

Oriental Publishers & Distributors
Post Box No. 1118
K. 37/118, Gopal Mandir Lane
Varanasi-221 001
Phone : 335020

भूमिका

सांख्यदर्शन की प्राचीनता

सांख्यदर्शन अत्यन्त प्राचीन दर्शन है। संस्कृत वाङ्मय सांख्यके सिद्धान्तोंसे भरा पड़ा है। बौद्ध पण्डित अश्वघोषने अपने बुद्धचरित नामके काव्यमें भगवान् बुद्धके गुरु अराडाचार्यको सांख्यशास्त्रका वेत्ता कहा है। मनुस्मृतिमें सांख्यके सिद्धान्तोंका अनुसरण करके जगत्की उत्पत्तिका वर्णन किया गया है। उसीके द्वादशाध्यायमें सांख्याभिमत सत्त्व, रज, तम तीनों गुणोंको तथा प्रत्यक्ष, अनुमान और शब्द तीन प्रमाणोंको स्वीकार किया गया है, भगवद्गीतामें सांख्य और योगका स्पष्ट शब्दोंमें उल्लेख है। महाभारतके पञ्चशिखजनक संवादमें सांख्यशास्त्रके मुख्य-मुख्य सिद्धान्तोंका वर्णन मिलता है। उपनिषदोंमें भी सांख्यके प्रायः सभी सिद्धान्त उपलब्ध होते हैं। श्वेताश्वतर उपनिषद्में सांख्यका सर्वप्रथम नामतः उल्लेख मिलता है। काठक उपनिषद्में सांख्यके तत्त्वों-में कौन किससे बड़ा है इसका विशद वर्णन मिलता है। छान्दोग्य उपनिषद्में सत्त्व, रजः, तम इन तीन गुणोंका वर्णन किया गया है। इनके अतिरिक्त अन्य उपनिषदोंमें भी सांख्यके सिद्धान्तोंका यत्र-तत्र उल्लेख मिलता है।

कुछ लोग सांख्यदर्शनको बौद्धदर्शनकी अपेक्षा अर्वाचीन तथा उसके सिद्धान्तोंसे प्रभावित मानते हैं। उनका कथन है कि दुःखनिवृत्तिके लिए तत्त्व-ज्ञानकी प्राप्ति, यागादि वैदिक कर्मोंको व्यर्थ मानना, ईश्वरके विषयमें अनास्था, अहिंसा आदि सिद्धान्त बौद्धागमसे सांख्यमें लिये गये हैं। परन्तु यह मत ठीक नहीं प्रतीत होता। क्योंकि बौद्धोंकी प्राचीन आख्यायिका सांख्यके प्रवर्तक कपिलको बुद्धसे प्राचीन बतलाती है। अश्वघोष भी बुद्धके गुरुको सांख्यका पण्डित कहते हैं। सांख्यमें प्रकृति, पुरुष, सत्त्वादि तीन गुण आदि सिद्धान्त माने गये हैं। बौद्धागममें उनका खण्डन किया गया है। इन बातोंसे तो सांख्य शास्त्र बौद्धागमसे प्राचीन ठहरता है। यदि एकका दूसरेपर असर पड़ा हो तो सांख्यका ही बौद्धागमपर पड़ा होगा।

'सांख्य' यह नाम क्यों पड़ा ?

सांख्यशास्त्रका 'सांख्य' यह नाम क्यों पड़ा इस विषयमें तीन मत प्रचलित हैं। प्रथम मतके अनुसार सांख्य शब्द 'गिनती' वाचक 'संख्या' शब्दसे बना है। सांख्यशास्त्रमें तत्त्वोंकी संख्या पचीस बतलाई गई है। इसीलिए इसे सांख्य कहते हैं।

यहाँ यह प्रश्न उठता है कि वैशेषिक आदि अन्य शास्त्रोंमें भी तत्त्वोंकी संख्या बतलाई गई है, तब उन शास्त्रोंका भी नाम सांख्य क्यों नहीं पड़ा ? इसके उत्तर में यह कहा जाता है कि सांख्य सब शास्त्रोंसे प्राचीन है। सांख्यके आधारपर एक बार उसका नाम रख देनेपर पीछे उत्पन्न होनेवाले शास्त्रोंका उसी आधारपर वही नाम रखना उचित न होता। भेदबोधन करनेके लिए पीछेके शास्त्रोंके नये नाम रखे गये।

दूसरा मत यह है कि सांख्याचार्यद्वारा निर्माण किये जानेके कारण इस शास्त्रका नाम सांख्य पड़ा। यह मत तो अप्रामाणिक प्रतीत होता है, क्योंकि सर्वत्र कपिलको ही इस शास्त्रके निर्माताके रूपमें वर्णन किया गया है।

इस विषयमें तीसरा मत यह है कि प्राचीन कालमें किसी विषयपर प्रमाण-परिष्कृत सरणीसे विचार करनेको संख्या कहते थे। इस विषयमें महाभारतका निम्नलिखित पद्य ध्यान देने योग्य है

"दोषाणाञ्च गुणानाञ्च प्रमाणं प्रविभागतः।
कस्मिन्वर्त्मनि प्रेत्य सा संख्येत्युप-धार्यताम् ॥"

इस वाक्यसे यह प्रतीत होता है कि प्राचीनकालमें 'दोषगुणमीमांसा' अर्थात् 'दार्शनिक विचार' इस अर्थमें संख्या शब्दका प्रयोग होता था। इसी संख्या शब्दसे सांख्य शब्द बना है। यही मत ठीक प्रतीत होता है।

सांख्यके प्रसिद्ध आचार्य

सांख्यशास्त्रकी रचना कपिल महामुनिने की है। इन्हें 'आदिविद्वान्' भी कहते हैं। इन्होंने उपनिषदोंसे सांख्यके सिद्धान्तोंका संग्रह करके उन्हें एक शास्त्रके रूपमें प्रस्तुत किया। कपिलने यह शास्त्र पहले अपने शिष्य आसुरिको सिखाया। आसुरिने इसे अपने शिष्य पञ्चशिखको दिया। पञ्चशिखसे शिष्यपरम्पराद्वारा यह शास्त्र ईश्वरकृष्णको मिला। पञ्चशिख और ईश्वरकृष्णके बीचकी परम्परा का ठीक पता नहीं चलता। माठरवृत्तिमें मार्गव, उलूक, वाल्मीकि, हारीत, देवल आदि ऋषियोंके नाम मिलते हैं। युक्तिदीपिकामें वार्षगण्य, कैरात, पौरिक, ऋषभेश्वर, पञ्चाधिकरण, पतञ्जलि, वार्षगण्य, कौण्डिन्य और मूकके नाम दिये गये हैं। इनके अतिरिक्त गर्ग और गौतमके नाम भी मिलते हैं।

ईश्वरकृष्णका कालनिर्णय

परमार्थ नामके किसी चीन देशके पण्डितने सांख्यकारिकाका चीनी भाषामें अनुवाद किया था। यह कार्य ईसवी सन् की छठी शताब्दीमें हुआ था। अतः ईश्वरकृष्णका छठी शताब्दीके पूर्व होना निश्चित है।

वार्षगण्य के शिष्य विन्ध्यवासीने 'हिरण्यसप्तति' नामके ग्रन्थकी रचना की थी। कुछ विद्वान् इस हिरण्यसप्ततिको ही सांख्यकारिका तथा विन्ध्यवासीको ही ईश्वरकृष्ण मानते हैं। वसुबन्धुने हिरण्यसप्तिका खण्डन अपनी परमार्थसप्ततिमें किया है। वसुबन्धुका आविर्भाव ईसवी सन्के चतुर्थ शतकमें हुआ था। अतः कुछ विद्वानोंके मतानुसार ईश्वरकृष्णका काल चतुर्थ शतकके पूर्व तृतीय शतक है।

अन्य ऐतिहासिक इस मतको नहीं मानते। उनके अनुसार हिरण्यसप्ततिके सांख्यकारिका है परन्तु विन्ध्यवासी ईश्वरकृष्ण नहीं। उनका कथन है कि विन्ध्य-वासीका असली नाम वृद्धिल था। विन्ध्यके जंगलोंमें रहनेके कारण उनका नाम विन्ध्यवासी पड़ गया था, वे अपने मतका समर्थन करनेके लिए तत्त्वसंग्रहमें—"यदेव दधि तत् क्षीरं यत् क्षीरं तद्घृतीति च। वदता वृद्धिलेनैव स्थापिता विन्ध्य-वासिता ॥" यह पद्य उपस्थित करते हैं। इसके अतिरिक्त शान्तरक्षित और गुण-रत्नने भी अपने-अपने ग्रन्थोंमें ईश्वरकृष्ण और विन्ध्यवासीका अलग-अलग उल्लेख किया है। इन कारणोंसे विन्ध्यवासी और ईश्वरकृष्ण एक ही पुरुष नहीं माने जा सकते। यह तो हुई ईश्वरकृष्ण और विन्ध्यवासीके अभिन्नता की बात। ईश्वरकृष्ण-के कालके विषयमें इन लोगोंका कथन है कि जैनोंके 'अनुयोगद्वारसूत्र' नामक ग्रन्थमें 'कणगसत्तरी' का उल्लेख मिलता है। यह 'कणगसत्तरी' 'हिरण्यसप्तति' या 'सांख्यकारिका' है। 'अनुयोगद्वारसूत्र'का काल ईसवी सन्का प्रथम शतक है। अतः 'सांख्यकारिका'के कर्ता ईश्वरकृष्णका काल ईसवी प्रथम शतकसे नीचे नहीं लाया जा सकता। सम्भवतः उनका काल ई० पू० प्रथम शतक ही है।

सांख्यकारिकामें कारिकाओंकी संख्या

सांख्यकारिकाकी मूल कारिकाओंकी संख्याके विषयमें विद्वानोंका मतभेद है। माठरवृत्तिके साथ प्रकाशित सांख्यकारिकामें ७३ कारिका हैं। उनमेंसे—"समवा किल षेड्यास्तेऽर्थाः कृत्स्नस्य षष्टितन्त्रस्य"। इस बहत्तरवीं कारिकाके पर्यालोचनसे प्रतीत होता है कि मूल कारिका ७० हैं, अन्य तीन कारिका प्रक्षिप्त हैं। जो लोग विन्ध्यवासीकृत 'हिरण्यसप्तति'को ही सांख्यकारिका मानते हैं, उनके मतमें भी मूलकारिका ७० ही है। वाचस्पति मिश्र तथा नारा-यणतीर्थकृत टीकाओंके साथ प्रकाशित सांख्यकारिकामें ७२ कारिका हैं। इससे प्रतीत होता है कि इनकी मूल कारिकाओंकी संख्या ७२ इष्ट है। चीन भाषाके अनुवादसे मालूम होता है कि मूलकारिका ७१ थीं। गौडपादाचार्यने इस पंक्तिकी

